ISSN 0976-0849

विमर्श

अन्तः अनुशासनात्मक शोध पत्रिका

वर्ष १३ • अंक १३ • आश्विन कृष्ण चतुर्थी, विक्रम संवत् २०७६ • सितम्बर २०१९

युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 50वीं पुण्यतिथि
एवं
राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 5वीं पुण्यतिथि
की पावन स्मृति में समर्पित
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर
की शोध पत्रिका

Vimarsh

AN INTERDISCIPLINARY JOURNAL

Editorial Advisory Board

U.P. Singh, Ex Vice-Chancellor, V.B.S. Purvanchal University, Jaunpur

R.P. Mishra, Ex Vice-Chancellor, Allahabad University, Allahabad

Pratap Singh, Ex Chairman, Higher Education Service Commission (HESC), Uttar Pradesh

Ram Achal Singh, Ex Vice-Chancellor, R.M.L. Awadh University, Faizabad and Ex Chairman, Higher Education Service Commission (HESC), Uttar Pradesh

K.B. Pandey, Ex Vice-Chancellor, Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur and Ex Chairman, Public Service Commission, Uttar Pradesh

Prof. Surendra Dubey, Vice-Chancellor, Siddharth University, Kapilvastu, Siddharth Nagar

Shivajee Singh, Professor, Ancient History, Archaeology and Culture, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

D.N. Tripathi, Ex Chairman, Indian Council of Historical Research (ICHR), New Delhi

Narendra Kohli, Renowned author and thinker

Makkhan Lal, Director, Delhi Institute of Heritage Research and Management, New Delhi

Mrinal Shankar Raste, Ex Vice-Chancellor, Symbiosis International University, Pune

Ram Sakal Pandey, Ex Pro Vice-Chancellor, Allahabad University, Allahabad

Jay Prakash Chaturvedi, Professor, Physics, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

S.C. Bose, Professor, English, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

V.K. Srivastava, Professor, Geography, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

N.K.M. Tripathi, Professor, Psychology, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Sheo Bahal Singh, Professor, Sociology, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Pratibha Khanna, Professor, Education, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Murli Manohar Pathak, Professor, Sanskrit, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

R.N. Singh, Professor, Defence and Strategic Studies, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

S.S. Verma, Professor, Geography, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Sadanand Prasad Gupta, Professor, Hindi, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Shri Prakash Mani Tripathi, Professor, Political Science, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

P.C. Shukla, Professor, Commerce, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Rajawant Rao, Professor, Ancient History, Archaeology and Culture, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Himanshu Chaturvedi, Professor, History, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Pragya Mishra, Professor, Ancient History, Ram Manohar Lohia Awadh University, Faizabad

Manvendra Pratap Singh, Professor, Sociology, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Rajesh Singh, Professor, Political Science, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Mahesh Kumar Sharan, Professor, Maghadh University, Bodhgaya (Bihar)

Ravi Shankar Singh, Professor, Physics, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

S.S. Das, Professor, Chemistry, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

D.K. Singh, Professor, Zoology, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

B.D. Pandey, Professor, Botany, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Vinod Kumar Singh, Professor, Defence & Strategic Studies, D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur

Mrityunjay Kumar, Renowned Journalist

Vimarsh

AN INTERDISCIPLINARY JOURNAL

Volume 13 • Number 13 • Aashwin Krishna Chaturthi, Vikram Samvat 2076 • September 2019

Editor

Pradeep Kumar Rao

Co-editors

Avinash Pratap Singh, Subodh Kumar Mishra
Pragyesh Kumar Mishra & Abhishek Singh

The Journal of

Maharana Pratap P.G. College

Jungle Dhusan, Gorakhpur (U.P.)-273014

This Journal is a *Referral* Volume.

ISSN- 0976-0849

Vol. 13 • Number 13 • Aashwin Krishna Chaturthi, Vikram Samvat 2076 • September 2019

Vimarsh, an interdisciplinary ***refereed or peer reviewed*** is an annual and bilingual journal of Maharana Pratap P.G. College Jungle Dhusan, Gorakhpur (UP).

Copyright of the published articles, including abstracts, vests in the Editors. The objective is to ensure full Copyright protection and to disseminate the articles, and the journal, to the widest possible readership. Authors may use the article elsewhere after obtaining prior permission from the editors.

Research Papers related to Interdiscilinary subjects are invited for publication in the journal. Research papers, book reviews, Subscription and other enquiries should be sent to - Maharana Pratap P.G. College Jungle Dhusan, Gorakhpur (UP) - 273014, Mob. : 9794299451, 9452971570. You may also e-mail your contributions and correspondence at *vimarshmppg@gmail.com*.

Guidelines for Contributors given on the inner side of the back cover.

The Editors and the Publisher can not be held responsible for errors and any consequences arising from the use of information contained in this journal. The views and opinions expressed do not necessarily reflect those of the editors and the publisher.

Designed & Printed at : Moti Paper Convertors, Betia Raj House, Betiahata, Gorakhpur

Subscription Rates

	Individual		Institutional	
Annual	Rs. 100	US $ 5	Rs. 200	US $ 10
Five Years	Rs. 400	US $ 20	Rs. 800	US $ 40
Life (15 Years)	Rs 1300	US $ 60	Rs. 2500	US $ 100

वन्दे भारतमातरम् !!

उत्तरं यत्समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्।

वर्ष तद्भारत नाम भारती यत्र सन्ततिः॥ वा.पु.

पृथ्वी का वह भाग जो समुद्र के उत्तर में तथा हिमालय के दक्षिण में स्थित है, भारतवर्ष है, जहाँ भारती प्रजा रहती है।

अत्रापि भारतं श्रेष्ठं जम्बूद्वीपे महामुने।

यतो हि कर्मभूरेषा ह्यतोऽन्याः भोगभूमयः॥ वा.पु.

इस जम्बू-द्वीप में भी, हे महामुने! भारतवर्ष श्रेष्ठ है, क्योंकि यह कर्मभूमि है और बाकी भोग-भूमियाँ ही हैं।

अत्र जन्म सहस्राणां सहस्रैरपि सत्तम।

कदाचिल्लभते जन्तुर्मानुष्यं पुण्यसञ्चयात्॥ वा.पु.

भारतवर्ष में जीव हजारों जन्मों के अनन्तर पुण्य जुटाने से कदाचित् मनुष्य जन्म प्राप्त करता है।

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।

स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः॥ मनु.

इस देश में जन्म पाए हुए श्रेष्ठ जन्मा पुरुषों से पृथिवी के सारे मनुष्य अपने-अपने चरित्र की शिक्षा ग्रहण करें।

रत्नाकराधौतपदां हिमालयकिरीटिनीम्।

ब्रह्मराजर्षिरत्नाढ्यां वन्दे भारतमातरम्॥

समुद्र जिसके पाँव पखार रहा है, हिमालय जिसका किरीट है और जो ब्रह्मर्षि-राजर्षिरूप रत्नों से समृद्ध हैं, ऐसी भारत-माता की मैं वन्दना करता हूँ।

भारतीय जीवन दृष्टि

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरीतास उद्भिदः।

देवा नो यथा सदमिद् वृधे असन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवे दिवे॥ (ऋग्वेद १/४९/१)

कल्याणकारिणी, अप्रतारित, अप्रतिरुद्ध तथा अर्थसाधिका बुद्धियाँ हमारे पास सब ओर से आयें, जिसमे निरलस एवं प्रतिदिन रक्षा करने वाले देव सर्वदा हमारी वृद्धि के लिए हों-

भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः।

स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवांसस्तनुभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः॥ (ऋग्वेद १/८/८)

हे देव! हम कानों से अच्छा सुनें। यजनीय देवगण! हम आँखों से अच्छा देखें। हम दृढ़ाङ्गशरीरों से तुम्हारी स्तुति करते हुए, देव-स्थापित आयु प्राप्त करें।

तेजोऽसि तेजो मयि धेहि। वीर्यमसि वीर्यं मयि धेहि।

बलमसि बलं मयि धेहि। ओजोऽसि ओजो मयि धेहि।

महोऽसि महो मयि धेहि। सहोऽसि सहो मयि धेहि। (यजुर्वेद १९/९)

(हे परमात्मन्! तुम) तेज हो, मुझमें तेज स्थापित करो। पराक्रम हो, मुझमें पराक्रम स्थापित करो। बल हो, मुझमें बल स्थापित करो। ओज हो, मुझमें ओज स्थापित करो। मह हो, मुझमें मह स्थापित करो। सहिष्णु हो, मुझमें सहिष्णुता स्थापित करो।

भद्रं इच्छन्त ऋषयः स्वर्विदः, तपो दीक्षा उपसेदुः अग्रे।

ततो राष्ट्रं बल ओजश्च जात तदस्मै देवा उपसंनमन्तु॥ (अथर्व. १९/४१/१)

आत्मज्ञानी ऋषियों ने जगत् का कल्याण करने की इच्छा से सृष्टि के आरम्भ में दीक्षा लेकर जो तप किया, उससे राष्ट्र-निर्माण हुआ, राष्ट्रीय बल और ओज भी हुआ। इसलिए सब विवुध इस राष्ट्र के सामने नम्र होकर इसकी सेवा करें।

आ ब्रह्मन्! ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम्। आ राष्ट्रे राजन्यः शूराविध्यतेऽतिव्याधी महारथो जायताम्। दोग्ध्री धेनुः, वोढाऽनड्वान्, आशुः सप्तिः, पुरन्धिर्योषा, जिष्णुरथेष्ठाः, सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम्। निकामे-निकामे पर्जन्यो वर्षतु। फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्ताम्। योगक्षेमो नः कल्पताम्। (यजुर्वेद. २२/२२)

हे ब्रह्मन्! राष्ट्र में हमारे ब्राह्मण, ब्रह्म वर्चस्वी हों। हमारे राजन्य शूर, अस्त्र-शस्त्र में निपुण, रिपुदल के महासंहारक तथा महायोद्धा हों। हमारी गायें दुधारू हों, बैल हल आदि ढोने वाले हों, घोड़े वेग से दौड़ने वाले हों, स्त्रियाँ घर सँभालने वाली हों, योद्धा विजयशील हों, तथा युवक सभ्य एवं वीर हों। जब-जब हम चाहें बादल बरसें। हमारी फल-फूलवती खेतियाँ पकती रहें और हमारा योगक्षेम चलता रहे।

ॐ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै।

तेजस्वि नावधीतमस्तु। मा विद्विषावहै।

ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।

पुण्य-स्मृति

गोरक्षपीठ द्वारा संचालित
महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्
शिक्षा क्षेत्र की एक अग्रणी संस्था है।
पूर्वी उत्तर प्रदेश में गोरखपुर को केन्द्र बनाकर
प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक लगभग चार दर्जन
शिक्षण संस्थानों का संचालन करने वाले
महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्
की स्थापना १९३२ ई. में
गोरक्षपीठाधीश्वर
महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज
ने की थी और इसे विशाल वटवृक्ष का रूप दिया
उनके शिष्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने।
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
इसी महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद्
जैसे वटवृक्ष की एक शाखा है।
युगद्रष्टा ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की ५०वीं एवं
राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की ०५वीं
पावन पुण्यतिथि पर
सादर समर्पित है

विमर्श-२०१९

चरैवेति! चरैवेति!

वैदिक ग्रन्थ 'ऐतरेय ब्राह्मण' के 'चरैवेति! चरैवेति!' शीर्षक मंत्र युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं गोरक्षपीठाधीश्वर ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के जीवन में साक्षात् दिखता है। इन मंत्रों का मूल स्वरूप और सहज-सरल भावानुवाद यहाँ प्रस्तुत है-

नानाश्रान्ताय श्रीरस्ति इति रोहित शुश्रुम।
पापो नृषद्वरो जन इन्द्र इच्चरतः सखा॥ **चरैवेति! चरैवेति!**

भावार्थ : (हरिश्चन्द्र के पुत्र रोहित को उपदेश करते हुए इन्द्र कहते हैं) हे रोहित! हम ऐसा सुनते हैं कि श्रम करने से जो नहीं थका है, ऐसे मनुष्य को श्री की अथवा ऐश्वर्य और वैभव की प्राप्ति होती है। बैठे हुए आलसी आदमी को पाप धर दबाता है। इन्द्र उसका ही मित्र है, जो बराबर चलता रहता है। इसलिए चलते रहो! चलते रहो!

पुष्पिण्यौ चरतो जंघे भूष्णुरात्मा फल ग्रहिः।
शेरेऽस्य सर्वे पाप्मानः श्रमेण प्रपथे हताः॥ **चरैवेति! चरैवेति!**

भावार्थ : जो मनुष्य चलता रहता है, उसकी जांघों में फूल फूलते हैं। उसकी आत्मा भूषित और शोभित होकर फल प्राप्त करती है। ऐसे चलने वाले परिश्रमी व्यक्ति के सारे पाप थककर सोये रहते हैं। इसलिए चलते रहो! चलते रहो!

आस्ते भग आसीनस्य ऊर्ध्वस्तिष्ठति तिष्ठतः।
शेते निपद्यमानस्य चराति चरतो भगः॥ **चरैवेति! चरैवेति!**

भावार्थ : बैठे हुए का सौभाग्य बैठा रहता है और खड़े होने वाले का सौभाग्य उठकर खड़ा हो जाता है। पड़े रहने वाले का सौभाग्य सोता रहता है और उठकर चलने वाले का सौभाग्य चल पड़ता है। इसलिए चलते रहो! चलते रहो!

कलिः शयानो भवति संजिहानस्तुः द्वापरः।
उत्तिष्ठस्त्रेता भवति कृतं सम्पद्यते चरन्॥ **चरैवेति! चरैवेति!**

भावार्थ : सोने वाले का नाम कलियुग है, अंगड़ाई लेने वाला द्वापर है, उठकर खड़ा होने वाला त्रेता है और चलने वाला सतयुगी होता है। इसलिए चलते रहो! चलते रहो!

चरन्वै मधु विन्दति चरन्स्वादुमुदम्बरम्।
सूर्यस्य पश्य श्रेमाणं यो न तन्द्रयते चरन्॥ **चरैवेति! चरैवेति!**

भावार्थ : चलता हुआ मनुष्य ही मधु (अमृत) प्राप्त करता है। चलता हुआ मनुष्य ही स्वादिष्ट फलों को चखता है। सूर्य के परिश्रम को देखो, जो नित्य चलता हुआ कभी आलस्य नहीं करता। इसलिए चलते रहो! चलते रहो!



(125वीं जयन्ती वर्ष)

जननी जन्मभूमिश्च, स्वर्गादपि गरीयसी।
जो दृढ़ राखे धर्म को, तिहिं राखै करतार।।



(जन्म शताब्दी वर्ष)

युगपुरुष ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 50वीं पुण्यतिथि

एवं

राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 5वीं पुण्यतिथि

की पावन स्मृति में आयोजित

साप्ताहिक व्याख्यान माला

16 से 22 अगस्त, 2019

उद्घाटन

16 अगस्त, शुक्रवार 2019

अध्यक्ष	:	**प्रो. उदय प्रताप सिंह**, पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, उ.प्र.
मुख्य अतिथि	:	**प्रो. विजय कृष्ण सिंह**, मा. कुलपति दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, उ.प्र.
मुख्य वक्ता	:	**डॉ. अनन्त नारायण भट्ट** वैज्ञानिक 'ई', परमाणु चिकित्सा एवं सम्बद्ध विज्ञान संस्थान, डी.आर.डी.ओ., नई दिल्ली

समारोप

22 अगस्त, गुरुवार 2019

अध्यक्ष	:	**प्रो. उदय प्रताप सिंह**, पूर्व कुलपति वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, उ.प्र.
मुख्य अतिथि	:	**प्रो. सुरेन्द्र दुबे**, मा. कुलपति सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, उ.प्र.
मुख्य वक्ता	:	**श्री पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ जी** प्रतिष्ठित राजनैतिक, सामाजिक विचारक एवं चिन्तक, अलीगढ़, उ.प्र.

व्याख्यान कार्यक्रम

दिनांक/विषय		मुख्य वक्ता
17 अगस्त, 2019		
सशस्त्र बलों को जानें	:	**ले. जनरल (अ.प्रा.) मानवेन्द्र प्रताप सिंह** भारतीय सेना सरोजिनी नगर, लखनऊ
क्लाइमेट चेन्ज एण्ड ग्लोबल वार्मिंग	:	**श्री विनय कुमार सिंह** प्रवक्ता, प्राणि विज्ञान विभाग महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर
18 अगस्त, 2019		
भारतीय अपराधिक न्याय व्यवस्था	:	**श्री विजय कृष्ण पाठक** लोक अभियोजक, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, नई दिल्ली
इमर्सन एण्ड हिज हिन्दू फिलास्फी	:	**श्रीमती कविता मध्यान** प्रवक्ता, अंगेजी विभाग महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर
19 अगस्त, 2019		
अस्तित्व के केन्द्र से अस्तित्व के केन्द्र तक : ऊर्जा का प्रवाह	:	**प्रो. दिनेश कुमार सिंह** पूर्व विभागाध्यक्ष, प्राणि विज्ञान विभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
डिजीटल इण्डिया के बढ़ते कदम : एक दृष्टि	:	**डॉ. सुभाष कुमार गुप्त** प्रवक्ता, वाणिज्य विभाग महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर
20 अगस्त, 2019		
प्राचीन भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियाँ	:	**डॉ. वी. रामानाथन** आचार्य, रसायनशास्त्र विभाग भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वाराणसी
वैश्विक स्तर पर उभरता भारत	:	**डॉ. कृष्ण कुमार** प्रवक्ता, राजनीतिशास्त्र विभाग महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर
21 अगस्त, 2019		
भारतीय मीडिया की चुनौतियाँ	:	**श्री दिलीप सिंह** वरिष्ठ पत्रकार नई दिल्ली
लिक्विड क्रिस्टल एण्ड इट्स अप्लीकेशन	:	**डॉ. शैलेन्द्र ठाकुर** प्रवक्ता, भौतिक विज्ञान विभाग महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

Vimarsh
An Interdisciplinary Journal
Volume 13 • Number 13 • Aashwin Krishna Chaturthi, Vikram Samvat 2076 • September 2019

CONTENTS

Articles **Pages**

1. महन्त दिग्विजयनाथ-व्यक्तित्व और कृतित्व 1
2. राष्ट्र सन्त महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज
   प्रदीप कुमार राव 16
3. Glimpses from the Mathematical Heritage of Bharata ....
   V. Ramanathan 33
4. Know Your Armed Forces
   Lt Gen Manvender Singh, PVSM, AVSM, VSM (Retd) 43
5. Aayurveda as Modern Medicine: Prospects, Limitations and Challenges
   Anant Narayan Bhatt 56
6. Indian Criminal Judicial System
   Vijay Krishna Pathak 63
7. नाथ पंथ का लोककल्याणकारी हठयोग
   सलिल कुमार पाण्डेय 68
8. हम और हमारा जीवन
   शिप्रा सिंह 71
9. Traditional medicine System: Siddha
   Manish Kumar Tripathi 87
10. Buddhism in Thailand
   Rajesh Ram 98
11. Indo-Lao Cultural Contacts
   Vijay Shankar Shrivastava 105
12. Emerson and His Hindu Philosophy
   Kavita Mandhyan 108
13. Buddhist Monks, Monasteries and the Society of Thailand during Chakri Dynasty: A Historical Study
   Dhruva Kumar 114
14. An effort to study of phase transition temperature of some selected 2,5 pyridine derivatives by quantum mechanics
   Shailendar Kumar Thakur 119
15. प्रभा खेतान के उपन्यासों का समाजशास्त्रीय अध्ययन
   सोनम सिंह 125

16. Climate Change and Global Warming
Vinay Kumar Singh 132
17. After Independence Escalation of Atrocities Against Women in Uttar Pradesh
Priyanka Anand 145
18. प्राचीन भारतीय ग्रंथों में सैन्य तकनीकि एवं वैज्ञानिकता की पराकाष्ठा
रमाकान्त दुबे 153
19. पश्चिम एशिया में शैव धर्म का तादात्म्य
शत्रुजीत सिंह 159
20. राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणाएँ एवं उसके आधारभूत तत्व
अभिषेक सिंह 162
21. विष्णुपुराण और भारत
संतोष कुमार ओझा 166
22. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में राष्ट्रीय चेतना
आरती सिंह 176
23. भारत : सभ्यता के उषा काल से 1947 के विभाजन तक
शचीन्द्र मोहन 179
24. कमजोर वर्गों के विकास में सामाजिक न्याय की भूमिका
हनुमान प्रसाद उपाध्याय 194
25. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा प्रदत्त सेवाओं का विपणन : एक दृष्टि
सुभाष कुमार गुप्ता 198
26. हिन्दी भाषा ही राष्ट्रवाद की पहचान
महेन्द्र प्रताप सिंह 208
27. वैश्विक स्तर पर उभरता भारत
कृष्ण कुमार 211
28. Stress in Students: Major causes and effective hacks to overcome
Nisha Dubey 217
29. Role of Chemical in Water Purification
Gaurav Tiwari 222
30. भारतीय संस्कृति : अतीत के वातायान से
फूलचन्द प्रसाद गुप्त 242
31. योगधर्म और राजधर्म का ज्ञानपीठ श्रीगोरक्षपीठ
रामदरश राय 249
32. शैक्षिक अवसरों की समानता: भारतीय सन्दर्भ में
गिरीश चन्द्र पाठक 252
33. पुनर्पाठ
33.1 National Policy on Education
Mahant Digvijay Nath 260
33.2 महायोगी गोरखनाथ के संस्कृत ग्रन्थ
महन्त अवेद्यनाथ 272

महन्त दिग्विजयनाथ-व्यक्तित्व और कृतित्व

युगपुरुष महन्त दिग्विजयनाथ जी बचपन में राणा नान्हू सिंह के नाम से विख्यात थे। उनका आविर्भाव बाप्पा रावल के उस इतिहास प्रसिद्ध वंश में हुआ था, जिसमें उत्पन्न होकर राणा सांगा और महाराणा प्रताप जैसे स्वदेशाभिमानी वीरों ने देश और धर्म की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। महाराणा प्रताप की तलवार ने जिस वंश के इतिहास को त्याग, वीरता और आत्म-सम्मान का इतिहास बना दिया, जिस धरती को शत्रुओं के रुधिर से सींच-सींच कर पवित्र और पूज्य बनाया, उसी मेवाड़ की धरती पर सिसोदिया वंश में जन्म लेकर राणा नान्हूसिंह ने भी अपने जीवन को त्याग और बलिदान का निदर्शन बना दिया।

राणा नान्हू सिंह का जन्म उदयपुर के राणा वंशी परिवार मे सन् 1894 में वैशाखी पूर्णिमा को हुआ था। बचपन में ही माता-पिता के स्वर्गवासी हो जाने के कारण उनके पालन-पोषण का दायित्व उनके चाचा पर आ पड़ा। उस समय उदयपुर के निकट एक नाथ पंथी योगी महात्मा फूलनाथ साधनारत थे। वे गोरखपुर स्थित श्री गोरक्षनाथ मंदिर के तत्कालीन महन्त श्री बलभद्रनाथ जी के शिष्य और महन्त सुन्दरनाथ जी के गुरुभाई थे। बाल्यावस्था में ही राणा नान्हू सिंह के माता-पिता हैजे की बीमारी में मर चुके थे। उनके चाचा सम्पत्ति के लोभ में उनसे छुटकारा चाहते थे। उन्होंने महात्मा फूलनाथजी से निवेदन किया कि सन्तान-प्राप्ति हेतु हमने यह मनौती मानी थी कि अपनी प्रथम सन्तान श्री गुरु गोरक्षनाथजी को समर्पित करेंगे। उनकी कृपा से मेरे कईं सन्तानें हो गयीं हैं। अस्तु, मैं अपनी प्रथम सन्तान श्री गुरु गोरक्षनाथजी के चरणों में समर्पित करना चाहता हूँ, किन्तु घर के लोगों का इस बालक के प्रति विशेष स्नेह एवं ममत्व है। इस कारण वे उसको अपने से अलग नहीं करना चाहते हैं, जिससे मुझे बराबर हार्दिक कष्ट रहता हैं अत: आप मेरी इस मनौती को पूर्ण करने में सहायता करें। मैं गणगौरी के मेले के दिन जैसे ही बालक आप को समर्पित करूँ, आप उसे लेकर गोरखपुर चले जायें। अन्यथा घर के लोग उसे पुनः घर ले जायेंगे, जिसका मुझे जीवन भर खेद रहेगा। श्री बाबा फूलनाथजी को चाचा के षड्यंत्र का पता नहीं था। उन्होंने सहज ही में उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ली और योजनानुसार चाचा ने जैसे ही बच्चे को समर्पित किया, वे तुरन्त उसे लेकर गोरखपुर आ गये। गोरखपुर पहुँचने पर उन्होंने तत्कालीन योगिराज श्री बाबा गम्भीरनाथ जी एवं अन्य लोगों से बालक राणा नान्हू सिंह के श्री गोरक्षनाथ जी को समर्पित करने की कहानी से अवगत किया और बताया कि उदयपुर के राणा ने अपने पुत्र को श्री गोरक्षनाथ जी के चरणों में समर्पित किया है। उधर उदयपुर में षड्यंत्री चाचा द्वारा यह प्रचार किया जा रहा था कि बालक मेले में गायब हो गया

और उसे खोजने के लिए बनावटी व्यग्रता दिखाई। बाद में जो बातें प्रकाश में आई, उनसे पता चला कि उस समय सारे राजस्थान मे बालक राणा नान्हू सिंह की तलाश दिखावे के लिए चाचा ने कराई। तालाब में डूबने की आशंका समाप्त करने के लिए तलाब में जाल भी डाला गया, किन्तु बालक का कहाँ पता चलता! वह तो एक साजिश के साथ गोरखपुर पहुँचा दिया गया। श्री गोरक्षनाथ मंदिर पर बालक नान्हू सिंह को साधु-मंतों एवं सन्यासियों के सम्पर्क में रहना पड़ा। राजवंश में उत्पन्न इस बालक को मंदिर में निवास करने वाला साधु-समाज आश्चर्य और आशंका मिश्रित कौतूहल से देखता था। उन्हें यह विश्वास था कि मंदिर के वातावरण में यह बालक अधिक दिनों तक टिक नहीं पायेगा। किन्तु बालक नान्हू सिंह को उसी समय योगीराज गम्भीरनाथ जी की अहैतुकी कृपा प्राप्त हो गई। योगिराज गम्भीरनाथ जी उस समय के सर्वाधिक प्रतिष्ठित और ख्यातिलब्ध योगी थे। उनकी स्नेहच्छाया में बालक नान्हू सिंह को व्यवधानविहीन जीवन व्यतीत करने का अवसर मिला। नन्हें बालक की प्रतिभा को देखकर ही उस महान साधक ने उन्हें आशीर्वाद दिया था कि भविष्य में वह महान् यश की उपलब्धि करेगा।

मंदिर की ओर से ही बालक नान्हू सिंह की प्रारम्भिक शिक्षा की व्यवस्था की गई। स्थानीय जुबली हाई स्कूल में उन्होंने सातवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की। प्रारम्भ से ही वे बड़े स्वाभीमानी थे। जुबली हाई स्कूल के तत्कालीन प्रधानाचार्य राय साहब अघोरनाथ चट्टोपाध्याय से उनकी अनबन हो गई। फलत: उन्होंने सातवीं कक्षा के बाद स्कूल का परित्याग कर दिया। फिर उन्होंने स्थानीय हाई स्कूल में प्रवेश लिया, जो आजकल महात्मा गांधी इण्टर कालेज के नाम से विख्यात है। सेन्टएण्ड्रूज कालेज में उन्होंने इण्टरमीडिएट में प्रवेश लिया। सन् 1920 ई. में राष्ट्रीय आन्दोलन से प्रभावित होकर उन्होंने विद्यालय का परित्याग कर दिया और वे सक्रिय रूप से देश के स्वतंत्रता आंदोलन में सम्मिलित हो गये।

बालक नान्हू सिंह सदा एक औसत छात्र रहे। किन्तु विद्यालय के पाठ्यक्रमेतर कार्यक्रमों में वे सर्वदा सर्वाधिक उत्साह से भाग लेते थे। सभा-सोसाइटी तथा व्याख्यान आदि का आयोजन करने और उनमे सोत्साह भाग लेने, छात्रों को संगठित करने तथा विभिन्न प्रकार की क्रीड़ाओं की व्यवस्था करने में वे अत्यन्त कुशल थे। नेतृत्व, निर्भीकता, स्वाभिमान, अनुशासनप्रियता, प्रत्युत्पन्नमतित्व और कार्यकुशलता उनके जीवन के प्रधान गुण थे। छात्र-जीवन में बीज-रूप में अंकुरित ये गुण उनके भावी जीवन में पूर्णतया पल्लवित और पुष्पित हुए। इन्हीं गुणों के बल पर बालक नान्हू सिंह ने आगे चलकर दिग्विजयनाथ के अभिधान को सार्थक करते हुए जीवन के समस्त धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक क्षेत्रों को अपनी स्वत:सम्भूत प्रखर बौद्धिकता से भली-भाँति आलोकित किया।

छात्र-जीवन में वे हाकी के श्रेष्ठ खिलाड़ी थे। मैदान में उतरने के पश्चात वे अपने

व्यक्तित्व, व्यवहार और कौशल के कारण समूचे जनसमूह पर छा जाते थे। दर्शकों की दृष्टि निरन्तर उनका ही अनुगमन करती रहती थी। वे सेन्टर फारवर्ड और राइट आउट दोनों स्थानों से समान कुशलता के साथ खेल लेते थे। खेल के प्रति उन्हें इतना मोह था कि बाद के जीवन में भी वे जब कभी संध्या के समय महाराणा प्रताप कालेज की ओर निकल आते और बच्चों को हाकी खेलते देख लेते तो वे खेलने का लोभ संवरण नहीं कर पाते थे। छात्र-जीवन समाप्त करने के बाद भी वे सेन्टऐन्ड्रयूज कालेज में बराबर हाकी खेलने जाया करते थे। इसके अतिरिक्त बैडमिंटन और टेनिस में भी उनकी अधिक रूचि थी। इन दोनों खेलों की व्यवस्था उन्होंने मंदिर पर भी कर रखी थी। उनकी साथ टेनिस खेलने वाले लोग आज भी मुक्त कण्ठ से उनकी प्रंशसा करते हैं। घुड़सवारी तो उनके नित्य जीवन का एक अंग था ही।

विद्यार्थी जीवन में ही राणा नान्हू सिंह के हृदय में हिन्दू जाति, हिन्दू धर्म और हिन्दू संस्कृति के प्रति पूरी आस्था थी। योगिराज गम्भीरनाथ जी के चरणों में बैठकर उन्होंने सर्वप्रथम हिन्दू संस्कृति के मूल तत्वों को पहचानने का प्रयास किया। विद्यार्थी जीवन की धर्म-प्रेम सम्बन्धी कुछ घटनायें अविस्मरणीय हैं।

राणा नान्हू सिंह (महंत दिग्विजयनाथजी) आठवीं कक्षा के छात्र थे। उस समय वर्तमान राजकीय टेक्निकल स्कूल के निकट बने एक छोटे शिव मंदिर को लेकर एक विवाद खड़ा हो गया टेक्निकल स्कूल के पास की भूमि रेलवे कर्मचारियों के आवास के लिए अधिगृहीत की जा रही थी। उसी भू-भाग में एक लुहार द्वारा निर्मित शिव मंदिर सार्वजनिक उपासना का केन्द्र बन चुका था। जब उसे गिरवाने का प्रयास किया जाने लगा तो राणा नान्हू सिंह के नेतृत्व में विद्यार्थियों के एक विशाल समूह ने रेलवे के तत्कालीन चीफ इंजीनियर ममी साहब का बंगला घेर लिया। उस समय छात्रों के साथ नृसिंह प्रसाद एडवोकेट भी थे। छात्रों के विशाल परेड का नेतृत्व करने के कारण राणा नान्हू सिंह और स्थानीय रईस बाबू पुरुषोत्तमदास जी को पकड़कर हवालात में डाल दिया गया। बाद में समझौता हुआ और मंदिर गिरने से बच गया।

सन् 1918 में जब वे कक्षा 9 के छात्र थे, उस समय गोरखनाथ मंदिर के अहाते में ईसाई मत-प्रचारक कैम्प लगाकर अपने मत का प्रचार कर रहे थे। कई वर्षों से वे यह कार्य करते आ रहे थे। एक हिन्दू मंदिर के प्रांगण मे हिन्दू धर्म के ही विरुद्ध प्रचार किया जाए, इसे राणा नान्हू सिंह सहन न कर सके। विद्यार्थियों का एक विशाल समूह लेकर उन्होंने ईसाई मत प्रचारक कैम्पों पर आक्रमण कर दिया। कैम्प उजाड़ डाले गये। ईसाई धर्म की पुस्तकों को पोखरे में जल-समाधि दे दी गई। इसके बाद कभी किसी ईसाई प्रचारक का मंदिर के पावन प्रांगण में जाने का साहस न हुआ।

इस घटना से समस्त प्रशासकीय अधिकारी अप्रसन्न हो गये। उस समय स्थानीय कमिश्नर, कलैक्टर और एस.पी. सब के सब ईसाई धर्मावलंबी थे उन्होंने मुकदमा चलाना चाहा, किन्तु नगर

के कुछ प्रतिष्ठित सज्जनों के हस्तक्षेप के कारण यह कार्यवाही रूक गई।

राणा नान्हू सिंह का विद्यार्थी जीवन भारतीय पराधीनता का कठोरतम समय था। अंग्रेजी शासन की कठोरता और दमन की दुर्दमनीयता के कारण साधारण जनता में नौकरशाही के विरुद्ध आवाज उठाने का साहस न था। तथापि उस अवस्था में भी राष्ट्र से प्रेम रखने वाले लोगों की कमी न थी। विदेशी शासन सत्ता को उन्मूलित करके राष्ट्र को स्वाधीन बनाने का प्रयास करने वाले इन राष्ट्रभक्तों के दो वर्ग थे। एक वर्ग ऐसे लोगों का था, जो प्रत्यक्ष रूप से जनता के मध्य जागरण का संदेश देता रहता था। सरकारी अधिकारियों से मिलकर जनता के कष्टों को दूर करने का प्रयास करता था और आवष्ठयकता पड़ने पर सत्याग्रह आदि का भी सहारा लेता था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आदि से संबंधित लोग इसी वर्ग के थे।

दूसरे वर्ग में वे लोग थे, जो सरकारी कार्यों में व्यवधान उत्पन्न करते थे। सरकारी खजानों को लूटते, नौकरशाही के विभिन्न शिकंजों को तोड़कर आतंक का वातावरण उत्पन्न कर के विदेशी शासन सत्ता को दहला देने का प्रयास करते थे। ऐसे लोग गुप्त संगठनों के माध्यम से कार्य करते हुए स्वाधीनता प्राप्ति के लिए एक युगान्तरकारी क्रांति का बीजारोपण कर रहे थे।

राणा नान्हू सिंह ने विद्यार्थी जीवन में दोनो वर्गो से संबंध स्थापित किया। उनके हृदय में हिन्दू धर्म, हिन्दू जाति, हिन्दू संस्कृति और हिन्दू राष्ट्र के प्रति संस्कारतः अंकुरित उत्कट प्रेम और बलिदान की भावना उन्हें एक सही दिशा प्रदान करने के लिए जागरूक थी। उस काल में ही उन्होंने अनेक क्रांतिकारियों से भी संपर्क स्थापित किया था, जो यथा अवसर मन्दिर पर भी आया करते थे।

बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भिक दशकों में भारतीय जनता की भावनाओं का नेतृत्व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हाथों में आ गया था। कांग्रेस में भी दो प्रकार के लोग थे। एक उग्रवादी, जो प्रत्यक्ष ध्वन्सात्मक कार्यवाही में विश्वास करते थे। दूसरे समझौतावादी, जो अपने नम्र विचारों के कारण 'नरम दल'' के नाम से सम्बोधित किये जाते थे। उस समय कांग्रेस का नेतृत्व महात्मा गाँधी जैसे नरम दलीय नेता के हाथों में आ रहा था।

सन् 1920 में महात्मा गाँधी का गोरखपुर में भव्य स्वागत हुआ। बाले के मैदान में महात्मा गाँधी ने एक विशाल जनसमूह को सम्बोधित किया। राणा नान्हू सिंह ने गाँधी जी के कार्यक्रम की निर्विघ्न समाप्ति के लिए 'वालेन्टियर कोर' का संगठन किया था और गाँधी जी के कार्यो को पूरा करने में तन-मन-धन से सहयोग किया। किन्तु थोड़े दिनों के पश्चात् चौरीचौरा की प्रसिद्ध ऐतिहासिक घटना ने यह सिद्ध कर दिया कि राणा नान्हू सिंह (पूज्य महंत दिग्विजयनाथजी) महात्मा गाँधी के समझौतावादी सिद्धांतों के पोषक न थे। सन् 1921 में महात्मा गाँधी का राष्ट्रव्यापी असहयोग आंदोलन प्रारम्भ हुआ। राष्ट्र प्रेमी युवकों ने अपने अध्ययन-अध्यापन, नौकरी तथा व्यवसाय आदि का परित्याग कर असहयोग आंदोलन में भाग लिया। इस समय पूर्वी उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से

गोरखपुर, देवरिया जनपद में कांग्रेस का संगठन अत्यंत शक्तिहीन था। राणा नान्हू सिंह ने इन आंदोलनों से प्रभावित होकर सन् 1920 ई. में ही कालेज का परित्याग कर दिया था। उन्होंने असहयोग आंदोलन को सफल बनाने का पूरा प्रयास किया।

गोरखपुर जिले में स्थित चौरीचौरा स्थान पर आंदालेन के खिलाफ की जो प्रतिक्रिया उत्पन्न हुई, उससे नौकरशाही तो आतंकित हुई ही, महात्मा गाँधी के अहिंसात्मक आंदोलन का रूप ही बदल गया। उन्हें बहुत शीघ्र ही अपना आंदोलन वापस लेना पड़ा। इस चौरीचौरा काण्ड के अभियुक्तों को फांसी की सजा देने का निर्णय किया गया था। उनमें राणा नान्हू सिंह भी थे। किन्तु शिनाख्त (Identification) न हो पाने के कारण वे मुक्त कर दिये गये।

गोरखनाथ मंदिर पर आने के पश्चात् उनको योगिराज गम्भीरनाथजी की कृपा प्राप्त हो गई थी। संभवत: बालक की विलक्षण प्रतिभा को पहचान कर ही उन्होंने उसे संरक्षण देना प्रारम्भ कर दिया था। योगिराज गम्भीरनाथजी महान विभूति सम्पन्न सिद्ध योगी थे। वे आधिभौतिक संबंधों का परित्याग कर चुके थे। उनके स्वाभाविक गाम्भीर्य एवं तपोपूत नि:स्पृह व्यक्तित्व से प्रभावित बालक नान्हू सिंह के मन में एक आध्यात्मिक जिज्ञासा बलवती होने लगी। योगिगज गम्भीरनाथ जी ने उन्हें अपने शिष्य महात्मा ब्रह्मनाथ जी के सरंक्षण में देकर उनके पालन-पोषण तथा शिक्षा आदि की पूरी व्यवस्था कर दी थी। योगिराज सिद्ध महात्मा थे। बालक के प्रति उनके मन में अपार स्नेह था।

योगिराज अपने योगबल से अलौकिक कार्य करने में समर्थ थे। उन्होंने बालक नान्हू सिंह के जीवन को प्रभावित करने वाले अनेक चमत्कारिक कार्य किये थे, जिनका उल्लेख ब्रह्मलीन महंत जी प्राय: किया करते थे। 8-9 वर्ष की अवस्था में बालक नान्हू सिंह गम्भीर रूप से बीमार पड़े। उनका शरीर ज्वर-ताप से दग्ध होने लगा। जब साधुओं ने योगिराज को बालक की बीमारी का समाचार सुनाया तो उन्होंने एक कूड़ी के जल पर हाथ फेर कर उन्हें पिला दिया। ज्वर का ताप तत्काल समाप्त हो गया।

इसी तरह 13-14 वर्ष की अवस्था में एक घटना और घटित हुई। एक दिन एक वृद्ध एक पुरानी अचकन और पाजामा लिए हुए आया। पूज्य योगिराज के आदेश से नान्हू सिंह ने इच्छा न रहते हुए भी उसे धारण कर लिया। उसकी जेब में हाथ डाला तो उसमें से केशों का एक लट निकला। रात्रि में उन्हें जोर का बुखार चढ़ा और दो-एक दिनों के पश्चात चेचक निकल आई। चेचक का इतना भयंकर प्रकोप हुआ कि उससे बचना असम्भव ज्ञात होने लगा। जब योगिराज गम्भीरनाथ जी को बालक के संज्ञाशून्य होने का समाचार दिया गया तो उन्होंने उनके निश्चेष्ट शरीर को मंगवाकर अपनी चारपाई के नीचे रखवा लिया। सवेरे लोगों ने उन्हें जीवित पाया।

स्थानीय हाई स्कूल में उनके एक अध्यापक यदुनाथ चक्रवर्ती थे। वे बड़े ही सरल स्वभाव वाले थे। राणा नान्हू सिंह के हृदय में उनके प्रति सात्विक श्रद्धा थी। उक्त अध्यापक को अवकाश

प्राप्ति की आयु के पूर्व ही विद्यालय की सेवाओं से मुक्त कर दिया गया। उस समय राणा नान्हू सिंह गोरक्षनाथ मंदिर के महन्त हो चुके थे। उन्होंने अपने अन्य सहयोगियों से परामर्श कर तत्काल एक नये विद्यालय की स्थापना कर दी। यह विद्यालय 'गुडलक विद्यालय' के नाम से बक्शीपुर मुहल्ले में एक किराये के मकान में प्रारम्भ हुआ और श्री यदुनाथ चक्रवर्ती को ही विद्यालय को संचालित करने का कार्य सौंपा गया। उन्हें उसका प्रधानाचार्य बना दिया गया। कालांतर में इसी विद्यालय ने विकसित होकर महाराणा प्रताप इण्टर कालेज का रूप धारण कर लिया।

विद्यार्थी जीवन में अपने शिक्षा-गुरु के प्रति उनके मन में जो श्रद्धा और आदर का भाव था, उसी के निर्वाह के लिए उन्होंने इतने बड़े विद्यालय की स्थापना कर डाली। यह वस्तुतः उनके स्वाभिमान और गुरुभक्ति का सच्चा उदाहरण है।

सन् 1921 ई. में छात्र जीवन का परित्याग करने के बाद राणा नान्हू सिंह राजनीतिक कार्यों में अधिक रूचि लेने लगे। इधर गोरखपुर मठ के महंत पद को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था। तत्कालीन महंत सुन्दरनाथ जी तथा महंत ब्रह्मनाथजी का स्वत्वाधिकार संबंधी विवाद हाईकोर्ट तक पहुँच गया था। इन आंतरिक एवं बाह्य, गृह संबंधी एवं राजनीतिक विवादों में फंसकर जीवन का अस्त-व्यस्त हो जाना स्वाभाविक है। किन्तु उन्होंने बड़े ही धैर्य के साथ परिस्थितियों का सामना किया और अन्ततः वे विजयी रहे।

सन् 1935 में महंत ब्रह्मनाथजी का गोलोक वास हो गया। उनके ब्रह्मलीन होने के पश्चात श्रावण पूर्णिमा के दिन 15 अगस्त सन् 1935 में पूज्य दिग्विजयनाथजी गोरक्षनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर पद पर अभिशिक्त हुए। जिस समय पूज्य महंतजी ने गोरक्षनाथ पीठाधीश्वर का उत्तरदायित्वपूर्ण पद ग्रहण किया उस समय मंदिर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। लगभग एक दशक पूर्व मे निरन्तर मुकदमें की पैरवी में लगे रहने के कारण पूर्वाधिकारियों ने मंदिर की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया था। पूज्य महंत दिग्विजयनाथ जी ने मंदिर के विकास की योजनाएं बनायी और तत्काल योजनाबद्ध रूप से इन कार्यों के सम्पादन में लग गये। मंदिर के पुनर्निर्माण और क्षेत्र-विस्तार के साथ उन्होंने सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और राजनैतिक कार्यों का भी सफलता पूर्वक संचालन किया। उनकी कारयित्री प्रतिभा एवं समय की गतिविधियों को पहचान कर कार्य करने की अदभुत क्षमता ने दो-तीन दशकों में ही मंदिर को पूर्वांचल का ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण भारत का एक प्रसिद्ध तीर्थ और पर्यटन केन्द्र बना दिया। आज गोरक्षनाथ मंदिर हिन्दू संस्कृति का प्रमुख केन्द्र बन गया है।

महंत दिग्विजयनाथ जी ने गोरखनाथ मंदिर को नवीन रूप से व्यवस्थित किया। अब तक यह मंदिर केवल नाथपंथी साधुओं का साधना केन्द्र और पर्यटक साधुओं और श्रद्धालुओं के लिए पूजा का मंदिर मात्र था। महंतजी ने इसे नाथ-योग के प्रचार और प्रसार का प्रमुख केन्द्र बनाया साथ

ही हिन्दू धर्म और संस्कृति के समस्त अंगों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने इसे महान सांस्कृतिक केन्द्र बना दिया। शिवावतार महायोगी गोरक्षनाथ की पूजा तो यहाँ नित्य होती ही थी। राम और कृष्ण के नामोच्चारणों से भी मंदिर का प्रांगण गुंजित होने लगा। ब्रिटिश शासन काल में इस मंदिर ने हिन्दू धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया। अनेक विप्लवों के समय महंत दिग्विजयनाथ ने परिस्थितियों का डटकर सामना किया अन्यथा इस क्षेत्र में आज हिन्दू जाति का रूप कुछ दूसरा ही होता।

सन् 1935 में गोरक्षनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर के पद पर अभिशिक्त होने के पश्चात महंत दिग्विजयनाथ के व्यक्तित्व को बहुमुखी प्रसार का अवसर मिला। सन् 1969 में महासमाधि लेने के समय तक वे विभिन्न क्षेत्रों में अनवरत गति से कार्य करते रहे। उन्होंने समसामयिक समाज को सुधारने का प्रयास किया विभिन्न शिक्षा संस्थाओं तथा सांस्कृतिक केन्द्रों की स्थापना करके नवयुवक वर्ग को नयी दिशा प्रदान की, साधु समाज की परम्परागत ऐकान्तिकता और निष्क्रियता को दूर कर, उन्हें सच्चे समाज-धर्म से अवगत कराया और सक्रिय राजनीति में भाग लेकर राजनयिकों की अनवधानता दूर करने का प्रयास किया। राष्ट्र की बदलती हुई परिस्थितियों ने उन्हें हिन्दू धर्म और संस्कृति का सजग प्रहरी बना दिया। उन्होंने अपने व्यक्तित्व में विभिन्न विरोधाभासों को समन्वित कर लिया था। वे साधु होते हुए भी समाज से दूर न थे। विभिन्न संस्थाओं के संस्थापक होते हुए भी उनमें सर्वथा आसक्त न थे। राजनीति में रहते हुए भी कथनी-करनी में अंतर उपस्थित करने वाले आज के राजनीतिक छल-छद्म से उनका लगाव न था। समाज सुधारक के रूप में निरंतर कार्य करते हुए भी अपनी वैयक्तिक प्रभुता का उन्हें मोह न था। वे योगी होते हुए भी पूरे सामाजिक थे। उनके संग्रह में सेवा और त्याग का महान योग अन्तर्निहित था। वस्तुत: इस संग्रह और त्याग के सामरस्य ने ही उनको महान से महानतम बना दिया था।

हिन्दू जाति और धर्म के प्रति महंत जी का संस्कारगत प्रेम था। उनके शरीर में सिसोदिया वंश का रक्त प्रवाहित हो रहा था। राणा सांगा और महाराणा प्रताप की आन और मान रक्षा की भावना उन्हें वंशानुगत रूप में प्राप्त हुई थी। भगवान गोरक्षनाथ के मंदिर की पवित्रता और आध्यात्मिक गरिमा ने मान, रक्षा तथा हिन्दुत्व प्रेम के साथ ही हिन्दू संस्कृति की रक्षा की भावना को और भी दृढ़ कर दिया। देश की राजनीतिक और सामाजिक स्थितियों ने भी उनके सांस्कृतिक भावों को सुदृढ़ किया। राष्ट्र और संस्कृति की रक्षा के लिए ही सन् 1934 ई. तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सिद्धांतों को स्वीकार कर उन्होंने कार्य किया। किन्तु कांग्रेस की मुस्लिम-तुष्टीकरण की नीति से असंतुष्ट होकर उन्होंने उसे छोड़ दिया।

सन् 1939 ई. में अमरवीर वी.डी. सावरकर काले पानी की सजा भुगत कर अंडमान से कलकत्ता आए। वहाँ अपने स्वागत में आयोजित एक विशाल सभा को उन्होंने सम्बोधित किया। उस

अवसर पर भाई परमानंद और अमरवीर सावरकर के भाषणों को सुनकर महंतजी अत्याधिक प्रभावित हुए। उन्होंने उसी समय हिन्दू महासभा की सदस्यता स्वीकार कर ली।

सन् 1938-39 में गोरखपुर का वातावरण भी साम्प्रदायिक भावनाओं के कारण विशाक्त हो गया था। इस अवसर पर हिन्दू जाति और हिन्दू धर्म की रक्षा का संकल्प लेकर महंतजी हिन्दू जाति के अग्रदूत के रूप में सामने आए।

गोरखपुर में साम्प्रदायिक प्रतिद्वन्दिता की भावना का जन्म सर्वप्रथम 1916 में हुआ था। इस वर्ष हिन्दुओं का दशहरा और मुसलमानों का मुहर्रम संयोगवश एक साथ ही पड़ गया। काजी फिरासत हुसेन मुमलमानों के नेता थे। खजांची चौराहे पर नवें दिन की ताजिया बैठाई जाती थी। उस दिन वहाँ बड़ी चहल-पहल थी। अलीनगर की रामलीला का जुलूस भी उसी रास्ते निकलता था। बड़े-बड़े रस्सों में बंधो रथ को खींचते हुए हिन्दू लोग जब मानसरोवर से खजांची के चौराहे पर पहुँचे तो काजी फिरासत हुसेन ने जुलूस को रूकवाना चाहा। अधिकारियों के हस्तक्षेप से जुलूस शान्तिपूर्वक निकल गया किंतु हिन्दू मुसलमानों के हृदय में पारस्परिक विभेद की गांठ दृढ़ हो गयी। सन् 1916 के पश्चात नगर में हिन्दू-मुस्लिम विद्वेश की आग निरंतर सुलगती गई।

गोरक्षनाथ मंदिर की पूर्व दिशा में एक प्रतिष्ठित मुस्लिम रईस जाहिद बाबू ने जाहिदाबाद के नाम से एक मुहल्ला ही बसा दिया। वहाँ नित्य गौकशी हुआ करती थी। मुस्लिम लीग कार्यालय से मुसलमानों का एक जुलूस निकलता था। जुलूस में प्रश्न होता था कि कहाँ जाना है? उत्तर मिलता जाहिदाबाद। क्या करने? गौकशी करने। इस प्रकार के जुलूसों ने हिन्दू-मुस्लिम विद्वेश की आग में आहुति का काम किया। मन् 1935 तक गोरखपुर में हिन्दू-मुस्लिम विद्वेश की भावना बहुत बढ़ गई थी। सन् 1937 में स्थिति ऐसी हो गई थी कि महंत जी को सत्याग्रह करना पड़ा। इन दो वर्षों का ममय गोरखपुर के लिए घोर साम्प्रदायिक आतंक का समय था। महंतजी ने बड़े साहस, धैर्य और बुद्धिमता से हिन्दू जाति की रक्षा की।

हिन्दू महासभा की सदस्यता ग्रहण करते ही महंतजी सभा के प्रमुख नेताओं के वर्ग में समादृत होने लगे। कांग्रेस में रहते हुए भी वे हिन्दू हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहते थे। सन् 1934 के पूर्व उन्होंने कांग्रेस की उन नीतियों का विरोध किया था, जिनसे हिन्दू जाति और धर्म के ऊपर किसी प्रकार के आघात की आशंका थी। सन् 1931 में कांग्रेस ने भारतीय जनगणना का विरोध किया था। महंतजी ने कांग्रेस की उस अदूरदर्षिता की निंदा की और देश में हिन्दुओं की संख्या को कम दिखाये जाने से रोका। सन् 1935 में कांग्रेस ने साइमन कमीशन का विरोध किया। सन् 1945 में क्रिप्समिशन का भी बहिष्कार किया। महंतजी ने दोनों अवसरों पर कांग्रेस की नीतियों का खुलकर विरोध किया। देश के विभाजन के अवसर पर महंत जी की बातें अधिक दूरदर्षितापूर्ण सिद्ध हुई।

हिन्दू महासभा के मंच से महंतजी को मुक्त रूप से कार्य करने का अवसर मिला। एक वर्ष

पश्चात ही उन्होंने में अखिल भारत हिन्दू महासभा के वार्षिक अधिवेशन में भाग लिया। उस अवसर पर उनके भाषणों की सबने सराहना की। उन्होंने एक साथ ही धार्मिक और राजनीतिक कार्यों को अपने हाथ में लिया और कुशलतापूर्वक उनका निर्वाह किया।

वे आगरा प्रांतीय हिन्दू महासभा के महामंत्री रहे। संयुक्त प्रांतीय हिन्दू महासभा के मंत्री और फिर अध्यक्ष चुने गये। सन् 1939 में डॉ. मुन्जे की अध्यक्षता में उन्होंने कमिश्नरी हिन्दू महासभा के अधिवेशन का आयोजन किया। इसी वर्ष उन्होंने अखिल भारतवर्षीय अवधूत वेश बारह पंथ योगी महासभा की स्थापना की। अनेक वर्षों तक वे उसके अध्यक्ष रहे। साधु सम्प्रदाय को उन्होंने नवीन दिशा प्रदान की। निष्क्रियता और ऐकान्तिकता के स्थान पर उन्होंने समाज सापेक्ष्य कार्यों की ओर प्रेरित किया। उन्होंने समस्त हिन्दू मंदिरों और मठों को धीरे-धीरे संगठित किया और उनमे एकसूत्रता लाने का सफल प्रयास किया।

सन् 1939 में दिल्ली शिव मंदिर सत्याग्रह में उन्होंने अपने गुरु भाई बाबा नौमीनाथ के नेतृत्व मे सत्याग्रहियों का जत्था भेजा था। मुल्तान की जेल में पर्याप्त समय तक सजा भुगतने के बाद यह जत्था मुक्त हुआ। इस वर्ष फौज में मुसलमानों की भर्ती पर अधिक जोर दिया जा रहा था। मुहम्मद अली जिन्ना यह चाहते थे कि फौज में मुसलमानों की संख्या अधिक हो जाये। महंत जी ने इस नीति का सख्त विरोध किया। फलत: हिन्दुओं की भी भर्ती होती रही।

सन् 1942 में ब्रिटिश शासन की दृष्टि पहले से ही महंतजी पर लगी हुई थी। सन् 1942 में महात्मा गाँधी ने भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व किया। समूचा राष्ट्र विदेशी शासन सत्ता और विदेशी सामग्रियों के बहिष्कार के लिए उतावला हो रहा था। महंतजी को उस अवसर पर मुक्त न रहने देने के लिए नौकरशाही की ओर से उन पर अनेक आरोप लगाये गये। कहा गया कि नेपाल में राणा विरोधी आंदोलन के वही सूत्रधार हैं। यह भी कहा गया कि वे जर्मनी और जापान को अंग्रेजों के विरुद्ध मदद देते हैं। महंतजी के विरुद्ध वारंट निकाला गया। उस समय मि. यंग डी.आई.जी. के पद पर कार्य कर रहे थे। गोरखपुर में मि. वाडेल पुलिस अधीक्षक थे। यंग साहब हाकी के मैदान में महंतजी के साथ खेल चुके थे और उनके विचारों से पूर्णतया अवगत थे। उन्होंने अपने उत्तरदायित्व के आधार पर महंतजी के विरुद्ध भेजे गये वारंट को वापस करा दिया था।

सन् 1944 में महंतजी ने प्रांतीय हिन्दू महासभा के वार्षिक अधिवेशन का आयोजन गोरखपुर में किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इस अधिवेशन को सम्बोधित किया था। सन् 1947 में भारत के विभाजन का प्रश्न भारतीय नेताओं के सम्मुख था। राजगोपालाचार्य ने विभाजन के संबंध में अपना सुझाव प्रस्तुत किया जो सी आर फारमूला के नाम से प्रसिद्ध है। महंतजी ने इस फारमूले का डटकर विरोध किया। उन्होंने गोरखपुर में इसी वर्ष अखिल भारतवर्षीय हिन्दू महासभा का अधिवेशन बुलाया। उस समय महंतजी आगरा प्रांतीय हिन्दू महासभा के अध्यक्ष थे। धर्मवीर भोपटकर की अध्यक्षता में

होने वाला यह अधिवेशन राजनीतिक और धार्मिक दोनो दृष्टियों से महत्वपूर्ण था। उस समय भारत के विभाजन का कुचक्र तेजी से चल रहा था। नोवाखाली, त्रिपुरा, कोमिला आदि स्थानों पर हिन्दुओं के ऊपर संगठित ढंग से आघात किये गये थे। महंतजी के प्रयास से इस अधिवेशन में अखण्ड भारत आंदोलन का शक्तिपूर्वक समर्थन किया गया था। दूसरी ओर परिस्थितियों को देखते हुए समस्त हिन्दू जाति को अपनी कट्टरता और रूढ़िवादिता को त्यागकर उदार होने की अपील की गई। इस अधिवेशन का तत्काल प्रभाव पड़ा। पाकिस्तान निर्माण का कार्य 1946 में ही हो जाने वाला था। वह कम से कम एक वर्ष के लिए तो रूक ही गया।

ब्रिटिश नौकरशाही ने मुस्लिम लीग के नेताओं को पहले से ही प्रोत्साहन दे रखा था। उन्होंने मुसलमानों को महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर नियुक्त कर रखा था। ये मुसलमान अधिकारी विभाजन के अवसर पर बहुत घातक सिद्ध होंगे, यह सोचकर महंतजी ने इसका खुलकर विरोध किया। उत्तर प्रदेश में उस समय 70 प्रतिशत प्रशासनिक पदों पर मुसलमान ही थे। पुलिस और गुप्तचर विभाग उन्हीं से भरा था। इन तत्वों के भीतर छिपी हुई कुटिल राजनीति को परख कर महंतजी ने 9 अगस्त 1947 को लखनऊ में हिन्दुओं की 10 सूत्रिय मांगों को लेकर सीधी कार्यवाही (Direct Action) का आंदोलन छेड़ दिया। वे गिरफ्तार कर लिए गये। उनके साथियों को भी जेल में डाल दिया गया। इसके पश्चात ही भारत विभाजन की घोषणा की जा सकी।

1946 के अखिल भारतीय हिन्दू महासभा अधिवेशन के पश्चात् महंतजी और श्री लक्ष्मी शंकर वर्मा हिन्दू महासभा की कार्यकारिणी समिति के सदस्य चुन लिए गये। महंतजी ने समस्त भारत का पर्यटन किया। उस समय और इसके पश्चात् भी यथावसर कलकत्ता, बम्बई, दिल्ली आदि स्थानों पर जाकर उन्होंने विभिन्न सभाओं में भाषण किया। इन सभी स्थानों पर वे सर्वाधिक पूज्य और सम्मानित हुए। 1946 में उन्होंने लोकसभा की सदस्यता के लिये श्री श्रीप्रकाश के विरुद्ध परचा दाखिल किया था। किन्तु दुर्भाग्यपूर्ण परचा ही खारिज हो गया।

भारत विभाजन के पश्चात् पाकिस्तान को अधिक से अधिक सुविधाएँ देने के लिए गाँधीजी ने सात सूत्रीय मांगो को लेकर अनशन प्रारम्भ कर दिया था। उन्होंने पाकिस्तान को 55 करोड़ रुपये देने का आग्रह किया। भारतीय नवयुवकों का वर्ग इसे सहन न कर सका। नाथूराम गोडसे ने उतावली में गाँधीजी की हत्या कर दी। गोडसे ने हत्या का समूचा उत्तरदायित्व स्वयं ले लिया था, किन्तु तत्कालीन सरकार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और हिन्दू महासभा के प्रभावशाली नेताओं की धरपकड़ प्रारम्भ कर दी। महंतजी पर आरोप लगाया गया कि उन्हीं की पिस्तोल से गोडसे ने गाँधीजी की हत्या की थी। उन्हे नजरबंद कर दिया गया था और 19 महीने तक वे बंदी जीवन व्यतीत करते रहे। इस अवसर पर मठ की समस्त चल और अचल सम्पत्ति भी जब्त कर ली गई थी किंतु महंतजी न्यायालय के द्वारा निर्दोष सिद्ध हुए।

गाँधी हत्या काण्ड के तुरंत बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया था। समूचे देश में हिन्दू महासभा विरोधी प्रचार कार्य चल रहा था। इसी समय कलकत्ते में हिन्दू महासभा का अधिवेशन आयोजित किया गया था। अनेक लोगों ने इस अवसर पर बहाने बनाकर अधिवेशन में भाग नहीं लिया किंतु डाक्टर नारायण भास्कर खरे, वीर सावरकर, प्रो. देशपाण्डेय तथा महंतजी ने उसमे भाग लिया। महंतजी ने उसी अवसर पर हिन्दू युवक सभा का उद्घाटन किया।

गाँधी हत्याकाण्ड के संबंध में लखनऊ से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र ''नवजीवन' ने महंत जी के ऊपर खूब कीचड़ उछाला। आरोप सिद्ध न होने पर महंत जी कारावास से मुक्त हुए। उन्होंने ''नवजीवन' के ऊपर एक लाख रुपये की मान-हानि का दावा कर दिया। सिविल जज के न्यायालय से नवजीवन के विरुद्ध व्यय सहित एक लाख रुपये की डिग्री हो गई। किंतु ''नवजीवन'' के सम्पादकों और व्यवस्थापकों ने महंत जी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर तथा समाचार पत्रों के माध्यम से जब क्षमा मांगी तो उदार हृदय महंत जी ने उसे क्षमा कर दिया। नवजीवन को नया जीवन मिल गया। अन्यथा उसके दिवाले की स्थिति आ जाती।

सन् 1948 के पश्चात् महंतजी ने अपना जीवन राष्ट्र-हित के कार्यों में लगा दिया नेहरू-लियाकत पैक्ट के द्वारा हिन्दू हितों पर आघात होते देखकर उन्होंने उसका विरोध किया। शेख अब्दुल्ला द्वारा काश्मीर के अलग राज्य की मांग को उन्होंने राष्ट्रद्रोही कार्य कहा। गोवा, दमन, दीव की स्वाधीनता का उन्होंने पूर्ण समर्थन किया और स्वाधीनता संग्राम को उग्र बनाने के लिए उन्होंने स्वयंसेवकों का जत्था भेजा। गोरक्षा आंदोलन का देशव्यापी प्रचार किया। अयोध्या में राम जन्म भूमि के उद्धार कार्य में उन्होंने हार्दिक सहयोग प्रदान किया। सन् 1955-56 में मास्टर तारासिंह ने पृथकपंजाबी सूबे की मांग की। इस मांग को लेकर उन्होंने आमरण अनशन भी प्रारम्भ कर दिया। महंत दिग्विजयनाथ राष्ट्रीय एकता को किसी भी मूल्य पर खंडित होते नहीं देखना चाहते थे। उन्होंने मास्टर तारा सिंह से भेंट की। परिस्थिति की गंभीरता और उसके भावी परिणाम से परिचित कराया। अन्ततः मास्टर तारा सिंह ने अनशन त्याग दिया। इससे ब्रह्मलीन महंतजी की निष्ठा, दूरदर्शिता, सूझबूझ एवं राजनीतिक प्रभाव का परिचय प्राप्त होता है।

11 मई सन् 1957 में दिल्ली में प्रथम स्वाधीनता संग्राम का शताब्दी समारोह मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता स्वातंत्र्य सेनानी वीर सावरकर जी ने की थी। भारत की स्वतंत्रता के लिए आजीवन संघर्षशील महंतजी ने इस समारोह में अपना पूरा सहयोग प्रदान किया था। समारोह की सफलता का श्रेय चाहे जो ले किंतु समारोह की सच्ची भावना के प्रतीक दो ही नेता थे, वीर सावरकर और महंत दिग्विजयनाथजी।

सन् 1959 में काशी विश्वनाथ मंदिर उत्तर आंदोलन में उन्होंने भाग लिया। दफा 144 को भंग करने के आरोप में उनके अनेक सहकर्मी गिरफ्तार हो गये। महंतजी ने राज्यपाल को पत्र

लिखकर मंदिर के उत्तर के औचित्य पर बल दिया। भारत गणराज्य की स्वदेशी सरकार हिन्दू कोड बिल, हिन्दू विवाह और तलाक तथा हिन्दू सम्पत्ति उत्तराधिकार अधिनियम जैसे कानूनों का निर्माण कर हिन्दू सत्वों पर कुठाराघात कर रही थी। महंतजी ने इन बिलों का विरोध किया। सन् 1960 में हरिद्वार में अखिल भारतीय षट्दर्शन साधु सम्मेलन के अध्यक्ष पद से उन्होंने इन बिलों का विरोध किया और अपने ओजस्वी भाषणों से उनके विरुद्ध जनमत जागृत किया।

बाह्य और आंतरिक दोनों दृष्टियों से सन् 1962 का वर्ष देश के लिए घोर संकट का समय था। उस समय तक पंचशील के सिद्धांतों पर आधारित हिन्दी- चीनी मैत्री का संबंध टूट चुका था। चीन ने लगभग 12 सहस्त्र वर्गमील भारतीय भूमि पर अधिकार कर लिया था। युद्ध की आशंका बलवती होती जा रही थी। इधर देश में बढ़ती हुई मुस्लिम साम्प्रदायिकता की भावना नयी दिशा की ओर संकेत कर रही थी। केरल में मुस्लिम लीग की स्थापना हो चुकी थी। पाकिस्तान के संकेतों पर देश में ही पंचमार्गियों का एक बहुत बड़ा वर्ग प्रस्तुत हो रहा था। सन् 1961 में अखिल भारतीय स्तर पर मुसलमानों को संगठित करने का प्रयास हुआ था। दिल्ली में उनकी एक विशाल सभा हुई। भारत की किसी भी राजनीतिक संस्था ने इस साम्प्रदायिक सम्मेलन के विरुद्ध एक शब्द भी नहीं कहा। महंतजी ने उसी समय यह आशंका व्यक्त की कि यह मुस्लिम सम्मेलन मुस्लिम लीग के संगठन और देश के पुनर्विभाजन की नींव को मजबूत करने वाला है। उन्होंने उसका खुलकर विरोध किया।

अक्टूबर 1961 में महंतजी ने मुस्लिम साम्प्रदायिकता का विरोध करने के लिए अखिल भारतीय हिन्दू सम्मेलन का आयोजन दिल्ली में किया। सम्मेलन की अध्यक्षता कलकत्ता उच्च न्यायालय के भूतपूर्व न्यायाधीश तथा कलकत्ता विश्वविद्यालय के भूतपूर्व उपकुलपति और बंगाल विधान परिषद के सदस्य डॉ. चिंतामणि देशमुख ने भी भाग लिया था। जनरल करियप्पा ने भी इस सम्मेलन में उपस्थित होकर अपने राष्ट्र प्रेम का परिचय दिया था। महंतजी ने उस सम्मेलन को मुस्लिम साम्प्रदायिकता के बढ़ते हुए रोग के लिए एक मात्र औषधि कहा था।

हिन्दू महासभा ने सन् 1960 में महंतजी को महासभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया था। वे हिन्दू जाति के राष्ट्रपति कहे गये। देश की बिगड़ती हुई स्थिति को देखते हुये महंतजी ने हिन्दू राष्ट्रपति के अनुरूप आचरण करके हिन्दू जाति और धर्म की रक्षा का अथक प्रयास किया। अखिल भारतवर्षीय हिन्दू महासभा के अधिवेशन में उन्होंने अपने समस्त आलोचकों और विरोधियों को जो उत्तर दिया था। वह ऐतिहासिक दृष्टि से बड़ा ही महत्वपूर्ण था।

सन् 1965 में महंतजी ने अखिल विश्व हिंदू धर्म सम्मेलन का आयोजन दिल्ली में किया। इस सम्मेलन मे विभिन देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। तीन जगतगुरु शंकराचार्यों की उपस्थिति बड़ी महत्वपूर्ण थी। डॉ. राधा कृष्णन ने भी सम्मेलन को सम्बोधित किया था।

सन् 1967 में महंतजी ने गोरखपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से हिन्दू महासभा के प्रत्याशी के रूप में कांग्रेस के प्रत्याशी को पराजित कर लोकसभा का चुनाव जीता। लोकसभा में वे हिन्दू महासभा के एक मात्र सदस्य थे। अकेले होते हुए भी लोकसभा के प्रत्येक विवाद में अपनी वाग्मिता, चातुर्य एवं प्रत्युत्पन्नमतित्व के कारण उन्होंने सदैव सबका ध्यान आकर्षित किया। यों तो उनकी हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा के कारण मुसलमानों और साम्यवादी सदस्यों में उत्तेजना का वातावरण उत्पन्न हो जाता था तथापि वे अपने विचारों को निर्भीकता के साथ अभिव्यक्त करने से चूकते न थे। नक्सलियों की समस्या पर उन्होंने सदैव कम्युनिस्टों को ललकारा। परिवार नियोजन के प्रश्न पर हिन्दू हितों की हमेशा वकालत की। गोरक्षा अभियान का अखिल भारतवर्षीय स्तर पर नेतृत्व किया। पूर्वोत्तर रेलवे की छोटी लाइन को बड़ी लाइन के रूप में परिवर्तित करने की स्वीकृति उन्हीं के प्रयास से मिली।

गोरखनाथ मंदिर के महंत के रूप में महंत दिग्विजयनाथ जी ने नाथ पंथी मंदिरों और मठों को संगठित करने का प्रयास किया। इन मठों में रहने वाले योगियों को उन्होंने उनके सामाजिक दायित्व से परिचित कराया। नाथ पंथ संबंधी साहित्य के उद्धार का भी उन्होंने सम्यक् प्रयास किया। उन्होंने प्रामाणिक विद्वानों से अनेक ग्रन्थों का प्रणयन कराया। महंत दिग्विजय नाथ ट्रस्ट और गोरखनाथ मंदिर की ओर से अनेक ग्रन्थ प्रकाशित हुए। 'फिलासफी आफ गोरखनाथ' पुस्तक की सराहना महामहोपाध्याय पं. गोपीनाथ कविराज एवं पं. हजारी प्रसाद द्विवेदी प्रभृति विद्वानों ने की है। इस बहुप्रशंसित पुस्तक का हिन्दी अनुवाद भी गोरखदर्शन के नाम मे प्रकाशित हो चुका है।

गोरखपुर जैसे पिछड़े जनपद की जनता को केवल धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक कार्यों के द्वारा प्रगति के पथ पर लाना संभव न था। उन्हें शिक्षित तथा प्रबुद्ध करना नितान्त आवश्यक था। इसीलिए गद्दी पर बैठते ही महंत दिग्विजयनाथजी से शिक्षा के प्रसार पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने सर्वप्रथम 'गुडलक स्कूल' के नाम से एक अंग्रेजी स्कूल की स्थापना की जो बक्शीपुर मे एक किराये के भवन में चलने लगा तथा श्री यदुनाथ चक्रवर्ती उसके प्रथम प्रधानाचार्य थे। कालांतर में इसी विद्यालय से दो विद्यालयों की स्थापना हुई। आर्य समाज मंदिर के संरक्षण में डी.ए.वी. कालेज खुला और महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के संरक्षण में महाराणा प्रताप इन्टर कालेज की स्थापना हुई। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना महंतजी ने गोरखपुर के शैक्षणिक जगत् में एक क्रांति सी पैदा कर दी। इस परिषद् के तत्वावधान में प्रारम्भिक शिक्षा से लेकर उच्चतम शिक्षा प्रदान करने तक की व्यवस्था हुई प्रारम्भिक शिक्षा के लिए महाराणा प्रताप शिशु शिक्षा विहार, रामदत्तपुर में और दूसरा सिविल लाइन्स में खोला गया। हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा के लिए महाराणा प्रताप इण्टर कालेज की स्थापना हुई, जो इस जनपद की प्रमुख शैक्षणिक संस्था है। इसी विद्यालय के प्रांगण में महाराणा प्रताप डिग्री कालेज की स्थापना हुई। महिलाओं के लिए अलग से महाराणा प्रताप महिला डिग्री कालेज खुला। गोरखपुर में विश्वविद्यालय की स्थापना होने पर

उसकी प्रगति और उन्नति में सहयोग देने के विचार से महंतजी ने इन दोनों डिग्री कालेजों को विद्यालय भवन और उसके समस्त उपकरणों के साथ विश्वविद्यालय को दान कर दिया। गोरखपुर की किसी अन्य संस्था ने कभी भी इस प्रकार का दान नहीं किया होगा। वस्तुतः महंतजी संस्थाओं के स्वामित्व के लोभी न थे। उनका उद्देश्य महान था। वे किसी भी मूल्य पर गोरखपुर में विश्वविद्यालयी शिक्षा की व्यवस्था करना चाहते थे। इसीलिए इतनी बड़ी सम्पत्ति का दान करते हुए उन्हें तनिक भी हिचक न हुई। विश्वविद्यालय स्थापना समिति के वे वरिष्ठ उपाध्यक्ष थे। उसकी स्थापना में उन्होंने तन, मन और धन से सहयोग दिया।

ओवरी चौक में इन्हीं के नाम से दिग्विजयनाथ हाईस्कूल की स्थापना हुई। भारतीय धर्म और संस्कृति का प्राचीन पद्धति से अध्ययन करने के लिए उन्होंने मंदिर परिसर में ही श्री गोरक्षनाथ संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना की। दिवंगत होने के कुछ दिनों पूर्व उन्होंने दिग्विजयनाथ डिग्री कालेज की स्थापना की। उन्होंने एक कृषि महाविद्यालय की स्थापना का प्रयास भी किया था। किंतु आकस्मिक रूप से इह लीला समाप्त हो जाने के कारण यह संकल्प पूर्ण न हो सका।

पौरस्त्य एवं पाश्चात्य ढंग की महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयी शिक्षा के साथ महंतजी प्रौद्योगिक शिक्षा की भी व्यवस्था करना चाहते थे। उन्होंने महाराणा प्रताप पालिटेकनीक इन्स्टीच्यूट की स्थापना की। पूर्ण विकसित एवं पल्लवित करके उन्होंने इसे सरकारी संरक्षण में दे दिया। उन्होंने एक इंजीनियरिंग कालेज खोलने की योजना भी बनाई थी। विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ उसी के तत्वावधान में उन्होंने इंजीनियरींग कालेज को विकसित करने में सहयोग दिया। महंतजी ने गोरखपुर में मेडिकल कालेज खोलने का भी प्रयास किया था। उसी प्रयास के फलस्वरूप यहाँ मेडिकल कालेज खोलने की घोषणा हुई। महंतजी ने शिक्षा के विकास का बहुविध प्रयास किया। इस क्षेत्र में उनकी उपलब्धियाँ सदैव स्मरणीय रहेंगी।

महंतजी सन् 1963 से ही अस्वस्थ रहने लगे थें इस समय उनकी अवस्था 70 वर्ष की थी। गोरखपुर के उच्चकोटि के डाक्टरों ने उनका इलाज किया। 1966 में आल इंडिया इंस्टीच्यूट आफ मेडिकल साइंस, नई दिल्ली में दवा कराई गयी। लोकसभा का सदस्य हो जाने पर दिल्ली में निरंतर डाक्टरों से सम्पर्क स्थापित किया। ऐसी अवस्था में भी विवादात्मक प्रश्नों पर विशेष रूप से हिन्दू हितों से सबंधित प्रश्नों पर अपने स्वास्थ्य का ध्यान न रखते हुए अपने आदर्शों को चरितार्थ करने के लिए वे निरंतर सक्रिय रहे।

सितम्बर 1969 के अन्तिम सप्ताह में महंतजी पुनः अस्वस्थ हो गये। डाक्टरों ने पूर्ण निष्ठा के साथ उनकी दवा की। 26 से 28 सितम्बर तक वे दवा के बल पर मृत्यु से जूझते रहे। अनेक बार दिल के दौरे पड़े, किन्तु उनका मस्तिष्क उस समय भी रबात सम्मेलन और मुस्लिम साम्प्रदायिकता का समाधान ढूँढने में ही लगा रहा था। 28 सितम्बर को अपराह्न में उनकी स्थिति

बिगड़ने लगी और उसी दिन 5 बजकर 30 मिनट पर उन्होंने चिर समाधि ले ली।

महंतजी की मृत्यु का समाचार विद्युत गति से चहुँ ओर में फैल गया। अंतिम दर्शन की आकांक्षा से बड़ी संख्या में लोग गोरक्षनाथ मंदिर के प्रांगण में एकत्र होने लगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वर्गीय महंतजी के पार्थिव शरीर को 24 घन्टे के लिए गोरक्षनाथ मंदिर के प्रांगण में दर्शनार्थ रखा गया। दूसरे दिन लगभग 15 लाख व्यक्तियों ने उस महामानव के दर्शन किये और उनके प्रति अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

देश के कोने-कोने से लोग दर्शनार्थ दूसरे दिन तक गोरखपुर में उपस्थित हो गये। संवेदना के तारों और पत्रों की तो कोई गिनती ही नहीं थी। भारत के लगभग समस्त समाचार पत्रों ने उनकी मृत्यु के समाचारों को प्रथम पृष्ठ पर स्थान दिया और अपने अग्रलेखों के द्वारा उन्हें श्रद्धांजलियाँ अर्पित की। वस्तुतः महंतजी की मृत्यु इस देश के लिए एक राष्ट्रीय घटना थी। श्री महंतजी हिन्दुओं लिए आधुनिक युग के महाराणा प्रताप थे। उनमें ब्रह्मबल और क्षात्रबल का अद्‌भुत समन्वय था। उनकी स्मृतियाँ यावत् चन्द्रदिवाकारौंसदृश जन-मानस पर छाईं रहेंगी।

राष्ट्र सन्त
महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज

प्रदीप कुमार राव*

भारतीय संस्कृति की सर्वाधिक प्रमुख विशेषता है आत्मशुद्धि अर्थात् स्वयं शुद्धीकरण की। इसी विशेषता के परिणामस्वरूप वैदिक धर्म में जब कुछ विकार आया तो महात्मा बुद्ध पैदा हुए। जब बौद्ध धर्म में विकार उत्पन्न हुआ तो गुरु श्री गोरक्षनाथ तथा शंकराचार्य का आविर्भाव हुआ। इस्लामी शासन में जब विकृतियों की सम्भावनाएँ बढ़ीं तो भक्ति आन्दोलन का सूत्रपात हुआ। इसी शृंखला को बनाये रखने वाले महापुरुषों की जो परम्परा स्वामी दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द, बालगंगाधर तिलक, वीर विनायक दामोदर सावरकर, महामना मदन मोहन मालवीय, डॉ. केशवबलिराम हेडगेवार, सरदार वल्लभ भाई पटेल, माधव सदाशिव गोलवलकर गुरुजी, महन्त दिग्विजयनाथ तक अनवरत दिखाई देती है, गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज उसी परम्परा के वर्तमान में जाज्वल्य नक्षत्र हैं। गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर के रूप में अवेद्यनाथ जी महाराज ने जिस गुरु का उत्तराधिकार प्राप्त किया वे दिग्विजयनाथ जी महाराज हिन्दुत्व और राष्ट्रीयता की वैचारिक विरासत की एक यशस्वी परम्परा सौंपकर ब्रह्मलीन हुए थे। महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज को अपने गुरुदेव से जो विरासत मिली उसका अन्दाजा इन तथ्यों से लगाया जा सकता है कि महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज गुलाम भारत में देश की आजादी के लिए कांग्रेस में रहते हुए भी हिन्दू हितों की रक्षा के लिए तत्पर रहते थे। और उन्होंने सदैव कांग्रेस की उन नीतियों का विरोध किया, जिनसे हिन्दू जाति और धर्म के ऊपर किसी प्रकार के आघात की आशंका थी। महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस जब मुस्लिम तुष्टीकरण के भस्मासुरी मार्ग पर चल पड़ी तो महन्त दिग्विजयनाथ जी ने कांग्रेस छोड़ दी और हिन्दू महासभा के संगठनकर्ताओं की अग्रिम पंक्ति के सिपाही बन गये। 1939 ई. में उन्होंने अखिल भारतवर्षीय अवधूत वेष बारह पंथ योगी महासभा की स्थापना की तथा साधु सम्प्रदाय को एक नवीन दिशा प्रदान की एवं निष्क्रियता और एकान्तिकता के स्थान पर समाज-सापेक्ष कार्यों की ओर प्रेरित किया। भारत की संसद में महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने गरजते हुए कहा था- "जब तक धर्मप्राण भारत की पवित्र भूमि पर गोमाता के रक्त की एक बूँद भी गिरती रहेगी; तब तक देश अशान्ति की भट्ठी में जलता रहेगा। मैं तो हिन्दू धर्म का वकील हूँ, संन्यासी होते हुए राजनीति में केवल इसलिए उतरा हूँ, क्योंकि हिन्दू संस्कृति और सभ्यता पर आज चारों ओर से प्रहार हो रहे हैं।"

*प्राचार्य, महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर

वे कहते थे राष्ट्र एक सांस्कृतिक इकाई है। किसी भूखण्ड में निवास करने वाले उस समूह को ही राष्ट्र कहा जाता है, जो भू-खण्ड की संस्कृति, सभ्यता, परम्परा, इतिहास आदि को मानता हुआ परस्पर एकता की अनुभूति रखता हो। अत: भारत हिन्दू राष्ट्र है, ऐसा हिन्दू राष्ट्र जहाँ किसी पर अत्याचार नहीं होगा। इस हिन्दू राष्ट्र में रहने वाले प्रत्येक निवासी के साथ न्याय होगा। प्रत्येक नागरिक को अपनी उपासना पद्धति अपनाने की पूर्ण स्वतन्त्रता होगी, परन्तु राष्ट्र के प्रत्येक निवासी को यहाँ की संस्कृति, सभ्यता, परम्परा, इतिहास, साहित्य और राष्ट्रीय महापुरुषों को सम्मान की दृष्टि से देखना होगा। वस्तुत: हिन्दुत्व ही वह शक्ति है जो विस्तृत भारतीय भूभाग वाले विभिन्न भाषा-भाषी करोड़ों जनता को एक सूत्र में बाँध सकती है। इस वैचारिक अधिष्ठान पर निर्मित विराट् व्यक्तित्व के धनी गुरु की भौतिक-आध्यात्मिक विरासत को महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने न केवल सँभाला, अपितु गोरक्षपीठ को कई नये आयामों से भी जोड़ा। गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के बहुआयामी विराट् व्यक्तित्व को शब्दों की सीमा में बाँध पाना असम्भव है तथापि विविध स्रोतों से ज्ञात किंचित तथ्यों के आधार पर उनके व्यक्तित्व को रेखांकित करने का प्रयास किया गया है।

गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज का बचपन का नाम कृपाल सिंह विष्ट था। आपके पिता श्री रायसिंह विष्ट हिमालय की गोद में बसे देवभूमि के पौड़ी गढ़वाल के काण्डी ग्राम के निवासी थे। 18 मई, 1919 को काण्डी ग्राम में जन्मे बालक को कौन जानता था कि एक दिन वह बालक देश-विदेश के हिन्दू धर्माचार्यों का नेतृत्व करेगा और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति पूर्णत: समर्पित होकर राष्ट्रीय एकता-अखण्डता के उस यज्ञ का आचार्य बनेगा जिसकी प्रज्वलित अग्निशिखाओं से हिन्दू समाज में व्याप्त कुरीतियों, विशेषकर छुआछूत को भस्म करने की प्रेरणा एवं सन्देश प्राप्त होगा। किन्तु ईश्वर ने उन्हें भारत भूमि पर इसी महान कार्य हेतु भेजा था सो उसी अनुरूप परिस्थितियाँ करवट लेने लगीं।

महन्त जी से जब उनके बचपन की स्मृतियों पर चर्चा की गयी तो अपने चिर-परिचित दिव्य मुस्कान के साथ वे बोल पड़े कि संन्यासी का बचपन नहीं होता। दीक्षा के साथ ही पिछले जीवन से उसका नाता टूट जाता है और वह नया जीवन प्राप्त करता है। किन्तु अनेक बार के आग्रह पर एक क्षण मौन के पश्चात् महन्त जी अपने बचपन की स्मृतियों में लौटते हुए बताते हैं, "मुझे अपनी माँ का नाम याद नहीं है क्योंकि जब मैं बहुत छोटा था मेरे माता-पिता की अकाल मृत्यु हो गयी। मैं दादी की गोद में पल रहा था। उच्चतर माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा पूर्ण होते ही दादी का भी स्वर्गवास हो गया। परिणामत: मेरा मन इस संसार के प्रति उदासीन होता गया तथा वैराग्य का भाव मन में घर करता गया।"

महन्त जी कहते हैं कि इसी वैराग्य एवं विरक्ति की भावनानुभूति में गृहत्याग के साथ ऋषिकेश में संन्यासियों का साथ मिला। सत्संग से भारतीय धर्म-दर्शन में अध्ययन की रुचि विकसित हुई। उस

समय वाराणसी भारतीय धर्म दर्शन के अध्ययन का प्रमुख केन्द्र था। मैंने काशी में संस्कृत भाषा के अध्ययन के साथ भारतीय धर्म-दर्शन एवं योग-दर्शन का अध्ययन एवं अनुशीलन किया।

महन्त जी से जब यह जानना चाहा कि गृह त्याग के बाद वे कितनी बार अपने पैतृक गाँव गये, महन्त जी का जवाब विस्मयकारी था। उनके इस प्रश्न के उत्तर में ही बाल्यावस्था से ही महन्त जी की निवृत्तिमार्गी प्रवृत्ति का पता चल जाता है। संन्यासी होने के बाद वे एक बार अपने पितृगृह गये। वह भी अपने नैतिक एवं धार्मिक कर्तव्यों की पूर्ति हेतु। महन्त जी बताते हैं-''मेरे पिताजी तीन भाई थे। मैं अपने पिताजी का इकलौता पुत्र था। गृहत्याग एवं संन्यास के दौरान एक बार मेरे एक चाचा ऋषिकेश आये थे। दूसरे चाचा के मन में यह भ्रम उत्पन्न हो गया कि मैं अपनी पूरी सम्पत्ति एक ही चाचा को न लिख दूँ। मुझे अपने हिस्से की पूरी पैतृक सम्पत्ति दोनों चाचा को बराबर देनी थी, अत: मैं इसी कार्य हेतु गया। न्यायालय में मजिस्ट्रेट के सामने उपस्थित होकर मैंने अपनी पैतृक सम्पति दोनों चाचा के नाम बराबर-बराबर कर देने की अपनी संस्तुति दी तो मजिस्ट्रेट ने कहा कि आप अभी किशोर हैं, संन्यामी जीवन बड़ा कष्टमय होता है, कल पुन: गृहस्थ जीवन में लौटने की आपकी इच्छा हो सकती है, अत: अपनी सम्पत्ति देने से पूर्व एक बार और सोच लीजिए।" महन्त जी ने उस समय मजिस्ट्रेट को जो उत्तर दिया वह इस बात का स्पष्ट साक्ष्य है कि वे पूर्णत: संन्यासी स्वभाव प्राप्त कर चुके थे। उन्होंने कहा- "मैं अतिशीघ्र इस सम्पत्ति से छुटकारा पाना चाहता हूँ ताकि संन्यास जीवन से विमुख होने की सम्भावना ही शेष न रहे।" महन्त जी के दृढ़ निश्चय एवं तेजस्वी मुखमण्डल की चमत्कृत आभा से निरुत्तर मजिस्ट्रेट ने इनकी सम्पत्ति दोनों चाचा के नाम स्थानान्तरित कर दी। इस प्रकार संन्यासी जीवन से पूर्व के अपने जीवन से पूर्णत: नाता तोड़कर धार्मिक-आध्यात्मिक दुनिया की ओर बढ़े उनके कदम फिर वापस नहीं मुड़े।

किशोरावस्था में ही महन्त जी ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा की। यह यात्रा उनके संन्यासी जीवन का एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव सिद्ध हुई। महन्त जी बताते हैं- "उत्तराखण्ड के बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री आदि तीर्थस्थलों की यात्रा और अनेक सन्त-महात्माओं से मिलकर अपनी धार्मिक-आध्यात्मिक एवं योग विषयक जिज्ञासाओं की पूर्ति हेतु बात-चीत तथा सत्संग हम संन्यासियों की जीवनचर्या थी। बदरीनाथ यात्रा के दौरान ही कैलाश-मानसरोवर जाने की इच्छा जागृत हुई। उस समय कैलाश-मानसरोवर का मार्ग और भी दुर्गम था। पैदल यात्रा में लगभग बीस दिन लगते थे। तीन अन्य संन्यासियों के साथ स्थान-नीति को पार कर हम मानसरोवर की यात्रा पर चल पड़े। हम लोगों को यह सूचना थी कि मीठा सत्तू कैलाश मानसरोवर के आसपास के निवासी पसन्द करते हैं और छीन लेते हैं; अत: हम लोग नमकीन सत्तू अपने पास रखे हुए थे। कैलाश-मानसरोवर की यात्रा से एक अलग तरह की आध्यात्मिक अनुभूति हुई और मन में ईश्वर के साथ-साथ भारत माता की इस विस्तारित भूमि के साथ रागात्मक एकता की अद्भुत अनुभूति हुई। कैलाश मानसरोवर की

यात्रा से वापस आते समय अल्मोड़ा से कुछ आगे बढ़े ही थे कि मुझे 'हैजा' हो गया। अत्यधिक उल्टी-दस्त के कारण मैं अचेत हो गया, मेरे साथ के संन्यासियों ने मान लिया कि अब मेरा जीवित बचना कठिन है, अत: वे मुझे उसी दशा में छोड़कर आगे चल दिये। दैवी कृपा से शाम को मुझे होश आया और शरीर में चेतना का संचार हुआ तो अपने आपको अकेला पाकर इस नश्वर संसार का मर्म समझा। मेरा मन विरक्ति और वेदना से भर गया। मैं अकेले धीरे-धीरे चलते हुए हरिद्वार पहुँचा। अब मुझे लगता है कि इस घटना के पीछे ईश्वर की इच्छा छिपी थी। शायद ईश्वर मुझे 'सच' का साक्षात्कार कराना चाहते थे। कैलाश-मानसरोवर की इस यात्रा से मेरा मन बहुत विचलित हो चुका था। मैं संसार की नश्वरता के साथ आत्मा की अमरता के ज्ञान की खोज में बेचैन था कि मेरी भेंट योगी निवृत्तिनाथ जी से हो गयी। योगी निवृत्तिनाथ जी के योग, आध्यात्मिक दर्शन तथा नाथपंथ के विचारों से मैं प्रभावित होता चला गया। योगी निवृत्तिनाथ जी का सान्निध्य मुझे अच्छा लगने लगा, उनके साथ रहकर योग-साधना में मुझे शान्ति मिलने लगी। नाथपंथ के सामाजिक समन्वयवादी दृष्टिकोण एवं हठयोग-साधना की ओर मैं खिचता चला गया। यद्यपि कि उस समय तक मैं नाथपंथ में दीक्षित नहीं हुआ था, मात्र ब्रह्मचारी संत था। निवृत्तिनाथ जी के साथ अभी योग-साधना में कुछ माह बीते ही थे कि प्रकृति ने वर्षा ऋतु का स्वागत किया। चूँकि ऋषिकेश में बरसात के मौसम में मच्छर बहुत लगते थे और अक्सर लोगों को मलेरिया हो जाया करता था; अत: संत-महात्मा वर्षा ऋतु में ऋषिकेश से अन्यत्र चले जाते थे। योगी निवृत्तिनाथ जी के साथ मैं भी बंगाल के मेमन सिंह जाने हेतु वर्षावास के लिए चल पड़ा। योगी निवृत्तिनाथ जी द्वारा मैं तत्कालीन गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के सामाजिक परिवर्तन, हिन्दुत्व पुनर्जागरण एवं राष्ट्रीयता के प्रति समर्पण एवं जनान्दोलनों के नेतृत्व की चर्चा सुना करता था। इस प्रकार महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के प्रति मेरे मन में श्रद्धा का बीज पहले से ही अंकुरित हो चुका था। मेमन सिंह जाते समय निवृत्तिनाथ जी गोरक्षनाथ मंदिर में एक रात विश्राम हेतु रुके। उन्होंने निवृत्तिनाथ जी का गोरक्षनाथ मंदिर में बड़े ही भावपूर्ण ढंग से आवभगत की। यह घटना 1940 की है। गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज से मेरी यह पहली भेंट थी। दूसरे दिन जब हम बंगाल जाने हेतु तैयार हुए तो महन्त जी ने मुझसे अपना शिष्य एवं उत्तराधिकारी बनने की इच्छा व्यक्त की। किन्तु अभी मैं न तो नाथपंथ को ठीक से समझ पाया था और न ही किसी मठ का महन्त बनने के बारे में कुछ सोचा था। संन्यासी जीवन जीते हुए धर्म-दर्शन और योग-साधना के बारे में अभी मैं बहुत कुछ जानने की इच्छा का शमन नहीं कर सकता था, सो बड़ी विनम्रतापूर्वक अपनी अनिच्छा बताकर मैं निवृत्तिनाथ जी के साथ बंगाल के मेमन सिंह के लिए निकल पड़ा। मेमन सिंह में मेरी भेंट उद्‌भट विद्वान् एवं दार्शनिक अक्षय कुमार बनर्जी से हुई। उनके साथ भारतीय-दर्शन और नाथपंथ के बारे में विस्तार से बातचीत होती रही और मैं वहाँ इनके दर्शन साहित्य का अध्ययन करता रहा। गोरक्षनाथ जी के बारे में एवं गोरक्षदर्शन का अध्ययन करने का भी अवसर मुझे सर्वप्रथम यहीं प्राप्त हुआ।

वर्षाऋतु के पश्चात् हम वापस ऋषिकेश आ गये। ऋषिकेश में रहकर मैं योगी शान्तिनाथ द्वारा लिखित प्राच्यदर्शन समीक्षा का अध्ययन करने लगा और शान्तिनाथ जी के बारे में मेरी उत्सुकता बढ़ती गयी। योगी निवृत्तिनाथ जी ने बताया कि शान्तिनाथ जी भी योगी गम्भीरनाथ जी के ही शिष्य हैं और वे कराची से करीब 10 मील दूर एक सेठ के बागीचे में आश्रम बनाकर रहते हैं। योगी निवृत्तिनाथ जी से ही ज्ञात हुआ कि योगी शान्तिनाथ जी दर्शन के प्रकाण्ड विद्वान और नाथपंथ के ज्ञाता होने के साथ-साथ स्वतंत्रता सेनानी भी हैं। अंग्रेजों द्वारा उन्हें ढाका षड्यन्त्र में बन्दी बनाया गया था। शान्तिनाथ जी से मिलने की मेरी उत्सुकता को देखते हुए योगी निवृत्तिनाथ जी ने योगी शान्तिनाथ जी के यहाँ जाने हेतु योजना बनायी और मुझे लेकर कराची के लिए निकल पड़े।

हम योगी शान्तिनाथ के यहाँ पहुँचे और उनके आश्रम में रहने लगे। उनके साथ भारतीय दर्शन के विविध विषयों पर गंभीर चर्चा में मेरा मन रमता गया। उसी दौरान गम्भीरनाथ जी महाराज एवं दिग्विजयनाथ जी महाराज के बारे में वे कुछ न कुछ बताया करते थे। नाथपंथ के सामाजिक क्रान्ति के विविध पक्षों ने मुझे बहुत हद तक प्रभावित किया। योग के प्रति मैं शुरू से आकर्षित था। गुरु श्री गोरक्षनाथ द्वारा प्रतिपादित 'योग दर्शन' और 'गोरखवाणी' के अध्ययन का अवसर भी मुझे शान्तिनाथ के सान्निध्य में मिला। दो योग्य संन्यासियों के सत्संग में मैं रम चुका ही था। तभी दैवी कृपा से एक घटना ने सब कुछ बदल दिया। हम जिस सेठ के बागीचे में आश्रम बनाकर रहते थे, हमारे भोजन आदि की व्यवस्था उसी सेठ के द्वारा की जाती थी। हमारे भण्डारे में तीन दिन से घी समाप्त हो गया था। सूचना पाने के बाद भी सेठ ने भण्डारे में घी नहीं भिजवाया तो हमें यह महसूस हुआ कि हम सेठ पर बोझ बन रहे हैं और सेठ हमारी भोजनादि की व्यवस्था प्रसन्न मन से नहीं कर रहा है। शान्तिनाथ जी इस घटना से बहुत दुःखी हुए और उस स्थान को छोड़ने का निर्णय ले लिया। इसी घटना से दुःखी शान्तिनाथ जी ने कहा कि गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी ने अपने योग्य उत्तराधिकारी के लिए मुझसे कहा था। मैं पत्र लिख देता हूँ तुम वहीं चले जाओ। उसी समय निवृत्तिनाथ जी ने 1940 में गोरखपुर प्रवास के दौरान महन्त दिग्विजयनाथ जी द्वारा मुझे उत्तराधिकारी बनाने के प्रस्ताव के विषय में भी शान्तिनाथ जी से बताया। योगी शान्तिनाथ जी ने जोर देकर मुझे गोरखपुर जाने का निर्देश दिया। तब मैंने उनसे विनयवत् आग्रह किया कि महन्त दिग्विजयनाथ जी द्वारा दो वर्ष पूर्व यह प्रस्ताव किया गया था, अब तक वे हमारी प्रतीक्षा में बैठे नहीं होंगे। किसी न किसी को वे अपना उत्तराधिकारी बना चुके होंगे। मेरी बात पर योगी शान्तिनाथ जी गम्भीर हुए और उन्होंने महन्त दिग्विजयनाथ जी के पास मुझे उत्तराधिकारी बनाने का पत्र डाक द्वारा भेज दिया। पत्र पाने के बाद, जैसे कि महन्त दिग्विजयनाथ जी मेरी प्रतीक्षा में ही बैठे हों, उन्होंने मुझे गोरखपुर आने की स्वीकृति के साथ-साथ यात्रा व्यय भी भेज दिया। मुझे ऐसा महसूस हुआ कि भविष्य में घटने वाले घटनाक्रमों पर उस अन्तर्यामी योगी शान्तिनाथ की दृष्टि पड़ चुकी थी। मैं इसे दैवी आदेश मानकर निवृत्तिनाथ जी के साथ गोरखपुर आया। गोरक्षनाथ मंदिर में जब मैं महन्त

दिग्विजयनाथ जी के सम्मुख प्रस्तुत हुआ तो उनके मुख-मण्डल पर दिव्य आभामयी मुस्कान ने मुझे सदा-सदा के लिए उनका अपना बना दिया। मैंने मन ही मन उनको अपने गुरु के रूप में वरण किया और उनके साथ रहने लगा। उनकी मनसा-वाचा-कर्मणा में अद्‌भुत एकरूपता तथा हिन्दुत्व और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति पूर्ण समर्पण से युक्त विराट् व्यक्तित्व के धनी महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के समक्ष मैं समर्पित होता चला गया।''

नाथपंथ में दीक्षा

महन्त अवेद्यनाथ जी की कृपाल सिंह विष्ट से संन्यासी बनकर 'अवेद्य' बनने की वास्तविक यात्रा नाथपंथ में दीक्षा के साथ प्रारम्भ हुई। 8 फरवरी सन् 1942 ई. को गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी द्वारा इन्हें विधिवत दीक्षा देकर अपना शिष्य एवं उत्तराधिकारी घोषित कर दिया गया। वस्तुत: यह वर्ष भारत के स्वतंत्रता संग्राम का महत्त्वपूर्ण वर्ष था। महन्त दिविग्जयनाथ जी हिन्दू महासभा के माध्यम से आजादी की लड़ाई के एक संन्यासी योद्धा थे। महात्मा गाँधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आन्दोलन की घोषणा से देशभर के आजादी के योद्धा हरकत में आ चुके थे। महन्त दिग्विजयनाथ जी भी नेपाल सहित इस सम्पूर्ण क्षेत्र में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जन-जागरण अभियान में व्यस्त रहते थे तथा जर्मनी एवं जापान की मदद से सक्रिय आजाद हिन्द फौज की सहायता कर रहे थे। परिणामत: अवेद्यनाथ जी को गोरक्षनाथ मन्दिर की व्यवस्था की पूर्ण जिम्मेवारी उठानी पड़ी। महन्त दिग्विजयनाथ जी के निर्देशन में वे गोरक्षनाथ मन्दिर से जुड़े विभिन्न धर्मस्थानों एवं संस्थानों की देख-रेख में निष्णात होते गये। महन्त दिग्विजयनाथ जी को स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रहने का पूरा अवसर प्राप्त हुआ। परिणामत: 1944 में गोरखपुर में हिन्दू महासभा का ऐतिहासिक अधिवेशन सम्पन्न हुआ जिसमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी सम्मिलित हुए।

इसी कालखण्ड में भारत विभाजन की माँग जोर पकड़ती जा रही थी। मुस्लिम लीग के नेतृत्व में देशभर में साम्प्रदायिक दंगों की आग सुलग रही थी। जगह-जगह हिन्दुओं पर संगठित साम्प्रदायिक आक्रमण आरम्भ हो चुके थे। ऐसे में महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के नेतृत्व में हिन्दू महासभा उत्तर भारत में भारत विभाजन के तीव्र विरोध के साथ-साथ हिन्दू समाज को संगठित करने के भगीरथ प्रयास में लगी हुई थी। अवेद्यनाथ जी महाराज द्वारा गोरक्षनाथ मन्दिर की व्यवस्था संभाल लेने से महन्त दिग्विजयनाथ जी को सामाजिक-राष्ट्रीय आन्दोलन हेतु पर्याप्त अवसर उपलब्ध हुए।

खण्डित भारत की स्वतंत्रता, इस्लामी आतंक, साम्प्रदायिक दंगे और भीषणतम नरसंहारों के साये में प्राप्त हुई। अभी इसकी आग बुझी नहीं कि 1948 में महात्मा गाँधी की हत्या हो गयी। महन्त दिग्विजयनाथ जी की सामाजिक-राजनीतिक सक्रियता से घबड़ाई सरकार को बहाना मिल गया और षड्‌यन्त्रपूर्वक महन्त जी को महात्मा गाँधी की हत्या के तथाकथित षड्‌यन्त्र में गिरफ्तार कर उन्नीस महीने जेल में बन्द कर दिया गया तथा गोरक्षनाथ मंदिर की समस्त चल-अचल सम्पत्ति जब्त कर

ली गयी। उस दौरान अवेद्यनाथ जी महाराज ने नेपाल में रहकर गोपनीय ढंग से गोरक्षनाथ मन्दिर की व्यवस्था एवं महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज को निर्दोष सिद्ध करने हेतु सफल प्रयास किया। गाँधी हत्या के समय की एक घटना का जिक्र करते हुए महन्त अवेद्यनाथ कहते हैं, "नेपाल में रहकर मैं गोरक्षनाथ मन्दिर एवं महन्त जी के मुकदमे की पैरवी कर रहा था कि लखनऊ से प्रकाशित समाचार पत्र 'नवजीवन' ने यह दुष्प्रचारित कर दिया कि महात्मा गाँधी की हत्या महन्त जी की रिवाल्वर से की गयी। यह तथ्य भी मुकदमे में जुड़ गया। तब मैंने गोरखपुर के जिलाधिकारी से सम्पर्क कर यह स्पष्ट किया कि महन्त जी के रिवाल्वर की जाँच कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने आकर स्वयं जाँच की।" और फिर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज हँसते हुए बताते हैं कि जेल से छूटने के बाद महन्त जी ने 'नवजीवन' अखबार के मालिकानों को क्षमा कर दिया।

स्वातन्त्र्योत्तर भारत में हिन्दू समाज की एकता का प्रश्न अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हो चुका था। जन्मना जाति व्यवस्था के श्रेष्ठतावाद एवं अस्पृश्यता जैसी विकृतियों से हिन्दू समाज के खण्डित तथा कमजोर होने की संभावनाएँ प्रबल होती जा रही थीं। भारतीय शासन विकृत धर्म निरपेक्षता तथा वोट बैंक की राजनीति के अन्तर्गत अंग्रेजों की 'बाँटो और राजकरो' की नीति का ही अनुगामी बना हुआ था। महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने सामाजिक-शैक्षिक पुनर्जागरण के साथ-साथ राजनीतिक मंच पर हिन्दू समाज की सिंह गर्जना का अभियान आरम्भ किया और उनके उत्तराधिकारी महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज उनके सक्रिय सहयोगी एवं अनुगामी बने।

राजनीति में महन्त अवेद्यनाथ

धर्म की रक्षा के लिए राजनीति महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज को अपने गुरुदेव से विरासत में प्राप्त हुई। महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के साथ-साथ ही शिष्य रूप में ही महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज राजनीतिक मंच पर भी सक्रिय हो चुके थे। 1962 में उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में मानीराम विधानसभा से विजयी होकर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज पहली बार विधानसभा के सदस्य बने और लगातार 1977 ई. तक के विधानसभा चुनाव तक मानीराम विधानसभा से चुनाव में विजयी होते रहे। 1980 ई. में मीनाक्षीपुरम् में हुए 'धर्म परिवर्तन' की घटना से विचलित महन्त जी राजनीति मे संन्यास लेकर हिन्दू समाज की सामाजिक विषमता के विरुद्ध जन-जागरण के अभियान पर चल पड़े।

लोकसभा चुनाव में पहली बार महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के ब्रह्मलीन होने पर 1969 ई. के उपचुनाव में महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज को गोरखपुर की जनता ने ससम्मान संसद में भेज दिया। पुनः 1989 ई. में श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन जब अपने उत्कर्ष पर था, तथाकथित सेकुलर राजनीतिक दल यह चुनौती देने लगे कि इस आन्दोलन को जनता का समर्थन प्राप्त नहीं है। इन परिस्थितियों में अयोध्या में हुए धर्म संसद में महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज से लोकसभा चुनाव

जीतकर सेकुलर दलों को जवाब देने का प्रस्ताव पास हुआ और महन्त जी हिन्दू महासभा से 1989 ई. के लोकसभा चुनाव में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मन्दिर निर्माण के मुद्दे पर सम्पूर्ण हिन्दू सन्त-महात्माओं के समर्थन से चुनावी जंग में कूदे और विजयी हुए। इस चुनाव में भारतीय जनतापार्टी और श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व वाले जनता दल के गठबन्धन का प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में था। तत्पश्चात् लोकसभा के 1991 के मध्यावधि चुनाव तथा 1996 के लोकसभा चुनाव में महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज विजयी होते रहे।

लोकसभा में सम्मानित सदस्य होते हुए महन्त जी 1971, 1990 एवं 1991 में भारत सरकार के गृहमंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य रहे। राजनीति में भी महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की अपराजेयता सभी ने स्वीकारी। 1996 के चुनाव के समय दैनिक समाचार पत्र 'राष्ट्रीय सहारा' ने अपनी टिप्पणी में लिखा- मौजूदा सांसद अवेद्यनाथ सुप्रसिद्ध गोरखनाथ मन्दिर के पीठाधीश्वर हैं। वह जितने बड़े सन्त हैं उतने ही बड़े राजनेता भी हैं। इस मण्डल में वह इकलौते शख्स हैं जिन्होंने पाँच बार विधानसभा और तीन बार लोकसभा का चुनाव जीता है। वह 1962 में पहली बार विधायक बने। हिन्दू महासभा से 1967, 1969, 1974 और 1977 में विधायक चुने गये। स्पष्ट है कि किसी का राज, किसी का प्रभाव, किसी की लहर उनकी जीत को न रोक सकी। यहाँ तक कि जनता लहर में भी वह अपराजेय रहे। 1998 ई. के लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपने शिष्य एवं उत्तराधिकारी योगी आदित्यनाथ जी महाराज को चुनाव लड़ने का निर्देश दिया। 1998 से अद्यतन गोरखपुर की संसदीय सीट पर गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की कृपा एवं आशीर्वाद से पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज अपराजेय धर्मयोद्धा की प्रतिष्ठा प्राप्त कर चुके हैं। महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने सदैव राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं भारतीय संस्कृति की पुनर्प्रतिष्ठा तथा हिन्दू समाज की रक्षा में अपनी राजनीतिक भूमिका निर्धारित की।

सामाजिक समरसता के अग्रदूत

गोरक्षपीठ हिन्दू समाज की विकृतियों के खिलाफ जन-जागरूकता एवं हिन्दू समाज को सामाजिक-राजनीतिक-आध्यात्मिक नेतृत्व देने के लिए ही सदा से प्रतिष्ठित रहा है। नाथपंथ का अभ्युदय ही हिन्दू तंत्र-साधना में पंचमकार के शमन के साथ दिखाई देता है। तथापि बीसवीं शताब्दी के तीसरे दशक से गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के नेतृत्व में गोरक्षपीठ ने सामाजिक परिवर्तन की जो मशाल प्रज्वलित की वह महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज द्वारा देश भर में चलाये गये छुआछूत विरोधी अभियानों से पूर्णत: देदीप्यमान हो गयी। हम लोग पूज्य महन्त जी को 1987 ई. से लगातार सुनते आ रहे हैं। कोई मंच हो, कोई विषय हो; किन्तु महाराज जी के उद्बोधन में हिन्दू समाज की एकता और छुआछूत समाप्त करने की अपील किसी न किसी रूप में आ ही जाती है। यद्यपि कि महन्त जी द्वारा छुआछूत विरोधी एवं हिन्दू समाज में सामाजिक समरसता का

प्रयास तो गोरक्षपीठ से प्राप्त वैचारिक उत्तराधिकार के रूप में प्रारम्भ से ही चलता रहा, किन्तु 1980 ई. में मीनाक्षीपुरम् और उसके आस-पास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कराये गये धर्म परिवर्तन ने महाराज जी को अन्दर से हिला दिया। वे व्यथित हुए और मात्र दुःखी होकर पीड़ा सहकर चुप बैठने के बजाय राजनीति से संन्यास लेकर हिन्दू समाज की एकता और सामाजिक समरसता के यज्ञाभियान पर निकल पड़े।

महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज को जिस राष्ट्र विरोधी एवं गैर संवैधानिक सामूहिक धर्मान्तरण ने विचलित कर दिया वह 19 फरवरी, 1980 को घटित मीनाक्षीपुरम् की घटना है। मीनाक्षीपुरम् का नाम बदलकर 'रहमत नगर' कर दिया गया। बड़े धूम-धाम से आयोजित इस धर्मान्तरण समारोह में आसपास के तेनाक्षी, कडयनल्लुर, वदकरी व वनगग्म् आदि गाँवों के मुसलमान अपने-अपने परिवारों के साथ सम्मिलित हुए। कडयनल्लुर के विधायक श्री सहुल हमीद ने भी सक्रिय भागीदारी निभायी। इस समारोह में एक सौ अस्सी हिन्दू परिवारों (हरिजन) को धर्मान्तरित कर उस दिन एक बजे, साढ़े चार बजे, साढ़े छः बजे जुहर, अझर एवं मकुआरिब हुआ और साथ ही सारा समुदाय कलमा पढ़ता रहा।

मीनाक्षीपुरम् के धर्मान्तिण समारोह से प्रारम्भ यह धर्मान्तरण अभियान आसपास के क्षेत्रों में लगभग एक वर्ष तक चलता रहा, किन्तु मीनाक्षीपुरम् धर्मान्तरण का पूरे देश में विरोध शुरू हो गया। पूज्य महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने धर्मान्तरण के विरोध में अत्यन्त कठोर शब्दों में अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए दुहराया कि यह धर्मान्तरण नहीं राष्ट्रान्तरण के अभियान की शुरुआत है। किन्तु महन्त जी मात्र अपनी आपत्ति दर्ज कराकर चुप नहीं हुए। वे कहते हैं कि -"मुझे यह लगा कि उस मूल कारण पर चोट होनी चाहिए कि जिससे हमारे ही बन्धु-बान्धव हजारों वर्षों की अपनी परम्परा, धर्म और उपासना पद्धति बदलने के लिए तैयार हो जा रहे हैं और मैंने महसूस किया कि जब तक हिन्दू समाज में अस्पृश्यता का कोढ़ बना रहेगा, अपने ही समाज में उपेक्षित और तिरस्कृत बन्धुओं को कोई भी गुमराह कर धर्मान्तरण हेतु प्रोत्साहित और प्रेरित कर सकता है। अतः मैं गाँव-गाँव जाकर छुआछूत के विरुद्ध अभियान छेड़ने का निश्चय लेकर निकल पड़ा। इसी समय मेरे मन में यह बात आयी कि मेरे इस सामाजिक समरसता अभियान पर लोग यह न सोचें कि यह साधु वोट के लिए ऐसा कर रहा है, मैंने राजनीति को तिलांजलि दे दी और चुनाव न लड़ने का निर्णय घोषित कर दिया।"

1980 से गाँवों में लगातार महन्त जी के जनसम्पर्क एवं तथाकथित अछूतों के साथ बैठकर सहभोज ने क्रान्ति पैदा कर दी और सामाजिक परिवर्तन की आँधी में जिस तेजी से समाज बदला वह सभी ने देखा। इस दृष्टि से काशी में डोमराजा के घर पर महन्त जी की अगुवाई में धर्माचार्यों द्वारा किये गये भोजन का देश भर में स्वागत हुआ। दैनिक समाचार पत्र 'आज' ने लिखा-सदियों से बिखरी पड़ी हिन्दू एकता की सभी कड़ियों को परस्पर मजबूती से जोड़कर सशक्त हिन्दू समाज का

पुनर्निर्माण करने के उद्देश्य से छुआछूत मिटाने के प्रयासों को ठोस आधार प्रदान करते हुए गोरक्षपीठाधीश्वर तथा सांसद महन्त अवेद्यनाथ ने अनेक प्रमुख सन्त महात्माओं के साथ गुरुवार (18 मार्च, 1994) को प्रातःकाल काशी के डोमराजा सुजीत चौधरी के घर उनकी माँ के हाथों भोजन कर अस्पृश्यता की धारणा पर जोरदार चोट की। मान मन्दिर स्थित डोमराजा के आवास पर उनके वंशज श्री संजीत चौधरी की देखरेख में सूर्योदय के पूर्व से संतों के स्वागत तथा उन्हें भोजन कराने की तैयारियाँ शुरू हो गयी थीं। आसपास के लोगों ने जब यह सुना कि कुछ ही देर बाद अनेक संत-महात्मा डोमराजा के यहाँ भोजन करने आ रहे हैं तो किसी को विश्वास नहीं हो रहा था। लेकिन नौ बजे के लगभग जब दशाश्वमेध घाट से डोमराजा के आवास की ओर जाने वाली गली में गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के नेतृत्व में धर्माचार्यों के काफिले ने प्रवेश किया तो सभी नागरिक अभिभूत हो उठे। सदियों तक चाण्डाल कहकर पुकारे गये, समाज की मुख्य धारा से अलग अस्पृश्य माने गये इस परिवार के यहाँ देश के वरिष्ठ सन्तों के भोजन का यह दृश्य देखने जनता उमड़ पड़ी। अस्पृश्यता की जड़ अवधारणा पर निर्णायक प्रहार का ऐसा मार्मिक दृश्य देखकर लोगों के नेत्र आनन्दातिरेक से छलछला उठे। संजीत चौधरी की माँ श्रीमती सारंग देवी भोजन कराते-कराते इस कदर भाव-विह्वल हो गयी थीं कि उनकी आँखों से झर-झर अश्रुपात होने लगा। एक पत्रकार ने उनसे पूछा कि आप क्यों रो रही हैं? उनका उत्तर था- "आज संजीत क बाऊ होतन तऽ केतना खुश होतन।" भोजन के बाद परम्परानुसार संजीत चौधरी की माँ ने संतों को दक्षिणा देने का प्रयास किया तो महन्त अवेद्यनाथ ने उन्हें रोका और फिर सन्तों से उन्होंने कहा कि कोई दक्षिणा नहीं लेगा अन्यथा कल ही अखबार वाले छाप देंगे ये सन्त-महात्मा दक्षिणा के लिए ही भोजन करने आये थे। भोजनोपरान्त महन्त अवेद्यनाथ ने डोमराजा के घर में बने रामजानकी मन्दिर के समक्ष सिर नवाया। अन्य सन्तों ने भी उनका अनुकरण किया। बाद में जब एक पत्रकार ने महन्त अवेद्यनाथ से पूछा कि डोमराजा के घर भोजन कर आपको कैसा लगा? उनका उत्तर था- "गंगा के तट पर डोमराजा के घर भोजन कर मैं धन्य हुआ हूँ। क्योंकि सदियों से भारतीय समाज में कोढ़ की तरह जड़ हो चुके छुआछूत को मेरे साथ देश के धर्माचार्यों ने एक बार फिर शास्त्र विरुद्ध घोषित कर हिन्दू समाज की एकता का मार्ग प्रशस्त किया है।" महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज द्वारा चलाये गये सामाजिक समरसता के अभियान का यह चरमोत्कर्ष था।

महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने इससे पूर्व श्रीराम जन्मभूमि पर बनने वाले भव्यतम मन्दिर का शिलान्यास हिन्दू समाज में घोषित किसी अछूत से कराने का प्रस्ताव कर दुनिया को यह संदेश दे दिया कि हिन्दू धर्माचार्य और हिन्दू समाज अपनी सामाजिक विकृतियों को समाप्त करने हेतु संकल्पबद्ध हो रहा है। परिणामत: दुनिया ने देखा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि पर बनने वाले पवित्र एवं विशाल मन्दिर की पहली ईंट एक दलित ने रखी। महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के प्रयास से श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर का शिलान्यास लाखों श्रीराम भक्त हिन्दू जनता तथा परम्परा और

रूढ़ियों को ताड़ने हेतु कृत संकल्पित भारत के विभिन्न हिस्सों से आये विविध पंथों के संत-महात्माओं की उपस्थिति में एक तथाकथित अस्पृश्य द्वारा किया जाना भारत के सामाजिक-धार्मिक इतिहास में सामाजिक परिवर्तन की क्रान्ति का सूत्रपात था। श्रीराम जन्मभूमि पर मन्दिर निर्माण का प्रश्न हिन्दू समाज और भारतीयता की प्रतिष्ठा का प्रश्न था ही, इस मुद्दे ने भारत की राजनीतिक सत्ता के उथल-पुथल का जो दृश्य प्रस्तुत किया उस पर सारी दुनिया की निगाहें टिकी थीं। ऐसे महत्त्वपूर्ण आयोजन पर हिन्दू समाज में व्याप्त अस्पृश्यता जैसे कोढ़ के खिलाफ यह प्रतीकात्मक पहल दुनिया को संदेश देने के साथ-साथ हिन्दू समाज को यह संदेश देने का माध्यम बना कि छुआछूत न तो शास्त्र-सम्मत है, न ही धर्म सम्मत। यह एक विकृति है, रूढ़ि है जिसे धर्माचार्यों, सन्त-महात्माओं एवं हिन्दू समाज ने पूर्णतः खारिज कर दिया है।

महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज द्वारा सामाजिक समरसता हेतु किये गये भगीरथ प्रयासों का संकलन और उनका उल्लेख तो सम्भव नहीं है किन्तु पटना के महावीर मन्दिर में दलित (हरिजन) पुजारी की प्रतिष्ठा के प्रयास का इतिहास में हमेशा उल्लेख किया जाता रहेगा। बिहार जब जातिवादी-साम्प्रदायिक राजनीति के सर्वोच्च शिखर पर था; श्री लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में सत्ता पर काबिज रहने के लिए जातिवाद के विषवेलि को पूर्णतः खाद-पानी प्राप्त हो रहा था; बिहार एक प्रकार से जल रहा था, महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने इस जातिवादी राजनीति के सीने पर चढ़कर बिहार की राजधानी पटना में स्थित महावीर मन्दिर में सूर्यवंशी लाल उर्फ फलाहारी बाबा (हरिजन) को पुजारी नियुक्त कर एक बार फिर भारत की सामाजिक विखण्डनकारी राजनीति को आईना दिखा दिया। समारोह के साथ पुजारी नियुक्त किया गया। इस समारोह में महन्त जी के साथ स्वामी चिन्मयानन्द जी महाराज भी उपस्थित हुए। महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के इस युग-परिवर्तनकारी प्रयास को दुनिया भर में सराहा गया।

महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज सामाजिक समरसता के प्रश्न पर सदैव स्पष्टवादी रहे। उन्होंने इस प्रश्न पर धर्माचार्यों, संत-महात्माओं, राजनीतिज्ञों, किसी को भी क्षमा नहीं किया, यदि वे हिन्दू समाज की एकता के विरुद्ध अथवा अस्पृश्यता के पक्ष में खड़े हुए।

गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज एकबार अपने प्रिय एवं पुरी के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द जी सरस्वती के खिलाफ भी तब तनकर खड़े हो गये जब उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में एक विदुषी महिला को वेदपाठ करने पर रोक दिया। महन्त जी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह कृत्य कहीं से भी न तो न्यायसंगत है और न ही धर्मानुसार उचित है। यह कृत्य महिला समाज का अपमान करता ही है इससे हिन्दुत्व भी लांछित होता है। कोई भी समझदार व्यक्ति ऐसे कृत्य का समर्थन नहीं कर सकता। आज जबकि जातिवाद, ऊँच-नीच, छूत-अछूत आदि विकृतियों को शह देकर हिन्दू समाज

को बाँटने एवं कमजोर करने का षड्यन्त्र चल रहा है, जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारा महिलाओं के वेदपाठ पर आपत्ति न तो धर्मानुकूल है और न ही युगानुकूल।

गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने अपने जीवन का उत्तरार्द्ध पूर्णतः सामाजिक समरसता, हिन्दू समाज के पुनर्जागरण और श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति अभियान को समर्पित कर दिया। उन्होंने 1980 के बाद से ही हिन्दू समाज से अस्पृश्यता उन्मूलन एवं श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मन्दिर निर्माण को अपने जीवन का मिशन बना लिया और अब तक सोते-जागते, उठते-बैठते महाराज जी के बातचीत के केन्द्र बिन्दु यही दो मुद्दे होते हैं।

श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन के नायक

आधुनिक भारत में क्षेत्र और जनमहभागिता के आधार पर 1857 और आपातकाल के विरुद्ध हुए जनान्दोलनों से भी बड़ा या यह कहें कि अब तक के सबसे बड़े उस जनान्दोलन का, जिसने भारत की दिशा बदल दी, नेतृत्व गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने ही किया। पांथिक विविधता और मतभिन्नता से युक्त हिन्दू समाज के धर्माचार्यों में जिस एक नाम पर सहमति थी वह गोरक्षपीठाधीश्वर का ही नाम था। शैव, वैष्णव, शाक्त, बौद्ध, जैन, सिख, विविध अखाड़ों सहित बड़ी संख्या के मतावलम्बी धर्माचार्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के प्रति समान श्रद्धा एवं निष्ठा रखते हैं। हिन्दू समाज में अस्पृश्यता एवं ऊँच-नीच जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ देश भर में जन-जागरण अभियान पर निकलकर गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने सर्वप्रथम धर्माचार्यों के बीच अपने-अपने मत-श्रेष्ठतावाद का खण्डन किया और भारत के लगभग सभी शैव-वैष्णव इत्यादि धर्माचार्यों को एक मंच पर खड़ा किया था। परिणामतः जब श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ-समिति का गठन हुआ तो 21 जुलाई, 1984 को अयोध्या के वाल्मीकि भवन में सर्वसम्मति से महन्त जी को अध्यक्ष चुना गया। तब से अब तक श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति के महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज अध्यक्ष हैं और उनके नेतृत्व में भारत में ऐसे जनान्दोलन का उदय हुआ जिसने भारत में सामाजिक-राजनीतिक क्रान्ति का सूत्रपात किया। विकृत धर्मनिरपेक्षता एवं मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति का काला चेहरा उजागर हुआ। हिन्दुत्व पर नये सिरे से दुनियाभर में बहस शुरू हुई। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की आन्तरिक ताकत का एहसास हुआ। भारत सहित दुनिया के इतिहास में श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन और उसके प्रभाव एवं परिणाम का अध्याय महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज का उल्लेख हुए बिना अधूरा रहेगा।

श्रीराम जन्मभूमि की मुक्ति और उस स्थान पर भव्य मन्दिर निर्माण के लिए महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के नेतृत्व में अत्यन्त योजनापूर्वक जनान्दोलन की रूपरेखा बनी और 1984 से प्रारम्भ किये गये इस चरण का आन्दोलन एक हद तक परिणाम पर पहुँचा और उस स्थान पर स्थित विदेशी आक्रान्ता द्वारा निर्मित हिन्दू समाज को चिढ़ाने और अपमानित करने वाला 'ढाँचा' ध्वस्त कर दिया

गया तथा श्रीराम जन्मभूमि पर कारसेवकों ने भगवान् श्रीराम का 'मन्दिर' अपने हाथों से बना दिया। अब उस मन्दिर को 'भव्यतम' बनाने का कार्य ही मात्र शेष है। लगभग पाँच शताब्दियों से चल रहे संघर्ष को अन्ततः पूज्य महन्त जी के नेतृत्व में एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई। महन्त जी ने 1984 के बाद से श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति द्वारा चलाये गये जन-संघर्ष का सफलतम नेतृत्व किया।

महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के नेतृत्व में लगभग दो दशक तक अनवरत चले श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन ने न केवल श्रीराम जन्मभूमि पर हिन्दू समाज को अपमानित करते हुए चिढ़ाने वाला ढाँचा ध्वस्त हुआ अपितु आजाद भारत में हिन्दू विरोधी राजनीति का ढाँचा भी टूटा। भारत सहित दुनिया भर में 'हिन्दुत्व' बहस का मुद्दा बना और हिन्दुत्व पुनर्जागरण के एक नये युग का शुभारम्भ हुआ। हिन्दू समाज के विविध पंथों के धर्माचार्य एक साथ एक मंच पर आये। यह युग भारत में हिन्दू एकता के लिए तो जाना ही जायेगा साथ ही महात्मा गाँधी की इस उक्ति को झुठलाने के लिए भी प्रामाणिक होगा कि 'हिन्दू कायर होता है'। श्रीराम जन्मभूमि आन्दोलन की सफलता के तमाम महत्त्वपूर्ण कारणों में एक महत्त्वपूर्ण कारण गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज का नेतृत्व सभी पंथों के धर्माचार्यों द्वारा सर्वस्वीकार्य होना भी था। भारत के इतिहास में जब भी श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन पर चर्चा होगी, वह चर्चा महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के बगैर अधूरी मानी जायेगी।

शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के मसीहा

महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के नेतृत्व में स्वाधीनता आन्दोलन के समय ही गोरक्षपीठ ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का दीप जलाया। 1932 ईस्वी में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् की स्थापना इसी प्रज्वलित दीप के प्रकाश की एक किरण थी। स्वाधीनता आन्दोलन के समय भारतीय मनीषियों को यह महसूस हो चुका था कि आजादी प्राप्त होने के बाद आजाद भारत का नेतृत्व करने वाली पीढ़ी रूप-रंग के साथ-साथ आचार-व्यवहार से भी भारतीय होनी चाहिए। एक तरफ स्वामी विवेकानन्द अंग्रेजी शासन की शिक्षा पर कह रहे थे- ये शिक्षा हमें हमारे महान पुरुषों के इतिहास से नहीं अपितु अंग्रेजों महान पुरुषों के इतिहास से अवगत कराती है। ये शिक्षा हमें दुर्बल बनाती है, सबल नहीं। शिक्षा के माने कण्ठस्थ करना नहीं है अपितु शिक्षा आवश्यकता के अनुरूप ही दी जानी चाहिए। शिक्षा वही है जो राष्ट्रीय पद्धति से दी जाये। स्वामी जी आगे कहते हैं- जब तक लाखों लोग भूखे और अज्ञानी हैं, तब तक मैं इस प्रत्येक व्यक्ति को कृतघ्न समझता हूँ, जो उनके बल पर शिक्षित तो बना परन्तु आज उसकी ओर ध्यान तक नहीं देता। दूसरी तरफ लॉर्ड मैकाले की आवाज गूँज रही थी- हमारे अंग्रेजी विद्यालय प्रशंसनीय ढंग से असाधारण उन्नति कर रहे हैं।. ... मेरी बनाई शिक्षा पद्धति से यहाँ (भारत में) यदि शिक्षा प्रणाली चलती रही तो आगामी तीस वर्षों में एक भी आस्थावान हिन्दू नहीं बचेगा। या तो वे ईसाई बन जायेंगे या नाम मात्र के हिन्दू बने रहेंगे। धर्म या वेदशास्त्रों पर उनका विश्वास नहीं होगा।

मैकाले की शिक्षा पद्धति की अनुगूँज आनन्द कुमार स्वामी की पीड़ा में भी सुनाई देती है, जब वे कहते हैं- इसे अनुभव करना बहुत कठिन है कि कैसे भारतीय जीवन के सातत्य को पूर्णतया विच्छिन्न कर दिया गया है। अंग्रेजी शिक्षा की केवल एक पीढ़ी तथा यह अपने मूल से वंचित ऐसे अल्पज्ञ बौद्धिक अस्पृश्य का सृजन करती है जो पूर्व अथवा पश्चिम, भूत अथवा भविष्य कहीं का नहीं है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में सर्वाधिक भयप्रद है उसकी आध्यात्मिक सातत्य नष्ट होने की सम्भावना। भारत की सभी समस्याओं में सर्वाधिक कठिन तथा परम अनर्थकारी है शिक्षा की समस्या।

युगद्रष्टा महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज ने भारतीय मनीषियों की इन्हीं चिन्ताओं के समाधान तथा लार्ड मैकाले द्वारा उत्पन्न की गयी चुनौती से निपटने के लिए भारतीय शिक्षा पद्धति के अनुरूप शिक्षा का तन्त्र खड़ा करने की नींव 1932 ईस्वी में रख दी। महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने अपने वरेण्य गुरुदेव महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज के सपनों को साकार किया। उन्होंने अपनी निष्ठा, सुदीर्घकालीन तपस्या और अनुभव की पूँजी से उत्तरोत्तर समृद्ध और समुन्नत करते हुए महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् को वृहत्तर स्वरूप प्रदान किया। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत आज तीन दर्जन से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान, चिकित्सा संस्थान तथा सेवा संस्थान संचालित हो रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक के परम्परागत शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ तकनीकी एवं स्वास्थ्य शिक्षा के संस्थानों में हजारों छात्र-छात्राएँ रोजगारपरक पुस्तकीय पाठ्यक्रमों के साथ-साथ भारतीयता तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ रहे हैं। प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक चलने वाले महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के संस्थापक सप्ताह-समारोह तथा 4 दिसम्बर को निकलने वाली गोरखपुर महानगर की सड़कों पर शोभा-यात्रा में सम्मिलित समस्त शिक्षण संस्थाओं के हजारों अनुशासित तथा राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत युवा पीढ़ी को देखकर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के साकार स्वप्न का अनुभव किया जा सकता है। सम्भवतः यह देश का ऐसा एकमात्र शिक्षा संस्थान है जो प्रतिवर्ष लगभग साढ़े छः सौ छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देता है तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास में भारतीयता को सर्वाधिक महत्त्व देता है।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत 1949-50 में स्थापित महाराणा प्रताप महाविद्यालय को गोरखपुर विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु 1958 ईस्वी में महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज द्वारा समर्पित कर दिये जाने की स्मृतियों को संजोये महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने पुनः 2005 ईस्वी में जंगल धूसड़ में महाराणा प्रताप महाविद्यालय तथा 2006 ईस्वी में गोरखपुर महानगर के रामदत्तपुर में महाराणा प्रताप महिला महाविद्यालय की स्थापना की। शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी गुरुश्री गोरखनाथ चिकित्सालय, गुरुश्री गोरखनाथ योग संस्थान तथा महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेदिक चिकित्सालय की स्थापना एवं उनका उत्तरोत्तर विकास महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की जन-सेवा के क्षेत्र की उल्लेखनीय उपलब्धि है, जिनके माध्यम से उनकी यशगाथा पुष्प के सुगन्ध की तरह प्रसरित है।

महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज का विराट व्यक्तित्व एक ऐसे मनीषी का विराट स्वरूप है जिसमें 'धर्म' का साक्षात् दर्शन होता है। उन्होंने भारतीय राजनीति को एक नयी दिशा दी; कथित धर्मनिरपेक्ष राजनीति की दूषित अवधारणा को नकारते हुए धर्माधिष्ठित राजनीति की प्रतिष्ठा की। भारतीय समाज में 'जातिवाद' की विषबेलि को समूल उखाड़ फेंका और बिना किसी की परवाह के सामाजिक समरसता का मूलमंत्र देकर भारतीय धर्मगुरुओं का नेतृत्व किया तथा छुआछूत जैसी कुरीतियों के विरुद्ध जन-जागरण अभियान छेड़कर हिन्दू समाज को एकता का पाठ पढ़ाया। शिक्षा और स्वास्थ्य को जन-सेवा का आधार बनाकर 'परहित सरिस धर्म नहिं भाई' उक्ति को चरितार्थ किया। श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन के बहाने पंथों के नाम पर बँटे धर्मगुरुओं को एक मंच पर लाकर राष्ट्रीय स्वाभियान तथा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का शंखनाद किया। महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज अपने युग के एक ऐसे महानायक हैं जिन्होंने राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक, शैक्षिक तथा सांस्कृतिक क्षेत्रों में एक साथ पुनर्जागरण का उद्घोष किया। भारत के बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध के तथा इक्कीसवीं सदी के प्रारम्भिक दशकों में वे जाज्वल्यमान नक्षत्र हैं। वे ऐसे महायोगी हैं जिनका अन्त:करण समता में स्थित है, जिन्होंने इस जीवित अवस्था में ही सबको जीत लिया है, जो जीव-मुक्त हो गये हैं और ब्रह्म में ही स्थित हैं; जैसा कि भगवान् श्रीकृष्ण कहते हैं-

इहैव तैर्जितः सर्गो येषां साम्ये स्थितं मनः।
निर्दोषं हि समं ब्रह्मतस्माद्ब्रह्मणि ते स्थिताः॥

परलोक गमन

गोरक्षनाथ मन्दिर में गुरु पूर्णिमा (आषाढ़ पूर्णिमा, वि.सं. 2071) को अपने सभी भक्तों को आशीर्वाद देकर गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज मृत्युलोक से अनमनस्क से हो गये। ईश्वर की बनायी इस मायानगरी से उनकी अरुचि भाँपते हुए उनके साथ साये की तरह रहने वाले गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने 13 जुलाई, 2014 को मानव क्षमताओं के बल पर विधाता को चुनौती देने की क्षमता रखने वाले दुनिया के श्रेष्ठतम चिकित्सा संस्थानों में एक गुड़गाँव, नयी दिल्ली के पास 'मेदान्ता मेडिसिटी' में ले जाने की तैयारी प्रारम्भ की। पूज्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज ने मेदान्ता जाने से अपनी अरुचि दिखाई। गुरु-शिष्य के बीच के हठयोग में प्रकृति गुरु के साथ खड़ी हुई और एअर एम्बुलेन्स से ले जाने में अपनी असफलता महसूस करते ही 'गोरखधाम एक्सप्रेस' से पूज्य महन्त जी को लेकर 'मेदान्ता' तक पहुँच ही गये। महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधाओं से लैश कर दिये गये और उन्हें इस धराधाम पर रोके रखने का हर प्रकार का प्रयत्न प्रारम्भ हो गया। पूज्य महन्त जी महाराज को अपने बीच बनाये रखने हेतु उपचार के साथ-साथ, ज्योतिषीय विधि-विधान एवं ईश्वरीय शक्तियों के लिए धार्मिक अनुष्ठान जैसे वे सभी प्रयास प्रारम्भ हुए जो विज्ञान एवं आस्था दोनों माध्यमों से सम्भव था। किन्तु स्वयं परमपूज्य

महन्त जी महाराज का ही अब इस सांसारिक जीवन से मोहभंग हो चुका था और वे परमात्म तत्त्व के साथ एकाकार होने का हठ ठान चुके थे। बस उन्हें प्रस्थान के लिए अपनी तप:स्थली से दूर 'मेदान्ता' जैसा चिकित्सकीय स्थान मंजूर नहीं था। अपने आराध्य गुरु शिवावतार महायोगी गोरक्षनाथ, गुरुदेव ब्रह्मलीन दिग्विजयनाथ जी महाराज एवं स्वयं की तप:स्थली गोरक्षनाथ मन्दिर से ही ब्रह्मलोक के लिए प्रस्थान करने का जैसे उन्होंने व्रत ले रखा हो। महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज के इस संकल्प साधना के आगे विज्ञान हतप्रभ था, विधाता किंकर्तव्यविमूढ़ थे। अन्तत: शिष्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने गुरु की इच्छापूर्ति का बीड़ा उठा ही लिया और गोरक्षनाथ मन्दिर परिसर तक उन्हें लाने का वह निर्णय लिया, जो कोई योगी ही ले सकता है। योगी जी के इस निर्णय के साथ पूज्य महन्त जी की स्वयं की इच्छा से उत्पन्न उनकी प्राणिक चेतना को रोक रखने की यौगिक शक्ति थी ही, परमात्मा ने भी साक्षात् उपस्थित होकर सहयोग किया।

12 सितम्बर, 2014 को अपराह्न 4.00 बजे दिल्ली से एअर एम्बुलेंस उड़ा। गोरखपुर के आसमान में तड़कती बिजली ने स्वागत किया, बादलों ने गोरखपुर की धरती को धोकर स्वच्छ कर दिया। 15-20 मिनट की मूसलाधार बारिश के बाद बादलों ने पानी रोक लिया। एअर एम्बुलेंस गोरखपुर की धरती पर सायंकाल 6.00 बजे उतरा। साथ चल रहे मेदान्ता एवं गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय के चिकित्सक विधाता की लीला और महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की यौगिक शक्ति का साक्षात् दर्शन कर रहे थे। एअरपोर्ट पर पहले से तैयार गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय की एम्बुलेंस महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज को लेकर श्री गोरक्षनाथ मन्दिर परिसर की ओर चल पड़ी। योगी आदित्यनाथ जी महाराज साथ थे। उनके चेहरे पर सन्तोष झलक रहा था कि महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज अपनी इच्छानुसार गोरक्षनाथ मन्दिर पहुँचने जा रहे हैं। लगभग सायं सात बजे गोरक्षनाथ चिकित्सालय में पहले से ही पूज्य महन्त जी के लिए तैयार विशेष चिकित्सा कक्ष में उन्हें ले जाया गया। मेदान्ता से साथ आए चिकित्सक और गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ उपचारात्मक प्रयास प्रारम्भ कर दियां किन्तु नाथपंथ के महान साधक के सामने सभी बेबस। पूज्य महन्त जी अपनी ऐहिक यात्रा पूरी कर चुके थे। श्री गोरक्षनाथ मन्दिर परिसर तक पहुँचकर यहाँ की आध्यात्मिक आबोहवा में वे परमशान्ति पा रहे थे। लगभग दो माह तक अपने विधि -विधान को टाल देने वाले विधाता धरती के इस महामानव को अपने में समाहित कर लेने के लिए जैसे स्वयं साक्षात् हों। लगभग डेढ़ घण्टे तक चिकित्सकों की जद्दोजहद काम नहीं आयी। योगी आदित्यनाथ जी महाराज के रूप में अपना ऐहिक जीवन स्थानान्तरित करते हुए गोरक्षपीठाधीश्वर परमपूज्य महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज रात्रि आठ बजकर तीस मिनट पर ब्रह्मलोक पथ पर चल पड़े ...।

भारतीय राष्ट्रीयता के अनन्य साधक, सामाजिक समरसता के अग्रदूत, हिन्दू धर्म-संस्कृति के पथ-प्रदर्शक का मृत्युलोक को त्याग देने के समाचार से देश हतप्रभ था, शोकमग्न था। देखते-देखते

महानगर गोरखपुर की दुकानें बन्द हो गयीं। सड़क पर सन्नाटा तोड़ते शोकाकुल नगरवासी श्री गोरक्षनाथ मन्दिर की ओर चल पड़े। जिला प्रशासन गोरक्षनाथ मन्दिर पहुँच चुका था। अश्रुपूरित नेत्र एवं रुँधे गले से पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने 13 सितम्बर को जनता दर्शन एवं 14 सितम्बर को समाधि की घोषणा की। गोरक्षनाथ मन्दिर में पशु-पक्षी सभी शान्त थे। पेड़-पौधों ने भी ऐसी चुप्पी माध रखी थी जैसे आज वे हवा के झोंकों के बीच हँसना-मचलना भूल गए हों। शोकमग्न गोरक्षनाथ मन्दिर परिसर के सन्नाटे में शान्तिपाठ का स्वर अपने आराध्य इस महामानव के परलोकगमन का साक्षी बन रहा था।

13 सितम्बर को ब्रह्ममुहूर्त से ही भक्तों का मन्दिर आना प्रारम्भ हो गया। भगवान् भास्कर भी गोरक्षपीठाधीश्वर को ब्रह्मलोक यात्रा पथ को प्रकाशित करने में लगे थे। उनकी इस लीला को मेघों ने ढक रखा था। पूज्य महन्त जी महाराज का समाधियुक्त शरीर दर्शनार्थ स्थापित करने से पूर्व भक्तों एवं दर्शनार्थियों की कतारबद्ध भीड़ बढ़ती जा रही थी। उनके जयघोषों के साथ साढ़े आठ बजे गोरक्षपीठ के उत्तराधिकारी पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज ने विधि-विधानपूर्वक परमपूज्य महन्त जी महाराज को भक्तों के दर्शनार्थ प्रस्तुत किया और घण्टों पंक्ति में खड़े रहकर शोकाकुल भक्त पूज्य महन्त जी महाराज का दर्शन कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने लगे। उनका दर्शन कर पुष्पांजलि देने का यह क्रम अगले दिन उनके समाधिस्थ होने तक चलता रहा।

14 सितम्बर को निशा की कालिमा का रंग जैसे-जैसे हल्का होता गया, भोर से ही वरुण देवता गोरक्षपीठाधीश्वर महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की समाधि के साक्षी बनने को बेताब हो उठे। उन्होंने अपने कोष का सारा जल ब्रह्मलीन महाराज जी को नहलाने हेतु गोरखपुर में उड़ेल रखा था। मूसलाधार बारिश में भी श्री गोरक्षनाथ मन्दिर का परिसर भक्तों-श्रद्धालुओं से खचाखच भर चुका था। देश भर से साधु-सन्त श्री गोरक्षनाथ मन्दिर पहुँच चुके थे। दस बजकर पचास मिनट पर भारत के इस महान राष्ट्र सन्त की समाधि तय थी। समाधि के समय एकाएक जल-वर्षा बन्द हुई और फिर पुष्पवर्षा के साथ गुरु श्री गोरक्षनाथ मन्दिर की परिक्रमा कर विधि-विधानपूर्वक राष्ट्रीयता के अनन्य साधक एवं इस शताब्दी के महामानव ने महासमाधि ले ली। हम सभी विधि के विधान के आगे बेबस खड़े देखते रह गए........।

(परमपूज्य महाराज जी के जीवन-वृत्त का मुख्य अंश उनके अभिनन्दन ग्रन्थ "राष्ट्रीयता के अनन्य साधक : महन्त अवेद्यनाथ" की रचना के समय उनसे बात-चीत एवं विविध प्रामाणिक स्रोतों पर आधारित है।)

Glimpses from the Mathematical Heritage of Bharata

V. Ramanathan*

Abstract: From the myriads of scientific, technological and medicinal marvels of our country, a few glimpses are presented in this descriptive paper in order to enthuse readers to further dig deeper in this topic and unearth several treasures. Encoding numbers through letters words and verses has been the pinnacle of creativity of our ancient scholars by virtue of which the texts were made easy to be remembered. Lyrical verses were possible to be composed for conveying beautiful mathematical results. In this essay, the numbering system and the coding system to represent numbers by alphabets is introduced along with examples.

Introduction

Bharat, known to the world as India, has a scientific heritage that had its mark in almost all spheres of science, technology and medicine. Unfortunately, due to various reasons, paucity of the awareness of such a glorious heritage amidst our students in particular and citizens in large is indeed not desirable. Contrarily there are some sections of the society, due to their hyper-nationalism make tall claims of the heritage without backing it with proper evidence or information. Consequently the newer generations are the collateral damage as they are not given the proper information about our scientific heritage or are made to repel anything and everything concerning India's past. Such information should have been disseminated en masse through the state-funded and regulated education institutions but we have clearly failed in this venture too. This failure is partly designed and partly per chance.

Forces both within the country and those from outside have played a major

*Department of Chemistry, IIT(BHU) Varanasi 221005 U.P. ● युगद्रष्टा ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 50वीं एवं राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 05वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला में दिनांक 20 अगस्त 2019 को दिया गया व्याख्यान।

influential role in shaping the narrative of the history of our country by and large. It is indeed well known that the colonial scholars interpreted the history of Bharat in such a way that events will not predate the birth of Christ. Consequently several of our country's scientific achievements were either suppressed or have got lost in oblivion. If this is the contribution by the international forces, there exists a faction in our own midst that abhors and would like others too to abhor anything that is to do with India's past. Such a mentality is meted out in the pretext of not getting regressive. For such a faction of our people, India came into existence only from 1947 and for all the centuries prior to that, it was a work in progress where one invader after the other helped civilizing the native people ending finally with the British who readied the nation for enjoying its independence. Incidentally it is this group that has occupied high seats of power and influence in most of the offices of education. Hence it is indeed obvious that information pertaining to the scientific heritage of our country is either thrown out of the window on purpose or was met with a blind eye.

It is indeed in the past few years that resurgence in Indic knowledge system is witnessed within the country. There is a growing interest in learning about our scientific past amidst the common people and scholars of different domains. Many conferences are dedicated to unraveling and relooking at our scientific past. With a similar spirit of creating awareness and enthusing the readers in delving deeper in our country's scientific past, this paper gives a brief glimpse at few elements from India's scientific glory, particularly from the fields of mathematics, astronomy and medicine.

Glimpses from India's mathematical heritage

Unlike the contemporary pedagogy and curriculum, in most of the ancient world and particularly in India, education was not compartmentalized. It was rather holistic and students were taught was considered essential for both their material and spiritual uplift. Mathematics, particularly computation played a major role in all walks of profession ranging from music to temple architecture through town planning. It was referred to as गणित that combined several branches of maths as we recognize today. It is said,

यथा शिखा मयूराणां नागानां मणयो यथा
तद्वेदाङ्ग शास्त्रणां गणितं मूर्धनिवर्तते

"Like the crowning crest of a peacock and the shining gem in the cobra's hood, mathematics is the supreme *science*"

From very ancient times, mathematics has played a vital role in shaping our civilization. From early on we had pioneered in the domain of representation of numbers.

The fact that the entire world follows the decimal place value system that has had its origin in Bharat is testimony to our mathematical prowess, succinctly reminisced by none other than Albert Einstein himself in the following words,

"We owe a lot to the Indians, who taught us how to count, without which no worthwhile scientific discovery could have been made" (Quote taken from the pamphlet of ICM 2010)

Finally, every patriot must make an attempt to understand their obligation towards all security forces, and consciously increase their awareness on defense matters in order to contribute positively. As a first step, defense science departments in all universities must be energised while the activities of the National Cadet Corps are further popularised. **It must never be forgotten that while it takes centuries to build an effective military organisation; inept leadership, an ignorant public, an unjust government, indifferent policies or an irresponsible media can easily destroy the military forces.**

Aayurveda as Modern Medicine: Prospects, Limitations and Challenges

Anant Narayan Bhatt*

Introduction:

The word Ayurveda is made up of two Sanskrit words "Aayur" meaning life and Veda means "knowledge" therefore; Ayurveda is considered as the knowledge to live healthy and happy life. Ayurvedic knowledge originated in India more than 5,000 years ago and is often called the "Mother of All Healing." It stems from the ancient Vedic culture and was taught for many thousands of years in an oral tradition from accomplished masters to their disciples. The classic Ayurvedic text is compiled as "Charak Sambita" in Atharva Veda, which was written by sages like Charak, however, much of it is inaccessible. The principles of many of the natural healing systems now familiar in the West have their roots in Ayurveda, including Homeopathy and Polarity Therapy. Tibetan medicine and Traditional Chinese Medicine have their roots in Ayurveda. Early Greek medicine also embraced many concepts originally described in the classical Ayurvedic medical texts dating back several thousands of years.



Figure 1: Ayurveda makes balance between body, mind and soul for complete cure of the illness.

*Senior Scientist, Institute of Nuclear Medicine and Allied Sciences, Timarpur, Delhi – 110054, India anbhatt@yahoo.com, anant@inmas.drdo.in • युगद्रष्टा ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 50वीं एवं राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 05वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला के उद्घाटन अवसर (दिनांक 20 अगस्त 2019) पर दिया गया व्याख्यान।

The concept of Ayurveda is based on a combined study of body, sense organs, mind and soul. Therefore, unlike the various systems of medicine, like allopathy or homeopathy, Ayurveda is not a system of medicine but a science of life and longevity. The philosophy of Ayurveda believes that everything in the universe either dead or alive is connected. If your mind, body, and spirit are in harmony with the universe, you have good health. When something disrupts this balance, you get sick (Figure 1). The factors which can upset this balance are genetic or birth defects, injuries, climate and seasonal change, age, and your emotions. The modern definition of health according to the World Health Organization (WHO) also says it is "the state of complete physical, mental and social wellbeing and not necessarily the absence of disease and infirmity".

According to Ayurvedic scriptures the human body is an assembly of principally following three components,

1. Humours, which is further divided in three Kapha, Pitta & Vata.
2. Tissues or "Dhatu" (Rasa, Rakta, Mansa, Meda, Asthi, Majja & Shukra).
3. Waste products of the body i.e. mala, mutra and sweda.

Thus the total body matrix comprises of the humors, the tissues and the waste products of the body. The growth and decay of this body matrix and its constituents revolve around food which gets processed into humors, tissues and wastes. Ingestion, digestion, absorption, assimilation and metabolism of food have interplay in health and disease which are significantly affected by psychological mechanisms as well as by bio-fire (Agni). Therefore, our food is very important in keeping us healthy and fit.

Fundamental Constitution of the body:

The well being and health of human is dependent on the body structure and composition, therefore Ayurveda focus on the fundamental composition of the body According to Ayurveda, every life on this planet including human body are composed of five basic elements (Pancha-mahabhutas) namely, earth, water, fire, vacuum (ether) and air. There is a balanced condensation of these elements in different proportions to suit the needs and requirements of different structures and functions of the body matrix. The growth and development of the body matrix depends on its nutrition, i.e. on food. The food, in turn, is composed of the above five elements, which replenish or nourish the like elements of the body after the action of bio-fire (Agni). The tissues of the body are the structural entities whereas humours are bio-physiological entities, derived from different permutations and combinations of Pancha-mahabhutas. Further, these five basic elements combined together to form three different characteristics of the life, which is called as humour or "Triguna" (Figure 2) and classified as

1. Kapha, it is composed of Earth and Water elements.
2. Pitta, it is made up of Water and Fire elements.
3. Vata, it is the combination of Vaccum (ether) and Air elements.

There is a popular couplet in Sanskrit describing the fundamental constitution of the body, it read as

"क्षिति, जल पावक गगन समीरा,
पंच तत्व से बना शरीरा"

Figure 2: The five basic components (Earth, Water, Fire, Ether and Air), which forms the body. The combination of two different basic components forms three humours (Kapha, Pitta and Vata).

Energy is required to create movement so that fluids and nutrients get to the cells, enabling the body to function. Energy is also required to metabolize the nutrients in the cells, and is called for to lubricate and maintain the structure of the cell. Vata is the energy of movement; pitta is the energy of digestion or metabolism and kapha, the

energy of lubrication and structure. All people have the qualities of vata, pitta and kapha, but every individual has one of these three as a primary determinant of his Prakriti, one secondary and the third is usually least prominent. The cause of disease in Ayurveda is viewed as a lack of proper cellular function due to an excess or deficiency of vata, pitta or kapha. Disease can also be caused by the presence of toxins.

In Ayurveda, body, mind and consciousness work together in maintaining balance. They are simply viewed as different facets of one's being. To learn how to balance the body, mind and consciousness requires an understanding of how vata, pitta and kapha work together. In the physical body, vata is the subtle energy of movement, pitta the energy of digestion and metabolism, and kapha the energy that forms the body's structure.

Vata: It is the subtle energy associated with movement composed of Space and Air. It governs breathing, blinking, muscle and tissue movement, pulsation of the heart, and all movements in the cytoplasm and cell membranes. In balance, vata promotes creativity and flexibility. Out of balance, vata produces fear and anxiety.

Pitta: It expresses as the body's metabolic system, made up of Fire and Water. It governs digestion, absorption, assimilation, nutrition, metabolism and body temperature. In balance, pitta promotes understanding and intelligence. Out of balance, pitta arouses anger, hatred and jealousy.

Kapha: It is the energy that forms the body's structure like bones, muscles, tendons and provides the "glue" that holds the cells together, formed from Earth and Water. Kapha supplies the water for all bodily parts and systems. It lubricates joints, moisturizes the skin, and maintains immunity. In balance, kapha is expressed as love, calmness and forgiveness. Out of balance, it leads to attachment, greed and envy.

Ayurveda believes that body is a delicate balance between bio-physiological forces (*humours*) and constitution (*prakriti*), which is influenced by mind (*manas*) and "metabolic fire" (*agni*) and all these four thing together determine health and disease. Health or sickness depends on the presence or absence of a balanced state of the total body matrix including the balance between these four constituents. Many factors, both internal and external, act upon us to disturb this balance and are reflected as a change in one's constitution from the balanced state. Examples of these emotional and physical stresses are following:

I. Emotional state

II. Diet and food choices,

III. Seasons and Weather

IV. Physical Trauma

V. Incompatible actions of the body and mind can also result in creating disturbance of the existing normal balance.

Once these factors are understood, one can take appropriate actions to nullify or minimize their effects or eliminate the causes of imbalance and re-establish one's original constitution. Balance is the natural order; imbalance is disorder. Health is order; disease is disorder. The treatment consists proper diagnosis of root cause, restoring the balance of disturbed body-mind matrix by following proper diet, correcting life-routine and behavior, administration of drugs and resorting to preventive Panchkarma and Rasayana therapy. Ayurveda's principle therapeutic aim is to harmoniously restore the balance between bio-physiological forces (*humours*), constitution (*prakriti*), mind (*manas*) and "metabolic fire" (*agni*). Within the body there is a constant interaction between order and disorder. When one understands the nature and structure of disorder, one can re-establish order. Therefore, precise diagnosis is important in Ayurveda.

Diagnosis in Ayurveda:

In Ayurveda diagnosis and treatment of disease is always individual to each patient. The physician (vaidya) takes a careful note of the patient's internal physiological characteristics and mental disposition. He also studies other factors such as the affected bodily tissues, humours, the site at which the disease is located, patient's resistance and vitality, his daily routine, dietary habits, the clinical conditions, condition of digestion and details of personal, social, economic and environmental situation of the patient. The diagnosis also involves the examination of following

I. General physical examination

II. Pulse examination

III. Examination of the face

IV. Examination of tongue and eyes

V. Examination of skin and ear including tactile and auditory functions.

After carefully analyzing all these factors, the Ayurvedic practitioner (Vaidya) may recommend the implementation of lifestyle changes; starting and maintaining a suggested diet; and the use of herbs. In some cases, participating in a cleansing program, called "Panchakarma", is suggested to help the body rid itself of accumulated toxins to gain more benefit from the various suggested measures of treatment. Ayurveda recognizes that each of us is unique; each responds differently to the many aspects of life, each possesses different strengths and weaknesses. Through insight, understanding and experience Ayurveda presents a vast wealth of information on the relationships between

causes and their effects, both immediate and subtle, for each unique individual.

Ayurveda is Personalized Medicine:

Ayurveda has a health-oriented approach, while Allopathy has largely a disease-oriented approach. Since last two centuries we have seen that disease oriented approach is failing continuously for example microbes are becoming resistant to antibiotics, many cancers showing resistance to established radio and chemo-therapies etc. Whereas, Ayurveda works by treating the symptoms of a disease and it helps individuals to strengthen their immune system, which is a holistic approach and helps the person in restoring the harmony and overcoming the disease. Because every individual has different "Prakriti", Ayurveda works on a principle "no two individuals are alike" even when they suffer from similar ailments, therefore different people needs different doses of same drug or altogether different treatment, which is the basis of Ayurveda and we call this as "Personalized Medicine" in modern medical science. Just as everyone has a unique fingerprint, each person has a particular pattern of energy an individual combination of physical, mental and emotional characteristics which comprises their own constitution. This constitution is determined at conception by a four factors (humours, prakriti, manas and agni) and remains the same throughout one's life.

The modern medicine or allopathy practitioners realized this limitation of allopathy that same medicine for similar disease cannot work efficiently and successfully in all patients, therefore modern medicine is developing the concept of personalized medicine, currently; which is one of the basic concept of ancient medicine, Ayurveda. Therefore Ayurveda, which is based on personalized treatments for similar ailments in different patients, has the potential to become the future of personalized medicine in modern medical sciences.

Challenges and Limitations of Ayurveda:

The most important challenge in Ayurveda is precise diagnosis of the disease; along with symptoms, the practitioner needs to identify the "prakriti" and "dosh" of the patient. Clinical diagnostic and imaging methods of Modern medical science can play an important role in this. The next important challenge in Ayurveda is preparation of the drug/ formulation. The classical formulation are already defined in Ayurveda, however traditional Ayurvedic practitioners often modify them to suit the individual constitution (*prakriti*), which confers genetic predisposition (Personalized medicine) toward disease and therapy response, and is vital to ensure medication safety, which determines the efficacy. Modern medicine focuses on one active ingredient molecule in the extract however, in Ayurvedic formulation's medicinal power is a function of its milieu

composing many molecules, not merely due to any single plant extract. Therefore, Ayurveda takes the patient and the medicinal herb both as a whole. When we take a molecule or fractionated extract, the synergy is lost, leading to side effects whereas, Ayurvedic medicines do not have side effects. The major limitation of Ayurvedic drug is the selection of the source plant material. Naturally grown medicinal herbs are believed to be better than cultivated herbs. Similarly, several other factors like season of harvest, geographical location etc. makes the difference in medicinal effects of the medicinal plants. These changes results in batch to batch variation in herbal drugs leading to variable effects in patients. This problem needs to be answered to make Ayurvedic drugs more precise and effective. Ayurveda in modern time is facing these limitations and challenges, while scaling up the drug production on industrial scale, however at smaller scale these challenges are not a problem. Another, most important challenge in front of Ayurveda is that most of its information is available in Ancient Sanskrit language and difficult to translate and understand the medical knowledge in Sanskrit language. Therefore, if physicians have good knowledge of Sanskrit they can translate the Ayurvedic knowledge easily.

Summary:

Keeping all these virtues of Ayurveda in mind, we can say Ayurveda is medicine with intelligence. It gives personalized approach of treatment, which is the science of 21st century and beyond. However, the potential of Ayurvedic philosophy and medicines needs to be recognized and converted into real life treatment paradigm. We need to interpret logic of Ayurveda when, adopting modern science tools in drug development and validation. Validation of a combined (Ayurveda and modern medicine) therapeutic approach with superior efficacy and safety is likely to be a major leap in overcoming some of the current frustrations to treat difficult chronic disorders like Cancer, diabetes mellitus, arthritis using only modern medicines. Ayurveda may not be a complete alternative to modern medicine, but it certainly is a complementary therapy that can be used alongside modern medicine. Another important aspect is to document the cases and publish the case study in some good scientific and medical journals to establish it as evidence based medicine on global platforms.

Indian Criminal Judicial System

Vijay Krishna Pathak*

India has the oldest judicial system in the world. No other judicial system has a more ancient or exalted pedigree. In Ancient time, Dharma (Sacred Law), Vyavahar (Evidence), Charitra (History) and Rajasasan were the four legs of law for administration of justice. History of Indian legal framework takes us to the aged past when Manu and Brihaspati gave us Dharam Shastras, Narada the Smritis, and Kautilya the Arthshastra. An investigation of these significant books would uncover that we in antiquated India had a genuinely all around created and advanced arrangement of organization of equity. Kautilya'sArthshastra describes as to how in Mauryan empire the judicial system was well established and Law courts were situated at centre of ten villages which were called as "Sangrahana" and also at the meeting place of districts which were called "Janapadasandhishu".

The Modern criminal judicial system is based on **common law system**, borrowed from British system of justice, of course, and as is common in "common law systems", it follows the **adversarial system** of justice.

Common Law System is the system followed by UK and its former colonies, it is one of the three major systems that are followed in the world, the other two being the civil law system and the religious law system, Common law principles are in general based on good conscience and equity and justice, and laws are customs, legislations as well as precedents and are known for their complex nature. Comparative law suggests that adversarial system of law is that system where judgment is delivered upon hearing both sides of the argument, the jury or the judge does not go fact finding but relies on the arguments of both sides to find the truth.

The criminal justice delivery system has the following components:

§ The people

§ The law enforcement (legislature, police, authorities)

---

*Public Prosecutor, Anti-Corruption Bureau, CBI, New Delhi ● युगद्रष्टा ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 50वीं एवं राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 05वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला में दिनांक 18 अगस्त 2019 को दिया गया व्याख्यान।

§ The judiciary (the prosecution, the defence counsel and the judge)

§ The correctional facility (rehabilitation centres, remand homes, prison cells, etc.)

Objective of Criminal Justice System:-

The Criminal Justice System is essentially an instrument of social control against the behavior which the society considers so dangerous and destructive, that it either strictly controls their occurrence or outlaws them outright. So the main objective of the criminal justice system is to prevent the occurrence of crime, to punish the transgressors and the criminals, to rehabilitate them, to compensate the victim and to maintain law and order in the society.

Does Indian Criminal Justice System has achieved its objective:-

National Crime Records Bureau released report as Prison Statistic India 2015 and as per this report 67.2 % of our total present population comprises of under trial prisoners that means that two out of every three prisoners in India is under trial i.e. a person who has been accused or charges with committing an offence but has not been convicted. Number of increasing crime and pendency of cases day by day shows that the mechanism for prevention of crime is not working properly. Currently there are more than 2.8 crore cases are pending in various courts across India with more than 60,000 matters pending before the Supreme Court. In rule of law Index prepared by World Justice Project India's Global Ranking in 2015 was 59 among 102 countries and this index was prepared on the basis of 44 indicators covering 8 broad areas like, order and security, criminal justice etc.

Impediments in the Effecting Functioning of Criminal Justice System:

Indian Criminal Justice system is infested with multiple problems; some of them are being mentioned here. Today, the Indian Criminal Justice System is suffering from several maladies; some of these could be diagnosed as under:

1. Huge pendency / Arrears of CourtCases;
2. Lengthy Procedure;
3. Time Consuming and Expensive Legal Process;
4. Abnormal Delays in Litigation;
5. Non-Accountable Bar;
6. Lack of Coordination between Police and Prosecution;
7. Faulty and Slipshod nvestigation;
8. Unnecessary Detentions Causing Overcrowding of Jails;
9. Enormous Workload on Courts;

10. Alien Model;
11. Lack of a Speedy Dispute Resolution Mechanism;
12. Lack of Judges with respect to population ratio;
13. Delayed Trial;

Need of reform the present system:

- The Indian Criminal Justice System is old system which has not been substantially reformed since our independence and still it works on pre-independence colonial model established by Britishers. In 2000, the government formed a panel headed by Justice V.S. Malimath, the former Chief Justice of Kerala and Karnataka, to suggest reform in the century-old criminal justice system. The Malimath Committee submitted its report in 2003 with 158 recommendations but these were never implemented. However with passage of time certain recommendations became law. In my opinion following areas are required to be given an attention for better administration of justice at it should be immediately reformed:-
- **Increase the no. of Courts and Judges:** There is a need for more judges in the country and more judges should be appointed to decreses the pendency of cases.
- **Separate criminal division in higher courts:** The higher courts should have a separate criminal division consisting of judges who have specialised in criminal law.
- **Police Investigation:** Hiving off the investigation wing of Law and Order. There should be a separate wing of investigation and police personal involved in maintenance of law and order should not be allowed to investigate the cases.
- **Director of Prosecution:** Director of Prosecution, should be appointed having experience of Prosecution of not less than 10 years and he should be independent. Director of Prosecution should report directly to the Chief Minister of State.
- **Power for court to summon any person:** Court's power to summon any person, whether or not listed as a witness if it felt necessary.
- **Right to silence:** A modification to Article 20 (3) of the Constitution that protects the accused from being compelled to be a witness against himself/herself. The court should be given freedom to question the accused to elicit information and draw an adverse inference against the accused in case the latter refuses to answer.
- **The right of accused:** A schedule to the Code be brought out in all regional languages to make accused aware of his/her rights, as well as how to enforce them.

- **Presumption of Innocence:** The courts follow "proof beyond reasonable doubt" as the basis to convict an accused in criminal cases which is an unreasonable burden on the prosecution and hence a fact should be considered as proven "if the court is convinced that it is true" after evaluating the matters beforeit.
- **Justice to the victims:** The victim should be allowed to participate in cases involving serious crimes and also be given adequate compensation. If the victim is dead, the legal representative shall have the right to implead himself or herself as a party, in case of serious offences.
- **Victim Compensation Fund:** A Victim Compensation Fund can be created under the victim compensation law and the assets confiscated from organised crimes can be made part of the fund.
- **Simplify the Language of Law :** Language of Law is required to be simplified which can be understood by common man and it should be available in regional language also.
- **SP in each district:** Appointment of an SP in each district to maintain crime data, an organisation of specialised squads to deal with organised crime.
- **Witness protection:** The dying declarations, confessions, and audio/video recorded statements of witnesses should be authorised by law. There should be a strong witness protection mechanism. Witnesses should be treated with dignity.
- **Arrears Eradication Scheme:** To settle those cases which are pending for more than two years through Lok Adalat on a priority basis.
- **Offences classification:** It should be changed to the social welfare code, correctional code, criminal code, and economic and other offences code instead of the current classification of cognisable and non- cognisable.
- **Central law for organized crime and terrorism:** Though crime is a state subject, a central law must be enacted to deal with organised crime, federal crimes, and terrorism.
- **Periodic review:** There should be a Presidential Commission for a periodical review of the functioning of the Criminal Justice System.

Conclusion:

If the administration of criminal justice wants to give good result, it is the duty of the courts to act with the great promptitude. Innocent person should be released immediately and the guilty person should get punished as early as possible. The problem in delay of the cases is not new in India it has been existence since a long time. On the

one part judicial system is under strain and on the other part it has shaken the confidence of the people. The Supreme Court made it clear that speedy trial is the essence of criminal justice and the delay in trial by itself constituted the denial in justice. In India judiciary system is expected to be the sword, sentinel and shield of rights of the humblest millions with an assurance to bring justice.

Referred Materials :

1. NCRB report on Prison Statistic India, 2015
2. Law Index by World Justice Project, 2015
3. Malimath Committee Report, 2003

नाथ पंथ का लोककल्याणकारी हठयोग

सलिल कुमार पाण्डेय*

हठ का तात्पर्य है बहुत आग्रह पूर्वक और बराबर यही कहते रहना कि अमुक बात ऐसी ही है अथवा ऐसी ही है अथवा ऐसे ही होगी या होनी चाहिए। दृढ़तापूर्वक की हुई प्रतिज्ञा या संकल्प हठ है।[1]

'हठयोग' योग का वह अंग है या प्रकार जिसका प्रचलन नाथ-पंथियों ने अपनी साधना के लिए किया था और जिसमें ईश्वर प्राप्ति के लिए नेति, धोती क्रियाओं, कठिन मुद्राओं और आसनों का विधान किया गया। इसमें शरीर के अन्दर कुण्डलिनी और अनेक प्रकार के चक्रों का भी अधिष्ठान माना गया है। इसके सबसे बड़े आचार्य योगी मत्स्येन्द्र नाथ (मछंदरनाथ) और उनके शिष्य गोरखनाथ माने जाते हैं।[2]

योग के विषय में अनेक मनीषियों ने गम्भीर चिन्तन-मनन किये हैं। यद्यपि "योग" शब्द का सामान्य अर्थ जोड़ या संयोग होता है तथापि यह शब्द व्यापक अर्थों में व्यक्ति के परमात्मा के निकट जाने से है। "जीवात्मा का परमात्मा से संयोग ही योग कहा जाता है।"[3] मानव को सांसारिक भोग लिप्सा में निरन्तर लगे रहना अच्छा लगता है, परन्तु मानव-जीवन का एकमात्र लक्ष्य भोग लिप्सा ही नहीं है, बल्कि उसके आगे बढ़कर "योग साधना" है। योग-साधना से शारीरिक शक्ति तो बढ़ती ही है आन्तरिक ऊर्जा का भी विकास होता है जो अन्ततः परमात्मा के सान्निध्य का कारण बनता है। स्वामी विवेकानन्द कहते हैं कि -'सभी योगी का ध्येय आत्मा की मुक्ति है और प्रत्येक योग समान रूप से उसी ध्येय की ओर ले जाता है।"[4] योग, भोग के आगे त्याग का पथ-प्रदर्शक होता है। राग की सीमा से परे विराग उत्पन्न करता है, स्वार्थ की संकुचित प्रवृत्ति के आगे परमार्थ का विस्तृत द्वार खोलता है। इतना ही नहीं वह स्व सत्ता को परम सत्ता में समाहित कर देता है। वह समस्त प्रकृति के साथ व्यक्ति का तादात्म्य स्थापित करा देता है। अरविन्द का मत हैं कि -"जो कुछ उच्चतम तत्त्व है उसके साथ अपनी सत्ता को सभी भावों में एक हो जाना है - 'योग' ...... समस्त प्रकृति और सभी जीवों के साथ एक हो जाना ही योग है।"[5]

भारतीय मान्यता है कि व्यक्ति परमात्मा का अंश है। उसे परमात्मा से सान्निध्य करना ही

*प्रबन्ध सम्पादक, चेतनता, ग्राम-भिलोरा, पोस्ट-नौसड़, जनपद-गोरखपुर (उ.प्र.) मो.-9415878790

चाहिए, इसी में उसके जीवन की सार्थकता है। चिदानन्द सरस्वती का कथन है कि "योग का अर्थ है ससीम आत्मा का असीम आत्मा से मिलन। जीव की एकदेशीय चेतना का परमात्मा में विलय ही योग है।"[6] योगी की महत्ता साधारण शब्दों में नहीं कही जा सकती।

उसके क्रियाकलाप असाधारण होते हैं, उसमें आध्यात्मिकता तथा दार्शनिकता के भाव कूट-कूट कर भरे होते हैं। योग का पथ काँटों से भरा है, उस पथ पर चलना कठिन कार्य है, पर योगी अनेक संकटों का सामना करने में समर्थ होता है। योगी के लक्षण के विषय में ध्यान बिन्दु उपनिषद् का मन्तव्य है कि "बीजाक्षर परम बिंदु है, उसके ऊपर 'नाद' स्थित है, जो सशब्द है। उसके अक्षर ब्रह्म में लय हो जाने पर ही शब्दहीन परम पद की स्थिति है। अनाहत शब्द से भी परे जो है, उसको जो योगी जान लेता है, पा लेता है, उस योगी के सभी संशय नष्ट हो जाते हैं।"[7]

योगी की एक निश्चित, कुछ शब्दों में सीमित परिभाषा नहीं की जा सकती है। योगी सांसारिक तथा आध्यात्मिक मूल्यों मान्यताओं को अच्छी तरह समझता है तभी उपयुक्त से सान्निध्य तथा अनुपयुक्त से दूरी करता है। वेदव्यास का विचार है कि -"जो ज्ञान और विज्ञान से तृप्त हो चुका है, जो सबसे उच्च स्थान में स्थिर हुआ है, जो जितेन्द्रिय है तथा जिसकी दृष्टि में मिट्टी, पत्थर और सोना समान है, उस यात्री का योग सिद्ध हुआ ऐसा कहते हैं।"[8]

तटस्थता, निष्पक्षता तथा पारदर्शिता योगी के लक्षण हैं। उसका इन्द्रियों तथा परिस्थितियों पर विशेषाधिकार होता है। भर्तृहरि ने कहा है कि "योगी व्यक्ति विरक्तिरूपी स्त्री के साथ बड़े वैभवशाली राजाओं की तरह सुख और शांतिपूर्वक सोता है। पृथ्वी ही उसकी सुन्दर शय्या है, भुजलता ही बड़ा तकिया है, आकाश ही वितान है, अनुकूल पवन ही उसका पंखा है, चन्द्रमा ही उसका प्रकाशमान दीपक है।"[9]

हठयोग से मानव की आन्तरिक प्रवृत्तियों की कुवासनाएँ समाप्त होती है, जिस प्रकार भगवान का कच्छप रूप सर्वस्व का आधारभूत है उसी प्रकार हठयोग सम्पूर्ण योगों का आधार स्तम्भ है। स्वात्माराम योगीन्द्र कहते हैं कि "हठयोग तो सम्पूर्ण तापों से तप्त मनुष्यों का आश्रय स्थल मठ है। हठयोग सम्पूर्ण योगों से युक्त मनुष्य के लिए कच्छपरूप भगवान के समान आधारभूत है।"[10] हठयोग सबके लिए लाभकारी होता है। दृढ़ संकल्प युक्त कार्य सबके लिए लाभकर होता है। हठयोग युवक में ऊर्जा, वृद्ध तथा रोगी आदि में आशा का संचार करता है। दूसरे शब्दों में हठयोग अपने लक्ष्य की प्राप्ति में बहुत सहायता करता है। योगीन्द्र का मत है कि "युवा हो, वृद्ध हो, अतिवृद्ध हो, रोगी हो या दुर्बल हो सब योगांगों में आलस्य न करते हुए अभ्यास से सिद्धि प्राप्त कर लेता है।"[11]

हठयोग शरीर में कान्ति का संचार करता है। मुख पर प्रसन्नता उत्पन्न करता है, वाणी-विकार को दूर कर उसमें माधुर्य लालित्य एवं प्रभाव विकसित करता है। नेत्रों की निर्मलता को चिरस्थायी बनाने में हठयोग का विशेष महत्व है। हठयोग से रोगों का अभाव होता है। हठयोग की विलक्षणताओं

के विषय में योगीन्द्र का मत हैं कि ''देह की कृशता, मुख पर प्रसन्नता, वाणी की स्फुटता, नेत्रों की निर्मलता, रोग का अभाव, बिंदु-जय, अग्निदीपन तथा नाड़ी-विशुद्धि, ये हठयोग के लक्षण हैं।''[12]

हठयोग के महान साधक गुरु गोरखनाथ कहते हैं कि योगी को संसार में उसी तरह रहना चाहिए जैसे कमल पानी में रहता है। योगी अवधूत आँख से सब कुछ देखता है और कान से सब सुनता है पर वह मुख से कुछ कहता नहीं है। शरीर खूब भारी हो, पर यदि गुरु से भेंट न हुई तो वह शरीर दो कौड़ी की है। वे ज्ञान को गुरु मानते हैं चित्त को चेला कहते हैं और मन को मित्र। यदि ये सब अनुकूल हैं तो व्यक्ति सबके साथ है (स्वयं में स्वस्थ है)। यदि ये सब नहीं तो व्यक्ति अकेला (अस्वस्थ) है।

हठयोग में अनेक प्रकार के आसनों की चर्चा मिलती है जो दैहिक तथा आध्यात्मिक उन्नति में परम सहायक है। नाथ पंथ के संतों ने जिस हठयोग की अवधारणा दी वह लोककल्याणकारी तथा मानवता का पथप्रदर्शक है। हठयोग की समसामयिक उपयोगिता से विश्व आकर्षित हो रहा है।

संदर्भ-

1. वर्मा, रामचन्द्र-मानक हिन्दी कोश पृ.-512।
2. वर्मा, रामचन्द्र-मानक हिन्दी कोश पृ.-512।
3. जीवात्म परमात्म संयोगम् योगम्। - पिंगलि सूरन्ना (कलापूर्णोदयमु, 5।142)
4. विवेकानन्द साहित्य तृतीय खण्ड पृ.-31।
5. अरविन्द, भागवत मुहुर्त।
6. चिदानन्द सरस्वती-विश्वसूक्ति कोश पृ.-901 पर उद्धृत।
7. ध्यानबिन्दु उपनिषद् 2-3।
8. ज्ञानविज्ञान-तृप्तात्मा कूटस्थो विजितेन्द्रियः।
युक्त इत्युच्यते योगी समलोष्टाश्मकांचनः।। (गीता 6-8।)
9. मही रम्या शय्या विपुलमुपधानं भुजलता।
वितानं चाकाशं व्यजनमनुकूलोऽयमनिलः।।
स्फुरन्दीपश्चन्द्रो विरतिवनितासंगमुदितः।
सुखं शान्तः शेते मुनिरतनुभूतिनृप इव।। भर्तृहरि-वैराग्य शतक।
10. अशेषतापतप्तानां समाश्रयमठो हठः।
अशेषयोगयुक्तानामाधारकमठो हठः।। स्वात्माराम योगीन्द्र हठ प्रदीपिका 1-10।
11. युवा वृद्धोऽतिवृद्धो व व्याधितो दुर्बलोऽपि वा।
अभ्यासात् सिद्धिमाप्नोति सर्वयोगेष्वतंद्रितः।। स्वात्माराम योगीन्द्र हठ प्रदीपिका 1-64।
12. वपुः कृशत्वं वदने प्रसन्नता नादस्फुटत्वं नयने सुनिर्मले।
अरोगता बिन्दुजयोऽग्निदीपनं नाड़ीविशुद्धिर्हठयोग-लक्षणम्।। -स्वात्माराम योगीन्द्र हठ प्रदीपिका 2-78।

हम और हमारा जीवन

शिप्रा सिंह*

मानव जीवन के क्रमिक विकास का मुख्य आधार मानव के अन्दर निहित जिज्ञासा की प्रवृत्ति है। उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति की प्रबल इच्छा ने उसे सभ्यता का निर्माता बना दिया। विज्ञान भी मानता है कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। विज्ञान के इस सिद्धान्त के आधार पर मानव जीवन का क्रमिक विकास होना पाया जाता है। जैसे- आग की खोज, कच्चे खाद्य पदार्थ के स्थान पर पका भोजन खाना, पाषाणोपकरणों की खोज, पहिये का आविष्कार, पशुपालन, कृषि का विकास, धातुओं की खोज आदि।

तदनन्तर मानव में सहयोग एवं सामूहिक कार्य संस्कृति का विकास हुआ। सभ्यता के साथ, संस्कृति के विकास ने धरती पर संस्कृति में युगानुकूल परिवर्तन और परिवर्द्धन के साथ एक सम्पूर्ण जीवन-दर्शन को जन्म दिया। ऐतिहासिक/वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर ऐसा समझा जाता है कि कदाचित् 56 लाख वर्ष पहले पृथ्वी पर ऐसे प्राणियों का प्रादुर्भाव हुआ जिन्हें हम मानव कह सकते हैं। इसके बाद आदि मानव के कई रूप बदले और कालान्तर में लुप्त हो गये।

आज हमें आदि मानव के इतिहास की जानकारी मानव-जीवाश्मों, पत्थर के औजारों और गुफाओं की चित्रकारियों से मिलती है। सर्वप्रथम एशिया तथा अफ्रीका में स्तनधारी प्राणियों की 'प्राइमेट' नामक श्रेणी का उद्भव हुआ था। उसके बाद लगभग 240 लाख वर्ष पहले 'प्राइमेट' श्रेणी में एक उपसमूह उत्पन्न हुआ जिसे होमिनॉइड कहते हैं। इस उपसमूह में 'वानर' यानि 'एप' शामिल थे और फिर बहुत समय बाद, लगभग 56 लाख वर्ष पहले, हमें पहले होमिनिड प्राणियों के अस्तित्व का साक्ष्य मिलता है।

'होमिनिड' वर्ग होमिनॉइड उपसमूह से विकसित हुए। दो प्रकार के साक्ष्य से यह पता चलता है कि होमिनिडों का उद्भव अफ्रीका में हुआ था। पहला तो यह कि अफ्रीकी वानरों (एप) का समूह होमिनिडों से बहुत गहराई से जुड़ा है। दूसरा सबसे प्राचीन होमिनिड जीवाश्म, जो आस्ट्रेलो-पिथिकस

*विभागाध्यक्ष, बी.एड. विभाग, महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर

वंश के हैं, पूर्वी अफ्रीका में पाए गए हैं और उनका समय लगभग 56 लाख वर्ष पहले का माना जाता है। इसके विपरीत अफ्रीका से बाहर पाये गये जीवाश्म 18 लाख वर्ष से अधिक पुराने नहीं हैं।

'होमिनिड' होमिनिडेइ नामक परिवार के सदस्य होते हैं; इस परिवार में सभी रूपों के मानव प्राणी शामिल हैं। होमिनिडों को कई शाखाओं में विभाजित किया जा सकता है। इन शाखाओं को जीनस (वंश) कहते हैं। इन शाखाओं में आस्ट्रेलोपिथिक्स और होमो अधिक महत्त्वपूर्ण हैं। होमो लैटिन भाषा का एक शब्द है जिसका अर्थ है 'आदमी'। यद्यपि इसमें पुरुष और स्त्री दोनों शामिल हैं। वैज्ञानिकों ने होमो को कई जातियों में बाँटा है और इन प्रजातियों को उनकी विशेषताओं के अनुसार अलग-अलग नाम दिये हैं। इस प्रकार जीवाश्मों को होमो हैविलिस (औजार बनाने वाले), होमो एरेक्टस (सीधे खड़े होकर पैरों के बल चलने वाले) और होमो सैपियंस (प्रज्ञ या चिन्तनशील मनुष्य) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

मानव की उत्पत्ति और विकास पर अनवरत विमर्श जारी है। धर्म, दर्शन एवं विज्ञान के अपने-अपने मत और निष्कर्ष हैं। उपर्युक्त मम्बन्ध में पाँच मौलिक प्रश्न विचार-दर्शन के केन्द्र-बिन्दु हैं- हम (मानव) कौन हैं? हम कहाँ से आए हैं? हम क्यों आए? हमें कहाँ जाना है? हमारे लक्ष्य तक पहुँचने का मार्ग क्या है? इन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर में दुनिया के ऋषि, महात्मा, दार्शनिक, वैज्ञानिक इत्यादि सभी युगों-युगों से अनवरत प्रयत्नशील हैं। अनेक दावों के बाद अब तक उपर्युक्त प्रश्नों के सर्वमान्य उत्तर प्राप्त नहीं हैं। तथापि हिन्दू संस्कृति के ऋषियों, आचार्यों, दार्शनिकों के अनुभवजन्य मत सर्वाधिक तर्कसंगत, सुसंगत एवं ऐसे मानव सभ्यता-संस्कृति के मार्गदर्शक हैं, जहाँ मानव जाति सुख-शान्ति से अपनी जीवन-यात्रा पूर्ण करता हुआ मानव जीवनोद्देश्य को प्राप्त कर सकता है।

हम (मानव) कौन हैं?

भारतीय दर्शन एवं अध्यात्म में हम (मानव) कौन हैं, की विस्तृत व्याख्या आत्मा स्वरूप में मिलती है जिसके आधार पर हम यह कह सकते हैं कि आत्मा मानव के अन्दर विद्यमान चेतन-शक्ति है। इस विश्व का संचालक परमात्मा है। आत्मा इस परम चेतन परमात्मा का अंश है। जिस प्रकार जलप्रपात में पानी के छींटे उत्पन्न होते हैं पुन: उसी में विलीन हो जाते हैं उसी प्रकार विभिन्न जीवधारी परमात्मा से उत्पन्न होकर परमात्मा में विलीन हो जाते हैं। यह उत्पन्न होकर विलीन होना इसलिए रचा गया है कि इस विश्व में जो प्रेम का रस है सभी उसका रसास्वादन करें और उस आनन्द से परितृप्त होकर अपने को धन्य मानें। इस विश्व का सृजन ऐसे सुन्दर ढंग से हुआ है कि मानव अपने कर्तव्य एवं भाव-दृष्टि ठीक रखे तो उसे पग-पग पर आनन्द, उल्लास, सौन्दर्य और

शान्ति का अनुभव होता रहे। किन्तु दु:ख की बात है कि हम रास्ता भूलकर भ्रम-जंजाल में पड़ते हैं; उल्टी रीति से सोचते और करते हैं, फलस्वरूप जीवन दु:खमय हो जाता है। हमें इसे सुधारना चाहिए। यह सुधार ही मानव जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। यह सुधार ही हमें मुक्ति दिला सकता है।

हम (मानव) कहाँ से आये हैं?

मानव प्राकृतिक चक्र प्रक्रिया के अन्तर्गत पृथ्वी पर आया है। इस सम्बन्ध में वर्तमान समाज दर्शन में अपनी-अपनी अवधारणाएँ व आधार हैं, जो वैज्ञानिक/तार्किक व सामाजिक मान्यताओं के आधार पर सत्य प्रतीत होती हैं, किन्तु पूर्ण सत्य से बहुत दूर होती हैं। जैसे- कोई कहता है कि 'मैं अपनी माँ के गर्भ से आया हूँ', और कोई ये कहता है कि 'मैं विज्ञान की उपलब्धता के कारण ट्यूब बेबी के रूप में आया हूँ', या 'भगवान् के वर से आया हूँ।' उपर्युक्त मत पूर्ण सत्य की अल्पज्ञता के कारण हैं। क्योंकि जिस प्रकार मानव का शरीर प्राण-वायु के बिना मृत्यु को प्राप्त हो जाता है, उसी प्रकार बिना प्राण-वायु अथवा आत्मा के प्रवेश के माँ के गर्भ में जीवात्मा का प्रवेश नहीं होता है।

सामान्यत: अस्पतालों में अधिकांश डॉक्टर अपने समस्त वैज्ञानिक तरीकों के प्रयोग के बावजूद असफलता प्राप्त होने पर परमात्मा से प्रार्थना करने को बोलते हैं, क्योंकि परमेश्वर ही पूर्ण सत्य व वास्तविक नियन्ता है। हमारे शरीर को संचालित करने वाली आत्मा परमात्मा का ही एक अंश है, आत्मा परमात्मा से अलग होकर इस मृत्युलोक में आयी है। परमात्मा ने आत्मा को शरीर धारण कर स्वतंत्रतापूर्वक कर्म करने की प्रवृत्ति दे रखी है। मानव इसी स्वभाव के कारण सांसारिकता से बद्ध होकर भले-बुरे कर्म करता है। मानव का यह जन्म-मरण चक्र चलता रहता है। परमात्मा ने मानव को कर्म की स्वतंत्रता इसलिए दे रखी है कि मानव अपने जीवन को विकसित कर भले-बुरे कर्म का अन्तर समझ सके, उसकी सृष्टि को सुन्दरतम बना सके।

हम (मानव) यहाँ क्यों आये हैं?

हमारे (मानव के) जीवन-मरण का मुख्य आधार कर्मफल का सिद्धान्त है। मानव अपने अच्छे-बुरे कर्मों के अनुरूप जन्म ग्रहण करता है और उसका भोग करता है। मानव शरीर पूर्व जन्म के अच्छे कर्मों का ही प्रतिफल और परमात्मा का प्रसाद है। परमात्मा ने मानव को इस पृथ्वी पर सार्थक जीवन जीने के लिए भेजा है। मानवीय सामाजिक मूल्यों के निर्धारण के साथ निष्काम-कर्म-योग साधना के आधार पर इसी मानव शरीर से परमात्मा में एकाकार हो जाने की शक्ति प्राप्त मानव को ही प्राप्त है। आत्मा मानव का शरीर परमात्मा में एकाकार होने के लिए ही प्राप्त करती है।

वर्तमान समय में मानव अर्थवाद व तर्कवाद की ओर अग्रसर है। आज समाज में बहुतायत

मानव अपनी संतानों को डॉक्टर, इंजीनियर, व्यवसायी, अधिकारी इत्यादि समाज के उत्कृष्ट पदों की प्राप्ति कराने में गतिमान है, किन्तु मनुष्य बनने या बनाने की प्रक्रिया में हमारा ध्यान बहुम कम है।

हमें (मानव को) कहाँ जाना है?

भारतीय धर्म-दर्शन की लगभग सभी धाराओं की मान्यता है कि मानव आत्मा का शरीर रूप है। आत्मा परमात्मा का ही अंश है। अतः आत्मा की यात्रा परमात्मा परमात्मा में विलीन होने की ही है। अंश का अंशी में मिलन ही पूर्णता है। आत्मा का परमात्मा में समाहित हो जाना ही मुक्ति अर्थात् जन्म-पुनर्जन्म कीश्रृंखला का उच्छेद है। मानव-जीवन वस्तुतः शरीर में स्थित आत्मा की ही यात्रा है अतः मानव-जीवन का अभीष्ट भी मुक्ति है। अर्थात् हम जहाँ से (परमात्मा से उत्पन्न) आए हैं हमें पुनः वहीं (परमात्म तत्त्व में विलीन होना) जाना है। अन्यथा जन्म-पुनर्जन्म के बन्धन में मृत्युलोक की बार-बार यात्रा अवश्यम्भावी है।

हम (मानव) कैसे जायेंगे?

मानव अपने जीवन के अन्तिम लक्ष्य 'परमात्मा में एकाकार की स्थिति' में कैसे जायेगा, इसके प्रति अनेक धार्मिक मार्ग व विधियाँ हमारे वेदों, पुराणों, उपनिषदों आदि अनेक धार्मिक ग्रन्थों में वर्णित हैं, किन्तु उपर्युक्त में वर्णित विधियों व नियमों के साथ वर्तमान में जीवन का निर्वहन सहज नहीं है।

परमात्मा में एकाकार होना अर्थात् जन्म-मरण के बन्धन से मुक्ति का कोई भी प्रमाणित साक्ष्य नहीं हैं जिनका परीक्षण एवं सत्यापन किया जा सके। यही कारण है कि अधिकांशतः परमात्मा की सत्ता को मानते हैं किन्तु मोक्ष प्राप्ति के धार्मिक/आध्यात्मिक विधियों को अपनी उपयुक्तता व सुलभता के अनुरूप संशोधित स्वरूप में लेते हैं, जो धीरे-धीरे पंथ के स्वरूप में विकसित हो जाती है। पतंजलि एवं गोरखनाथ जैसे ऋषियों का मानना है कि अष्टांग योग = यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि के द्वारा क्रमिक अभ्यास एवं साधना के द्वारा मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण ने ज्ञान, कर्म और भक्ति को मुक्ति का मार्ग कहा है।

रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कर्म की प्रधानता स्वीकार करते हुए प्रासंगिक चौपाई लिखी है-

"कर्म प्रधान विश्व करि राखा, जे जस करहि ते तस फल चाखा।"

मोक्ष हेतु तत्त्वज्ञान अनिवार्य है। मोक्ष का अर्थ जन्म-मरण से मुक्ति होना है। पृथ्वी लोक पर उत्पन्न प्रत्येक मानव/जीव की मृत्यु होती है, जो सार्वभौमिक सत्य है।

अन्ततः मोक्ष धर्म की वह अवधारणा है जो जीवन में आस्था व कर्म के रूप में मानव को दुर्व्यसनों से दूर रहते हुए धार्मिकता के निर्वहन हेतु आन्तरिक शक्ति प्रदान करता है जिससे वह स्वस्थ सुसंगठित व धार्मिक समाज का निर्माण करता है। इसलिए मानव को अपनी अन्तरात्मा की आवाज को सदैव सुनते हुए मानवता रूपी धर्म के निर्वहन हेतु सदैव कटिबद्ध रहते हुए अग्रसर रहना चाहिए, तो निश्चित रूप से मोक्ष की प्राप्ति हो जायेगी।

जीवन उद्देश्य

मानव जीवन का उद्देश्य जन्म-मरण के बन्धन से मुक्त होना है। यह तभी सम्भव है जब वह अपने श्रेष्ठतम जीवन-मूल्य को विकसित करता हुआ, जीता हुआ, सदाचरण एवं सच्चरित्रता का पर्याय बने। मानव जीवन का उद्देश्य मात्र शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं है, शरीर का भरण-पोषण नहीं है, इन्द्रियों का सुख नहीं है अपितु संयमित, नियमित एवं आदर्शपूर्ण जीवन-यापन भी है। भोग और कामना ही मानव जीवन की उपलब्धि नहीं अपितु संयम, नियम, आदर्श, अध्यात्म-चिन्तन भी जीवन का हिस्सा है। मानव जीवन मात्र संकीर्णता और बद्धता, स्वार्थ और लिप्सा तथा कामना-वासना का नाम नहीं है। नश्वर भौतिक सुख, क्षणिक इन्द्रिय-सुख तथा लौकिक समृद्धि ही जीवन नहीं है, अपितु सांसारिकता के साथ-साथ आध्यात्मिकता, भोग के साथ योग, कामना के साथ साधना, तन के साथ मन, बद्धता के साथ मुक्ति और नश्वरता के साथ अनश्वरता, मृत्यु के साथ अमरता ही पूर्ण जीवन है। वास्तविक और अविच्छिन्न जीवन का अर्थ यही है। यही जीवन सार्थक है, सात्विक है, परमोद्देश्य प्राप्त करने वाला है, लक्ष्य सिद्ध करने वाला है।

भारतीय ऋषियों ने लौकिक तथा पारलौकिक जीवन का समग्रता के साथ विचार किया। जन्म-मृत्यु के साथ आत्मा की अमरता कर्म एवं पुनर्जन्म का सिद्धान्त प्रतिपादित करते हुए मुक्ति अथवा मोक्ष को जीवन का परम उद्देश्य माना। मुक्ति के दो मार्ग स्वीकार्य किये- एक सामान्य मानव जीवन जीते हुए अर्थात् भौतिक संसार का आनन्द लेते हुए मुक्ति पाना तथा दूसरा आजीवन ब्रह्मचारी रहते हुए परमात्मा के साथ एकाकार होकर विविध उपासना पद्धतियों के विविध मार्गों से होते हुए निवृत्ति मार्ग के अनुसरण के साथ जन्म-मरण के बन्धन से मुक्त होना। इन दोनों मार्गों की अपनी-अपनी विशिष्टताएँ हैं। तथापि कठिन मार्ग पहला है। प्रथम मार्ग में मोह-माया तथा मृत्युलोक एवं भौतिक जीवन के विविध आकर्षण मुक्ति की तरफ बढ़ते मानव जीवन की बड़ी बाधा है। किन्तु मृत्युलोक का यही मायाजाल सृष्टि का सौन्दर्य है, सृष्टि की पहचान है और दुनिया का वास्तविक रंगमंच। सर्वाधिक या यों कहें अपवाद को छोड़कर अधिकांश मनुष्य इसी पथ का पथिक बनना पसन्द करता है और इसी राह का राही भी।

भारतीय ऋषियों ने अपने साथ-साथ इस कंटकाकीर्ण लौकिक जीवन रूपी पथ के पथिकों को जीवन जीने तथा मुक्ति पाने के भी व्यवस्थित एवं व्यावहारिक मार्ग खोजे। अनेक पीढ़ियों की सिद्धि, उनके अनुभव, उनकी दिव्य दृष्टि से मानव जीवन को मुक्ति का मार्ग देने का मंत्र पुरुषार्थ है, जो धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का समुच्चय रूप है। यही जीवन का अभीष्ट उद्देश्य है।

पुरुषार्थ उस सार्थक जीवन-शक्ति का द्योतक है जो व्यक्ति को सांसारिक सुख भोग के बीच अपने धर्म-पालन (कर्तव्य-पालन) के माध्यम से ईश्वर-प्राप्ति या मोक्ष की राह दिखलाता है। पुरुषार्थ जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति तथा अन्तिम लक्ष्य को दृष्टि में रखकर चार तत्त्वों को समाहित करता है- 1. धर्म, 2. अर्थ, 3. काम, 4. मोक्ष। इन चारों के विस्तृत अर्थ पर विचार कर लेना चाहिए। धर्म, अर्थ, काम का सम्बन्ध हमारे दैनिक जीवन से है। अन्तिम पुरुषार्थ अर्थात् मोक्ष हमारे पहले तीन कार्यों पर आधारित जीवन का परमोद्देश्य है।

प्रथम पुरुषार्थ **धर्म** है। धर्म शब्द का बड़ा व्यापक अर्थ है। इसमें हमारे वे सभी कर्तव्य सम्मिलित हैं जो भिन्न-भिन्न धार्मिक, सामाजिक या नैतिक मान्यताओं से सम्बन्ध रखते हैं। प्रत्येक परिस्थिति में मनुष्य का क्या-क्या कर्तव्य होना चाहिए, यह सब धर्म शब्द के अन्तर्गत समाहित है। धर्म उन उपयोगी सिद्धान्तों के समूह हैं जो हमारे दैनिक जीवन और समस्याओं का हल प्रस्तुत करते हैं। हमारे सुबह सोकर उठने से लेकर रात के सोने तक हम जो भी अच्छा कर रहे होते हैं, वह सब धर्म के अन्तर्गत है। मानव का यही धर्म मानवता का धर्म है। धर्म द्वारा ही मानव में प्रेम व भक्ति की भावना का जन्म होता है, जो अपने विकसित स्वरूप के साथ समाज मानव जीवन को आदर्श रूप में स्थापित करता है।

धर्म का महत्त्वपूर्ण अंग है नैतिकता। नैतिकता एक ऐसा अनुशासन है जो व्यक्ति की चेतना में संवेदना को जन्म देकर और उसे पोषित करने हेतु वातावरण प्रदान करता है। संवेदना एक ऐसा गुण है, जो प्रत्येक मानव में होना चाहिए। जब तक हम अपने और अपने आस-पास की चीजों के प्रति संवेदनशील नहीं होंगे तब तक हम सही मायने में अपने धर्म का पालन नहीं कर सकेंगे। धर्म शब्द सुनने में बड़ा लगता है। यदि किसी व्यक्ति से यह कहा जाता है कि अपने धर्म का निर्वहन करे तो यह शब्द सुनने वाले व्यक्ति के लिए भारी महसूस होता है। जबकि धर्म एक सहज जीने वाला पुरुषार्थ है, प्रत्येक व्यक्ति के जीवन के अपने कर्तव्य होते हैं। उन कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होना ही धर्म है। उदाहरण के लिए एक विद्यार्थी के जीवन का कर्तव्य मात्र विद्यालय में प्रवेश लेकर कक्षाएँ पढ़कर डिग्री प्राप्त कर लेना ही नहीं है। विद्यार्थी जिस विद्यालय में पढ़ रहा है उसके विद्यालय में प्रवेश से लेकर निकलने तक विद्यालय की सम्पूर्ण गतिविधियों का पालन करते हुए शिक्षा एवं ज्ञान प्राप्त करना उसका कर्तव्य है। विद्यालय विद्यार्थी का दूसरा घर है, जहाँ से वह

शिक्षित होता है, ज्ञानी होता है, समझदार बनता है, कुशल बनता है, दृष्टि पाता है। वहाँ की स्वच्छता, अनुशासन, सम्पूर्ण परिसर संस्कृति, पाठ्य-सहगामी क्रियाएँ सभी का पालन अपने घर की तरह करना ही विद्यार्थी का धर्म है। यही वास्तविक शिक्षा है।

उपर्युक्त उदाहरण मानव के परिवार के साथ-साथ उसके समाज एवं कार्य-क्षेत्र सभी पर लागू होता है। वस्तुतः मानव की संवेदनशीलता का विकास ही धर्म है। जो प्रयास मनुष्य को उसके कर्तव्य के सही दिशा में ले जाए वह धर्म है। धर्मप्रधान पुरुषार्थ व्यक्ति, समाज, राष्ट्र व संस्कृति के सर्वांगीण अभ्युदय का कारण बनता है।

मानव मात्र के लिए श्रेष्ठता के पथ पर बढ़ने में सहायक धर्मोत्पत्ति के दस लक्षण मनु ने बताए हैं, उन्हें धर्म के दस लक्षण भी कहा जाता है।

"धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रिय निग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।।" (मनुस्मृति, 6/62)

अर्थात्- धैर्य, क्षमा, मनःसंयम, न्यायपूर्ण जीवन, बहिरंग व अंतरंग की पवित्रता, विषयों के अधोगामी प्रवाह को रोकना, विवेकबुद्धि/आत्मज्ञान, मन-वचन-कर्म से व्यक्ति का शुद्ध होना व प्रिय सत्य बोलना, आत्मनियंत्रण (आवेश में न आना) - ये दस लक्षण धर्म के बताये गये हैं। व्यावहारिक जीवन की दृष्टि से परिष्कृत व्यक्तित्व हेतु अनिवार्य ये सद्गुण हैं, जो किसी भी सभ्यता-मान्यता को मानने वाले व्यक्ति को अस्वीकार्य नहीं हो सकते। सभी के लिए वह कल्याणकारी गुण है।

कुछ धर्म सामान्य धर्म होते हैं, कुछ विशेष। दान सामान्य धर्म है परन्तु रोगी ऐसे पदार्थ आकर माँगे जो उसे नुकसान करेंगे तो उसे वह पदार्थ न देना विशेष धर्म है। इसी प्रकार अपराधी को क्षमा कर देना अहिंसा नहीं, कायरता है। फोड़े पर चीरा लगाना चिकित्सक का विशेष धर्म है, हिंसा नहीं। इस प्रकार धर्म सदैव देश, काल, परिस्थिति व औचित्य के साथ देखकर उसका निर्धारण किया जाना चाहिए। आपद्धर्म केवल आपत्तिकाल तक के लिए होता है और वह भी उतने ही अंश जितने अंश में आपत्तिकाल चल रहा हो। मरणासन्न रोगी को वैद्य ने लहसुन दे दिया तो जरूरी नहीं कि अच्छा होने पर भी लहसुन उसका खाद्य हो जाय। युगधर्म वह है जो उस समय काल के लिए किया जाने योग्य कर्तव्य है। स्वतंत्रता संग्राम में देश के लिए लड़ना युगधर्म था तो आज पीड़ित मानवता की सेवा युगधर्म है।

वस्तुतः धर्म हमें कर्तव्य की प्रेरणा देता है साथ ही फल की ओर से तटस्थ रहने का आदेश भी देता है। धर्म का लक्ष्य संवेदना का जागरण है तथा पारस्परिक सद्भाव का विकास भी है। इस भावना का जितना विस्तार होगा, धर्म की उतनी ही रक्षा होगी।

अर्थ एक पवित्र शक्ति है। अर्थ का व्यय शुभ सात्विक कार्यों में होना चाहिए और उसे ईमानदारी से कमाना चाहिए। गृहस्थ जीवन को सुखमय बनाने के लिए 'अर्थ' शक्ति की जरूरत है, शेष आश्रम इसी गृहस्थ जीवन के भरोसे रहते हैं। इसलिए गृहस्थ का यह पुण्य कर्तव्य हो जाता है कि वह सत्य आचरण द्वारा सात्विक कमाई करे और स्वयं अपने तथा समाज के लिए कल्याणकारी कार्यों में उसका उपयोग करता रहे।

मानव संसार भर की दौलत पाकर भी तृप्त नहीं हो सकता। इसलिए अर्थ को धर्म का आधार देकर कार्य करना चाहिए। यदि कोई विलासी-सुख साधनों में लिप्त है केवल धार्मिक होने का दिखावा कर रहा है तो वह धीरे-धीरे संवेदना की दृष्टि से निष्ठुर होता चला जायेगा, उससे धर्म भी उतना ही दूर हो जायेगा। धर्मप्रधान अर्थशास्त्र की स्थापना हेतु ऋषिगणों का कहना है-

"**शतहस्तं समाहरं सहस्रहस्तं संकिर।**" -अथर्ववेद (3/24/5)

अर्थात्- सैकड़ों हाथों से कमाओ किन्तु हजारों हाथों से बाँट दो।

अर्थ के प्रवाह प्रक्रिया को अवरुद्ध नहीं करना चाहिए। इसे विवेकसम्मत दान की पुण्य प्रक्रिया का आश्रय लेकर समाज को श्रेष्ठ बनाने वाले कार्यों में नियोजित करना ही धर्म है। "**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।**" का दर्शन देने वाली भारतीय संस्कृति अर्थोपार्जन व उसकी सुरक्षा हेतु शील-संयम व उदारता को प्रमुख मानती है और अर्थ का पुरुषार्थ धर्म के आधार पर व्यय करने की प्रेरणा देती है।

अर्थ की अधिकता व अल्पता भी परिस्थिति के अनुरूप मानव के मूल धर्म के निर्वहन में बाधक हो जाता है इसलिए अर्थ की आवश्यकता/उपलब्धता के प्रति संत कबीरदास जी कहते हैं-

"साईं इतना दीजिए, जामे कुटुम्ब समाय।
मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाय।।"

उपर्युक्त के मार्मिक अर्थ का पूर्णतया मानव द्वारा आत्मसात किये जाने के उपरान्त अर्थ के वास्तविक सदुपयोग के साथ धार्मिकता का विकास होता है।

काम का अर्थ है इच्छा। काम का उदय मन में होता है इसलिए काम को 'मनसिज' भी कहा जाता है। मानव मन की स्वाभाविक प्रवृत्ति कामना अर्थात् इच्छा है। यही कामना सांसारिक भोगों का कारण है तो यह काम भगवत् प्रेम उत्पन्न करता है जिसकी पूर्ति ईश्वरोपासना में होती है, और जो मुक्ति का कारण बनती है।

काम भी धर्म पर आधारित होना चाहिए जिससे हमारे विषयभोग एवं इच्छापूर्ति के प्रयत्न से

सामाजिक व्यवस्था न बिगड़े, समाज में अशान्ति न पैदा हो। हमारा भोग भी समाज के लिए सुखकर हो। काम का औचित्य की मर्यादा में रहकर यदि सम्पादन किया जाय, तो वह उल्लास तथा आत्मिक आनन्द देता है तथा धर्मप्रधान होने के कारण मोक्ष का मार्गी बनता है।

population of female was 5.34 less then male population(in India 3.46).Due to the fall in the sex- ratio of Uttar Pradesh from 885 to 879 (in India 934 to 927) during 1980 to 1991. And in 2001 the number of female is 898 per 1000 male.(in India 933). A graph indicating fall in the sex- ratio for the last 5 decades (1951-2001) is given below in India and Uttar Pradesh.[14]

Sex Ratio Of Women In India & Uttar Pradesh [15]

YEAR	INDIA	UTTAR PRADESH
1951	946	910
1961	941	909
1971	930	879
1981	934	885
1991	927	879
2001	933	898

This graph is indicate that the position of women in Uttar Pradesh is not so good and not only Uttar Pradesh , also India has always prossessed the hateful legacy of killing the female child. The blind killing of female foetuses has led to a precarious situation where the male-female ratio of the population is being affected.

Kidnapping & Abduction Cases In India & Uttar Pradesh[16]

YEAR	INDIA	UTTAR PRADESH
1991	12300	2330
1992	12077	2218
1993	12300	2330
1994	12077	2218
1995	11837	2403
1996	12998	2860
1997	15617	2460
1998	16381	2882
1999	15962	2746
2000	15023	N.A
2001	14645	2879

According to this graph Incidence of these cases reported a decline of 2.5 per cent as compared to the previous year (15,023) in 2001. On the other hand Uttar Pradesh (2,879) contributed 19.7 per cent total cases at the national level and this is a heights number of these case all over the country.

Molestation, Importation Of Girls,Cruelty By Husband And Relatives

According to NCRB in the year of 200121.69% increase in molestation of women's cases (2575 compared to 2116 in 1991) and80% increase in cruelty by husband and relative crime cases (7365 compared to 1415 in1991) in Uttar Pradesh.[17]

Incidences & Rank Of Total Crimes Committed Against Women In India And Uttar Pradesh During 1981 To 2001 [18]

YEAR	INDIA	UTTAR PRADESH	RANK OF U.P
1991	74093	11438	N.A
1992	79037	12873	16
1993	83954	14048	12
1994	98948	15914	13
1995	106471	11976	20
1996	115723	13614	20
1997	121265	11849	3
1998	131338	17497	1
1999	135771	16912	2
2000	141373	18920	1
2001	143795	20227	1

On the facts and figures pertaining to crimes against women in UP, the findings were dismal ,after 1996 the graph of crime against women in Uttar Pradesh was inceres very fastly . According to the 2000 report of the National Crimes Research Bureau, the total number of reported crimes against women was 141373, with 18920 (13.10%) being in Uttar Pradesh. This was the highest number of crimes all over the country. In 2001 out of a total of crimes against women143795, 20227 were in UP (14.1%), again the highest in the country.

While these are official recorded figures, it is also important to remember that there may be many more crimes which go unreported, due to a number offactors such as fear of family members, social stigma, and embarrassment of registering a case with

the police. Add to this the long and slow process of getting justice, and it is no wonder that women hesitate and think many times before lodging a formal complaint.

The high rates of crime against women in the state, combined with the staggeringly low number of literacy rate, high drop out rate of girls from education,(*Illiteracy is one of the main reason for crime against women because illiterate women are not aware for her rights. And they has always been dependent upon man for everything.India's especially Uttar Pradesh record in education however, is dismal at best. After 51 year of independence,literacy rates are shamefully low"42.28%".*), **lack of awareness of their rights,traditional oppression and customs,poverty,economic disparity**(*according to censes of Uttar Pradesh 2001 the percentage of working women is only 16.53% out of the total population of women*)**,and low number of political representation of women in legislative bodies(*6.39%*)etc.** are the prime factors*increased to this escalation of violence against women in the state of Uttar Pradesh.*

REFERENCE

1. Rai Rahul (2009) *"Empowerment of Women in India:Myth & Reality"*, New Delhi, p.101
2. *National Crime Record Bureau (1999)*, Government of India, p. 201
3. Rao Mamta (2008) *"Low Relating to Women & Children"*, New Delhi, p.23
4. Singh Nishant (2008) *"MahilaVidhi"* New Delhi
5. *National Crime Record Bureau (1981 to 2001), Op.cit*
6. Reported In *India Today*, September 9, 2002.
7. Survey By *C-Voter*.A Private Research Group In Delhi.
8. *National Crime Record Bureau (2001) Op.cit.*p. 217
9. Institute of Development And Communication (IDC) *On Atrocities Against Women Reported In India Today*, September, 9, 2002
10. *National Crime Record Bureau (2001) Op.cit.*p
11. *National Crime Record Bureau (1991 to 2001) op.cit*, p.239, 260, 259, 223, 232, 290, 170, 164, 208, 217
12. *National Crime Record Bureau (2001) op. cit*, p.*210*
13. RaoMamta,*op.cit, p.141*
14. *National Crime Record Bureau (2002) op, cit*, p. 229, *Censes Of India*, 1951 To 2001
15. *ibid*
16. *National Crime Record Bureau (1991 to 2001) op.cit*
17. *National Crime Record Bureau (1991 to 2001) op.cit.p. 239, 217*
18. *National Crime Record Bureau (1991 to 2001) op.cit.* p. 239, 237, 257, 221, 231, 289, 169, 163, 207, 207, 216.

प्राचीन भारतीय ग्रंथों में सैन्य तकनीकि एवं वैज्ञानिकता की पराकाष्ठा

रमाकान्त दुबे*

प्राचीन भारतीय धर्म ग्रंथों, वेदशास्त्रों और पुराणों में विभिन्न प्रकार के अस्त्र-शस्त्रों का वर्णन मिलता है। वर्तमान समय की यह विडम्बना है कि पाश्चात्य विचारधारा और तकनीकि विकास की चकाचौध से प्रभावित लोग इन अस्त्र-शस्त्रों की क्षमता और सटीकता को मात्र एक कपोल कल्पना मानते हैं तथा इसकी विश्वसनीयता को एक सिरे से खारिज कर देते हैं। ऐसे लोगों का यही मानना है कि विज्ञान केवल पाश्चात्य देशों से उत्पन्न है तथा पाश्चात्य वैज्ञानिकों के विभिन्न अन्वेषणों तथा अविष्कारों के पूर्व वैज्ञानिकता कुछ थी ही नहीं। जबकि हम अपने अतीत के विज्ञान के विकास के विषय में देखें तो आज के आधुनिक और वैज्ञानिक कहे जाने वाले युग में भी हम विज्ञान की उस पराकाष्ठा को समझने और उस तक पहुचने में पुर्णतः असफल रहे हैं जिनका वर्णन भारतीय प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। हमारे प्राचीन अस्त्र-शस्त्रों में वैज्ञानिक पराकाष्ठा की झलक अनेक सन्दर्भो में देखे जा सकते हैं और उनमे से कुछ बिंदु निम्नांकित सन्दर्भो में समझे जा सकते हैं।

हमारे प्राचीन ग्रंथों में वर्णित अस्त्र-शस्त्रों में ब्रह्मास्त्र एक सुपरिचित अस्त्र माना जाता है और इसे ब्रह्मा जी का अस्त्र मानते हैं। ब्रह्मास्त्र के विषय में एक प्रमाण मिलता है कि इसका प्रभाव व्यापक विनाश वाला, सूखा की स्थिति उत्पन्न करने वाला, क्षण भर में हजारों लोगों को जलाकर भष्म कर देने वाला, स्त्री एवं पुरुषों को नपुंसक कर देने वाला, लोगों को अपंग तथा अपाहिज कर देने वाला, नाखूनों, बालों एवं शरीर के विभिन्न अंगों को विकृत कर देने वाला था। आधुनिक युग के वैज्ञानिक नाभिकीय हथियारों के विकास के पूर्व तक भले ही इसे काल्पनिक मानते हों लेकिन परमाणु हथियारों की उत्पत्ति और उसके विनाशक प्रभाव के बाद ब्रह्मास्त्र के प्रभाव की प्रमाणिकता पर प्रश्न नहीं खड़े किये जा सकते क्योंकि ब्रह्मास्त्र के जितने भी प्रभाव बताये गए हैं उनका ज्वलंत उदाहरण हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए परमाणु हथियारों के सन्दर्भ में देखे जा सकते हैं, अर्थात परमाणु हथियारों के प्रयोग के पश्चात् जो भी अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन परिणाम देखने

* असिस्टेंट प्रोफेसर, रक्षा एवं स्त्रातिजिक अध्ययन विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसर, गोरखपुर

को मिले हैं उन सभी का वर्णन ब्रह्मास्त्र के प्रभाव में वर्णित है। इसके परिपेक्ष्य में यह भी कहा जा सकता है कि भारत में परमाणु हथियारों का विकास ब्रह्मास्त्र के रूप में कई हजार वर्ष पूर्व में हो चुका था।[1]

प्राचीन साहित्यों में ब्रह्मास्त्र से भी अधिक शक्तिशाली अनेक शस्त्रों का वर्णन है जो आधुनिक परमाणु हथियारों से कई गुना शक्तिशाली और उत्कृष्ठता की ओर इंगित करते हैं। प्राचीन शास्त्रों में ब्रह्माण्ड अस्त्र का वर्णन मिलता है जो ब्रह्मास्त्र से भी चार गुना अधिक शक्तिशाली था। इसका अर्थ इस रूप में समझा जा सकता है कि इसके प्रयोग से किसी भी देश को पूर्णतः नष्ट किया जा सकता था। क्योंकि किसी भी राष्ट्र के विरुद्ध यदि चार परमाणु हथियारों या किसी परमाणु हाथियार से चार गुना अधिक शक्तिशाली हथियार का प्रयोग कर दिया जाए तो एक सामान्य देश जिसकी भौगोलिक सीमा बहुत बड़ी न हो, उसे पूर्ण रूप से नष्ट किया जा सकता है। इसी प्रकार ब्रह्मशिरास्त्र का भी वर्णन मिलता है जो ब्रह्माण्ड अस्त्र से भी चार गुना अधिक शक्तिशाली था। इस शस्त्र की परिकल्पना ऐसे हथियार के रूप में की जा सकती है जो पूर्ण रूप से किसी महाद्वीप को नष्ट करने में सक्षम हो। इन सभी शस्त्रों से भी अधिक शक्तिशाली शस्त्र पशुपतास्त्र था जो महादेव शिव का अस्त्र था[2] और यह ब्रह्मशिरास्त्र से भी चार गुना अधिक शक्तिशाली था। इसकी विनाशक क्षमता इस रूप में आंकी जा सकती है कि इसके प्रयोग से सम्पूर्ण पृथ्वी को एक साथ नष्ट किया जा सकता था। यह अस्त्र चूँकि शिव जी का अस्त्र था, शायद इसीलिए महादेव शिव को विश्व के संहारकर्ता के रूप में भी जाना गया हो और इस अस्त्र के प्रयोग से किसी के भी बच निकलने की सम्भावना बिलकुल नही थी। इसे शिव जी के पिनाका धनुष से प्रक्षेपित किया जाता था जिसका अर्थ यह है कि यह मिसाइल तकनीकि पर आधारित सम्पूर्ण विनाश का हथियार था। ऐसा वर्णन आता है कि महादेव शिव ने पशुपतास्त्र से त्रिपुर को नष्ट किया था जिसके कारण उन्हें त्रिपुरारी भी कहा जाता है। त्रिपुर का अर्थ तीनों लोकों से है। अर्थात यह एक साथ तीनों लोकों को निशाना बना सकता था। इस प्रकार की प्रणाली हमें आधुनिक युग में मल्टी टारगेट मिसाइल सिस्टम के रूप में दिखाई देती है जो एक साथ कई लक्ष्यों को निशाना बना सकती है। त्रिपुर का सन्दर्भ इस दृष्टि से भी देखा जा सकता है कि यह पृथ्वी के साथ-साथ अन्य ग्रहों को भी निशाना बना सकती थी। कहा जाता है कि इसके प्रहार से ब्रह्मा और विष्णु भी नहीं बच सकते थे।

दुनिया के अनेकों देशो ने विभिन्न प्रकार के नाभिकीय हथियारों का निर्माण एवं भण्डारण कर रखा है। और संख्या के दृष्टिकोण से ये दुनिया के किसी भी देश या क्षेत्र को पूर्ण रूप से नष्ट करने में सक्षम हो सकते हैं परन्तु अभी तक शायद किसी भी राष्ट्र ने ऐसे हथियार विकसित नहीं कर पाए हैं जो एक ही प्रहार से किसी राष्ट्र, क्षेत्र, महाद्वीप, या सम्पूर्ण पृथ्वी को नष्ट करने में सक्षम हो। इस परिपेक्ष्य में आधुनिक विज्ञान हमारे प्राचीन आयुध तकनीकों से अभी बहुत पीछे है तथा इसे

वहां तक पहुचने में अभी बहुत लम्बी दूरी तय करनी होगी। इसका एक अन्य पहलु यह भी है कि इस प्रकार के अस्त्र-शस्त्रों की उपलब्धता के बावजूद इसके दुरूपयोग का कहीं भी जिक्र नहीं मिलता है। ऐसे में यह प्रश्न बनता है कि वर्तमान समय के विनाशक हथियारों के दुरूपयोग या दुर्घटना को रोकने की गारंटी दी जा सकती है क्या?

प्राचीन शस्त्रों में इन्द्रास्त्र नामक शस्त्र का भी वर्णन मिलता है जो इंद्र देव की वाणी से निर्देशित होता था और बिना उनके निर्देश के इसका प्रयोग अन्य कोई नहीं कर सकता था।[3] इसके वर्णन में मिलता है कि इसके पिछले भाग से आग निकलता था। आगे का भाग चमकीला था। यह तीर नहीं बल्कि बरछे के समान था और प्रक्षेपित करने पर यह घूमता हुआ अपने लक्ष्य तक जाता था। इसका एक अन्य वर्णन यह भी है कि यह घटोत्कच को आकाश में ही मार गिराया था। इस इन्द्रास्त्र को हम आधुनिक हथियारों के नजरिये से देखें तो यह आधुनिक मिसाइल का प्रारूप दिखाई देता है। इसे हम ध्वनि नियंत्रित, स्वचालित, स्थल से हवा में मार करने वाली मिसाइल के रूप में देख सकते हैं। इसका तात्पर्य यह हुआ कि जो हम मिसाइलों को आधुनिक युग की देन मानते हैं, इसका उत्कृष्ट विकास प्राचीन भारत में हो चुका था।

भारत के प्राचीन अस्त्र शस्त्रों के विषय में यदि हम आगे बढ़े तो हमे नारायणास्त्र के बारे में जानकारी प्राप्त होती है। इसका वर्णन हमे इस रूप में मिलता है कि यह सेना के ऊपर मडराता रहता था और युद्ध की इच्छा रखने वाले सैनिकों पर यह लोहे का गोला बरसाता था। आधुनिक सन्दर्भ में इसे इस रूप में देख सकते हैं कि यह सेंसर युक्त ड्रोन था जो सैनिकों के हाव भाव एवं मनोवृत्ति को जानने में पूर्णतया सक्षम था तथा युद्ध की इच्छा न रखने वाले को किसी भी प्रकार से हानि नहीं पहुँचाता था। नारायणास्त्र को दूर से संचालित किया जा सकता था अर्थात यह रिमोट से संचालित होने वाला ड्रोन था। इसकी एक अन्य विशेषता यह भी थी कि सेना के आत्म समर्पण के बाद यह पुन: अपने स्थान पर वापस चला जाता था और इसका प्रयोग केवल धर्म युद्ध में किया जा सकता था। आधुनिक युग में इसे यह कह सकते हैं कि यह सर्जिकल स्ट्राइक करने में पूर्णत: सक्षम एवं निपुण अस्त्र था जिसका उद्देश्य मात्र सशस्त्र सैनिकों को ही लक्ष्य बनाने का था और साधारण जनता को नुकसान पहुँचाना इसका उद्देश्य नहीं था। इसका प्रयोग युद्ध को हतोत्साहित करने के लिए किया जाता था। इससे यह प्रमाणित होता है कि ड्रोन निर्माण की उत्कृष्ट तकनीकि प्राचीन भारत में पूर्ण रूप से विकसित हो चुकी थी और इसकी तकनीकि उत्कृष्ठता को हम अभी तक प्राप्त नहीं कर सके हैं।

वैदिक साहित्यों के समकक्ष एक साहित्य धनुर्वेद भी है जिसमे विभिन्न प्रकार के धनुषों, उनकी क्षमताओं तथा निर्माण तकनीकि का वर्णन मिलता है. धनुर्वेद को यदि आधुनिक परिपेक्ष्य में देखें तो उस युग के धनुषों को हम विभिन्न प्रकार के मिसाइल के लॉन्चिंग पैड के रूप में देख सकते

हैं। धनुर्वेद में धनुषों के विभिन्न माप, उनके प्रकार, उनकी गुणवत्ता, उनकी क्षमताएं आदि विभिन्न रूपों में वर्णित हैं। धनुर्वेद के अध्ययन से ऐसा लगता है कि वैदिक कालीन धनुष आधुनिक कम्पास प्रणाली पर पूर्ण रूप से विकसित किये गए थे और आँखों से न दिखने वाले लक्ष्यों को भी आसानी से निशाना बनाया जा सकता था। धनुर्वेद में वर्णित धनुषों की यह विशेषता थी कि अलग-अलग धनुषों से अलग-अलग प्रकार के बाण छोड़े जाते थे।[4] रामचरित मानस में यह उल्लेख आता है कि लक्ष्मण को चेतन अवस्था में लाने के लिए जब हनुमान जी संजीवनी बूटी को हिमालय पर्वत से लेकर अयोध्या से होते हुए लंका को जा रहे थे तो भरत ने उन्हें कोई राक्षस समझकर बाण से प्रहार करके नीचे गिरा दिया। परन्तु जब भरत को पता चला कि हनुमान जी लक्ष्मण जी के लिए संजीवनी बूटी लेकर जा रहे थे तो उन्होंने हनुमान जी से कहा कि आप बाण पर बैठ जाइये और मैं शीघ्र आपको लंका पहुँचा दूँगा। यह घटना यह सिद्ध करती है कि वह कोई साधारण धनुष बाण न रहा होगा बल्कि विशेष रॉकेट प्रणाली रही होगी।

हमारे वैदिक साहित्य में सुदर्शन चक्र का वर्णन तो नहीं मिलता है परंतु अन्य हिन्दू धर्म ग्रंथों में इसकी पर्याप्त चर्चा है और इसे विष्णु भगवान का अस्त्र माना जाता है।[5] इस अस्त्र की विशेषता यह मिलती है कि यह अपने लक्ष्य पर प्रहार करके पुनः वापस चला आता था। यह ऐसे लक्ष्यों को भी निशाना बना सकता था जो दृष्टिगत न हों। इसके पास लक्ष्य को ढूंढ कर उसका पीछा करके उसको नष्ट करने की क्षमता थी। वर्तमान समय में ऐसी अनेकों मिसाइलें तथा सैन्य उपकरण विकसित किये जा चुके हैं जो दृष्टिगत न होने वाले लक्ष्यों को ढूंढकर तथा उनका पीछा करते हुए उन्हें नष्ट करने की क्षमता रखते हैं लेकिन अभी तक कोई ऐसा हथियार विकसित नहीं हो पाया है जो लक्ष्य को भेदने और नष्ट करने के पश्चात् वह पुनः वापस आ सके और उसका पुनः उपयोग किया जा सके। इस दृष्टिकोण से सुदर्शन चक्र की तकनीकि आधुनिक हथियारों की तुलना में बहुत ही विकसित एवं उच्च कोटि की थी। भगवान विष्णु के तलवार नन्दिकी का भी वर्णन मिलता है जिसकी यह विशेषता थी कि यह जिस पर भी प्रहार करता था उसे लोहे का बना देता था। यानी उसके पुरे शरीर का रासायनिक परिवर्तन हो जाता था। वर्तमान समय में इस अवधारणा पर आधारित किसी भी हथियार का निर्माण नहीं हो सका है।[6]

हमारे धर्म शास्त्रों में वरुणास्त्र और आग्नेयास्त्र का भी वर्णन आता है। वरुणास्त्र का प्रयोग शत्रु सेना पर वर्षा करने के लिए किया जाता था जिससे कि वह युद्ध न कर सके। आग्नेयास्त्र का प्रयोग शत्रु पक्ष पर अग्नि बरसाने के लिए किया जाता था। इससे यह पता चलता है कि आधुनिक समय में रासायनिक हथियारों के प्रयोग से अपने शत्रु की पर्यावरणीय एवं वातावरणीय संरचना को बदलने की जो संकल्पना की जाती है उसकी विधा हमारे प्राचीन काल में ही विकसित हो चुकी थी।

मानवास्त्र मनु का अस्त्र था जो लक्ष्य को शत्रु की सीमा में ही नष्ट कर देता था। इसका तात्पर्य यह है कि यह कोई ऐसी सेंसर प्रणाली पर आधारित मिसाइल रही होगी जिसे एंटी बैलिस्टिक मिसाइल के रूप में प्रयोग किया जाता होगा। इसी तरह भौमास्त्र का भी वर्णन मिलता है जिसे पृथ्वी के अंदर सुरंग बनाने के लिए प्रयोग किया जाता था। अर्थात यह पृथ्वी में गहराई तक भेदन करने वाली कोई मिसाइल प्रणाली रही होगी। भार्ग्वास्त्र परशुराम का अस्त्र था और इस धनुष से एक साथ कई बाण छोड़े जा सकते थे।

इसी प्रकार कुछ अन्य अस्त्र-शस्त्रों का नाम और उनका विवरण मिलता है। इन अस्त्रों में एक है वायब्यास्त्र। यह वायु देवता का अस्त्र था और इसका प्रयोग शत्रु की सेना को वायु के झोकों से उड़ा देने के लिए किया जाता था। इसी प्रकार सूर्यास्त्र का प्रयोग शत्रु के क्षेत्र में नदी, नालों और तालाबों को सुखाने के लिए प्रयोग किया जाता था। वज्र से बिजली कि कड़क पैदा की जाती थी जो इलेक्ट्रॉनिक युद्ध कला का एक महत्वपूर्ण उदाहरण हो सकता है। मोहनी अस्त्र के प्रयोग से शत्रु की सेना भाव विभोर होकर हँसती रहती थी जिसे हम लाफिंग गैस के रूप में देख सकते हैं। त्वात्सर अस्त्र के प्रयोग से शत्रु सैनिकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी जिससे वे अपने और शत्रु के सैनिकों में भेद नहीं कर पाते थे। इसे हम ऐसे रासायनिक हथियार के रूप में देख सकते हैं जो व्यक्ति की स्मरण क्षमता को ही समाप्त कर देता हो। सम्मोहनास्त्र मूर्छित कर देने वाला अस्त्र था और इसके काट के रूप में प्रज्ञास्त्र का प्रयोग किया जाता था जो व्यक्ति को मूर्छित अवस्था से चेतन अवस्था में लाने का कार्य करता था। पर्वतास्त्र शत्रु सेना पर पत्थरों की वर्षा करने के लिए प्रयोग किया जाता था। शब्दभेदी बाणों का वर्णन बहुतायत में मिलता है जो शायद ध्वनि आधारित गाइडेड मिसाइल रही होगी। इस दृष्टि से इसका प्रयोग दूर के लक्ष्यों को भेदने के लिए किया जाता होगा जो गतिशील लक्ष्यों को भी आसानी से भेद सकता था।

शास्त्रों में अंतर्ध्यानास्त्र का भी वर्णन मिलता है जो कुबेर का अस्त्र था और इसके प्रयोग से व्यक्ति विलुप्त हो जाता था। इसका तात्पर्य यह है कि उस काल में किसी भी वस्तु को विलुप्त करने की तकनीकि विकसित हो चुकी थी जो आज भी जिज्ञासा का एक केंद्र बिंदु बना हुआ है। इंद्र का एक अस्त्र विशेषण अस्त्र भी था जो किसी भी जल प्रणाली को सुखाने के लिए प्रयोग किया जाता था।

उपरोक्त सन्दर्भों में यह कहा जा सकता है कि भारत के प्राचीन काल में सैन्य तकनीकि एवं विज्ञान आज की तुलना में बहुत ही आगे और उच्च कोटि का था। ज्ञान विज्ञान की उस पराकाष्ठा को कब तक प्राप्त कर लिया जायेगा या उस तक पहुंचा जायेगा या नहीं इसका अनुमान लगा पाना असंभव है। आधुनिकता के रंग और विचारधारा में डूबे हुए लोग इसे भले ही काल्पनिकता की पराकाष्ठा पर तौलने का प्रयास कर रहे हों लेकिन उन्हें इस बात को स्वीकार करना ही पड़ेगा कि

यदि यह मात्र कल्पनाशीलता ही थी तो वर्तमान तकनीकि के विकास के सन्दर्भ में यह सही कैसे सिद्ध हो रही है। दूसरी बात यह है कि कोई भी परिकल्पना तात्कालिक परिस्थितियों और सन्दर्भो को जोड़कर ही की जाती हैं। इसका एक पक्ष यह भी है कि कोई एक घटना या सन्दर्भ कल्पना पर आधारित हो तो उसे अतिरेक के रूप में देखा जा सकता है, परन्तु यदि कई सारे सन्दर्भ और विभिन्न काल खण्डों में वर्णित सन्दर्भों में अगर कहीं एक रूपता मिलती है तो इसका स्पष्ट अर्थ यह है कि वे सभी सन्दर्भ तत्कालीन समय एवं परिस्थितियों में उपलब्ध थे। इससे इस बात को पुरजोर बल मिलता है कि वर्तमान तकनीकि विकास की तुलना में भारत का ज्ञान विज्ञान बहुत ही आगे था जहाँ तक हम अभी तक नहीं पहुँच सके हैं। इसलिए यदि भारत के पुरातन साहित्यों को पुन: एवं आधुनिक विज्ञान की मदद लेकर समझने और उसपर कार्य करने का प्रयास किया जाए तो विज्ञान एवं तकनीकि को एक नई दिशा और नई ऊंचाई प्रदान की जा सकती है।

सन्दर्भ सूची

1. https://www-speakingtree-in/allslides/1a&416777/209198
2. Sharma, Arvind; Khanna, Madhu, Asian Perspectives on the World's Religions after September 11, ASCCLIO, ISBN 978031378973.
3. https://en-wikipedia-org/wiki/Astra_(weapon)
4. http://www-bhartiyadharohar-com/सैन्य-विज्ञान-था-धनुर्वेद
5. "The unknown and untold story of Krishna's Sudarshan Chakra"- www-speakingtree-in.
6. https://en-wikipedia-org/wiki/Astra_(weapon)#cit
7. Ibid.
8. Ibid.

पश्चिम एशिया में शैव धर्म का तादात्म्य

शत्रुजीत सिंह

शिव से सम्बन्धित धर्म को 'शैव धर्म' कहा जाता है तथा इसके धर्मावलम्बियों को 'शैव'। शैव मतावलम्बियों के प्रधान इष्टदेव भगवान् शिव हैं। यह उत्तर वैदिक कालीन नाम है। विष्णु की तरह इनके अवतारों की कल्पना नहीं की गयी और न ही उनका विकास अवतारवाद के आधार पर हुआ। बल्कि उनका विकास 'रूद्र' से 'शिवम' के रूप में हुआ।[1]

ऋग्वेद में शिव के लिए 'रूद्र' नाम का व्यवहार हुआ है जो अपनी कठोरता और रूद्रता के लिए विख्यात हैं। वे अपनी भयंकर और विनाशक शक्ति से मनुष्य और पशु दोनों को विनष्ट कर देते है। उनकी क्रुद्ध और प्रलयंकारी शक्तियों से महामारियाँ फैल जाती तथा घर के घर उजड़ जाते हैं। ऋग्वेद के विवरण के अनुसार उनके द्वारा फेके गये बाण तीव्र गति से स्वर्ग और पृथ्वी पर गिरते हैं।[2] वे अपने अस्त्र से मनुष्य और गाय को हत करते हैं।[3] अतः मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने उनकी प्रार्थना की कि वे अपने आयुधों को दूर रखें तथा द्विपदों एवं चतुष्पदों की रक्षा करें।[4] इसी 'रूद्र' का विकास 'शिव' के रूप में उत्तरवैदिक काल तक हो चुका था।

शैव धर्म का प्रचार या शैवोपासना केवल भारत तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि भारत के पड़ोसी देशों पर और सुदूर पूर्व के देशों पर भारतीय सभ्यता का प्रभाव पड़ा। अनेक अभिलेखों से ज्ञात होता है कि प्राचीनकाल से ही भारत का अपने पड़ोसी देशों के साथ पूर्वी द्वीप मण्डल और हिन्द-चीन के साथ बड़ा घनिष्ट सम्बन्ध रहा है। इसके अतिरिक्त प्राचीनकाल से ही भारतीय व्यापार-वाणिज्य से भी अनेक देशों से सम्पर्क में रहे। कुछ भारतीय अमेरिका, यूरोप तथा पश्चिम एशिया में भी जाकर बस गये। इन देशों में भारतीय धर्म का भी प्रचार हुआ और अन्य मतों के साथ-साथ शैव मत भी वहाँ पहुँचा। साथ ही जब तक सभ्यता वहाँ बनी रही, तब तक शैव धर्म का भी वहाँ प्रचार रहा।

पश्चिम एशिया में रूद्र की उपासना बहुतायत प्रचलित थी, जिसके कारण वहाँ के अन्य देवताओं से तादात्म्य स्थापित किया जाता है। पश्चिम एशिया में मुख्य रूप से बैबिलोनी राज्य में,

*सहायक आचार्य, प्राचीन इतिहास विभाग, विश्वनाथ सरस्वती महिला महाविद्यालय, दुदही, कुशीनगर (उ.प्र.)

वायु और वर्षा से सम्बद्ध एक देवता की उपासना होती थी, वह भारतीय रूद्र से बहुत ही साम्य रखता है। इराक के अक्कदी काल (2360-2180 ई.पू.) की एक मुद्रा पर 'मौसम के देवता' रथ पर सवार है, जो पंखयुक्त सिंह रथ खींच रहा है, उस पर वर्षा के पूले थामे एक देवी खड़ी है। कभी ये मौसम के देवता-देवी के साथ होते हैं, कभी अकेले। एक अन्य कलाकृति में मौसम के देवता अदद और साथ ही स्त्री शल के नाम अंकित है। स्त्री एक बैल पर खड़ी है और उसके पास बिजली का द्विशूल है। शूल भाले की तरह सीधे नहीं है, बल्कि लहरियादार है।[5]

बैबिलोनी राज्य के यह मौसम या तूफान के देवता का साम्य भारतीय 'शिव' से की जाती है। वैदिक रूद्र से शिव का तादात्म्य माना जाए तो वह वायु और वर्षा के देवता है और उनका त्रिशूल बिजली का प्रतीत होगा। सम्भवत: त्रिशूल वज्र का ही एक रूप हो। आठवीं सदी के आस-पास के एक चित्र के विवरण में प्रिचार्ड ने अदद के लिए लिखा है कि उसका बायाँ हाथ 'विद्युत वज्र' थामे हैं, दाएँ में 'वज्र और कड़ा' है। यह वज्र त्रिशूल से भिन्न है, जीवशास्त्र में जिसे कुंडलिनी कहते हैं, उससे मिलता-जुलता है। ऋग्वेद में रूद्र को पृथ्वी पर बिजली गिराने वाला कहा गया है।[6] ऋग्वेद में ही उन्हें वज्र धारण करने वाला भी माना गया है।[7] ऋग्वेद में वृषभ को शक्ति का प्रतीक माना गया है। वह अनेक देवों का उपमान है। ऋग्वेद के एक सूक्त में वृषभ, वृषभाय, वृषभ द्वारा रूद्र की शक्ति की व्याख्या की गयी है।[8] मिस्र से इराक तक वृषभ दैवी और मानवीय शक्ति का प्रतीक बना रहा है।

मिस्र में अनेक वृषभ देवों की पूजा होती थी, इनमें मेम्फिस नगर के वृषभ अपिस् को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता था। मार्गरेट मरे के अनुसार इसकी पूजा बहुत प्राचीन थी और वह नील नदी का एक रूप था।[9] तीसरी शताब्दी के एक बैबिलोनी देवी-मन्दिर में पाँच वृषभ अंकित हैं और इसी शताब्दी के एक मुद्रा पर वृषभ पुरुष सिंह से युद्ध करता दिखाया गया है। नवीं सदी में सीरिया की एक प्रस्तर मूर्ति पर दो वृषभ पुरुष एक पंखयुक्त सूर्य को मंचिका पर साधे खड़े हैं।[10]

'रूद्र' पूजा का एक महत्वपूर्ण प्रचार केन्द्र 'हित्ती' राज्य भी था, जहाँ भारतीय मूल के आर्य शासन करते थे। हित्ती राज्य में मौसम के देवता को वर्षा और तूफान का देवता माना जाता था। गुर्ने का मन्तव्य है कि उनका उद्‌भव मेसोपोटामिया के गरम खुश्क मैदानों में नहीं हो सकता था, वह हित्तियों की अनातोलिया के विशिष्ट देव हैं, क्योंकि यह बादलों और तूफानों का देश है।[11] इनका सम्बन्ध हित्ती राज्य के अनेक नगरों से था और उनका शिल्पांकन अनेक रूपों में किया गया था। सीरिया के शिल्प में वह अक्सर अकेले खड़े दिखाये जाते हैं, उनके हाथ में कुठार होता है, और प्रतीक रूप चमकती बिजली।'' अनातोलिया के शिल्प में वह बैलों द्वारा खींचे जाने वाले पुराने ढंग के रथ पर पहाड़ों के ऊपर जाते दिखाई देते है। ''उनका पवित्र पशु बैल है'' और प्रतीक रूप वह अकेला भी अंकित होता है। अपने बैल के साथ 'रूद्र' रोमन साम्राज्य में भी दिखाई देते है। गुर्ने ने

लिखा है कि "बैल पर खड़े मौसम के देवता जुपिटर दोलिकेनुस् के नाम से पूरे रोमन साम्राज्य में विख्यात हुए, वह बाद के विकास जान पड़ते हैं।[12]

गुर्ने के अनुसार तौरस के पहाड़ी क्षेत्र और उत्तर सीरिया के मैदान में रूद्र के सबसे प्रसिद्ध मन्दिर थे और यहाँ के निवासियों में मुख्यत: हुर्री लोग थे। इनके 'रूद्र' का नाम तेशुबू था। इनकी पत्नी हेबत् का "महत्त्व लगभग उतना ही था, जितना उनके पति तेशुब् का।"[13] यह भारतीय देवी-देवता शिव-पार्वती का स्मरण कराते हैं। हित्तियों के 'रूद्र' नागदैत्य इल्लूयंकस् का वध करते हैं। यह नाम दैत्य वैदिक वृत्र का प्रतिरूप है।

इस प्रकार उपरोक्त विवरण से विदित होता है कि शैव धर्म भारत में लोकप्रिय धर्म तो था ही इसके अतिरिक्त इस धर्म का प्रभाव भारत से बाहर अनेक देशों के धर्मों पर भी पड़ा। देवताओं पर इस धर्म का प्रभाव स्पष्ट दिखायी देता है जिसके कारण इन देवताओं का तादात्म्य शैव धर्म से स्थापित किया जाना सर्वथा उचित प्रतीत होता है।

सन्दर्भ

1. मिश्र जयशंकर : प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 2015 पृष्ठ-65
2. ऋग्वेद, 7.46.3
3. ऋग्वेद, 1.114.10
4. ऋग्वेद, 1.114.1
5. शर्मा रामविलास : पश्चिमी एशिया और ऋग्वेद, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, 1994, पृष्ठ 110-111
6. ऋग्वेद, 7.46.3
7. ऋग्वेद, 2.33.3
8. ऋग्वेद, 2.33.7, 8, 15
9. मरे एम.ए., द स्पलेंडर दैट वाज इजिप्ट, पृष्ठ 128-129
10. शर्मा रामविलास : पश्चिमी एशिया और ऋग्वेद, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, 1994, पृष्ठ-111
11. गुर्ने ओ.आर., द हिट्टाईट्स, पृष्ठ-134
12. गुर्ने ओ.आर., द हिट्टाईट्स, पृष्ठ-134
13. गुर्ने ओ.आर., द हिट्टाईट्स, पृष्ठ-134-15

राष्ट्रीय सुरक्षा : अवधारणा एवं आधारभूत तत्व

अभिषेक सिंह*

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा एक महत्वपूर्ण अवधारणा है जिसका अस्तित्व तो राज्य के निर्माण के साथ जुड़ा हुआ है, जब राज्य का जन्म हुआ होगा, तब वह अपने राष्ट्र या राज्य की सुरक्षा चाहता होगा और उसी सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा कहा जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा एक ऐसा शब्द है, जिसका इस्तेमाल आजकल आमतौर पर किया जाता है। प्राय: शत्रु देश के आक्रमण मे सुरक्षा से सम्बन्धित होता है अथवा उन हथियारबंद आंतकवादियों से सुरक्षा, जो राष्ट्र के प्रभुत्व को चुनौती देते है, राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को क्षति पहुंचाते हैं। इसके अर्थ को स्पष्ट करते हुए हम कह सकते हैं कि जिस प्रकार कोई व्यक्ति अपने शरीर की सुरक्षा चाहता है ठीक उसी प्रकार प्रत्येक राष्ट्र या राज्य अपने राष्ट्रीय हित की सुरक्षा चाहते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही कोई देश अन्य देशों के साथ वैदेशिक सम्बन्ध स्थापित करता है, संघर्ष करता है और समझौता करता है, किसी अन्तर्राष्ट्रीय संगठन का निर्माण करता है तथा किसी अन्य राष्ट्रीय संगठन का सदस्य बनता है।

यह स्वीकार करते हुए हमें थोड़ी-सी भी हिचक नही होनी चाहिए कि वर्साय की संधि 1919, राष्ट्र संघ का निर्माण 1920 और संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में तथा कुछ देशों के द्वारा सैनिक संगठनों के निर्माण के पीछे सुरक्षा ही केन्द्रीय विषय रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा को परिभाषित करते हुए संक्षिप्त में कहा जा सकता है कि ''राष्ट्रीय सुरक्षा एक ऐसी अवधारणा है जो प्रत्येक राष्ट्र के प्रादेशिक एकता व अखण्डता के विकास से जुड़ा हुआ है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए कोई भी राष्ट्र किसी भी सीमा तक जा सकता है।[1] राष्ट्रीय सुरक्षा एक आधार है जिसे कोई भी राष्ट्र अधिक या कम पाने में सफल हो सकता है। इसकी तुलना किसी राष्ट्र की सैन्य शक्ति और धन से भी कर सकते है।''

''राष्ट्रीय सुरक्षा के अधीन ऐसी स्थितियाँ बनाए रखने के प्रयास किये जाते है, जिनके आधार पर कोई राष्ट्र सम्भावित खतरों का दृढ़तापूर्वक सामना करने की क्षमता प्राप्त कर सकता है। रक्षा के अन्तर्गत वे सभी क्रियाएँ अपनाई जाती हैं। जिनसे वास्तविक खतरों का सामना कारगर ढंग

* असिस्टेंट प्रोफेसर, रक्षा अध्ययन विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

से किया जाता है।''[2]

सुरक्षा शब्द का शाब्दिक अर्थः-

सुरक्षा शब्द अंग्रेजी के सिक्योर से बना है तथा इसकी उत्पत्ति लैटिन भाषा के दो शब्दों से हुई है। जिसे साइन तथा क्यूरा शब्द से इंगित किया जा सकता है। जहाँ साइन शब्द का अर्थ बगैर तथा क्यूरा शब्द का अर्थ परवाह से है। इन दोनों शब्दों को मिलाकर सुरक्षा शब्द का अर्थ निश्चित होकर समस्त राष्ट्रीय शक्ति की रक्षा करना है।

राष्ट्रीय सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए राष्ट्रीय सम्पत्ति को मुख्यतः तीन अंगो मे विभाजित किया जाता है।

1-सूचना

2-सम्पत्ति

3-व्यक्ति

राष्ट्रीय सुरक्षा के अभिप्राय को निम्न तरीके से व्यक्त कर सकते है।

''राष्ट्रीय सुरक्षा से आशय बाह्य आक्रमणों से प्रादेशिक अखण्डता एवं राजनीतिक संप्रभुता की सुरक्षा की व्यवस्था करने के अतिरिक्त राष्ट्रीय और आन्तरिक मान्यताओं की रक्षा करने से है। इस प्रकार की सुरक्षा एवं रक्षा केवल राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, आर्थिक तथा सैन्य तत्वों के द्वारा ही संभव है।''[3]

किसी भी राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा के निम्न उद्देश्य हो सकते हैः-

1- किसी भी राष्ट्र को युद्ध में जीवित बने रहने की क्षमता को अर्जित करना।

2- प्रायः ऐसे युद्ध को समाप्त करने की शक्ति प्राप्त करना जिनसें राष्ट्र के विनाश का भय हो।

3- अपने पड़ोसियों के साथ ही साथ विश्व की महाशक्तियों के दबावों, धमकियों, आक्रमणों, संधियों एवं समझौतों का सामना करने की क्षमता को प्राप्त करना।

4- राष्ट्रीय प्रभुसत्ता को अक्षुण्ण बनाए रखना एवं विदेशी नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने की योग्यता का होना।

5- हमें राष्ट्रीय सुरक्षा किसके विरूद्ध और किन खतरों के विरूद्ध करनी है एवं हमें किन मान्यताओं की रक्षा करनी है तथा आर्थिक पहलू को अपने समक्ष रखते हुए किस प्रकार की सामाजिक व्यवस्था का विकास करना है।

राष्ट्रीय सुरक्षा के आधारभूत तत्व :

भौगोलिक कारक : राष्ट्रीय सुरक्षा के आधारभूत तत्वों में भौगोलिक बनावट का अपना एक विशिष्ट स्थान होता है। भौगोलिक बनावट के अन्तर्गत हम उसकी स्थिति, आकार एवं स्वरूप तथा भू-पटल, जलवायु के साथ-साथ सीमा का भी अध्ययन करते है। किसी भी राष्ट्र के विकास के मूल्यांकन हेतु हमें उसके भू-राजनीतिक प्रभाव का अध्ययन बहुत ही तार्किक ढंग से तथा साथ ही साथ सुव्यवस्थित रूप से करना चाहिए।

भौगोलिक कारकों की आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि सैनिकों की कोई भी सामाजिक गतिविधियाँ बिना इसके पूर्ण जानकारी के सम्भव नहीं है। प्राचीन समय में यह विश्वास किया जाता था कि भूगोल केवल प्राकृतिक निर्मित या स्थायी होता है। इसमें परिवर्तन संभव नही है, लेकिन जैसे-जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा की धारणा में दिन-प्रतिदिन परिवर्तन होते जा रहे हैं उससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी रूप में किसी राष्ट्र की भौगोलिक स्थिति भी परिवर्तनशील रही है।

जनरल बेबल ने उत्तरी अफ्रीका के युद्ध के दौरान ठीक ही कहा था कि **''किसी भूमि का भूगोल उसकी लड़ाई का स्वरूप निश्चित करता है।''**[4]

आर्थिक कारक : किसी भी राष्ट्र की राष्ट्रीय सुरक्षा के आवश्यक तत्वों में आर्थिक संसाधनों का अपना एक विशेष महत्व है। क्योंकि किसी भी राष्ट्र की आर्थिक क्षमता में विकास का सीधा सम्बन्ध उसकी राष्ट्रीय शक्ति से है। आर्थिक तत्वों के अन्तर्गत प्राकृतिक संसाधन, ऊर्जा संसाधन, परिवहन एवं यातायात क्षमता, औद्योगिक क्षमता तथा अर्थव्यवस्था को शामिल किया जा सकता है। वास्तव में किसी राष्ट्र की आर्थिक स्थिति जितनी मजबूत होगी वह राष्ट्र सैनिक दृष्टि से उतना ही सम्पन्न होगा और साथ-साथ शक्तिशाली भी होगा।

विज्ञान एवं तकनीकी : किसी भी राष्ट्र की सुरक्षा में विज्ञान एवं तकनीकी का उतना ही योगदान है जितना की मछली को जिन्दा रखने के लिए पानी। विज्ञान तथा तकनीकी का संबंध प्रत्येक राष्ट्र मे वर्तमान समय से ही नहीं, बल्कि प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से प्राचीन काल से चला आ रहा है। मानव सभ्यता के विकास के साथ ही साथ गाँव और नगरों की संकल्पना ने जन्म लिया। उसके बाद नगरों की सुरक्षा के लिए उसकी किलेबन्दी करना भी विज्ञान के अन्दर ही समाहित है। अत: धीरे-धीरे जैसे नगर से राज्य और राज्य के साथ ही साथ विकास करने से एक राष्ट्र निर्माण हुआ और उसकी सुरक्षा के लिए जिन मुख्य कारकों की आवश्यकता पड़ी उसमें विज्ञान और तकनीकी का बहुत ही सराहनीय योगदान है।[5]

भावात्मक कारक : किसी भी राष्ट्र की सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधि के साथ ही साथ धार्मिक व्यवस्था का अध्ययन इस कारक के अन्दर समाहित किया जाता है। ये कारक मूर्त नहीं

अमूर्त कारक के रूप में दिखाई देते है। इसलिए किसी देश की सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्थाओं के साथ ही साथ जब धार्मिक क्षेत्र मे परिवर्तन होता है। तब उस देश की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा से सम्बन्धित नीतियों के निर्माण काल में इस तथ्य की उपेक्षा नही की जानी चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा में नेतृत्व और मनोबल के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। कुशल नेतृत्व व मनोबल की आवश्यकता शान्तिकाल में ही नही बल्कि युद्धकालीन गतिविधियों में भी होता है। यह भारत का राष्ट्रीय नेतृत्व ही है जिसके माध्यम से पड़ोसी राष्ट्रों के आस-पास के देशों एवं अन्य देशों के साथ राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक तथा सैन्य सम्बन्ध स्थापित किए जाते है।

राष्ट्रीय सुरक्षा का सीधा संबंध राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा से ही है। राष्ट्रीय सुरक्षा के अन्तर्गत बाह्य एवं आन्तरिक दोनों प्रकार की सुरक्षा सन्निहित है। राष्ट्रीय सुरक्षा के ध्येयों का ध्यान में रखते हुए ऐसी परिस्थितियों का निर्माण किया जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा के कुछ मौलिक तत्व भी है।[7]

भारत के संदर्भ में यही कहा जा सकता हैं कि राष्ट्रीय सुरक्षा को एक नया आयाम प्रदान करने हेतु हमें अपनी विदेश नीति को गतिशील स्वरूप प्रदान करना होगा, जनसंख्या पर नियंत्रण कायम करना होगा, प्राकृतिक संसाधनों का सर्वाधिक उपयोग करना, अपनी औद्योगिक क्षमता को गति प्रदान करना होगा। अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सभी प्रकार के खतरों के प्रति सचेत होने पर ही भारत अपनी प्रादेशिक अखंडता एवं राजनीतिक प्रभुसत्ता तथा राष्ट्रीय और आन्तरिक मान्यताओं की रक्षा करने की स्थिति में आ सकती है।[8] अतः भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ जो भी चुनौतियाँ है उसका समाधान हमें बहुत ही गम्भीरता से सोच समझकर करने की जरूरत है। तभी देश की एकता और अखण्डता स्थापित हो पायेगी और बहुत हद तक हम राष्ट्रीय सुरक्षा करने में सफल हो सकते है। तभी हम इसकी अवधारणा एवं इसके आधारभूत तत्वों को सार्थकता प्रदान कर सकते है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. डॉ. अशोक कुमार, राजनीति विज्ञान, उपकार प्रकाशन, आगरा-2, पृष्ठ संख्या 501
2. John J. Clark, The New Economics of National Defence, page 11
3. K. Subramanyam, Our National Security, page 5
4. Ewold Banse, The Military Science, page 6
5. I.D.S.A. Journal, Jan March, 1978, page 261
6. विंग कमांडर डॉ. मनमोहन बाला: रक्षा विज्ञान, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ 23
7. David W. Jiegler, War, Peace and International Powers, page 127
8. डॉ. सतीश चन्द्र पाण्डेय, डॉ. धीरेन्द्र द्विवेदी:-भारतीय सुरक्षा चुनौतियाँ एवं प्रतिक्रियाएँ, अध्ययन पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, नई दिल्ली-110002

विष्णुपुराण और भारत

संतोष कुमार ओझा*

ऋग्वेद (1/154; 155; 156; 7/99-100) में 'विष्णु' के लिए पाँच सूक्त सम्बोधित किये गये हैं। इन्हीं सूक्तों के आधार पर विष्णु के स्वरूप एवं महत्त्व का मूल्यांकन किया गया है। वैदिक देवमण्डल के द्युस्थानीय देवताओं में 'विष्णु' का उल्लेख स्वयं में एक महत्त्वपूर्ण देवता की ओर संकेत करता है, जिसकी विविध प्रकार की व्याख्याएँ विद्वानों द्वारा की गयी हैं। यास्क ने निरुक्त (12/18) में "विष्णुः विशतेः वा व्यश्नोतेः वां" अर्थात् विष्णु की उत्पत्ति 'विश' (प्रवेश करना) अथवा 'वि+अश्' (व्याप्त करना) धातु से मानी है। वृहद्देवताकार का मत है कि 'विष्णु' शब्द व्याप्ति अर्थ वाली 'विष', 'विश' अथवा 'वेविष्' (विल्लृ) धातुओं से बना है। नीलकण्ठ ने 'ष्णु' (प्रस्रवण करना) धातु में 'वि' उपसर्ग से विष्णु शब्द सिद्ध किया है। दीप्ति अर्थ में प्रयुक्त होने वाली चुरादिगणी 'विच्छ' धातु से प्रकाशशील अर्थ में 'विष्णु' शब्द की सिद्धि की जाती है। जे. खोन्दा (ऑस्पेक्ट्स ऑफ अर्ली विष्णुइज्म) ब्राह्मण ग्रन्थों में उल्लिखित 'अथ यद् विषितो, भवति तद् विष्णुः' के आधार पर विष्णु का विस्तृत, मुक्त, स्वतन्त्र या खुला हुआ अर्थ स्वीकार करते हैं। थॉमस, ब्लाख तथा जोहान्सन विष्णु शब्द में 'जिष्णु' (विजयी) भाव का अर्थ ग्रहण करते हैं। हापकिन्स ने गति या चक्रमण से विष्णु का अर्थ गत्यर्थक 'वि' अथवा 'वी' धातु से माना है। मैक्डानल का भी विचार है कि ऋग्वेद में विष्णु को गमन करने या त्रेधा विचक्रमण अर्थ में ही माना गया है।

विष्णुपुराण का आकार

इस पुराण के प्रकरणों का विभाग 'अंश' नाम से मिलता है। उपलब्ध विष्णुपुराण में छः अंश हैं। उनमें अवान्तर प्रकरणों का विभाग अध्याय नाम से है, इसका प्रारम्भ 'पराशर' और 'मैत्रेय' के प्रश्नोत्तर के रूप में हुआ है।

प्रथम अंश में सृष्टि के वर्णन की प्रधानता है। इसमें सृष्टि के आदिभाग में घटित कुछ महत्त्वपूर्ण उपाख्यान भी दिये गये हैं। सृष्टि का कारण यहाँ ब्रह्म को कहा गया है तथा उसकी शक्ति का भी विवरण दिया गया है। किस-किस की कितनी-कितनी आयु है, इसका भी आश्चर्यजनक

---

*शोध छात्र, प्राचीन इतिहास, पुरातत्त्व एवं संस्कृति विभाग, दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

विवरण यहाँ मिलता है। एक सृष्टि के पूरे समय को एक कल्प कहा गया है और एक कल्प के समाप्त होने पर फिर आगे सृष्टि किस प्रकार प्रारम्भ होती है, इसका भी विवरण दिया गया है। प्रलय का भी वर्णन हुआ है। इसके अनन्तर देव, दानव, मनुष्य आदि की सृष्टि बतलायी गयी है। आगे ध्रुव और प्रह्लाद के उपाख्यान हैं। भगवान् विष्णु की महिमा तथा विभूतियों का एवं उनकी स्तुतियों का समावेश अत्यन्त मनोरम है।

द्वितीय अंश में भी सृष्टि का ही विवरण है। उसी प्रसंग में भूगोल, खगोल तथा सप्तलोकों का विवरण मिलता है। भरत तथा उसके वंश का वर्णन भी आया है। जड़भरत का प्रसिद्ध उपाख्यान भी इसमें आया है। भगवान् विष्णु की स्तुति भी इसी अंश में प्राप्त है।

तृतीय अंश में मन्वन्तर-वर्णन, 28 व्यासों का विवरण, व्यास द्वारा वेदों का विभाजन, वेदों का संक्षिप्त विवरण, पुराणों का विवरण, यमगीता का उल्लेख आदि साहित्य सम्बन्धी विवरण आये हैं। वर्णाश्रम तथा नैतिक धर्मों का कथन हुआ है तथा बौद्ध धर्म की उत्पत्ति का विवरण भी है।

चतुर्थ अंश में मुख्य रूप से राजवंशों की उत्पत्ति और मुख्य-मुख्य राजाओं के चरितों का उल्लेख हुआ है। पंचम अंश में विष्णु भगवान् के कृष्णावतार का तथा भगवान् कृष्ण की लीलाओं का वर्णन आया है।

षष्ठम् अंश में कलियुग का स्वरूप वर्णित है और कलियुग में अपने धर्म का अनुष्ठान किस प्रकार करना चाहिए, यह बतलाया गया है। आत्मा की चर्चा और देहात्मवाद का खण्डन भी इसमें मिलता है।अन्त में, विष्णुपुराण के महत्त्व का विवरण है।

विष्णुपुराण की तिथि

विष्णुपुराण के आविर्भावकाल के विषय में विद्वानों में विभिन्न मत हैं, परन्तु कुछ ऐसे नियामक तथ्य हैं, जिनका अवलम्बन करने से हम समय का निर्देश भली-भाँति कर सकते हैं।

(क) कृष्णकथा की दृष्टि से भागवत तथा विष्णुपुराण में पार्थक्य यह है कि विष्णुपुराण जहाँ ध्रुव, वेन, पृथु, प्रह्लाद, जड़भरत के चरित को संक्षेप में ही विवृत करता है, वहाँ भागवत उनका विस्तार दिखलाता है। कृष्णलीला के विषय में भी यही वैशिष्ट्य लक्ष्य है। फलतः विष्णुपुराण भागवत से प्राचीन है।

(ख) ज्योतिष विषयक तथ्यों के आधार पर भी विष्णुपुराण का समय निर्णीत है। विष्णुपुराण (2/9/16) में नक्षत्रों का आरम्भ कृत्तिका से होता है[1] और वराहमिहिर (लगभग 550 ई.) के अनुसार हम जानते हैं कि प्राचीनकाल में नक्षत्रों का जो आरम्भ कृत्तिका से होता था, वह उनके समय में अश्विनी हो गया। फलतः कृत्तिकादि का प्रतिपादक विष्णुपुराण 500 ई. से प्राचीन है; इसी प्रकार

राशियों का भी उल्लेख विष्णुपुराण में अनेकत्र है (3/8/28[2], 2/8/30, 2/8/41-42, 2/8/62-63)। ज्योतिर्विदों की मान्यता है कि सर्वप्रथम संस्कृत ग्रन्थों में याज्ञवल्क्यस्मृति में राशियों का समुल्लेख उपलब्ध है और इस ग्रन्थ का रचनाकाल द्वितीय शती है। फलत: विष्णुपुराण द्वितीय शती से प्राचीन नहीं हो सकता[3]।

(ग) वाचस्पति मिश्र (814 ई.) ने योगभाष्य की अपनी टीका तत्त्ववैशारदी (2/32; 2/52; 2/54) में विष्णुपुराण के श्लोकों को उद्धृत किया है तथा 1/19, 1/25, 4/13 में वायुपुराण के वचन उद्धृत किये हैं। 'स्वाध्यायाद् योगमासीत्' इस भाष्य की टीका में वे लिखते हैं- 'अत्रैव वैयसिको गाथामुदाहरति' अर्थात् वाचस्पति की दृष्टि में व्यासभाष्य में उद्धृत 'स्वाध्यायाद् योगमासीत्' व्यास का वचन है और यही श्लोक विष्णुपुराण के 6.6.2 में मिलता है। योगभाष्य का एक वचन (3/13- तदेतद् त्रैलोक्यं आदि) न्यायभाष्य में उपलब्ध है (1/2/6)। इन प्रमाणों के आधार पर विष्णुपुराण को प्रथम शती से पूर्व मानना सर्वथा उचित प्रतीत होता है। ऊपर कलियुग के राजाओं के वर्णन प्रसंग में विष्णुपुराण गुप्तों के आरम्भिक इतिहास से परिचय रखता है, जब वे साकेत (अयोध्या), प्रयाग तथा मगध पर राज्य करते थे। यह निर्देश चन्द्रगुप्त प्रथम (320-326 ई.) के राज्यकाल में गुप्तराज्य की सीमा का द्योतक माना जाता है। फलत: विष्णुपुराण का समय 100 ई.-300 ई. तक मानना सर्वथा उचित प्रतीत होता है।

(घ) विष्णुपुराण की प्राचीनता के विषय में तमिल-साहित्य के एक विशिष्ट काव्यग्रन्थ से बड़ा ही दिव्य प्रकाश पड़ता है। ग्रन्थ का नाम है- 'मणिमेखलै', जिसमें मणिमेखला नामक समुद्री देवी के द्वारा समुद्र में आपद्ग्रस्त नाविकों तथा पोताधिरोहियों के रक्षण की कथा बड़ी ही रुचिरता के साथ दी गयी है। ग्रन्थ का रचनाकाल ईस्वी की द्वितीय शती माना जाता है। इसमें एक उल्लेख विष्णुपुराण के विषय में निश्चयरूपेण वर्तमान है। वेंजी की सभा में विभिन्न धर्मानुयायी आचार्यों के द्वारा प्रवचन तथा शास्त्रार्थ का उल्लेख यह ग्रन्थ करता है, जिनमें वेदान्ती, शैववादी, ब्रह्मवादी, विष्णुवादी, आजीवक, निर्ग्रन्थ, सांख्य, सांख्य आचार्य, वैशेषिक व्याख्याता और अन्त में भूतवादी के द्वारा मणिमेखला को सम्बोधित किये जाने का उल्लेख है। इसी सन्दर्भ में तमिल में एक पंक्ति आती है- 'कललवणं पुराणमोदियन्', जिसका अर्थ है- विष्णुपुराण में पाण्डित्य रखने वाला व्यक्ति। इस प्रसंग में ध्यान देने की बात यह है कि संगम युग में 'विष्णु' शब्द का प्रयोग नहीं मिलता। उस देवता के निर्देश के लिए तिरुमाल तथा कललवणं विशेषण रूप से प्रयुक्त होते हैं। फलत: इस पंक्ति में विष्णुपुराण का ही स्पष्ट संकेत है, भागवत, नारदीय तथा गरुड़ जैसे वैष्णवपुराणों का नहीं। यह सम्मान्य मत है इस विषय के पण्डित डॉ. रामचन्द्र दीक्षितर् का, जिन्होंने तमिल-साहित्य तथा इतिहास का गम्भीर अनुशीलन अपने एतद्विषयक ग्रन्थ- 'स्टडीज इन तमिल लिटरेचर ऐण्ड हिस्टरी' में किया है। मणिमेखलै के इस उल्लेख से स्पष्ट प्रतीत होता है कि तमिल देश में उस समय पुराणों का

प्रवचन तथा पाठ जनता के सामने उनके चरित के उत्थान के निमित्त किया जाता था। इस समय विष्णुपुराण विशेषरूपेण महत्त्वशाली और गौरवपूर्ण होने के कारण इस कार्य के लिए चुना गया था। यह इसकी लोकप्रियता का स्पष्ट संकेत है। द्वितीय शती में प्रवचन के निमित्त चुने जाने वाले पुराण का समय उस युग से कम से कम एक शताब्दी पूर्व तो होना ही चाहिए। इससे स्पष्ट है कि कम से कम प्रथम शती में विष्णुपुराण की, अथवा उसके अधिकांश भाग की, निश्चयेन रचना हो चुकी थी। व्यास-भाष्य के साक्ष्य पर निर्धारित समय की पुष्टि इस उल्लेख से आश्चर्यजनक रूप में हो रही है।[4]

भारत की भौगोलिक स्थिति

विष्णुपुराण में भारत के स्वरूप का वर्णन करते हुए लिखा है कि-

> उत्तरं यत् समुद्रस्य हिमाद्रश्चैव दक्षिणम्।
> वर्ष तद् भारतं नाम भारती यत्र सन्ततिः।।[5]

अर्थात् समुद्र के उत्तर और हिमालय के दक्षिण स्थित है उसका नाम भारतवर्ष और वहाँ के निवासियों को भारती कहा जाता है। इस प्रकार का विवरण विश्व के किसी भी देश के लिए नहीं प्राप्त होता है। विष्णुपुराण में निर्दिष्ट सीमा के अनुसार भूमण्डल के नौ भेद किये गये हैं उनका विष्णुपुराण में निर्देश इस प्रकार है-

> भारतस्यास्य वर्षस्य नव भेदान्निशामय।
> इन्द्रद्वीपःकसेरूश्च ताम्रपर्णो गभिस्तमान्।।
> नागद्वीपास्तथा सौम्योगन्धर्वस्त्वथ वारुणः।
> अयन्तु नवमस्तेषां द्वीपः सागरसंवृतः।।
> योजनानां सहस्रं तु द्वीपोऽयं दक्षिणोत्तरात्।।[6]

अर्थात् भारत के भौगोलिक विस्तार में नौ द्वीपों का जो विवरण प्राप्त होता है वह ऐतिहासिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है; जो इस प्रकार हैं-

1-इन्द्रद्वीप, 2-नागद्वीप, 3-सौम्य, 4-गान्धर्व, 5-वारुण, 6-कशेरूमान, 7-गभस्तिमान, 8-ताम्रपर्ण (सिंहल), 9-कुमारिका। इन द्वीपों के अभिज्ञान के सम्बन्ध में यद्यपि विवाद है तथापि पण्डित गिरधर शर्मा चतुर्वेदी ने इसका अभिज्ञान किया है[7]।

कुलपर्वत

विष्णुपुराण में भारत के प्रमुख पर्वतों का भी उल्लेख किया गया है-

महेन्द्रोमलयः सह्यः शुक्तिमान् ऋक्षपर्वतः।
विन्ध्यश्च पारियात्रश्च सप्तैते कुलपर्वताः॥[8]

अर्थात् महेन्द्र, मलय, सह्य, शुक्तिमान, ऋक्ष या हेम पर्वत, विन्ध्य, और पारियात्र।

भारतीय नदियों का विवरण

भारतीय नदियों को 'विश्वस्य मातरः सर्वाः' कहते हुए विष्णुपुराण में भारत की प्रमुख नदियों का विवरण दिया गया है-

शतद्रूचन्द्रभागाद्या हिमवत्पादनिर्गता।
वेदस्मृतिमुखाद्याश्च परियात्रोद्भवा मुने।।
नर्मदा सुरसाद्याश्च नद्यो विन्ध्याद्रिनिर्गताः।
तापी पयोष्णी निर्विन्ध्या प्रमुखा ऋक्षसम्भवाः।।
गोदावरी भीमरथी कृष्णवेण्यादिकाम्तथा।
सह्यपादोद्भवा नद्यः स्मृताः पापभयापहाः।।
कृतमाला ताम्रपर्णी प्रमुखा मलयोद्भवाः।
त्रिसामा चर्षिकुल्याद्या महेन्द्रप्रभवाःस्मृता।।
ऋषिकुल्या कुमाराद्याः शुक्तिमत् पादसम्भवाः।
आसां नद्य उपानद्य सन्त्यन्याश्च सहस्रशः।।[9]

जनपदों का उल्लेख

विष्णुपुराण में भारत के प्रमुख जनपदों का उल्लेख निम्नांकित रूप से किया गया है-

तास्विमे कुरुपाञ्चाला मध्यदेशादयो जनाः।
पूर्वदेशादिकाश्चैव कामरूपनिवासिनः।।
पुण्ड्राः कलिंगा मगधा दक्षिणाद्याश्च सर्वशः।
तथा परान्ता सौराष्ट्राः शूराभीरास्तथार्बुदा।।
कारूषा मालवाश्चैव पारियात्र निवासिनः।
सौवीरासैन्धवा हूणाः साल्वाः कोशलवासिनः।।
माद्रारामास्तथाम्बष्ठा पारसीकादयस्तथा।[10]

कर्मभूमि भारत

भारत के समान पृथ्वी का कोई भी देश नहीं है। भारत कर्मभूमि है, अन्य देश भोगभूमि हैं; विष्णुपुराण में इसका उल्लेख किया गया है-

कर्मभूमिरियं स्वर्गमपवर्गं च गच्छताम्[11]
अत्रापि भारतं श्रेष्ठं जम्बुद्वीपे महामुने
यतो हि कर्म भूरेषा ह्यतोऽन्या भोगभूमयः।।[12]
अत्र जन्मसहस्राणां सहस्रैरपिसत्तम
कदाचित् लभते जन्तुर्मानुष्यं पुण्यसञ्चयात्।।[13]

भारत वंदना

विष्णुपुराण एक ऐसा राष्ट्रीय ग्रन्थ है जिसमें देवताओं द्वारा इस राष्ट्र की वंदना की गयी है और देवगण बार-बार इस भूमि में पुरुष रूप में आकर इस भूमि की महत्ता का वंदन और अभिनन्दन करते हैं-

गायन्ति देवाः किलगीतकानि
धन्यास्तु ते भारतभूमिभागे।
स्वर्गापवर्गास्पदमार्गभूते
भवन्ति भूयः पुरुषाः सुरत्वात्[14]
धन्याः खलु ते मनुष्याः
ये भारते नेन्द्रियविप्रहीणाः।[15]

वंश एवं वंशानुचरित

पौराणिक अनुश्रुति का स्पष्ट प्रामाण्य है कि भारतवर्ष की वंशावली मनु से ही प्रारम्भ होती है। मनु से ही तीनों राजवंशों का उदय हुआ- 1. सूर्यवंश का (राजधानी अयोध्या में), 2. चन्द्रवंश का (राजधानी प्रतिष्ठानपुर-प्रयाग के पास आधुनिक झूंसी में), 3. सौद्युम्नवंश का; जिसका शासन क्षेत्र भारत का पूर्वी प्रान्त था। राजवंशों के विषय में पार्जीटर महोदय की धारणा है कि मानव वंश द्रविड़ था, चन्द्रवंश विशुद्ध आर्य तथा सौद्युम्नवंश मुण्डा-मानख्मेर जाति का था। इस तथ्य की पुष्टि में उन्होंने जो युक्तियाँ प्रदर्शित की हैं, वे नितान्त भ्रान्त, परम्परा-विरुद्ध तथा अशुद्ध हैं।

पार्जीटर ने आर्यों के विषय में लिखा है कि परम्परानुसार आर्य प्रतिष्ठानपुर से चलकर उत्तर-पश्चिम, पश्चिम और दक्षिण विजय कर वहाँ फैल गये और ययाति के समय तक उस प्रदेश

पर अधिकार कर लिया, जिसे मध्यदेश कहते हैं। भारतीय अनुश्रुतियों में अफगानिस्तान से भारत पर ऐलों (आर्य) के आक्रमण का तथा पूर्व की ओर उनके बढ़ाव का कोई उल्लेख नहीं है; विपरीत इसके द्रुह्यु लोगों का (जो ऐलों-आर्य की एक शाखा थे) भारत के बाहर जाने का उल्लेख पुराणों में मिलता है। ऐलों के विषय में पार्जीटर महोदय का कथन यथार्थ है, इसमें सन्देह नहीं। परन्तु अन्य दोनों राजवंशों के विषय में उनके निष्कर्ष नितान्त भ्रमोत्पादक तथा बिल्कुल असत्य हैं। इसी प्रकार ऐलों के भारत के बाहर से आने की उनकी कल्पना भी भ्रान्त है। इस विषय में उनका स्पष्ट आधार वे लोक कथाएँ हैं, जो ऐलों के पूर्वज पुरूरवा का सम्बन्ध हिमालय के मध्यवर्ती प्रदेशों से जोड़ती हैं। इस तर्क में विशेष बल नहीं है। बात यह है कि मनु की कन्या इला का मध्यवर्ती हिमालय प्रदेश में गिरिविहार के निमित्त जाना तथा सोमसूनु बुध के साथ उसकी भेंट होना तो पुराणों के अनुकूल है, परन्तु सोम तथा बुध का न तो मध्यवर्ती हिमालय के ही मूल निवासी होने का कहीं संकेत है और न इनके भारत के कहीं बाहर से आने का निर्देश है। ये लोग विशुद्ध मध्यदेश के ही निवासी आर्य जाति के थे। इनके मूल स्थान का भारत से बाहर खोज निकालने का प्रयास सर्वथा व्यर्थ तथा भ्रान्त है।

इसी प्रकार मानवों (मनुवंशियों) को द्रविड़ मानने के पार्जीटर[16] की युक्ति यह है कि मानवों का वर्णन ऐलों (आर्यो) से भिन्न जाति के रूप में हुआ है तथा वे ऐलों से पूर्व ही यहाँ भारत में निवास करते थे। आर्यो से पूर्व निवास करने वाली जाति द्रविड़ों की थी। फलतः मानव द्रविड़ जाति के ही व्यक्ति हैं, यह युक्ति भी ठीक नहीं। पुराण मानवों को कभी भी आर्यों से भिन्न जाति का संकेत नहीं करता। प्रत्युत इन दोनों में वैवाहिक सम्बन्ध होते थे, जो जाति-साम्य के ही सूचक हैं। जाति, भाषा और धर्म की दृष्टि से दोनों समान ही कहे गये हैं। द्रविड़ का मूल स्थान सुदूर दक्षिण में ही सर्वदा से रहा है, जहाँ वे आज भी प्रतिष्ठित हैं। उत्तर भारत के मध्य में आर्यावर्त के ठीक बीचोबीच अयोध्या में- द्रविड़ों की स्थिति बतलाना इतिहास की एक विकट भ्रान्ति है। मनुवंशी पुरुषों में से अनेक ऋग्वेद के मन्त्रों के द्रष्टा हैं, जो उनके आर्यत्व का स्पष्ट परिचायक है, न कि उनके ऊपर आरोपित द्रविड़त्व का। फलतः मानव भी उसी प्रकार विशुद्ध आर्य थे, जिस प्रकार ऐल लोग।

सौद्युम्नों के विषय में पार्जीटर का कहना है चूँकि वे दक्षिण-बिहार तथा उड़ीसा में शासन करते थे, फलतः वे मुण्डा-मानख्मेर जाति (जंगली मुण्डा जाति) के ही थे, यह कथन अनुचित है। पुराणों का साक्ष्य इसके विरुद्ध है। ये लोग मानवों के ही एक उपकुल के रूप में वर्णित हैं, जिनके साथ इनका वैवाहिक सम्बन्ध भी विद्यमान था। केवल शासन-क्षेत्र तथा स्थिति-प्रदेश की समता पर यह निष्कर्ष निकालना सर्वथा अनुचित है।

'इक्ष्वाकुवंश' नाम से वंश शब्द का तात्पर्य क्या है? वंश शब्द का प्रयोग भिन्न-भिन्न सन्दर्भो में भिन्न-भिन्न अर्थों में होता है। 'बुद्धवंश' पालि भाषा का एक विशिष्ट ग्रन्थ है, जिसमें

'इक्ष्वाकुवंश' में 'वंश' शब्द कुल-परम्परा के लिए प्रयुक्त नहीं है प्रत्युत शासक-परम्परा के लिए ही व्यवहृत है। सूर्यवंश के समान चन्द्रवंश भी मनु से ही आरम्भ होता है। अन्तर इतना ही है कि सूर्यवंश ज्येष्ठ पुत्र इक्ष्वाकु से चलता है और चन्द्रवंश पुत्री इला से चलता है। इला का विवाह चन्द्रपुत्र बुध के साथ सम्पन्न हुआ और इसीलिए यह वंश चन्द्रवंश के नाम से प्रख्यात है।

मन्वन्तर काल गणना

भारतीय इतिहास दृष्टि चक्रीय सिद्धान्त को स्वीकार करती है। एक मन्वन्तर की काल गणना बतलाते समय पुराण का एक बहुचर्चित वाक्य है- 'मन्वन्तरं चतुर्युगानां साधिकाह्येक सप्ततिः।' एक मन्वन्तर 71 चतुर्युगी का होता है। अनेक पुराणों में 71 चतुर्युगी का काल वर्षों में गिनाया गया है-

त्रिशतकोटयस्तु सम्पूर्णाः सङ्ख्याताः सङ्ख्यायद्विज।
सप्तषष्टिस्तथान्यानि नियुतानि महामुने।।
विंशतिस्तु सहस्राणि कालोऽयमधिकं विना।
मन्वन्तरस्य सङ्ख्येयं मानुषैर्वत्सरैर्द्विज।।[18]

मन्वन्तर के नाम[19]

चौदह मन्वन्तरों के नाम इस प्रकार हैं- स्वायम्भुव मनु, स्वारोचिष मनु, उत्तम मनु, तामस मनु, रैवत मनु, चाक्षुष मनु, वैवस्वत मनु, सावर्णि मनु, दक्ष सावर्णि मनु, ब्रह्म सावर्णि मनु, धर्म सावर्णि मनु, रुद्र सावर्णि मनु, देव सावर्णि मनु, और इन्द्र सावर्णि मनु।

प्रत्येक मन्वन्तर में पाँच अधिकारी होते हैं। इन अधिकारियों के रूप में भगवान् विष्णु की ही शक्ति समर्थ तथा क्रियाशील रहती है, और इन अधिकारियों को विष्णुपुराण स्पष्ट शब्दों में विष्णु की विभूति मानता है।[20] 'विष्णु' शब्द की निष्पत्ति 'विश् प्रवेशने' धातु से होती है और इसलिए यह समग्र विश्व जिस परमात्मा की शक्ति से व्याप्त है, वही विष्णु नाम से अभिहित किये जाते हैं।[21] इन अधिकारियों के नाम विष्णुपुराण[22] के अनुसार हैं- मनु, सप्तर्षि, देव, देवराज इन्द्र, मनुपुत्र। इन अधिकारियों का कार्य बड़ा ही विशिष्ट तथा महत्त्वपूर्ण है। विष्णुपुराण के कथनानुसार जब चतुर्युग समाप्त हो जाता है, तब वेदों का विप्लव लोप हो जाता है। उस समय वेदों का प्रवर्तन नितान्त आवश्यक हो जाता है, और इस राष्ट्रहित के कार्य निमित्त ऋषि लोग स्वर्ग से भूतल पर आकर उन उच्छिन्न तथा विलुप्त वेदों का प्रवर्तन करते हैं। अतः ये ऋषि प्रत्येक मन्वन्तर में वेदों के प्रवर्तक रूप से अधिकारी हैं।[23]

निष्कर्ष यह है कि पुराण मनु को एक विशिष्ट दीर्घकाल के लिए सम्राट तथा शास्ता मानता है। मनु आदि पाँचों व्यक्ति भगवान् विष्णु के सात्विक अंश हैं, जिनका कार्य ही है जगत् की स्थिति

करना-

मनवो भूमजः सेन्द्रा देवाः सप्तर्षयस्तथा।
सात्विकोऽशः स्थितिकरो जगतो द्विजसत्तम।।[24]

फलतः जगत् के संरक्षण के कार्य में सहायक जितने भी अधिकारी होते हैं, वे मनु के साथ ही उत्पन्न होते हैं; अपना विशिष्ट कार्य सम्पादित करते हैं, जिससे लोक में सुव्यवस्था की शीतल छाया मानवों का मंगल करती है। इस प्रकार मन्वन्तर की कल्पना लोक मंगल की भावना का एक जाग्रत प्रतीक है। बिना सुव्यवस्था हुए विश्व का कल्याण हो नहीं सकता और मन्वन्तर सुव्यवस्था के निर्धारण का एक सुचारु साधन है- यही उसका मांगलिक पक्ष है।

सन्दर्भ-

1. कृत्तिकादिषु ऋक्षेषु विषमेषु च यद्दिवः।
दृष्टार्कपतितं ज्ञेयं तद् गाङ्ग दिग्गजोज्झितम्।।
-विष्णु., 2/9/16
2. अयनस्योत्तरस्यादौ मकरं याति भास्करः।
ततःकुम्भं च मीनं च राशे राश्यन्तरं द्विज।।
-विष्णु., 2/8/28
3. द्रष्टव्य- Dr. Hazara का लेख "The date of Vishnu Purana' (भण्डारकर पत्रिका, भाग 18, 1936-37 में)।
4. द्रष्टव्य- इण्डियन हिस्टारिकल क्वार्टर्ली, भाग 7, कलकत्ता, 1931, पृ. 370-371 में 'दी एज ऑव दी विष्णुपुराण' शीर्षक टिप्पणी।
5. विष्णुपुराण द्वितीय अंक, अध्याय 3
6. वही
7. पं. गिरधर शर्मा चतुर्वेदी, पुराण परिशीलन, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, विक्रमाब्द 2027, पृ. 311-312
8. विष्णुपुराण, द्वितीय अंक, अध्याय 3
9. वही
10. वही
11. विष्णुपुराण, 2/3/2
12. विष्णुपुराण, 2/3/22
13. विष्णुपुराण, 2/3/23
14. विष्णुपुराण, 2/3/4
15. विष्णुपुराण, 2/3/26
16. पार्जीटर : एनशिएण्ट इण्डियन हिस्टारिकल ट्रेडीशन, पृ. 288
17. रायकृष्णदास - पुराणों की इक्ष्वाकु वंशावली, नागरी प्रचारिणी पत्रिका, काशी, वर्ष 56, सं. 2008, पृ.

234-238

18. विष्णुपुराण- 1/3/20-21

19. विष्णुपुराण, 3/1 तथा 3/2

20. विष्णुपुराण, 3/14/6

21. तत्रैव, 3/1/45

22. विष्णुपुराण, 3/2/49

23. विष्णुपुराण, 3/2/46-47
    चतुर्युगान्ते वेदानां जायते किल विप्लवः
    प्रवर्तयन्ति तानेत्य भुवं सप्तर्षयो दिवः
    कृते कृते स्मृतेर्विप्र-प्रणेता जायते मनुः
    देवा यज्ञभुजस्ते तु यावन्मन्वन्तरं तु तत्।

24. विष्णुपुराण, 3/2/54

मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में राष्ट्रीय चेतना

आरती सिंह

'ब्रजनाद से व्योम जगा दे, देव और कुछ लाग लगा दें' के ओजस्वी हुंकार द्वारा भारत भारती कार मैथिलीशरण गुप्त ने स्वदेश-संगीत की सर्वश्रेष्ठ सशक्त रचना 'भारत-भारती' में ऋषिभूमि भारतवर्ष के अतीत के गौरवगान के साथ में वर्तमान पर क्षोभ प्रकट किया। मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में राष्ट्रीय चेतना पर विस्तृत प्रकाश डालने के पूर्व उनका संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करना आवश्यक लग रहा है।

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त (3 अगस्त 1886-12 दिसम्बर 1964) हिन्दी के कवि थे। इनका जन्म 03 अगस्त 1886 में उत्तर प्रदेश झाँसी के पास चिरगाँव नामक स्थान पर हुआ। माता कौशिल्या बाई, पिता रामचरण कनकने थे। गांधी ने आपको 'राष्ट्रकवि' की संज्ञा दी। आगरा विश्वविद्यालय ने डी. लिट्. उपाधि से सम्मानित किया। 1952-1964 तक गुप्त जी राज्यसभा के मनोनीत सदस्य के रूप में इस पद को गौरवान्वित किया। 1953 ई. में भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने सन् 1932 में अभिनन्दन ग्रंथ भेंट किए तथा हिन्दू विश्वविद्यालय काशी के द्वारा डी. लिट्. उपाधि से सम्मानित किया गया। 1964 में साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 12 दिसम्बर 1964 को दिल का दौरा पड़ा और साहित्य का जगमगाता सितारा अस्त हो गया।

आपकी महत्वपूर्ण रचनाएं- 'रंग में भंग, जयद्रथ, मेघनाथ वध, साकेत, जयभारत, ब्रजांगना और सन् 1914 में राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत 'भारत-भारती' का प्रकाशन किया गया।

हिन्दी कविता के इतिहास मे गुप्त जी का सबसे बड़ा योगदान है पवित्रता, नैतिकता और परम्परागत मानवीय सम्बन्धों की रक्षा करना। उनके काव्य में राष्ट्रीय चेतना, धार्मिक भावना, और मानवीय उत्थान प्रतिबिम्बित है। भारत-भारती के तीन खण्ड में देश का अतीत वर्तमान और भविष्य चित्रित है। वे मानवतावादी नैतिक और सांस्कृतिक काव्यधारा के विशिष्ट कवि थे।

गुप्त जी के काव्य में राष्ट्रीयता और गांधीवाद की प्रधानता है। भारत-भारती में देश की

---

* विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर

वर्तमान दुर्दशा पर क्षोभ प्रकट करते हुए देश के अतीत का अत्यन्त गौरवपूर्ण और श्रद्धा के साथ गुणवान किया गया है। भारत श्रेष्ठ था और रहेगा। गुप्त जी कहते है-

भूलोक का गौरव, प्रकृति का पुण्य लीला स्थल कहाँ?
फैला, मनोहर गिरि हिमालय और गंगा जल कहाँ।
सम्पूर्ण देशों से अधिक किस देश का उत्कर्ष है?
उसका कि जो ऋषिभूमि हो, वह कौन? भारतवर्ष।।

भारत- भारती 1912-13 में लिखी गयी थी । यह स्वेदश प्रेम को दर्शाते हुए वर्तमान और भावी दुर्दशा से उबरने के लिए समाधान खोजने का एक सफल प्रयोग है। गुप्त जी इसी काव्य के कारण जनता के प्राणों में रच-बस गए और 'राष्ट्रकवि' कहलाएं।

आचार्य शुल्क के शब्दों में- ''पहले पहल हिन्दी प्रेमियों का सबसे अधिक-ध्यान खींचने वाली पुस्तक भी यही है। इसकी लोकप्रियता का आलम यह रहा है कि इसकी प्रतियां रातों रात खरीदी गई। प्रभात फेरियों, राष्ट्रीय आन्दोलनों, शिक्षा संस्थानों, प्रात: कालीन प्रार्थनाओं में भारत-भारती के पद गाँव-नगरों में गाये जाने लगे।''

गुप्त जी कहते है कविता केवल मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि उसमें उपदेश भी होनी चाहिए-

केवल मनोरंजन न कवि का कर्म होना चाहिए।
उसमें उचित उपदेश का भी मर्म होना चाहिए।

मैथिलीशरण गुप्त भारत-भारती में पूरे राष्ट्र को उसकी रूढ़िगत निद्रा से जगाते हुए कहते है-

कल कौन थे, आज क्या हो गए हो तुम
अभी जागते थे, अभी सो गए हो तुम

गुप्त जी ने पुरुषार्थ पर बल दिया है मनुष्य बेशक बार-बार असफल हो सकता है लेकिन उसे उसकी असफलता से बचाने वाला न तो उसका भाग्य हो सकता है और न ही स्वयं ईश्वर। उसे अपनी गरिमा और प्रतिष्ठा कायम रखने के लिए स्वयं ही बार-बार प्रयत्न करना होगा।

नर हो न निराश करो मन को, कुछ काम करो कुछ काम करो
जग में रहकर कुछ नाम करो, कुछ तो उपयुक्त करों तन को। नर..

यह बात सम्पूर्ण राष्ट्र के उत्थान के लिए भी महत्वपूर्ण है।

मैथिलीशरण गुप्त को राष्ट्रकवि का गौरव प्राप्त है भारत के बारे में उनका कहना है-

भारत-माता का मन्दिर यह समता का संवाद जहाँ
सबका शिव कल्याण यहाँ है पावे सभी प्रसाद यहाँ
जाति धर्म या सम्प्रदाय का, नहीं भेद व्यवधान यहाँ
सबका स्वागत, सबका आदर, सबका सम-सम्मान यहाँ।

भारतीय साहित्य में भारत-भारती सांस्कृतिक नवजागरण का ऐतिहासिक दस्तावेज है-

मानस भवन में आर्यजन जिसकी उतारे आरती
भगवान! भारत वर्ष में गूँजे हमारी भारती।

गुप्त जी कहते है कि हमारा भारत वर्ष संसार में अग्रणी रहा है, यह वही देश है जिसे सोने की चिड़िया कहा जाता है।

हाँ, वृद्ध भारत वर्ष ही संसार का सिर मौर है।
ऐसा पुरातन देश कोई विश्व में क्या और है?

गुप्त जी हिन्दू धर्म में विद्यमान शौर्य, शक्ति, दया, शम, अहिंसा, सत्यता पर गहरी दृष्टि डालते हुए कहते है-

हिन्दू सनातन धर्म के ऐसे पवित्र विधान है
संसार में सबके लिए जो मान्य एक समान है।

गुप्त जी कहते है। धर्म का तात्पर्य मजहब से नहीं नित्य क्रिया कर्म से है।

विख्यात हिन्दू-धर्म ही सच्चा सनातन धर्म है
वह धर्म ही धारण क्रिया का नित्य कर्ता-कर्म है।

मैथिलीशरण गुप्त की कृति भारत-भारती में हरिगीतिका छंद प्रयुक्त हुआ है। भारतीय राष्ट्रीय चेतना जागृति में इस पुस्तक का हाथ रहा है। यह पुस्तक तीन खण्डों मे विभक्त है। एक अतीत खण्ड दो वर्तमान खण्ड तीन भविष्य खण्ड। अतीत खण्ड में भारत वर्ष के प्राचीन गौरव का बड़े मनोयोग से बखान किया गया है। भारतीयों की वीरता, आदर्श, विद्याबुद्धि, कलाकौशल, सभ्यता, संस्कृति, साहित्य, दर्शन, स्त्री-पुरुषों आदि का गुणगान किया है गुप्त जी वर्तमान खण्ड में भारत की वर्तमान अधोगति का चित्रण है। इस खण्ड में कवि ने साहित्य, संगीत, धर्म, दर्शन आदि के क्षेत्र में होने वाली अवनति, रईसों और सपूतों के कारनामें, तीर्थ और मन्दिरों की दुर्गति तथा स्त्रियों की दुर्दशा आदि का अंकन किया है। भविष्य खण्ड में भारतीयों को उद्‌बोधित किया गया है तथा देश के मंगल की कामना मैथिलीशरण गुप्त जी ने किया है।

भारत : सभ्यता के उषा काल से 1947 के विभाजन तक

शचीन्द्र मोहन*

इतिहास अतीत का गौरव गीत नहीं, महामानवों की कथा-मात्र नहीं, वह टूटी मूर्तियों का संग्रहालय भी नहीं और न है खण्डहरों का विवरण ही। पुराने सिक्के कौतूहल पैदा करते हैं, पर वे बाजार में चलते नहीं। इतिहास केवल लेखा-जोखा नहीं है। वह राह दिखाने वाला दीपक है, मील का पत्थर है, अपने आपको देखने के लिए शीशा है। अतीत काल कभी अतीत नहीं होता, वह तो वर्तमान में जीता है। वर्तमान को जानने के लिए अतीत की आरसी चाहिए। इतिहास को नये ढंग से समझने की जिज्ञासा सदा बनी रहेगी।

भारतीयता भारत की मौलिक सीमाओं में सिकुड़ी नहीं रही। यह पहुँची असुर देश जिसे अब असीरिया कहते हैं। इसके जलयान किसी दिन टकराते थे समुद्री लहरों से। न तो दुर्गम पहाड़ हमें रोक सके न समुद्र हमें बाँध सका। हमने समुद्र पर पुल बाँधा, हमारे कश्यप पहुँच गये थे काश्यप सागर (कैस्पियन सी) तक। बौद्ध धर्म पहुँच गया था तुर्क, चीन, जापान, सुवर्ण भूमि और सुवर्ण द्वीप तथा राम उपासना पहुँची थी द्वीप समूहों में। संकीर्णता से मुक्त हो, उदारता से धनी हो, यह शिक्षा देता है हमारा सांस्कृतिक इतिहास।

हम भारतीय कभी रुके नहीं, हम बढ़ते गये। प्रकृति पर हमने विजय पायी क्योंकि बाधाओं पर विजय पाने की हमारी लालसा अदम्य थी। कहते हैं किसी दिन हमारे यहाँ आये द्रविड़ और आ बसे आर्य। फिर आयीं अनेक विदेशी जातियाँ- ईरानी, यूनानी, बैक्ट्रिया, शक, कुषाण, हूण, मुसलमान और अंग्रेज।

ऐतिहासिक युग में ही विदेशी लोगों ने भारत पर आक्रमण किया जिसमें सर्वप्रथम फारस के निवासियों ने हम पर आक्रमण किया। परसियन लोग भी आर्यों की एक शाखा थे। ईस्वी पूर्व छठीं शताब्दी में फिर ये लोग एक दूसरे के सम्पर्क में आये जब डेरियस ने भारत पर आक्रमण किया और उसके कुछ भाग जीतकर उसे फारस के साम्राज्य का एक अंग बना लिया। ईस्वी पूर्व 326 में सिकन्दर ने जो यूनान का रहने वाला था, भारत पर आक्रमण कर दिया और 19 माह तक निरन्तर

*शोध छात्र, इतिहास विभाग, दी.द.उ. गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

युद्ध करता रहा पर यकायक उसे लौट जाना पड़ा। सिकन्दर की मृत्यु के बाद बैक्ट्रिया के यूनानियों ने भारत पर कई बार आक्रमण किया और पंजाब के कुछ भागों पर अपना राज्य स्थापित कर लिया।

ईस्वी पूर्व दूसरी शताब्दी में शकों का भारत पर आक्रमण हुआ और पंजाब, मथुरा, काठियावाड़ प्रायद्वीप में अपना राज्य स्थापित कर लिया। अन्त में भारतीयों में इनका सम्मिश्रण हो गया। ईस्वी पूर्व पहली शताब्दी में कुषाण भारत पर आक्रमण कर एक विशाल साम्राज्य स्थापित किया। कनिष्क प्रथम जो कुषाण वंश का संस्थापक था- बौद्ध धर्म के प्रति काफी सहिष्णु था। इसके वंशजों में एक ने वासुदेव नाम रखा। अन्य विदेशियों के समान ये सब भी भारतीय सभ्यता और संस्कृति को स्वीकार कर लिये थे। ईस्वी सन् की पाँचवीं तथा छठीं शताब्दी में हूण की एक शाखा ने जिन्हें श्वेत हूण कहा जाता था भारत पर आक्रमण कर दिया। हूण लोग भी अन्य विदेशियों की भाँति भारतीयों में मिल गये और सभ्यता और संस्कृति को स्वीकार कर लिया। आठवीं शताब्दी के आरम्भ से ही मुसलमानों के आक्रमण भारत पर प्रारम्भ हो गये और इसका मुख्य कारण भारत के हिन्दू और बौद्ध एक दूसरे के विरोध में उठ खड़े हुए थे। परिणाम यह हुआ कि अरबों के सिन्ध विजय से भारत में इस्लाम धर्म का बीजारोपण हुआ। अतः देश की एकता भंग हो गयी। भारत में आगे चलकर इस्लाम धर्म का प्रचार हो जाने पर हिन्दू-मुस्लिम समस्या एक उग्र रूप धारण कर ली तथा अन्त में देश की राजनीतिक एकता का बलिदान करके पाकिस्तान के निर्माण में सहायक सिद्ध हुई।

आज सभी भारतवासी भारतभूमि को मातृभूमि मानते हैं और 'जननी जन्मभूमिश्च-स्वर्गादपि गरीयसी' में पूर्ण विश्वास रखते हैं जिसका अर्थ है मातृभूमि स्वर्ग से भी श्रेष्ठ है। राष्ट्रीय एकता से ओत-प्रोत 'वन्देमातरम्' और 'जन-गण-मन अधिनायक' को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया जाना तथा 'जयहिन्द' कहकर एक दूसरे का अभिवादन करना वर्तमान युग में प्राचीन काल के भारतीय विचारों का प्रतिरूप है। और, यही कारण है कि 1962 ई. के चीनी और 1965 के पाकिस्तानी आक्रमणों में भारतवासियों ने विभिन्न सैद्धान्तिक, जातीय, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक तथा धार्मिक मतभेदों को भूलकर एक राष्ट्र के रूप में मिलकर दुश्मनों के दाँत खट्टे कर दिये थे।

भारत की संस्कृति और सभ्यता की एक अन्य विशेषता यह रही है कि बार-बार प्रहारों के बावजूद यह नष्ट नहीं हो सकी। विदेशी आक्रमणकारी आये और गये, मुसलमानों के अधीन भारत लगभग 650 वर्षों तक रहा, पर इसकी सभ्यता और संस्कृति का मूल लगभग वही रहा। भारतीयों के लिए धर्म से बढ़कर कुछ नहीं है। धर्म रक्षा के लिए जान देने वाले लोगों की कथाओं से इतिहास भरे पड़े हैं। गुरु गोविन्द सिंह के दोनों किशोर बालकों को आज कौन नहीं जानता जिन्होंने औरंगजेब के सभी प्रलोभनों का तिरस्कार करते हुए धर्म की रक्षा के लिए अपना जीवन दान दिया। भारत की जनसंख्या में यद्यपि हिन्दुओं की संख्या सर्वाधिक है तथापि यहाँ विभिन्न धर्मों के मानने वाले लोगों

का निवास है। आज की जनसंख्या में हिन्दू, मुसलमान, बौद्ध, जैन, सिख और ईसाई मतावलम्बियों की प्रमुखता है। अविभाजित भारत में 9 करोड़ इस्लाम धर्मावलम्बियों का निवास था। ये मुसलमान बहुत थोड़ी संख्या में हमारे देश में आक्रमणकारी और व्यापारी के रूप में आये थे पर भारत में आ जाने के बाद यहाँ के मूल निवासियों को कई प्रकार से धर्म परिवर्तन कराकर अपनी संख्या बढ़ाते गये।

जैसा कि हम जानते हैं कि 700 ई. से 1200 ई. के बीच पश्चिमोत्तर सीमान्त प्रान्त की ओर से होने वाले खतरे की गहराई को भारतीय राजाओं ने कभी भी ठीक तरह से नहीं समझा। यह सत्य है कि जब कभी भारत के पश्चिमोत्तर राज्यों की सुरक्षा सुदृढ़ रही भारत का गौरव बढ़ा पर जब कभी भी पश्चिमोत्तर सीमान्त की सुरक्षा कमजोर हुई सम्पूर्ण भारत के लिए भयंकर स्थिति उत्पन्न हो गयी।

712 ई. में सिन्ध पर हुए मुहम्मद बिन कासिम के आक्रमण के समय नागभट्ट प्रथम ने दाहिर की सहायता न कर अदूरदर्शिता का परिचय दिया। परिणाम यह हुआ कि भारत भूमि पर सर्वप्रथम इस्लाम का बीजारोपण हो गया और भविष्य में आने वाले तुर्क आक्रमणकारियों का रास्ता खुल गया। तुर्कों का आक्रमण भारत के लिए विनाशकारी सिद्ध हुआ। भारत भूमि में अन्दर तक प्रवेश पाने का प्रथम श्रेय गजनवी वंश के सुल्तान मुहम्मद गजनवी को था। उसने गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ मन्दिर को ध्वस्त करवाया और बर्बरतापूर्ण लूटपाट कर लगभग 50,000 हिन्दुओं को उसने मौत के घाट उतरवाया। इसके आक्रमण के विरोध में भारत में संघ तो बना पर राष्ट्रीय आधार पर प्रतिरक्षा की दृष्टि से उसे संगठित नहीं किया गया। पर तत्कालीन भारतीय गाहड़वाल और चाहमान राजाओं ने बड़ी ही वीरता से इनका मुकाबला कर इन्हें भारत की भौगोलिक सीमा से बाहर कर दिया।

पुनः मुहम्मद गजनवी ने भारत पर आक्रमण 1027 ई. में किया जो उसका अन्तिम आक्रमण था। मुहम्मद गोरी ने अपना प्रथम आक्रमण 1157 ई. में किया। अतः इन दोनों विदेशी मुसलमानों के आक्रमण में 130 वर्षों का अन्तर है। परन्तु तत्कालीन भारतीय राजवंशों ने कुछ भी सीखने का प्रयास नहीं किया। यद्यपि राजपूत शासकों में मुख्यतः पृथ्वीराज ने अपनी प्रतिरोधात्मक नीति के तहत गोरी को कई बार हराया था पर भारत पर वह बार-बार आक्रमण करता रहा। मुहम्मद गोरी के आक्रमण का मुख्य उद्देश्य था हिन्दू धर्म के मन्दिरों को तोड़वाना तथा हिन्दुओं को धर्म परिवर्तन कर इस्लाम में ले आना। उसने हिन्दू राजाओं में फूट डलवाने में सफल होकर तराइन के द्वितीय युद्ध में सफलता प्राप्त कर ली। पृथ्वीराज की हार हो गयी तथा राजपूत वंश का शासन भारत से समाप्त हो गया और 1206 ई. में मुस्लिम साम्राज्य की स्थापना हो गयी। सन् 1206 ई. में गुलाम वंश की स्थापना कुतुबुद्दीन से लेकर कट्टर मुगल शासक औरंगजेब की मृत्यु 1707 ई. तक भारतवर्ष पर विभिन्न इस्लामधर्मी राजाओं ने शासन किया। मुगल शासन काल में स्वदेश, स्वधर्म, स्वतन्त्रता और स्वाभिमान के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले महाराणा प्रताप और राणा सांगा जैसे महान् देशभक्तों

ने मुगलों के खिलाफ युद्ध छेड़कर उनके दाँत खट्टे कर दिये थे। मुगलों के शासन काल में राजगद्दी प्राप्त करने के लिए शासकों के पुत्रों में युद्ध हुआ करता था, पिता को बन्दी बनाकर उत्तराधिकारी की घोषणा करवाना आम बात हो गयी थी। अत: औरंगजेब ने अपनी वसीयत में अपने साम्राज्य को तीन बेटों के लिए तीन हिस्सों में बाँट दिया था। प्रसिद्ध विद्वान् और चिन्तक श्री प्रियंवद ने अपनी पुस्तक 'भारत विभाजन की अन्त:कथा' (पृ. 48) में इसे देश के विभाजन का पहला अभिलेखीय प्रमाण माना है।

औरंगजेब की मृत्यु के बाद लगभग 13 वर्षों में राजगद्दी प्राप्त करने के लिए सात बड़े खूनी युद्ध किये गये थे जिस कारण मुगल बादशाह की आन्तरिक सैनिक शक्ति और तन्त्र छिन्न-भिन्न हो गया था। मुगल शासन अब अध:पतन की ओर बढ़ रहा था। औरंगजेब का पौत्र मुहम्मद शाह जो औरंगजेब के पुत्र बहादुर शाह का पुत्र था एक अयोग्य शासक था तथा वह भारतीय राजनीति और मुगलवंश के पतन की पराकाष्ठा माना जाता है। इसके ही शासन काल में नादिर शाह का दिल्ली पर आक्रमण हुआ। वह केवल 50 लाख रुपये लेकर दिल्ली से लौटना चाह रहा था पर मुहम्मद शाह ने इस रकम को न देकर उसके दूत की हत्या करवा दी। इससे नाराज होकर नादिर शाह ने मुहम्मद शाह को बन्दी बना लिया। इस पर मुहम्मद शाह के सिपाहियों ने अफवाह फैला दी कि नादिर शाह भी मर गया है और उसके कुछ सैनिकों को मार दिया गया है। यह अफवाह जब नादिर शाह को मालूम हुआ तो उसने दूसरे ही दिन दिल्ली में अपने शेष सिपाहियों के द्वारा कत्लेआम का आदेश दे दिया। इस कत्लेआम में मरने वालों की संख्या 20,000 है। नादिर शाह दिल्ली में 57 दिनों तक रहकर 70 करोड़ नकद के साथ-साथ कोहिनूर हीरा और मयूर सिंहासन लेकर अपने देश को लौटा। नादिर शाह द्वारा मुहम्मद शाह को पुन: दिल्ली की गद्दी पर बैठाने के लिए मुहम्मद शाह ने सिन्धु के पश्चिमी भाग का प्रान्त तथा पूरा अफगानिस्तान ही दे दिया। 1748 ई. में मुहम्मद शाह की मृत्यु हो जाती है। 1748 ई. से 1767 ई. के बीच अहमद शाह अब्दाली का आक्रमण हुआ।

अब दिल्ली की राजनीतिक अवस्था दिनानुदिन गिरती जा रही थी। देश के पूर्वी भाग बंगाल में अंग्रेज व्यापारियों का आगमन तेजी से होने लगा। सन् 1615 ई. से ही सर टॉमस रो इंग्लैण्ड के राजा तथा कम्पनी के प्रतिनिधि के रूप में भारत आया था। उस समय शाहजहाँ का पुत्र शुजा (जो औरंगजेब का भाई था) बंगाल का गवर्नर था उसने केवल 3,000 रुपये के भुगतान पर अंग्रेजों को बंगाल में व्यापार करने की अनुमति दे दी थी। इस प्रकार सन् 1700 ई. तक अंग्रेज हर प्रकार से मुगल शासकों के अधीन थे पर सन् 1757 ई. में प्लासी की लड़ाई में विजयी होकर क्लाइव ने अंग्रेजी शासन की नींव रखी तथा 1764 ई. का बक्सर का युद्ध तो अंग्रेजों को सम्पूर्ण अधिकार दे दिया। जो अंग्रेज जिन्हें फिरंगी भी कहा जाता था- वे भारतवर्ष में मिर्च-मसालों के व्यापार के लिए आये और देश की राजनीतिक अवस्था का लाभ उठाकर हमारे देश के भाग्य विधाता बन बैठे। जब

उन्हें मुगल वंश के पतनोन्मुख शासकों द्वारा दीवानी के अधिकार प्राप्त हो गये तो स्थायी बन्दोबस्त तथा अंग्रेजी शिक्षा के माध्यम से हिन्दू और मुसलमानों के बीच अनायास ही दो अलग समाजों, धर्मों और आर्थिक हितों के बीज बो डाले जिसका परिणाम अन्ततः हमारे देश को वे दो टुकड़ों में सदा-सदा के लिए बाँटकर अपने देश को पुनः वापस हो गये।

सन् 1857 ई. आते-आते अंग्रेज भारतीयों को भ्रष्ट तथा भारतवर्ष अंग्रेजों के लिए है- ऐसा कहना प्रारम्भ कर दिया था। डलहौजी उस उक्ति की पराकाष्ठा था। इसी के विरोध में 1857 ई. का भारतीयों का विरोध इसकी स्वाभाविक परिणति थी। अंग्रेजी इतिहासकार इसे सामान्य सिपाही विद्रोह मानते हैं पर इसके विपरीत सावरकर इसे भारत की स्वतन्त्रता का प्रथम संग्राम मानते हैं। सावरकर द्वारा सन् 1909 ई. में 'The Indian War of Independence 1857' नामक पुस्तक का प्रकाशन हुआ था। इस पुस्तक को अंग्रेजों ने जब्त कर लिया क्योंकि इस पुस्तक में हिन्दू-मुस्लिम एकता पर बल देने के लिए सावरकर ने आह्वान किया था। अंग्रेज इसे जनता में प्रचार नहीं चाहते थे क्योंकि भारतीय जनता की राष्ट्रीय भावनाओं को प्रखर करने के उद्देश्य से इस पुस्तक की रचना की गयी थी। सन् 1923 ई. में सावरकर को अंग्रेजों से माफी माँगनी पड़ी थी जिस कारण अब मुसलमान लोग सावरकर को अंग्रेजों का शत्रु न मानकर मुसलमानों के शत्रु मानने लगे। पुस्तक में हिन्दू धर्म और हिन्दू राज का एक अन्तर्निहित स्वर है जो स्वधर्म और स्वराज का पर्याय माना गया।

1857 ई. के विद्रोह से दो महत्त्वपूर्ण परिणाम हमारे समक्ष उपस्थित हुए- पहला- देश से मुगल सम्प्रभुता की समाप्ति और दूसरा- हिन्दू और मुसलमान दो अलग-अलग धर्मों, सम्प्रदायों और राष्ट्रीयताओं के रूप में पहचाने जाने लगे- जो इसके पहले कभी नहीं हुआ था। सन् 1857 ई. की क्रान्ति के बाद सन् 1907 ई. लगभग 50 वर्षों तक देश की राजनीतिक, समाज व संघर्ष चेतना में एक गहरा सन्नाटा हमें देखने को मिलता है।

इसी बीच भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना सन् 1885 ई. में हुई। इसका पहला सत्र 28 दिसम्बर 1885 ई. को बम्बई में हुआ। कांग्रेस अपने स्थापना काल से ही यह कहती रही कि वह सम्पूर्ण देश का यानी मुसलमानों का भी प्रतिनिधित्व करती है पर दो ही वर्षों के बाद यानी 1887 ई. से ही मुसलमान कांग्रेस से अलग होना प्रारम्भ हो गये। कांग्रेस का दूसरा अधिवेशन कलकत्ता में 28 दिसम्बर 1886 ई. को दादाभाई नौरोजी की अध्यक्षता में तथा तीसरा अधिवेशन मद्रास में 28 दिसम्बर 1887 ई. को बदरुद्दीन तैयब की अध्यक्षता में हुआ। कांग्रेस ने एक मुसलमान को अध्यक्ष बनाकर सैयद अहमद खाँ की आशंकाओं एवं प्रश्नों का सीधा उत्तर दिया था। अलीगढ़ यूनिवर्सिटी का प्रिन्सिपल बेक मुस्लिम बौद्धिक जगत् को किसी भी तरह के राजनीतिक संघर्ष से जुड़ने या कांग्रेस से जुड़ने का निरन्तर विरोध कर रहा था। बेक के बाद थियोडोर मौरीसन यूनिवर्सिटी का प्रिन्सिपल हुआ। उसने भी बेक की नीतियों को आगे बढ़ाया। हिन्दू-मुस्लिम खाई को चौड़ा करने के

लिए ये दोनों प्रिन्सिपल सदा-सदा के लिए याद किये जाते रहेंगे।

सर सैयद अहमद खाँ ने भी कांग्रेस के मुकाबले एक अलग संस्था बनाना प्रारम्भ कर दिया जो किसी भी प्रकार के भारतीयता के विरोध में मुस्लिम हितों को महत्त्व दे। अत: Indian Patriotic Association नामक संस्था की स्थापना सन् 1888 ई. में हुई। सन् 1889 ई. में सर सैयद अहमद खाँ की मृत्यु हो गयी। अत: 20-21 अक्टूबर 1901 ई. में लखनऊ में हामिद अली के निवास पर भारत के प्रमुख मुसलमानों की एक सभा हुई। इस सभा के प्रस्ताव ने हिन्दू-मुस्लिम भाई-भाई की भावनाओं को तोड़ दिया वरन् भारत के मुसलमानों को एक ऐसी संस्था बनानी चाहिए जो उनकी सामाजिक और राजनीतिक अवस्थाओं को विकसित करने में सहायक हो सके। इनका दूसरा मुख्य उद्देश्य यह था कि भारतीय मुसलमानों को कांग्रेस से अलग रहना चाहिए क्योंकि कांग्रेस यह चाह रही थी कि चुनाव द्वारा सरकार बनाना और मुसलमानों को प्रतियोगिता परीक्षा में बैठकर सरकारी नौकरी में प्रवेश पाना था- ये दोनों मुसलमानों के लिए हानिकारक है।

सन् 1902-1903 ई. आते-आते ऐसा स्पष्ट होने लगा कि मुसलमान केवल कांग्रेस का विरोध ही नहीं कर रहे थे वरन् वे एक राजनीतिक मुस्लिम संस्था बनाने की भी सोच रहे थे। बंगाल का विभाजन सन् 1905 ई. में हुआ। यह मुसलमानों के अलग संगठन बनाने की भावनाओं और आवश्यकताओं के लिए आग में घी का काम किया। सन् 1906 ई. में मुस्लिम लीग का जन्म हुआ जो कांग्रेस के हर क्रिया-कलापों को चुनौती देने का काम कर रहा था।

प्रारम्भ में बंगाल विभाजन का विरोध हिन्दू और मुसलमान दोनों ने किया। इन दोनों ने मिलकर 'वन्देमातरम्' भी गाये तथा वन्देमातरम् के झण्डे भी लहराये। कई स्थानों पर तो वन्देमातरम् तथा अल्ला हो अकबर के नारे भी साथ-साथ लगाते थे। लेकिन ब्रिटिश हुकूमत पूरी तरह इस विभाजन के समर्थन में मुसलमानों को रखना चाहता था जिससे कि उसके विभाजन का प्रजातान्त्रिक औचित्य सिद्ध हो सके।

12 दिसम्बर 1911 को दिल्ली में जॉर्ज पंचम के दरबार में दो महत्त्वपूर्ण घोषणाएँ हुईं- प्रथम यह कि बंगाल विभाजन वापस ले लिया गया और द्वितीय यह कि देश की राजधानी अब कलकत्ता के बदले दिल्ली होगी। इन दोनों घोषणाओं से मुसलमान अधिक उग्र हो गये और उन्होंने इस दिन को शोक दिवस के रूप में मनाया। 4 मार्च 1912 को मुस्लिम लीग के पाँचवें अधिवेशन में मुहम्मद अली ने यह प्रस्ताव रखा कि मुसलमानों को विभाजन रद्द करने से गहरा दुख है। उन्हें विश्वास है कि ब्रिटिश सरकार बंगाल में मुसलमानों के हित सुरक्षित रखने के कदम शीघ्र ही उठायेगी।

बंगाल विभाजन के बाद 1 अक्टूबर 1906 को 35 कथित महत्त्वपूर्ण और सम्मानित मुसलमानों का एक प्रतिनिधिमण्डल वाइसराय लॉर्ड मिण्टो से शिमला में मिलकर एक ज्ञापन जिसमें 4,000 मुसलमानों के दस्तखत थे- दिया। लॉर्ड मिण्टो ने मुसलमान समुदाय को आश्वस्त किया कि

उनके सामुदायिक हित एवं अधिकार राज व्यवस्था में सुरक्षित रखे जायेंगे। मुसलमानों का यह प्रयास भारतीय इतिहास की एक महत्त्वपूर्ण घटना मानी जाती है। ये मुसलमान प्रतिनिधि अब राजनीतिक मुसलमानों के रूप में बदल चुके थे। इस कारण सन् 1908 ई. में इंग्लैण्ड में भारत सरकार के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट से मुसलमानों को अलग निर्वाचक मण्डल दिये जाने की संस्तुति की। सन् 1909 ई. से यह लागू भी हो गया तथा कांग्रेस ने भी मुसलमानों की इस पृथक निर्वाचक मण्डल की माँग को सिद्धान्त रूप से स्वीकृति दे दी। इस स्वीकृति को तिलक और जिन्ना ने भी अपनी सहमति दी थी। उस समय तिलक पर यह आरोप लगा कि वे मुसलमानों के हित में बहुत झुक गये हैं। प्रान्तीय कौंसिलों में हर प्रान्त के लिए मुसलमानों का प्रतिनिधित्व निश्चित कर दिया गया था तथा केन्द्रीय परिषद् में एक तिहाई मुसलमानों के प्रतिनिधित्व पर सहमति हुई थी और यहाँ से ही प्रारम्भ होता है अलग राष्ट्र के माँग की कहानी। ब्रिटिश हुकूमत ने बंग विभाजन के बाद कांग्रेस के बढ़ते प्रभाव, जन समर्थन व उग्र विरोध को देखकर तय कर लिया था कि मुसलमानों को कांग्रेस से पूरी तरह अलग रखना व इसके मुकाबले में खड़ा करना सर्वाधिक जरूरी शासकीय नीति होनी चाहिए।

कांग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच सहयोग में सबसे बड़ी भूमिका जिन्ना की थी कि मुसलमान और दूसरे सम्प्रदायों के बीच मित्रता और एकता को प्रोत्साहित किया जाय। सन् 1913 के करांची अधिवेशन में कांग्रेस ने जिन्ना के इस प्रस्ताव का स्वागत किया। जिन्ना ने सन् 1915 ई. में यह परम्परा शुरू की कि जिस शहर में कांग्रेस का अधिवेशन हो उसी शहर में मुस्लिम लीग का भी अधिवेशन हो जिससे दोनों दलों के सदम्य एवं श्रोतागण एक दूसरे के कार्यक्रमों में भाग ले सकें। सन् 1920 ई. के नागपुर में कांग्रेस अधिवेशन में राजनीति में धर्म और साम्प्रदायिकता के समावेश और ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध असंवैधानिक माध्यमों को आन्दोलन में अपनाये जाने के विरोध में जिन्ना इस आन्दोलन को गाँधी की हिमालयी भूल कहकर असहयोग आन्दोलन का प्रस्ताव पारित होने पर कांग्रेस से अलग हो गये।

तिलक के देहावसान के बाद गाँधी जी का आगमन यकायक भारतीय राजनीति में हो जाता है। उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष की घोषणा कर दी। उन्होंने 1921 के असहयोग आन्दोलन और खिलाफत आन्दोलन की संयुक्त भूमिका तैयार कर ली। इसका सारा श्रेय गाँधी एवं जिन्ना को जाता है क्योंकि 1913 ई. में लीग के उद्देश्यों में राष्ट्रवाद एवं अन्य समुदायों से सहयोग जोड़ने के लिए जिन्ना ने कहा तो गाँधी जी ने मुसलमानों की खिलाफत की लड़ाई के साथ जुड़कर करोड़ों मुसलमानों का विश्वास अर्जित किया और उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ा। गाँधी जी का एकमात्र लक्ष्य था ब्रिटिश शासन को भारत से हटाना। तिलक ने भी सन् 1916 ई. में यह महसूस किया कि भारत में मुख्य शत्रु अंग्रेज हैं और उन्हें बाहर करना है तभी उन्होंने मुस्लिम लीग से समझौता किया था। गाँधी जी ने भी अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष में खिलाफत को असहयोग से जोड़ दिया। पर जिन्ना

का ऐसा मानना था कि गाँधी अंग्रेजी साम्राज्य के संघर्ष से अलग होकर अपने धर्म की राजनीति में लग गये हैं। अत: जिन्ना सन् 1920 ई. में कांग्रेस से अलग होकर 1940 ई. के बाद सदा धर्म की राजनीति करते हुए अपने नये राष्ट्र के जनक बन गये।

चौरीचौरा में कुछ सिपाहियों की हत्या कर देने के बाद गाँधी ने इस असहयोग आन्दोलन को वापस ले लिया। सन् 1923 ई. में हिन्दू महासभा पुनर्गठित हुई और स्वामी श्रद्धानन्द एवं मदन मोहन मालवीय आदि ने मूल रूप में मुसलमानों के विरोध में शुद्धि कार्यक्रम चलाया। सावरकर का हिन्दुत्व प्रकाशित हुआ। जिन्ना राष्ट्रवाद, समानता, एकता, ब्रिटिश विरोध एवं संवैधानिक सुधारों के साथ अपनी छवि बनाने में लग गये थे पर कांग्रेस में उनका स्थान गौण ही रहा। मुसलमानों के एक वर्ग में उनकी लोकप्रियता घट रही थी।

देश में कम्युनिस्ट पार्टी के जन्म से युवाओं की नयी पीढ़ी ने हिंसक शक्ति और साधन पर सक्रिय संगठन बनाये। भगत सिंह इस युवा शक्ति के प्रेरणास्रोत बने। नेहरू और सुभाष भी इस युवा शक्ति को बढ़ावा देने लगे। हिन्दू एवं मुस्लिम कड़वाहट के बीच दोनों में एकता एवं सहमति के कई प्रयास हुए। इसी बीच इंग्लैण्ड से साइमन कमीशन भारत भेजा गया जिसके विरोध में मुस्लिम लीग के जिन्ना गुट एवं कांग्रेस के बीच सहमति बनी। साइमन कमीशन के बहिष्कार पर मदन मोहन मालवीय ने कहा कि ईश्वर ने यह अवसर दिया है कि हम सब संगठित हो इसका विरोध करें। इस पर जिन्ना की प्रतिक्रिया यह थी कि- "इंग्लैण्ड के विरुद्ध एक संवैधानिक युद्ध छेड़ दिया गया है। सुलह के लिए पहल हमारी ओर से नहीं की जायेगी। मैं अन्य हिन्दू नेताओं का भी स्वागत करता हूँ जिन्होंने कांग्रेस और महासभा के मंच से हमारी ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाया है।"

कांग्रेस और मुस्लिम लीग यह समझ रहे थे कि केवल साइमन कमीशन के बहिष्कार से अंग्रेज भारत से नहीं जा सकेंगे। अत: ऑल पार्टी कॉन्फ्रेन्स की एक मीटिंग बम्बई में कांग्रेस अध्यक्ष अंसारी ने बुलायी जहाँ मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में एक कमिटी गठित की गयी। उन्हें भारत के संविधान के आधारभूत सिद्धान्तों को पूरा करने के लिए कहा गया। यह नेहरू रिपोर्ट के नाम से जाना जाता है। नेहरू रिपोर्ट के समर्थन व विरोध को लेकर मुस्लिम लीग एकमत नहीं हो रहा था। कांग्रेस के अन्दर भी एक मत नहीं था। अन्तत: 31 दिसम्बर 1929 की आधी रात में कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वाधीनता का प्रस्ताव पास हुआ और 26 जनवरी 1930 को सम्पूर्ण देश में प्रथम स्वाधीनता दिवस मनाया गया। इसके अतिरिक्त सम्पूर्ण देश में सम्पूर्ण स्वराज्य संकल्प लिया गया। पर जिन्ना ने इसका खुलकर विरोध किया इसलिए कि इस पूरे प्रसंग में मुसलमानों को, मुस्लिम लीग को और जिन्ना को इस महत्त्वपूर्ण कदम को उठाते समय पूछा नहीं गया। गाँधी ने दांडी यात्रा प्रारम्भ कर दी। जिन्ना ने अब कांग्रेस की इस राष्ट्रीय चेतना एवं गाँधी के व्यक्तिगत दांडी यात्रा से अपने को अलग कर लिया। गाँधी-इर्विन समझौता हुआ। गोलमेज कॉन्फ्रेन्स की तिथि निश्चित हो

गयी।

23 मार्च 1940 को लाहौर में हुए लीग के अधिवेशन में पारित प्रस्ताव को लाहौर प्रस्ताव को बाद में पाकिस्तान प्रस्ताव कहा जाने लगा। इस प्रस्ताव ने भारत और पाकिस्तान को दो राष्ट्रों के सिद्धान्त को राजनीतिक तौर पर स्थापित कर दिया। जिन्ना ने मुसलमानों को संगठित होने का आह्वान किया। वह जानता था कि मुसलमान संगठित होकर एक स्वर में बात करेंगे तो अधिक शक्तिशाली होंगे और इससे हिन्दू-मुस्लिम समस्या का समाधान जल्दी निकल जायेगा।

सन 1937 ई. के चुनावों में कांग्रेस की अप्रत्याशित जीत, उसका राजनीतिक वर्चस्व व महत्त्वाकांक्षाएँ उनसे टकराती मुसलमानों की भयातुर शंकाएँ व हिन्दूवादी संगठनों के आक्रामक बयान ही पाकिस्तान के निर्माण का मुख्य कारण बना। दिसम्बर 1939 ई. में दूसरा विश्वयुद्ध प्रारम्भ हुआ तथा 15 अगस्त 1945 को जापान के समर्पण करने के बाद यह युद्ध अन्तिम रूप से समाप्त हो गया। पर ब्रिटिश सरकार ने भारत को भी इस युद्ध में शामिल होने की घोषणा कर दी। इस घोषणा के विरोध में कांग्रेस ने गहरा असन्तोष जाहिर किया। कांग्रेस ने दो माँगें रखीं जिनके सन्तोषप्रद उत्तर पा जाने पर ही कांग्रेस युद्ध में ब्रिटिश सरकार को सहयोग देने पर विचार करेगी- माँग संख्या 1- ब्रिटिश सरकार इस युद्ध के उद्देश्यों को स्पष्ट करे तथा माँग संख्या 2- प्रजातन्त्र एवं भारत की स्वतन्त्रता व अधिकारों को लेकर ब्रिटिश सरकार अपनी नीति व लक्ष्य घोषित करे।

13 जनवरी 1940 को लिनलिथगो से मुलाकात में जिन्ना ने युद्ध में सहयोग करने के बदले में इस बात का आश्वासन लिया कि इस युद्ध के पश्चात् संवैधानिक सुधारों और पुनर्विचार में किसी भी प्रकार के ऐसे प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा जो मुस्लिम लीग द्वारा स्वीकृत न हो। बंगाल और पंजाब की लीग सहयोगी सरकारों ने युद्ध में ब्रिटिश सरकार को सहयोग दिया। फरवरी 1940 ई. में गाँधी और लिनलिथगो की मुलाकात हुई पर कोई सकारात्मक हल नहीं निकला। अत: पटना में 28 फरवरी 1940 को कांग्रेस कार्य समिति ने पूर्ण स्वराज्य तथा एक संवैधानिक सभा के गठन द्वारा संविधान के निर्माण के अपने उद्देश्य को पारित किया। ब्रिटिश हुकूमत इस प्रस्ताव को मानने में असमर्थता दिखलाती है तो नागरिक अवज्ञा आन्दोलन प्रारम्भ किया जायेगा। वाइसराय लिनलिथगो ने कांग्रेस, लीग और देशी रियासतों के चैम्बर और अन्य दलों से बात करके युद्ध में सबका सहयोग पाना चाहा। कांग्रेस का रुख साथ देने को नहीं था अत: लिनलिथगो ने जिन्ना को अपनी ओर आकृष्ट करने का प्रयास किया। 19 मार्च 1940 ई. को रामगढ़ के कांग्रेस अधिवेशन में पटना के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गयी और कांग्रेस की ओर से यह घोषणा हुई कि किसी भी रूप में युद्ध में भाग नहीं लेगी जब तक कि ब्रिटिश हुकूमत पूर्ण स्वतन्त्रता की घोषणा न करे। गाँधी जी को नये आन्दोलन का नेतृत्व का अधिकार प्रदान कर दिया गया।

जैसा कि विदित है द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति की घोषणा 15 अगस्त 1945 को हुई।

लॉर्ड वेवल ने भारत में चुनावों की घोषणा 19 सितम्बर 1945 को कर दी। उसी दिन प्रधानमंत्री एटली ने रेडियो पर भाषण देते हुए कहा था कि भारतीयों को एक ऐसा संविधान तैयार करने की कोशिश करनी चाहिए जो सभी दलों को स्वीकार हो। भारतीय मुसलमानों का असली प्रतिनिधित्व लीग करती है अथवा कांग्रेस। मुस्लिम लीग ने यह चुनाव पाकिस्तान के नारे पर लड़ा। जिन्ना और दूसरे मुसलमान नेताओं की माँग थी कि पंजाब, सिन्ध, उत्तर-पश्चिमी सीमा प्रान्त, बलूचिस्तान, बंगाल और आसाम का अपने सम्पूर्ण स्वरूप में अलग प्रभुसत्ता वाला राज्य बने जिसे पाकिस्तान कहा जाये। अत: इसे देखते हुए बहुत से मुसलमान लीग में शामिल होने लगे। जिन्ना ने बहुत जोर देकर कहा कि वह भारत का मामला दस मिनट में हल कर सकते हैं अगर गाँधी कह दें कि वे पाकिस्तान के निर्माण के लिए राजी हैं। जिन्ना ने कहा कि पाकिस्तान की हमारी सरकार सम्भवत: प्रान्तों की स्वायत्तता पर आधारित एक संघीय सरकार होगी।

दिसम्बर 1946 के अन्त में केन्द्रीय सभा के चुनाव परिणाम आये। गैर मुस्लिम सीटों पर कांग्रेस को 91.3 प्रतिशत हिस्सा मिला जबकि मुस्लिम सीटों पर मुस्लिम लीग को वोटों का 86.6 प्रतिशत हिस्सा मिला। यह महत्त्वपूर्ण बात थी कि मुस्लिम सीटों पर मुस्लिम लीग ने प्रत्येक सीट जीत ली। जो मुसलमान कांग्रेस से लड़े उनमें से कई की जमानत राशि भी जब्त हो गयी। जिन्ना इस जीत से मुसलमानों का एकमात्र प्रतिनिधि बन गया। अत: इस जीत की खुशी में मुसलमानों की एकजुटता को प्रदर्शित करने के लिए लीग ने 7 अप्रैल 1946 को दिल्ली में अपने सभी विधायकों का सम्मेलन बुलाया। 9 अप्रैल 1946 को पाकिस्तान के लिए एक प्रस्ताव पास किया गया।

इसके पूर्व 28 जनवरी को वाइसराय ने घोषणा की थी कि वह अपनी नयी कार्यकारी समिति का गठन करेंगे जिसमें सभी दलों के नेता होंगे तथा संविधान बनाने के लिए एक समिति भी बनायेंगे। कांग्रेस ने तो इसका स्वागत किया पर जिन्ना का विरोध यह था कि लीग किसी कामचलाऊ कार्रवाई में भाग नहीं लेगी जब तक पाकिस्तान का सिद्धान्त तत्काल मान नहीं लिया जाता है।

बम्बई में नौसैनिकों का विद्रोह 18 फरवरी 1946 को हो गया जिसमें लगभग 250 लोग मारे गये थे। इंग्लैण्ड से एक कैबिनेट मिशन जिसमें तीन सदस्य थे, भारत भेजा गया जिन्होंने भारत आकर विभिन्न दलों के नेताओं से बैठकें प्रारम्भ कर दीं। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने कांग्रेस के अध्यक्ष की हैसियत से 3 अप्रैल को मिशन से मुलाकात की। आजाद ने कहा कि भारत का विभाजन कांग्रेस नहीं चाहती है। मुसलमान जिस तरह का पाकिस्तान माँग रहे हैं- बहुतों को तो समझ ही नहीं आ रहा है कि वह क्या है? गाँधी जी ने मिशन के एक सदस्य पैथिक लॉरेन्स से मुलाकात की थी। गाँधी जी ने कहा कि जिन्ना के साथ 18 दिनों तक बैठकें हुई हैं। वे स्वयं को मुसलमानों का हितैषी मानते हैं पर वह जिन्ना द्वारा माँगे गये पाकिस्तान की सार्थकता को समझने में असमर्थ हैं। गाँधी जी ने तो यहाँ तक कह डाला कि एक छोटे हिस्से को छोड़कर अधिकांश मुसलमान जनमानस धर्मान्तरण

निवासियों का है और वे भारतवर्ष में जन्मे पुरुषों के वंशज हैं। गाँधी जी स्वयं द्विराष्ट्र सिद्धान्त के विरोधी हैं।

यह मिशन तीन माह तक रहकर भारत के विभिन्न नेताओं से सम्पर्क कर वापस हो गया। जुलाई 1946 के प्रारम्भ में मौलाना अबुल कलाम आजाद के स्थान पर नेहरू कांग्रेस अध्यक्ष बनाये गये। कांग्रेस महासचिव की हैसियत से कृपलानी जी ने ही नेहरू के नाम को प्रस्तावित किया था। गाँधी जी का झुकाव पटेल के मुकाबले नेहरू की तरफ अधिक था जो अन्तरिम सरकार तथा स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमन्त्री हो गये। पटेल इससे बड़े दुखी हुए तथा कृपलानी ने भी इसे अपनी भयंकर भूल मान ली। मौलाना आजाद ने भी अपनी पुस्तक में कृपलानी के पछतावे को स्वीकार किया है।

10 जुलाई 1946 को नेहरू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेन्स में यह कहा कि संविधान सभा में वे क्या करेंगे इसके लिए वे स्वतन्त्र हैं। अत: जिन्ना ने नेहरू के इस बयान पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि नेहरू अपने अधिकार और कर्तव्य को ठुकरा रहे हैं। 14 अगस्त 1946 को जिन्ना का बयान आया कि मुसलमान उन स्थितियों को पूरी तरह समझ लें जिनका मुसलमान भारत में सामना कर रहा है और यह भी कि वे स्वयं को किसी भी हद तक अन्तिम स्थिति का सामना करने के लिए तैयार रखें। अत: जिन्ना के इस बयान से कलकत्ता में 16 अगस्त से 20 अगस्त तक हजारों की संख्या में नरसंहार हुआ। कांग्रेस एवं मुस्लिम लीग इस नरसंहार के लिए एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे थे।

22 अगस्त को नेहरू ने वाइसराय को पत्र लिखा कि कांग्रेस मुस्लिम लीग के साथ मिलकर साझा सरकार बनाने को तैयार है पर इसका यह अर्थ नहीं कि इसके लिए लीग की हर माँग को अथवा उनके जिद्दी रवैये को मान लिया जाये।

24 अगस्त को गवर्नर जनरल की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। अन्तरिम सरकार ने 2 सितम्बर 1946 को शपथ ली। शपथ की पहली सन्ध्या में ही मुस्लिम सदस्य सर शफात अहमद खाँ के ऊपर हमला कर दिया गया जिस कारण बम्बई और अहमदाबाद में साम्प्रदायिक झगड़े हुए। 7 सितम्बर को नेहरू का रेडियो प्रसारण हुआ। 8 सितम्बर को लन्दन डेली मेल के प्रतिनिधि से जिन्ना ने कहा मुझको छुरा भोंका गया है और सान्त्वना से खून बहना बन्द नहीं किया जा सकता।

वाइसराय वेवल से 16 सितम्बर तथा 25 सितम्बर को मिलकर जिन्ना ने सारी स्थितियों को स्पष्ट किया। 26 सितम्बर को नेहरू की मुलाकात वेवल से हुई। नेहरू ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि यदि सारा मामला होशियारी और समझदारी से निपटाया जाये तो लीग के सरकार और संविधान सभा में शामिल होने पर समझौता हो जायेगा। वाइसराय ने गाँधी से भी मुलाकात की। उन्होंने गाँधी

को अपनी और जिन्ना की बातचीत का सारांश बताया और उनको भी नेहरू का दिया हुआ तर्क दिया। गाँधी ने स्पष्ट किया कि उचित यही है कि नेहरू एवं जिन्ना आपस में मिलकर समस्या को तय करें।

22 मार्च 1947 को माउण्टबेटन भारत के चौंतीसवें तथा अन्तिम ब्रिटिश गवर्नर जेनरल के रूप में आ गये। माउण्टबेटन से गाँधी की मुलाकात हुई। गाँधी जी ने कहा कि जिन्ना और मुस्लिम लीग को केन्द्र में सरकार बनाने को कहा जाये। जिन्ना देश के प्रधानमन्त्री बनकर जिस रूप में देश चलावें- चलाने दें। माउण्टबेटन ने पूछा कि क्या जिन्ना चाहेंगे। गाँधी ने कहा कि जिन्ना कहेंगे- आह! फिर वही कपटी गाँधी। गाँधी ने माउण्टबेटन से कहा कि आपको दृढ़ होना पड़ेगा क्योंकि आपके पूर्ववर्ती जितने भी वाइसराय आये उन सबों ने ब्रिटिश सरकार की 'फूट डालो और राज करो' की नीति में ऐसी स्थितियाँ पैदा कर दी हैं कि देश में अब यही विकल्प दिखता है कि कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए ब्रिटिश शासन जरूरी है अन्यथा देश में खून की नदियाँ बह जायेंगी।

गाँधी के इस सुझाव से ब्रिटिश नौकरशाही और कांग्रेसी खेमे में खलबली मच गयी क्योंकि अंग्रेज भारत का विभाजन ही चाह रहे थे और जिन्ना अगर असफल हो जाते हैं तो सत्ता पूरी तरह से कांग्रेसी हो जायेगी- कांग्रेस अंग्रेजों के खिलाफ है। पाकिस्तान बन जाने से अंग्रेज वहाँ आसानी से ठहरकर भारत को बरबाद करने में लगे रहेंगे। पटेल भी मानसिक रूप से देश के विभाजन को चाह रहे थे। नेहरू भी यही चाह रहे थे कि बार-बार के इस घुटन से छुटकारा पाने के लिए देश ही दो भागों में बँट जाये। 5 अप्रैल को वाइसराय के कर्मचारियों ने नेहरू को बतलाया कि वाइसराय ने गाँधी के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। गाँधी ने कांग्रेस कार्यसमिति को भी समझाया था। गाँधी कहते रहे कि विभाजन से समस्याएँ उत्पन्न होंगी पर गाँधी की बातों को किसी ने भी स्वीकार नहीं किया। गाँधी ने माउण्टबेटन को इन सब बातों की जानकारी दे दी कि कांग्रेस कार्यसमिति ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। गाँधी ने यह भी कहा कि माउण्टबेटन अब इन तथ्यों पर सारी बातचीत कांग्रेस कार्यसमिति से करें। अब कांग्रेस और गाँधी अलग-अलग विचारों से ग्रसित हो गये हैं। माउण्टबेटन को गाँधी ने यह भी कह दिया कि समझौते की चर्चा में उन्हें न रखें। इस बात की खबर गाँधी ने सरदार पटेल को भी दे दी। माउण्टबेटन ने गाँधी एवं जिन्ना के अतिरिक्त प्रत्येक महत्त्वपूर्ण दल के नेताओं से मिलकर भारत के बँटवारे पर चर्चा की। सामूहिक एवं अलग-अलग रूप से इन समस्त साक्षात्कारों के बाद माउण्टबेटन ने विभाजन और सत्ता हस्तान्तरण की गहरी जटिलता को समझा। नेहरू ने अपने एक भाषण में ऐसा भी कह दिया था कि मुस्लिम लीग पाकिस्तान ले सकती है अगर वह इसे लेना चाहे पर इसी शर्त पर कि वह अपने साथ भारत का वह हिस्सा नहीं ले जायेगी जो पाकिस्तान में नहीं जाना चाहता। जिन्ना ने यह कहा कि बंगाल और

पंजाब नहीं बँटना चाहिए। अगर बँटते हैं तो सारे प्रान्त भी उसी प्रकार बाँट दिये जायें। इसका उत्तर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने दिया कि 1940 के लाहौर अधिवेशन में लीग ने सिर्फ बंगाल और पंजाब के विभाजन की बात कही थी इसलिए उन प्रान्तों के विभाजन की बात करने का कोई औचित्य नहीं है जहाँ मुस्लिम बहुल संख्या नहीं है। अगर विभाजन होना ही है तो बंगाल व पंजाब का और सेना का हो। इसी शोर में सिखों के समूह ने अलग खालिस्तान की माँग कर दी और पठानों के एक समूह ने एक अलग पठानिस्तान की माँग कर दी।

माउण्टबेटन को यह महसूस हो गया कि देश में अराजकता की स्थिति उत्पन्न होने जा रही है अत: उसने 3 जून 1947 को भारत विभाजन की घोषणा कर दी। नेहरू और जिन्ना ने बारी-बारी से भाषण देकर अन्त में जयहिन्द और पाकिस्तान जिन्दाबाद का नारा दिया। माउण्टबेटन ने विभाजन की तारीख भारत के लिए 15 अगस्त और पाकिस्तान के लिए 14 अगस्त निश्चित कर दी। मुस्लिम लीग की बैठक में जिन्ना को यह अधिकार मिला कि योजना में वर्णित बुनियादी सिद्धान्तों के आधार पर उचित रूप में भारत के बँटवारे को आगे बढ़ाएँ। इसके विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस महासमिति की बैठक 14-15 जून को हुई। गोविन्द वल्लभ पन्त ने यह प्रस्ताव रखा कि 3 जून की योजना को हम स्वीकार करें या आत्महत्या। प्रस्ताव का अनुमोदन आजाद ने किया। आजाद पन्त से असहमत थे कि देश का बँटवारा 16 मई की कैबिनेट मिशन योजना से अच्छा समाधान है। प्रस्ताव का विरोध पुरुषोत्तमदास टण्डन ने राष्ट्रवादी मुसलमानों ने और उन प्रान्तों के हिन्दू प्रतिनिधियों ने किया जो पाकिस्तान में जा रहे थे। टण्डन ने कहा पाकिस्तान में हिन्दू भय में जीएँगे और भारत में मुसलमान।

कांग्रेस के समक्ष बड़ी समस्या थी। कांग्रेस ने लीग के सामने घुटने टेक दिए और समर्पण कर दिया ऐसी बातों के विरोध में नेहरू ने यह कहा कि निर्दोष व्यक्तियों की हत्या से यह अच्छा है कि देश का विभाजन हो। अंग्रेज तो चाह ही रहे थे कि देश से जाने से पहले इसे दो राष्ट्रों में बाँट दें और मुस्लिम लीग की हठधर्मिता ने तो आग में घी का काम किया; क्योंकि यह गुट तो देश को तोड़-फोड़ की धमकी दे रहा था। पटेल ने भी नेहरू का समर्थन किया क्योंकि मुस्लिम लीग की अड़ंगेबाजी से छुटकारा पाने का कोई और रास्ता नहीं रह गया था। पटेल ने आगे कहा कांग्रेस पाकिस्तान के विरुद्ध है फिर भी सदन के समक्ष जो प्रस्ताव है वह विभाजन को स्वीकार करता है। इस पर गाँधी ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन कर दिया यह कहते हुए कि कांग्रेस पाकिस्तान के विरुद्ध थी और वे स्वयं उनमें हैं जिन्होंने प्रारम्भ से ही हिन्दुस्तान के बँटवारे का विरोध किया है। नौ घण्टे तक इस बँटवारे के विरोध में बहस चलती रही। इसी अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष जे.बी.कृपलानी ने कुछ उपद्रवग्रस्त भागों का विवरण प्रस्तुत किया जो हृदय को दहला देने वाली सूचना थी।

गाँधी सदा यह कहते रहे कि विभाजन मेरी लाश पर ही होगा पर अब गाँधी को सुनने वाला

कोई नहीं था। दंगों का बोलबाला हो गया। सुहरावर्दी बंगाल में था जिसके पास गाँधी विभाजन रोकने की वकालत कर रहे थे और दंगाग्रस्त क्षेत्रों में शान्ति हो सके इसका भी प्रयास करते रहे। वे माउण्टबेटन से मिलने गये पर माउण्टबेटन से मिलने पर हतोत्साहित हो गये। माउण्टबेटन ने कहा कि मि. गाँधी कांग्रेस अब आपके नहीं वरन् मेरे साथ है। इस पर गाँधी ने कहा कि देश मेरे साथ है पर अब 78 वर्ष की अवस्था पर पहुँचे गाँधी को देश में भ्रमण करना असम्भव सा लगता था। उनके विश्वस्त सेनानायक भी अब उनसे दूर होकर कौन देश का नेतृत्व संभालेगा इसमें लगे हुए थे। गाँधी अब अकेले पड़ गये और 3 जून 1947 से 15 अगस्त 1947 तक देश के विभिन्न हिस्सों में कई दंगे हुए। हजारों की संख्या में लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया।

जब हम विभाजन की प्रक्रिया का गहन अध्ययन करते हैं तो यह स्पष्ट हो जाता है कि दोनों देशों के बीच जन्म से ही आपसी घृणा, असहयोग एवं दुराग्रह का प्रभाव बढ़ चुका था। 11 अगस्त 1947 को पाकिस्तान की संविधान सभा में जिन्ना को सभा का राष्ट्रपति चुना गया। 13 अगस्त 1947 को माउण्टबेटन कराँची पहुँचे और 14 अगस्त 1947 को पाकिस्तान सभा को सम्बोधित किया और उसी दिन जिन्ना ने पाकिस्तान के गवर्नर जेनरल की शपथ ली। लियाकत अली खाँ वहाँ के प्रथम प्रधानमन्त्री बने।

इधर भारत में 14 अगस्त की रात्रि में संवैधानिक सभा की बैठक में नेहरू ने सभा को सम्बोधित किया। 15 अगस्त 1947 को नेहरू ने प्रधानमन्त्री के पद को संभाला।

अन्त में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त (1909-1960) जिन्होंने भारत की आजादी की लड़ाई को स्वयं देखा है उनकी रचना 'भारत भारती' स्वतन्त्रता आन्दोलन में लगे लोगों के लिए गीता की तरह थी। गुप्त जी ने अपने समय में समाज में राष्ट्रीयता के अभाव का तीव्रता से अनुभव किया था। उन्होंने कहा-

'जातीयता क्या वस्तु है निज देश कहते हैं किसे?
क्या अर्थ आत्म त्याग का वे जानते हैं क्या इसे?'

'काबा और कर्बला' गुप्त जी की दूसरी रचना है जिसमें विभिन्न सम्प्रदायों के अनुयायियों को आन्तरिक शान्ति के लिए सद्भाव और सहभाग के साथ रहने का संदेश देते हैं। मुसलमानों को सम्बोधित करते हुए जो बातें कही गयी हैं वे आज भी प्रासंगिक हैं-

मुसलमान भाई हो शान्त, सोचो तुम्हीं तनिक एकान्त
तुम निज हित करो सब कर्म और छोड़ दें हम निज धर्म
रहे तुम्हारा कुछ भी बोध हमको तुमसे नहीं विरोध
मातृभूमि का नाता मान हैं दोनों के स्वार्थ समान

और अन्त में वे कहते हैं-

"सुख और दुख में एक सा सब भाइयों का भाग हो
अन्तःकरण में गूँजता राष्ट्रीयता का राग हो।"

राष्ट्रीयता का यह भाव भारत-भारती का केन्द्रीय भाव है। इसका स्वरूप सांस्कृतिक है। इस राष्ट्रीयता के भाव की झलक अथर्ववेद के '**माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः**' मन्त्र में, भागवत के '**अहो भुवः सप्त समुद्र वत्या द्वीपेषु अधि पुण्य मेतत**' तथा विष्णु पुराण के '**गायन्ति देवाः किल गीतिकानि धन्यास्तुते भारतभूमि भागे**' जैसे श्लोकों में मिलती है। (महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज में भारत विभाजन की पूर्व संध्या 13 अगस्त 2012 ई. को आयोजित व्याख्यान)

सन्दर्भ सूचीः

1. सिंह, राजगोविन्द - भारतवर्ष पर विदेशी आक्रमणों का इतिहास (अप्रकाशित); मगध विश्वविद्यालय की पी-एच.डी. उपाधि के लिए 1975 में प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध
2. सिंह, संजय कुमार - गुर्जर, प्रतिहार, गाहड़वाल और चाहमान राजाओं की पश्चिमोत्तर सीमान्त प्रान्तों की प्रतिरोधात्मक नीतियों का तुलनात्मक अध्ययन (700 ए.डी. से 1200 ए.डी. तक); बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर की पी-एच.डी. उपाधि के लिए 2008 में प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध
3. आजाद, मोहम्मद अबुल कलाम - India Wins Freedom, ओरियन्ट लौंगमैन, बम्बई, 1959
4. प्रसाद, राजेन्द्र - India Divided, हिन्द किताब लिमिटेड, बम्बई, 1947
5. शर्मा, राम विलास - सन् सत्तावन की राज्यक्रान्ति और मार्क्सवाद; लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, 1990
6. प्रियंवद - भारत विभाजन की अन्तःकथा; भारतीय ज्ञानपीठ, नयी दिल्ली, 2008
7. जकारिया, रफीक - The Man Who Divided India. Popular Prakashan Pvt. Ltd.. Mumbai. 2002
8. गुप्त, सदानन्द - 'भारत भारती- स्मृति से जागरण यात्रा का काव्य', सन्दर्भ- दिसम्बर 2011

कमजोर वर्गों के विकास में सामाजिक न्याय की भूमिका

हनुमान प्रसाद उपाध्याय*

भारतीय समाज एक अत्यन्त प्राचीन समाज है, जो कि अपने आप में जटिलता लिये हुए है। इसका इतिहास लगभग पाँच हजार वर्ष पुराना है। भारत की सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विविधताएं यहां की ग्रामीण एवं शहरी निवास की दशाओं में स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होती है।

प्रत्येक समाज की संरचना के समान ही भारतीय सामाजिक संरचना में भी उच्च वर्ग व निम्न वर्ग विद्यमान हैं। भारतीय समाज में कुछ समूह सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुए हैं। जिन्हें कमजोर वर्ग कहा जाता है। कमजोर वर्गों में अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला तथा अल्पसंख्यक को सम्मिलित किया जाता है। इन वर्गों के उत्थान के लिए भारतीय संविधान में विशेष प्रावधान किया गया है।

हमारे देश में अनुसूचित जातियाँ जाति व्यवस्था का अभिशाप झेल रही हैं। जिससे उनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक स्थिति चिन्तनीय है। परम्परागत भारत में इन्हें भग्न पुरुष, बाह्य जाति, अवर्ण, अछूत/अश्पृश्य, उपेक्षित माना जाता रहा है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने इन्हें 'भग्नपुरुष' या 'भग्न जाति, कहा है।[1] अंग्रेजों ने इन्हें दलित वर्ग (Depressed Class) कहा है। **महात्मा गांधी** ने इन्हें हरिजन नाम दिया।[2] साइमन कमीशन तथा सरकारी विज्ञप्ति द्वारा 1935 में 'अनुसूचित जाति' शब्द का प्रयोग किया गया जो कि अश्पृश्य लोगों के लिए प्रयोग में लाया गया। स्वतंत्र भारत में इसी नाम का प्रयोग किया गया है। इस प्रकार अनुसूचित जाति विभिन्न नामों से जानी गयी।[3]

जे.एच. हट्टन ने कुछ निर्योग्यताओं के आधार पर अस्पृश्य जातियों को स्पष्ट करते हुए कहा कि अश्पृश्य जाति वह है जो (1) उच्च जातियों की सेवा पाने के लिए आयोग्य है, (2) सवर्ण हिन्दुओं की सेवा करने वाले व्यक्तियों (जैसे-नाई, धोबी, दर्जी, कहाँर आदि) की सेवा पाने के लिए अयोग्य है, (3) हिन्दू मंदिरों में प्रवेश करने से निषेधित है, (4) सार्वजनिक सुविधाओं के उपयोग से वंचित है तथा (5) घृणित पेशे से अलग होने में असमर्थ हैं।[४]

* विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर।
Email:- drhp.upadhyay77@gmail.com

अनुसूचित जाति, जाति प्रथा के परिणामस्वरूप विकसित उस व्यवस्था का अंग है जिसमें मानवता के बीच इतना अधिक अन्तर हो गया है कि उनके स्पर्श मात्र से ही गैर अनुसूचित/सवर्ण जातियों के लोग अपवित्र हो जाते हैं। **डी.एन. मजूमदार** का विचार है कि अस्पृश्य जातियां सामाजिक और राजनीतिक सुविधाओं से वंचित रही हैं। ऐसा व्यवहार सवर्णों विशेषकर उच्च/प्रभावशाली जातियों द्वारा प्रदान किया गया है। इस प्रकार मजूमदार ने अस्पृश्यता की सामाजिकता पर बल दिया है।[५] भारत की 2011 की अंतिम जनगणना रिपोर्ट के अनुसार देश में अनुसूचित जातियों की जनसंख्या (20.137 करोड़) है, जो कि देश की कुल जनसंख्या का 16.6 प्रतिशत है।[६]

भारतीय संविधान में कुछ वर्ग जो कि सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक दृष्टि से पिछड़े हैं, के उत्थान और कल्याण के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। इसी आशय से जिन जनजातियों के नाम संविधान की अनुसूची में सम्मिलित किये गये है, उन सभी को अनुसूचित जनजाति कहा जाता है। भारत में अनुसूचित जातियां एक लम्बे समय से अमानवीय शोषण का शिकार रही हैं। अनुसूचित जातियां अनेक सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और राजनीतिक अधिकारों से वंचित रही हैं। ये निर्योग्यताएं ही उनकी वास्तविक विशेषताएं है जो उन्हें शेष हिन्दू समाज से अलग कर देती हैं।

अनुसूचित जातियों के विकास व कल्याण के लिए अनेक सराहनीय कार्य किये गये हैं। जिसका लाभ कुछ हद तक उनको मिला भी है लेकिन सुधार की जितनी अपेक्षाएं की गई थी, उतना अभी नहीं हुआ है।

पिछड़े वर्गों में उन संजातीय समूह को सम्मिलित किया जाता है जो जातीय सोपान में निम्न नहीं है लेकिन सामाजिक, शैक्षिक तथा आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हैं। पिछड़े वर्गों में ब्राह्मणों मे निम्न और अछूत जातियों से उच्च, मध्यम श्रेणी की जातियों और समूहों को सम्मिलित किया गया है। पिछड़े वर्ग में आने वाली जातियां सामाजिक रूप से पिछड़ी हैं, क्योंकि वे शिक्षा, सरकारी सेवाओं, व्यवसायों और व्यापार आदि में भी पीछे रहे हैं। सन् 1950 में पहली बार 'अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ' का गठन किया गया। **काका कालेलकर** की अध्यक्षता में राष्ट्रपति ने 29 जनवरी 1953 को एक पिछड़ा वर्ग आयोग की नियुक्ति की। जनता पार्टी की सरकार में लोकसभा के एक सदस्य **बी.पी. मण्डल** (बिन्देश्वरी प्रसाद मण्डल, बिहार) की अध्यक्षता में द्वितीय पिछड़ा वर्ग आयोग की नियुक्ति की। आयोग ने सिफारिश की कि गहन और समयवद्ध कार्यक्रम तैयार कर पिछड़ी जातियों में प्रौढ़ शिक्षा का प्रसार किया जाना चाहिए। 27 प्रतिशत आरक्षण का सिद्धान्त नौकरियों और शिक्षण संस्थाओं दोनों के लिए सुझाया गया था। भारतीय समाज में संरचनात्मक परिवर्तन लाने के लिए आयोग ने पिछड़े वर्गों के आर्थिक उत्थान के लिए भी सुझाव दिए।[७]

हमारे समाज में महिलाओं को भी कमजोर वर्गों में रखा जाता है क्योंकि हजारों वर्षों से समाज द्वारा इनके ऊपर अनेक सामाजिक-धार्मिक निर्योग्यताएं लादी गयी हैं, जिसके कारण उन्हें

शोषण का शिकार होना पड़ा है। जबकि स्त्री और पुरुष मानव समाज की आधारशिला हैं। किसी एक के अभाव में समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। इसके बावजूद स्त्रियों की स्थिति पुरुषों के बराबर नहीं मानी जाती है।

मार्क्स का कहना है कि स्त्री का कोई वर्ग नहीं होता, विश्व की आधी आबादी वर्ग विहीन है। स्त्री के वर्ग का निर्धारण पुरुष के वर्ग से होता है। महिलाओं के सम्बन्ध में **स्वामी विवेकानन्द जी** ने कहा कि ''वह देश और राष्ट्र जिसने स्त्रियों का आदर नहीं किया, कभी भी महान नहीं बन सका और न ही भविष्य में बन पायेगा।''

फ्रांसीसी बुद्धिजीवी **सिमोन दी बुआ** का कहना है कि 'औरत पैदा नहीं होती, बल्कि बना दी जाती है।' अर्थात स्त्री सुलभ गुण-दोष या व्यक्तित्व लिंग भेद के प्राकृतिक आधार पर नहीं बल्कि संस्कार और सीख के आधार पर बनते हैं।[८] आज विशेषकर स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद महिलाओं की स्थिति में सर्वांगीण विकास हुआ है। वे प्रत्येक क्षेत्र एवं व्यवस्था में अपना योगदान दे रही हैं।

महिलाओं के उत्थान के लिए 1985 में **'महिला एवं बाल विकास विभाग'** की स्थापना की गई, जिससे महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। महिलाओं के विकास के लिए गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 1993 से **'महिला समृद्धि योजना'** प्रारम्भ की गई तथा प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को **'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस'** मनाया जाता है। महिलाओं को सामाजिक न्याय व अधिकार दिलाने के लिए अनेक अधिनियम एवं कानून बनाये गये जिससे उन्हें सामाजिक, न्यायिक एवं पारिवारिक सुरक्षा मिल सके।

भारतीय समाज एक बहुलवादी समाज है, जिसमें अनेक भाषा-भाषी तथा विभिन्न धर्मावलंबी निवास करते हैं। विश्व में ऐसा कोई भी देश नहीं है जहां किसी न किसी प्रकार के अल्पसंख्यक न हों। **इनसाइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका** के अनुसार 'अल्पसंख्यक एक समूह के रूप में सामान्य अवतरण में भाषा या धार्मिक विश्वास एवं अनुभूति जो कि राजनीतिक सत्ता के अन्तर्गत बहुसंख्यक से भिन्न होता है, बंधे रहते हैं।[९]

अल्पसंख्यक की अवधारणा के अन्तर्गत जनसंख्या के वे उपप्रमुख समूह आते हैं जो स्थायी, प्रजातीय, धार्मिक एवं भाषायी परम्परा को या शेष जनसंख्या के गुणों से भिन्न अपनी विशेषता को बचाये रखना श्रेयस्कर समझते हैं।[१०]

एन. विर्थ ने बताया कि ''अल्पसंख्यक एक समूह है जो शेष समाज के सदस्यों से प्रजातीय एवं सांस्कृतिक विशेषताओं के आधार पर भिन्न होता है, जिनके साथ पृथकता एवं अधीनस्थ व्यवहार किया जाता है।''[११] इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अल्पसंख्यक वे हैं जो तुलनात्मक दृष्टि से धर्म व भाषा के आधार पर कम संख्या में हों इस दृष्टि से मुस्लिम, सिख, इसाई, बौद्ध तथा जैन

धर्म आदि के मानने वाले लोगों को अल्पसंख्यक कहा जाता है।

अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा अनेक उपाय किये गये। अल्पसंख्यकों में कमजोर वर्गों के लिए आर्थिक व विकास क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 30 सितम्बर 1994 को 'राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम' की स्थापना की गई।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम 1992 द्वारा पाँच धार्मिक समुदाय जैसे मुस्लिम, सिख, इसाई, बौद्ध तथा पारसी को अल्पसंख्यकों के रूप में अभिसूचित किया गया जो सम्पूर्ण देश की जनसंख्या का लगभग 18 प्रतिशत हैं।

अल्पसंख्यकों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ने अनेक प्रयत्न किये हैं। भारतीय संविधान में उनके हितों को सुरक्षित रखने तथा उन्हें उन्नत बनाने हेतु आवश्यक संरक्षण प्रदान किये गये हैं, जिससे उन्हें सामाजिक न्याय व अधिकार मिल सके।

वर्तमान समय में कमजोर वर्ग जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्ग, महिला व अल्पसंख्यक आते हैं, उनको धार्मिक, आर्थिक राजनैतिक तथा सामाजिक न्याय व अधिकार और सुविधाएं देने के लिए सरकार के द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। जिसका लाभ इन कमजोर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। इनकी सभी स्थितियों में अधिकाधिक सुधार हुआ है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। हमें यह दृढ़ संकल्प लेना चाहिए कि परस्पर सहभागिता और जागरूकता के द्वारा सभी कमजोर वर्ग के लोगों के लिए सामाजिक न्याय व अधिकार उपलब्ध कराकर हमारे द्वारा कमजोर वर्गो के विकास की भूमिका का निर्वहन किया जा सकता है। जिससे प्रगतिशील, प्रतिभाशाली, समृद्ध एवं सशक्त आधुनिक भारत का निर्माण किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ

1. B.R. Ambedkar : The untouchables, Amrit Book Co. New Delhi. 1948.
2. M. Gandhi : The Removal of Untouchability, Navjivan Publishing House, Ahmedabad, 1954.
3. The Scheduled Castes, के.एस. सिंह
4. J.H. Hutton : Caste in India, Its Nature, Function and origin, Oxford University Press Bombay, 1961.
5. D.N. Majumdar : Races and Cuttures of India; 1948
6. Final Data of schedule census : 2011
7. The Politics of Backwardness : Reservation Policy in India- Pannikar
8. द सेकेण्ड सैक्स : 1949 सिमोन द बुआ
9. इनसाइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका (Encyclopaedia Britanica)
10. यूनाइटेड नेशन्स सब-कमीशन आन प्रिवेंशन एण्ड प्रोटेक्शन ऑफ माइनारिटीज United Nations Sub-commission on prevention & Protection on Minorities.
11. बर्ल्ड कांग्रेस ऑफ सोशियोलाजी इन स्विटरजरलैण्ड 1950 : एन. विर्थ

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा प्रदत्त सेवाओं का विपणन : एक दृष्टि

सुभाष कुमार गुप्ता*

सारांश-कर्मचारी भविष्य निधि सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में कार्यरत सभी कर्मचारियों के लिए बचत का प्रमुख साधन है, इसकी शुरूआत 15 नवम्बर, 1951 को कर्मचारी भविष्य निधि अध्यादेश के आने के पश्चात् हुई थी। इसके बाद कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952 पारित किया गया। जो अब कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के नाम से जाना जाता है। यह अधिनियम जम्मू कश्मीर छोड़कर भारत के सभी राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों में लागू है।

कर्मचारी भविष्य निधि, भविष्य की जरूरतों को ध्यान मे रखते हुए एक महत्वपूर्ण निवेश है। इस पर दिया जाने वाला ब्याज करमुक्त होता है। इसके परिपक्वता पर दिये जाने वाले लाभ आर्थिक रूप से काफी सहायक सिद्ध होते है। अगर लम्बे समय तक भविष्य निधि के रूप में धन की बचत की जाए तो यह कर्मचारी के लिए भविष्य में एवं सेवा निवृत्ति के बाद की जरूरतों के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होता है। आपात कालीन स्थिति में हमें अक्सर धन की कमी महसूस होती है एवं उस समय हमारे पास लोगो में उधार मांगने के अलावा कोई और रास्ता नहीं बचता है। ऐसी स्थिति में कर्मचारी भविष्य निधि हमारे लिए सहायक सिद्ध होता है क्योंकि जिस तरह का लाभ हमें इससे प्राप्त होता है, वैसा लाभ किसी और निवेश से प्राप्त नहीं होता है। भविष्य निधि का उपयोग समय-समय पर विभिन्न जरूरतों के लिए किया जा सकता है।[1]

प्रस्तावना: कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की स्थापना 15 नवम्बर, 1951 में की गयी थी। इसका स्थापना कारखानों और अन्य संस्थानों में कार्यरत संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए की गयी थी।[2]

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पास उन सभी संस्थानों/कम्पनियों/कारखानों को रजिस्टर्ड कराना पड़ता हैं जहाँ पर 20 से अधिक कर्मचारी काम करते हैं साथ ही अगर किसी कर्मचारी का

*असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग, महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़ गोरखपुर।
Email - dr.subhashgupta53@gmail.com, Mobile No. 9889037817 ◆ युगद्रष्टा ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 50वीं एवं राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 05वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला में दिनांक 19 अगस्त 2019 को दिया गया व्याख्यान।

वेतन प्रति माह 15000 रू. से कम है तो उसे नियमानुसार कर्मचारी भविष्य निधि में योगदान करना पड़ता है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों को विविध प्रकार से सेवाएं प्रदान करता रहता है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, कर्मचारियों को विविध प्रकार से लाभ भी सुलभ कराता है। जैसे-सेवा निवृत्ति पर, नौकरी छोड़ने पर, मृत्यु होने की स्थिति में कुल संचित राशि एवं निधि पर मिलने वाला ब्याज, गृह निर्माण, उच्च शिक्षा, शादी, बीमारी एवं आंशिक धन की निकासी इत्यादि।

अध्ययन की विधिः- इस अध्ययन में द्वितीयक समंको का प्रयोग किया गया है। द्वितीयक समंको को लिए सामग्री बेवसाइटों, सरकारी गजट एवं पत्रिकाओं से प्राप्त किया गया है।

अध्ययन की उद्देश्यः-प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य का निम्न है-

1. कर्मचारी भविष्य निधि की अवधारणा को स्पष्ट करना।

2. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं का अध्ययन एवं विश्लेषण करना।

3. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के लिए सुझाव प्रस्तुत करना।

नियोक्ता एवं कर्मचारी द्वारा अंशदान -भविष्य निधि कर्मचारियों को वित्तीय सुरक्षा एवं स्थिरता प्रदान करता है। भविष्य निधि खाते में कर्मचारी का अंशदान उसके संस्था में शामिल होने के बाद शुरू हो जाता है। यह अंशदान नियमित रूप से किया जाता है।

कर्मचारी अपने मासिक वेतन का एक छोटा हिस्सा भविष्य निधि के रूप में बचाता है ताकि सेवा निवृत्त होने के पश्चात् जब वह काम करने में सक्षम न हो, तब वह इस बचत राशि का उपयोग कर सकता है। नियोक्ता एवं कर्मचारी दोनों के द्वारा वेतन का 12 प्रतिशत भविष्य निधि में जमा किया जाता है। इसके अतिरिक्त नियोक्ता को कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान 1952 के तहत लाभों के प्रबन्धन हेतु भी अंशदान करना होता हैं।[3]

नियोक्ता एवं कर्मचारी द्वारा अंशदान का वर्तमान दर

द्वारा	अंशदान खाते			प्रशासनिक खाते		कुल अंशदान
	ई.पी.एफ.	ई.पी.एस.	ई.डी.एल.आई.	ई.पी.एफ.	ई.डी.एल.आई.	
कर्मचारी	12%	0	0	0	0	12%
नियोक्ता	3.67%	8.33%	0.50%	0.50% 01.06.2018 से लागू	0 01.06.2018 से लागू	13%
कुल	15.67%	8.33%	0.50%	0.50%	0	25%

विशेष श्रेणी के अन्तर्गत निर्धारित संस्थाओं के लिए भविष्य निधि में अंशदान करने की सीमा 10 प्रतिशत है, ये संस्थाएं निम्नलिखित है-

- ऐसी संस्था जिसमे 20 से कम कर्मचारी कार्यरत हो।
- ऐसी औद्योगिक कम्पनी जिसे औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर घोषित कर दिया गया हो।
- ऐसी संस्था जिसका किसी वित्तीय वर्ष के अंत में कुल घाटा उस संस्था के कुल लागत के बराबर या उससे, ज्यादा हो।
- जूट, बीड़ी, ईट, उद्योग इत्यादि से जुड़ी संस्थाएं।

इन अंशदानों को निर्धारित विधि से निवेशित किया जाता है। सदस्यों के भविष्य निधि राशि पर एक निश्चित दर से ब्याज दिया जाता है। यह ब्याज हर वर्ष निर्धारित किया जाता है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा प्रदत्त सेवाओं का विपणन- इन सेवाओं को दो भागों में विभाजित किया गया हैं ।

(I) कर्मचारियों के लिए सेवायें (II) नियोक्ताओं के लिए सेवायें

(I) कर्मचारियों के लिए सेवायें: 1.सदस्य पासबुक, 2. सदस्य यू.ए.एन. पोर्टल ऑनलाइन सेवा, 3. उमंग ऐप की सेवा 4. अपने दावे की स्थिति जानने की सेवा 5. अपनी शिकायत पंजीकरण करवाने की सेवा, 6. खाता स्थानान्तरण की सुविधा 7. पेंशनरो के लिए पोर्टल, 8. निष्क्रिय खाता हेल्प डेस्क 9. मिस्ड कॉल एवं लघु कोड एस.एम.एस. सेवा 10. बीमा की सेवायें 11. नॉमिनेशन की सुविधा। 12. अग्रिम धन प्राप्त करने की सुविधा।

1. ऑनलाइन पास बुक- सदस्य www.epfindia.gov.in साइट जाकर कुछ सूचनाएं जैसे- यू.ए.एन. एवं पासवर्ड डालकर अपना पासबुक डाउनलोड कर सकता है। इस पासबुक में भविष्य निधि खाते के लेनदेनो का विवरण दिया रहता है। आप इस सुविधा का लाभ उठाने संबंधी सहायता भी प्राप्त कर सकते है।

2. सदस्य यू.ए.एन. पोर्टल ऑनलाइन सेवा- कर्मचारी भविष्य निधि (ई.पी.एफ.) में अंशदान देने वाले कर्मचारियों के लिए एक तरह का महत्वपूर्ण उपकरण है। ई.पी.एफ.ओ. के यूनिफाइड पोर्टल के लॉन्च हो जाने के कारण अब कई काम जल्दी हो जाते है। इसके साथ ही साइट पर दिये गये ऑनलाइन पी.एफ. क्लेम जैसे विकल्प संस्था की प्रक्रिया को पेपरलैस बनाने के साथ-साथ संगठन के लक्ष्य को भी दर्शाते हैं। इसकी विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए ई. पी.एफ.ओ. के मेम्बर यूनिफाइड पोर्टल को एक्सेस करना होगा। अगर आपका इसका फायदा उठाना

चाहते है तो आपको इसके लिए www.epfindia.gov.in पर जाना होगा। इसके बाद सदस्य को यू.ए.एन. या ऑनलाइन सर्विसेज पर क्लिक करना होगा।

3. उमंग एपः- यह एप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लांच किया गया है। आपको इसकी 162 से भी ज्यादा सेवा मिलती है। इसके अंदर आपको केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की बहुत सी सेवाएं मिलती है। इस एप के द्वारा आप डिजिटल इण्डिया की सारी सेवाओं का इस्तेमाल कर सकते है। इस एप के इस्तेमाल से अनेक फायदे होते है-

1. इस एप के द्वारा पी.एफ. खाते की जानकारी, ऑनलाइन जीवित प्रमाण-पत्र, के.वाई.सी. एवं दावे की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते है।
2. इस एप के द्वारा ही एस.एम.एस एवं मिस्ड काल के माध्यम से खाते की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

इस एप मे पेंशनधारी एवं नियोक्ता को भी विविध लाभ प्राप्त होते रहते है।

4. खाते में उपलब्ध शेष राशि सम्बन्धी पूछताछ एवं दावा- सदस्य अपने भविष्य निधि खाते की शेष राशि एवं दावे की स्थिति की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त कर सकते है। इसके लिए आपको कुछ जानकारियाँ, जैसे- अपना नाम, मोबाईल नम्बर इत्यादि देनी होगी। इसके बाद आपका भविष्य निधि खाता संख्या/यू.ए.एन. एवं मोबाईल नम्बर सुरक्षित कर लिया जाता है। सफलतापूर्वक कॉल करने के पश्चात् आपके खाते में उपलब्ध शेष राशि की जानकारी दिए गये मोबाईल नम्बर पर एस.एम.एस. के द्वारा भेज दिया जाता है।

5. शिकायत दर्ज करवाने सम्बन्धी सुविधाः- यदि कर्मचारी जहाँ पर कार्य कर रहा है वहाँ का संस्थान/प्रतिष्ठान आपके भविष्य निधि में अंशदान नहीं करती है अथवा अंशदान में चूक या विलम्ब करता है तो आप इसकी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सकते है। इसके लिए आपको एक ऑनलाइन प्रपत्र भरना होगा जिसमें आपको अपनी संस्था के बारे में एवं शिकायत सम्बन्धी अन्य विवरण देने होंगे। आप अपनी दर्ज शिकायत की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते है एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को शिकायत सम्बन्धी अनुस्मारक भेज सकते है।

6. खाता स्थानान्तरण की सुविधा- यदि कर्मचारी चाहे तो यूनिफाइड मेम्बर पोर्टल के माध्यम सें अपना भविष्य निधि खाता ऑनलाइन स्थानांतरित कर सकता है। इस पोर्टल से खाता हस्तान्तरण की प्रक्रिया को सभी के लिए आसान एवं सुगम बनाने एवं इसमें पारदर्शिता लाने की कोशिश की गई है।

7. पेंशनर्स सर्विस पोर्टल- इस पोर्टल पर देश भर के पेंशनर अपने मामलों की ताजा स्थिति की जानकारी ले सकते है। इसके साथ ही पेंशन भुगतान की प्रक्रिया विभाग से होते हुए बैंक

तक पहुँची है या नहीं, इसकी भी जानकारी मिल सकती है।

8. निष्क्रिय खाता हेल्प डेक्स- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने अपने अंशधारको को निष्क्रिय भविष्य निधि खातों का पता लगाने में मदद के इरादे से एक ऑनलाइन हेल्प डेक्स गठित किया है। इन ऑनलाइन हेल्प डेक्स का उपयोग कर ऐसे खातों के खाता धारक अपने खाते का पता लगा सकते है और इसका निपटान या भविष्य निधि अपने मौजूदा खातों में हस्तान्तरण करा सकते है। निष्क्रिय खाते वे हैं जहाँ 36 महिने में कोई योगदान नहीं आया है। ई.पी.एफ.ओ. 1 अप्रैल 2011 से ऐसे खातों पर ब्याज देना रोक दिया है। इस पोर्टल से बिना परिचालन वाले खातों में निपटान में मदद मिलता है।

9. मिस्ड कॉल एवं लघु कोड एस.एम.एस. सेवा- भविष्य निधि अंशदाता अपने रजिस्टर्ड मोबाईल से मिस्ड कॉल 011-22901406 नम्बर पर काल या "EPFOHO UAN TEL" to 7738299899 पर एस.एम.एस. कर खाते की समस्त जानकारी प्राप्त कर सकता हैं ।

10. ई.पी.एफ. पर बीमा की भी सुविधा- ईपीएफओ अपने सदम्यों को टर्म बीमा कवर देता है। इसे एम्पलॉई डिपॉजिट लिंक्ड स्कीम (ईडीएलएस) कहते हैं। इसके लिए नियोक्ता मूल वेतन का 0.50 फीसदी ईपीएफओ को देता हैं। इसके तहत आपको मूल वेतन का 30 गुना बीमित राशि का समूह बीमा कवर मिलता है।

11. नॉमिनेशन की सुविधा- ई.पी.एफ. के लिए भी नॉमिनेशन सुविधा ले सकते है। कर्मचारी की मृत्यु होने की स्थिति में नॉमिनी को पी.एफ. का भुगतान दिया जाता है। यदि कर्मचारी चाहे तो नॉमिनी को बदल सकता है।

12. प्रॉविडेण्ड फण्ड से अग्रिम लेने के लिए विकल्प- नौकरी पर रहे हुए पी.एफ. सदस्य विभिन्न कारणों से ई.पी.एफ. अग्रिम के लिए आवेदन कर सकता है, और इसके अंतर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत होगी यह कारण, सदस्य का महीने का वेतन, उसकी हिस्सेदारी इत्यादि पर निर्भर करता है। यहाँ वेतन से अभिप्राय मूल वेतन+डी.ए. से होता है। साधारण परिस्थितियों में ई.पी.

एफ. अग्रिम लेने के बाद इसे वापस करने की आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि यह अग्रिम पी.एफ. खाते में उपलब्ध पैसों से कम ही दिया जाता है। जिसे बाद में स्वत: ही सेटल कर दिया जाता है।

1. घर/फ्लैट/प्लॉट खरीदने/निर्माण एवं घर के नवीनीकरण के लिए पी.एफ. से अग्रिम- इसे समझने के एक सारणी दी जा रही है-

क्र. सं.	अग्रिम लेने का कारण	कम से कम योगदान /सेवा	जारी किया जाने वाला अग्रिम	एक ही उद्देश्य के लिए जारी किये जाने वाले अग्रिम की संख्या
01.	घर/फ्लैट/प्लॉट की खरीदारी/ निर्माण	3 वर्ष (अप्रैल 2017 से पहले यह 05 वर्ष था।)	पी.एफ. शेष का 90 प्रतिशत या पूरी राशि, जो भी कम हो।	पूरे कार्यकाल में केवल एक बार दिया जाता है।
02.	घर के नवीनीकरण के लिए	5 वर्ष	12 माह की मूल वेतन और डी.ए. या कर्मचारी का हिस्सा की राशि जो दोनो में कम हो।	पूरे कार्यकाल में केवल एक बार।

2. **आवास ऋण को चुकता करने के लिए पी. एफ. अग्रिम**- गृह ऋण को चुकता करने के लिए भी ई.पी.एफ. अग्रिम लिया जा सकता है लेकिन इसके भी कुछ नियम है जिनका संक्षिप्त वर्णन सारणी के माध्यम से किया गया है-

पी.एफ. अग्रिम का कारण	आवश्यक कार्यकाल/अंशदान	स्वीकृत किया जाने वाला धनराशि	इसी कारण के लिए, लिए जाने वाले अग्रिम की संख्या
गृह ऋण के मूल धनराशि और ब्याज को चुकता करने के लिए।	10 वर्ष	36 महीनों का मासिक मूल वेतन एवं डी.ए. का कर्मचारी एवं नियोक्ता का कुल अंश या कुल अदत्त राशि, इनमें से जो भी कम हो।	पूरे कार्यकाल में सिर्फ एक बार लिया जा सकता है।

3. मेडिकल ईलाज के लिए पी.एफ. अग्रिम- पी.एफ. सदस्य अपने स्वयं के या किसी परिवार के सदस्य जैसे जीवन साथी, बच्चे, सदस्य पर निर्भर माता-पिता के ईलाज के लिए कभी भी ई.पी.एफ. से अग्रिम ले सकता है। इस अग्रिम को सारणी के माध्यम से स्पष्ट किया गया है-

अग्रिम लेने का कारण	कार्यकाल/अंशदान	स्वीकृत की जाने वाला धनराशि	कितनी बार ले सकते है-
स्वयं/परिवार के सदस्यों के ईलाज के लिए	N/A	6 माह का मासिक वेतन एवं डी.ए. या कर्मचारी का अंश एवं ब्याज जो भी कम हो।	N/A (जब भी सदस्य को पैसे की आवश्यकता हो।)

4. शिक्षा और शादी के लिए पी.एफ. अग्रिम- यदि किसी ई.पी.एफ. सदस्य को अंशदान करते हुए 7 वर्ष पूर्ण हो चुके है तो वह अपने स्वयं, बहन, भाई, बच्चों की शादी के लिए ई.पी.एफ. अग्रिम के लिए आवेदन कर सकता है। इसे निम्न सारणी से स्पष्ट रूप से समझा जा सकता हैं-

अग्रिम लेने का कारण	कार्यकाल/अंशदान	स्वीकृत की जाने वाला धनराशि	कितनी बार ले सकते है-
अपनी/बच्चों की/बहिन की/भाई की शादी के लिए।	07 वर्ष	कर्मचारी अंश एवं अर्जित ब्याज का 50 प्रतिशत	तीन बार
बच्चों की पढ़ाई के लिए	07 वर्ष	कर्मचारी अंश एवं अर्जित ब्याज का 50 प्रतिशत	तीन बार



इन सबसे अलावा ऐसे कर्मचारी जो आंशिक रुप से विकलांग हो उपकरण खरीदने के लिए रकम निकाल सकता है।

(II) नियोक्ताओं के लिए सेवायें:- नियोक्ताओं को पारदर्शी एवं बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, एम्पलॉयर ई-सेवा प्रदान कर रहा है। इससे अब नियोक्ताओं को लेखा पर्चियों के लिए एक साल का इंतजार नहीं करना पड़ता है। वे अपने कर्मचारी की जमा राशि का विवरण प्रतिमाह वेबसाइट पर देख लेता है। इसके लिए नियोक्ताओं को ई.पी.एफ.ओ. वेबसाइट cpfindia.gov.in पर उपलब्ध एम्पलॉयर ई-सेवा लिंक पर पंजीयन करना पड़ता है। नियोक्ता को एक यूजर आईडी और पासवर्ड दिया जाता है। इसके द्वारा नियोक्ता इलेक्ट्रानिक चालान के माध्यम से ई.पी.एफ. एवं अन्य राशियाँ जमा कर सकता है। यह राशि सीधे सदस्य के खाते में जमा हो जाती है और इसकी सूचना सदस्य को एस.एम.एस. से भेज दिया जाता है। साथ ही नियोक्ताओं को अलग से फार्म 3 ए.आर, 6 ए.आर एवं फार्म 5/10 भरने की जरूरत नहीं पड़ती है।

नियोक्ताओं के लिए जो EPFO Unified Portal उपलब्ध है, उस पर विविध प्रकार से सेवा प्राप्त कर सकता हैं- संस्थाओं/प्रतिष्ठानों का ऑनलाइन पंजीकरण 2. ऑनलाइन ई.सी.आर. या चालान 3. ऑनलाइन शिकायत का पंजीयन 4. प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना 5. टी.आर.आर. एन की जानकारी 6. संस्थानों/प्रतिष्ठानों की खोज।

1. ऑनलाइन ई.पी.एफ. रजिस्ट्रेशन - नियोक्ता के लिए ई.पी.एफ. ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया दिसम्बर 2015 से शुरू है। वर्तमान में नई प्रतिष्ठानों/कम्पनियों का ई.पी.एफ.ओ. में रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया को बेहद आसान बना दिया है। इस ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन को शुरू करने के पीछे ई.पी.एफ.ओ. का उद्देश्य अधिक से अधिक नियोक्ताओं के माध्यम से अधिक से

अधिक कर्मचारियों को ई.पी.एफ. का लाभ देने से है। जहाँ पहले कम्पनियों द्वारा इस काम को कराने के लिए किसी थर्ड पार्टी की सर्विस ली जाती थी, अब कम्पनियां चाहे तो यह काम एचआर विभाग से भी आसानी से करा सकता हैं। चूंकि ई.पी.एफ. कर्मचारियों के कल्याण से जुड़ी हुई एक सामाजिक सुरक्षा स्कीम है इसलिए ई.पी.एफ.ओ ने इससे जुड़ने की प्रक्रिया को बेहद आसान बना दिया है और 01.12.2015 से इस रजिस्ट्रेशन को ऑनलाइन कर दिया है, ताकि अधिक से अधिक नियोक्ता इस स्कीम से जुड़कर अधिक से अधिक कर्मचारियों को इस सामाजिक सुरक्षा स्कीम का हिस्सा बना सकें।

2. ऑनलाइन ई.सी.आर या चालान- EPFO Unified Portal पर प्रत्येक माह का एक्सल पर वेतन शीट तैयार कर टेक्स में परिवर्तित करके, अपलोड कर देने से चालान तैयार हो जाता हैं। तत्पश्चात् उसका ऑनलाइन भुगतान भी कर देते हैं।

3. ऑनलाइन शिकायत का पंजीयन- यदि नियोक्ता को भविष्य निधि से सम्बन्धित कोई समस्या है तो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकता है और अनुस्मारक भी भेज सकते है।

4. प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना- प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) नियोक्ताओं को प्रोत्साहित एवं नए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु विकसित की गयी है, जिसमें भारत सरकार नये रोजगार के लिए नियोक्ता द्वारा अंशदान की सम्पूर्ण हिस्से अर्थात 12% का भुगतान करता है। इस योजना का दोहरा लाभ है, जहां, एक तरफ, नियोक्ता को प्रतिष्ठान में श्रमिकों के रोजगार का आधार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और वही दूसरी तरफ, श्रमिकों को एक बड़ी संख्या में ऐसे प्रतिष्ठानों मे रोजगार मिलेगा और इसका एक प्रत्यक्ष लाभ यह भी है कि इन कर्मचारियों को संगठित क्षेत्र की सामाजिक सुरक्षा के लाभ उपलब्ध होंगे।[4]

5. टी.आर.आर.एन की जानकारी- टी.आर.आर.एन के माध्यम से किसी भी माह का भुगतान का स्थिति का पता लगा सकते हैं।

6. संस्थानों/प्रतिष्ठानों की खोज- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा संस्थान को आबंटित कोड के माध्यम से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

निष्कर्ष- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कर्मचारियों एव नियोक्ताओं को विविध प्रकार का सेवाएं प्रदान करता है जैसे-के.वाई.सी. का अद्यतन, यू.ए.एन. को आधार से लिंक करना, ऑनलाइन क्लेम, पास बुक की सुविधा, प्रोफाइल डिटेल्स, खाते का हस्तान्तरण, ई.पी.एफ./यू.ए.एन. कार्ड की सुविधा इत्यादि। इसमें नियोक्ताओं को सबसे पहले सेवाएं प्रदान की जाती है जिससे इस योजना को आसानी से समझ कर लागू कर सके। उसके पश्चात् कर्मचारियों को भी बेहतर सेवा प्रदान कर रहा

है जिससे अपने अंशदान एवं नियोक्ता द्वारा की अंशदान की सम्पूर्ण विवरण एवं अन्य जानकारी आसानी सें प्राप्त कर सके। इन सेवाओं के प्रभाव के कारण ही अनेक संस्थानों/कम्पनियों में यह योजना लागू होता जा रहा है। ई.पी.एफ. योजना संस्थान में लागू हो जाने से कर्मचारी अपना जीवन को थोड़ा सुरक्षित पाता है।

सुझाव:-

1. कर्मचारियों के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन की भी सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए।
2. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा प्रतिष्ठानों/संस्थानों/कंपनियों में अपना प्रतिनिधि भेजकर कर्मचारियों को जागरूक की जानी चाहिए।
3. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा प्रतिष्ठानों/संस्थानों/कंपनियों त्रैमासिक जाँच की जानी चाहिए।
4. कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के उप-क्षेत्रीय कार्यालयों में हो रहे भ्रष्टाचार को कम किया जाए।
5. जिन प्रतिष्ठानों में 20 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहाँ पर कड़ाई से भविष्य निधि योजना लागू किया जाय ।

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. छाबरा, टी.एन. (2014), ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेन्ट : कानसेप्ट एण्ड इशूस, पृ.सं. 110-120
2. ज्योति, पी. (2015), ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेन्ट : आक्सफोर्ड यूर्निसिटी प्रेस, नई दिल्ली, पृ.सं. 402
3. गुप्ता, सुभाष कुमार (2017), "कर्मचारी भविष्य निधि: एक दृष्टि", विमर्श, अंक 11, पृ.सं. 138-147
4. गुप्ता, सुभाष कुमार (2018), "प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना: एक दृष्टि", विमर्श, अंक 12, पृ.सं. 140-146
5. https://unifiedportal-emp.epfindia.gov.in
6. https://epfindia.gov.in
7. https://www.shramsuvidha.gov.in
8. https://www.epfindia.com
9. https://www.pmrpy.gov.in
10. https://www.epfo.com

हिन्दी भाषा ही राष्ट्रवाद की पहचान

महेन्द्र प्रताप सिंह*

किसी भी देश का राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय पहचान उनकी राष्ट्रभाषा होती है और भारत का दुर्भाग्य ही है कि, यहाँ आजादी के 73 साल बाद भी हम एक दूसरे से अनभिज्ञ हैं। उदाहरण स्वरूप यदि उत्तर प्रदेश का कोई व्यक्ति तमिलनाडु व कर्नाटक में चला जाये तो ना तो हम उसकी भाषा समझ सकते हैं और न ही वे हमारी भाषा समझ सकते हैं। ऐसे में भारत राष्ट्र एक जैसा नहीं दिखता है और सभी प्रदेश अपने अपने वहाँ की भाषा को अपनी मूल भाषा मान कर अन्य की अवहेलना करते हैं, जबकि होना यह चाहिए कि हिन्दी भाषा को पूरे भारत में सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में अनिवार्य कर देना चाहिए और दूसरे नम्बर पर उस राज्य की भाषा को मंजूरी मिलनी चाहिए इससे भारत राष्ट्र पूरे दुनिया में एक जैसा दिखेगा। भारत में एक जुटता दिखाई देगी और अपने देश के किसी भी क्षेत्र का व्यक्ति कहीं भी हिन्दी भाषा को बोलते समझते हुए कश्मीर से कन्या कुमारी तक आ जा सकता है। यह भारत के लिए गौरव की बात होगी। ऐसा करने के लिए संविधान में संशोधन करके लागू करना चाहिए। दक्षिण के राज्यों को विशेषकर इन बातों को ध्यान में रखते हुए समझना चाहिए कि भारत में विभिन्न भाषाओं के रहते हुए भी हिन्दी भाषा को भारतीय राष्ट्रवाद की एक पहचान अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर होनी चाहिए ताकि भारत राष्ट्र एक जैसा दिखे और भारत के सभी राज्यों के लोग आम जनमानस एक दूसरे की भाषा को समझते हुए देश के एक कोने से दूसरे कोने तक आ जा सकें और तब लगेगा कि हम सभी लोग भारतीय हैं।

यही काम आठवीं शताब्दी में शंकराचार्य जी ने सम्पूर्ण भारत को एक सूत्र में बांधने के लिए भारत के चारों दिशाओं में चार मठ (धामों) की स्थापना की और अफगानिस्तान से लेकर बंगाल तक और कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत एक सूत्र राष्ट्र की एक धारा में बंधा गया और धर्म से जोड़कर यह कोशिश की गई कि चारों धामों की यात्रा करने से मोक्ष की प्राप्ति होगी। उसके पीछे तर्क यही था कि, सम्पूर्ण भारत के लोग देशाटन करते हुए एक दूसरे के सम्पर्क में आयें।

हिन्दी जनमानस की राष्ट्रभाषा है। स्वाधीनता की लड़ाई में देश की जनता ने इसी रूप में आन्दोलन व अपना समर्थन भी दिया। इसी समर्थन से उत्प्रेरित होकर तथा हिन्दी की सहजता एवं

---

*सहायक प्रोफेसर, इतिहास, एम.पी. पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर, मो. 9919235427

समरसता से भारतीय राष्ट्रवाद का विकास होने लगा और यही कारण है कि, हिन्दी बाहुल्य क्षेत्र की अधिकता एवं उत्तर भारत की समता को देखते हुए दक्षिण के राज्यों ने भी हिन्दी को राजभाषा मानने हेतु अनमने मन से हामी भरी थी। लेकिन, कांग्रेस की ढुलमुल नीति के कारण यह हिन्दी भाषा हासिये पर चली गई।

देश की आजादी को आज 73 साल हो गये फिर भी हम लोग अनगिनत भाषाओं के मकड़जाल में फंस गये। जो राष्ट्रवाद के विकास में बाधक बना। डॉ. राम मनोहर लोहिया के अनुसार आजादी के तत्काल बाद से ही अंग्रेजी की जगह हिन्दी का प्रयोग शुरू हो जाना चाहिए था।

प्रारम्भिक शिक्षा उस प्रदेश की मातृभाषा में और उच्च शिक्षा केवल हिन्दी में दी जानी चाहिए और साथ ही साथ प्रान्त व केन्द्र के सभी सरकारी कार्य केवल राष्ट्रभाषा में होने चाहिए। क्योंकि, अंग्रेजी के अन्यथा मोह में पड़कर अपनी मातृभाषा का अनादर करते जा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा बनने के लिए पहली शर्त है कि, उसके बोलने वालों की संख्या बल और भाषाई समृद्धि साहित्य का भण्डार भरा-पूरा हो, इसलिए हिन्दी भाषी लोगों की संख्या अधिक से अधिक बढ़ाने का प्रयास किया जाये। देश की एकता को बनाये रखने के लिए एक राष्ट्र भाषा की अति अनिवार्यता है। क्योंकि, समूचे देश को जोड़ने वाली सम्पर्क भाषा हिन्दी के अभाव के कारण ही भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) में पराजय हुई थी।

ईस्ट इण्डिया कम्पनी की जब स्थापना हुई थी (1600 ई.) तो उस कम्पनी की भाषा अंग्रेजी ही थी और अपने व्यापार को सुचारू रूप से चलाने हेतु कुछ भारतीयों को भी अंग्रेजी की शिक्षा-दीक्षा देकर ईस्ट इण्डिया कम्पनी की सेवा में ले लिया और उसके बाद जो भी भारतीय थोड़ा बहुत अंग्रेजी जानना समझना व लिखना जान जाता था तो उसको ईस्ट इण्डिया कम्पनी में छोटा-मोटा पद दे दिया जाता था। इससे अंग्रेजी की महत्ता बढ़ती गयी और अंग्रेज भी अंग्रेजी को को खुलेआम बढ़ावा देने लगे जिसके कारण शासन-प्रशासन में भी अंग्रेजी भाषा का ही प्रयोग होने लगा और हिन्दी भाषा का महत्व घटने लगा। आज भी जो भारतीय अंग्रेजी का जानकार होता है या अंग्रेजी में बोलने का थोड़ा-बहुत जानकारी होती है, उसको आम जनमानस में बहुत महत्व दिया जाता है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए।

हिन्दी केवल भाषा मात्र नहीं है अपितु इसमें देश की सामाजिक संस्कृति को सजोकर रखने की अद्‌भुत क्षमता भी है। हिन्दी भाषा से देश में भारतीय संस्कृति की गरिमा प्रखरित होती है। यह देश में राष्ट्रीय एवं भावनात्मक एकता की पहचान भी है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा संसदीय जनतन्त्र है, लेकिन राजभाषा के मामले में हम सभी देशों से पीछे हैं। संविधान सभा ने 14 सितम्बर-1949 को हिन्दी के राजभाषा बनाया। अनुच्छेद-351

के तहत हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार पर डाली गयी लेकिन आज 73 वर्ष बाद भी दक्षिण भारत में राजभाषा हिन्दी का विरोध जारी है। फिर भी अधिकतर उपयोगिता के कारण हिन्दी का क्षेत्र लगातार बढ़ा है और भारत में सौ करोड़ से अधिक हिन्दी भाषी लोग हैं। कामचलाऊ हिन्दी बोलने वालों की संख्या लगभग ढाई करोड़ है। हिन्दी सबको जोड़ने वाला रससूत्र है। दक्षिण में हिन्दी के प्रयोग से राष्ट्रीय एकता मजबूत होगी। दक्षिण भारत के लोग सौहार्दपूर्ण शान्तिपूर्वक विचार करें और अंग्रेजी का मोह छोड़ दें, राजभाषा व अपनी भाषाओं से प्यार करें और इस प्रकार राष्ट्रवाद के विकास में हिन्दी को प्राथमिकता देते हुए हिन्दी का एवं द्वितीय भाषा के रूप में दक्षिण के सभी राज्य अपनी-अपनी भाषा तमिल, तेलगु, कन्नड़, उड़िया का प्रयोग करें।

वैश्विक स्तर पर उभरता भारत

कृष्ण कुमार*

भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है, जिसमें बहुरंगी विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। इसके साथ ही यह स्वयं को बदलते समय के साथ ढालती भी आयी है। भारत युगों-युगों से अपनी अद्‌भुत क्षमताओं के लिए न केवल संपूर्ण विश्व को अपनी ओर आकर्षित करता रहा है, बल्कि उनके लिए कौतूहल का विषय भी रहा है। भारत अपनी विशिष्टताओं के बल पर अतीत में भी संपूर्ण विश्व का सिरमौर था और आज भी विश्व के लिए प्रेरक है। सुप्रसिद्ध इतिहासविद् बिल ड्यूरंट ने कहा है कि, ''भारत हमारी नस्लों की मातृभूमि थी और संस्कृत, यूरोपीय भाषाओं की माता थी, वह हमारे दर्शन की माता थी और वह अरब के द्वारा हमारे गणित की भी माता थी और बुद्ध के माध्यम से क्रिश्चियनिटी में उपलब्ध आदर्शों की और ग्राम समुदायों के द्वारा हमारे स्वशासन और लोकतंत्र की भी माता थी। इस प्रकार भारत माता विभिन्न प्रकार से हम सबकी माता थी''।

काल के प्रवाह से किसी भी राष्ट्र के सांस्कृतिक व सामाजिक मूल्य परिवर्तित व परिवर्धित होते रहते है। समाज का उत्थान व पतन होता रहता है और भारत भी इससे अछूता नहीं रहा। अनेकों आक्रमणों, सदियों की गुलामी और अपनी गलतियों के कारण भारतीयों मूल्यों का भी ह्रास हुआ है, फिर भी इस आसुरी एवं भोगवादी प्रवृत्ति के बढ़ते प्रभाव में भी भारतीयता की अविरल धारा बहती रही है। भारत आज भी अपने वैशिष्ट्य को न केवल बनाए रख सकने में सक्षम रहा है, बल्कि वह संपूर्ण विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर प्रगति के नित नए सोपान भी चढ़ रहा है। भारत विश्व कल्याण व विश्व शांति का हेतु है और भारत के उदय में ही विश्व का उदय सन्निहित है।[1]

आज जहां एक ओर संपूर्ण विश्व विभिन्न प्रकार की मंदियों, समस्याओं एवं प्राकृतिक व्याधियों से सर्वत्र घिरा हुआ है और कोई समाधान उन्हें सूझ नहीं रहा है, वहीं भारत आज भी वैश्विक समस्याओं का न केवल कुशलता से सामना कर पा रहा है, बल्कि अपने परंपरागत ज्ञान के

*असिस्टेंट प्रोफेसर (राजनीति शास्त्र, महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर) ● युगद्रष्टा ब्रह्मलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 50वीं एवं राष्ट्रसन्त ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 05वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित सप्तदिवसीय व्याख्यानमाला में दिनांक 20 अगस्त 2019 को दिया गया व्याख्यान।

आधार पर संपूर्ण विश्व का मार्गदर्शन भी कर रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ कहते है कि किसी राष्ट्र के उत्थान और भाग्य को सैन्य शक्ति से अधिक राजनयिक मोर्चे पर उसकी सफलता तैयार करती है। जहां तक भारत की बात है, शांतिप्रिय देश के रूप में भारत की अंतर्राष्ट्रीय छवि भी बहुत निखरी है। उदारीकरण एवं विश्व व्यापार में तेजी से बदलते रूझानों ने भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में बहुत परिवर्तन किया है। स्वयं पर बहुत अधिक केंद्रित रहने वाली अर्थव्यवस्था से इसे वैश्विक रूप से एकीकृत अर्थव्यवस्था में बदलने के सफल प्रयासों ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। हाल ही में भारतीय राजनय ने बेहद सतर्क तथा संभले कदमों से सशक्त एवं सक्रिय कदमों तक की बड़ी छलांग लगाई है। भारत के प्रधानमंत्री द्वारा अपने शपथ ग्रहण समारोह में दक्षेस (SAARC & BIMSTEC) राष्ट्रों के प्रमुखों को आंमत्रित करना, अपने आप में बहुत कुछ संकेत करता है। किसी ने ठीक ही कहा है कि दुनिया की शुरूआत घर से होती है। व्यक्ति से परिवार, परिवार से पास-पड़ोस, पास-पड़ोस से समाज, समाज से राष्ट्र और राष्ट्र से विश्व (व्यक्ति-परिवार-पड़ोस-समाज-राष्ट्र-विश्व) की ओर संबंधों का विस्तार होता है। भारत की विदेश नीति भी इसी आधार पर कार्य करती दिख रही है। प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण में दक्षेस देशों के शासनाध्यक्षों को आमंत्रण, सत्ता संभालने के तुरंत बाद भूटान से विदेश यात्राओं की शुरूआत, आगे चलकर नेपाल व बांग्लादेश के साथ ऐतिहासिक समझौते आदि संकेत देते हैं कि भारत अपनी दुनिया की शुरूआत अपने पड़ोस मे करना चाहता है और वक्त की मांग भी यही है।[2]

एक महाशक्ति के रूप में स्थापित होने में भारत के समक्ष उसके पड़ोसी ही अब तक समस्याएं उत्पन्न करते आए है। दक्षिण-एशिया एक जटिल क्षेत्र है। इस क्षेत्र के देशों की साझा विरासत और ऐतिहासिक रिश्ते है। इसके साथ ही इन देशों के धार्मिक, जातीय, भाषायी एवं राजनीतिक ताने-बाने में विविधताएं भी परिलक्षित होती है। तीस वर्ष के अस्तित्व के बावजूद, दक्षेस ने बहुत ही धीमी और सुस्त प्रगति दर्ज की है। क्षेत्र में बहुत अर्से के बाद सरकारों के लोकतांत्रिक स्वरूप ने कुछ जमीन हासिल करना शुरू किया है और कुछ देशों की आर्थिक वृद्धि दर में भविष्य के लिए कुछ सकारात्मक संकेत दिखाई दिए हैं। इस क्षेत्र में भारत की स्थिति क्या है? भारत आकार और आबादी में सबसे विशाल है, प्रभावशाली लोकतंत्र के रूप में इसका रिकार्ड कमोबेश स्वच्छ रहा है और इसकी अंतर्राष्ट्रीय छवि में व्यापक सुधार हुआ है। साथ ही भारत को एक ऐसे देश के रूप में देखा जाने लगा है, जिसका वैश्विक रंगमंच पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाना निश्चित है। परिणामस्वरूप दक्षिण-एशिया के सभी अन्य देश भारत के सामने बौना महसूस करने लगे है। दुर्भाग्यवश, भारत के इसी बढ़ते कद की बदौलत ऐसे हालात भी उत्पन्न हुए है, जिनमें छोटे पड़ोसी देश उसे गलत नजरिए से 'बड़े भाई' जैसा व्यवहार करने वाले देश के रूप में देखने लगे है। कुछ

पड़ोसी देश तो भारत से रियायतें प्राप्त करने के लिए तथाकथित 'चीन कार्ड' खेलना भी पसंद करते हैं। इस क्षेत्र के लिए भारत का दृष्टिकोण, काठमांडू में दक्षेस शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा, भारत के लिए, इस क्षेत्र में हमारा विजन पांच स्तंभों-व्यापार, निवेश, सहायता प्रत्येक क्षेत्र में सहयोग, हमारी जनता के बीच सुव्यवस्थित संपर्क के माध्यम से मेल-जोल पर टिका है।[3]

प्रधानमंत्री ने जिस अंदाज से केन्द्र और राज्यों के अभिमत को संगठित कर सर्वसम्मति से 100वां संविधान संशोधन (बांग्लादेश सीमा समझौता) पारित कराना सुगम बनाया और संसद के दोनों सदनों में वर्ष 1974 के इस समझौते और इससे संबंधित वर्ष 2011 के प्रोटोकॉल के अनुमोदन का मार्ग प्रशस्त किया, वह प्रशंसनीय है। बांग्लादेश यात्रा का सही मायने में सबसे महत्वपूर्ण परिणाम भारत को व्यापार और यात्रा के लिए बांग्लादेश की ओर से अपनी जमीन से पारगमन की सुविधा उपलब्ध कराने संबंधी समझौता है। इससे भारत के पूर्वोत्तर तथा अन्य भागों के बीच संपर्क में उल्लेखनीय सुधार होगा, जो अब तक संकरे और असुरक्षित सिलीगुड़ी गलियारे पर निर्भर था जो 'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता था।[4]

भारत के समक्ष पाकिस्तान शुरू से ही बाधा खड़ी करता आ रहा है। पाकिस्तान के साथ समस्या की जड़ पाकिस्तान के भीतर मौजूद विविध शक्ति केन्द्रों में है। ताकतवर सेना, प्रभावशाली आईएसआई, कट्टरपंथी ताकतें और गुट तथा पाकिस्तान में लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित लेकिन कमजोर सरकार। जब तक इन शक्ति केन्द्रों के बीच भारत से रिश्ते सुधारने पर सर्वसम्मति नहीं बनेगी, तब तक इस बारे में कोई भी ठोस प्रगति महज ख्याली पुलाव ही रहेगी।[5]

राजनयिक जगत की नई राहों के तहत जहां छोटे देशों के साथ दोस्ती पर बल दिया गया, पड़ोसियों के साथ संबंध सुधारने की कोशिश की गई, वहीं अमेरिका, जापान, चीन, फ्रांस, कनाडा जैसे देशों की यात्रा कर प्रधानमंत्री ने 'मेक इन इण्डिया' कार्यक्रम की अच्छी मार्केटिंग कर भारत को दुनिया के समक्ष 'ब्रांड इण्डिया' के तौर पर पेश किया, जिसका सीधा लाभ विदेशी निवेशकों के भारत के प्रति भाव को सुधारने में मिला है। यही कारण है कि भारत वैश्विक पटल पर अपनी एक सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने में सफल रहा है, जिसमें भारत के यमन में चलाए गए 'आपरेशन राहत' जैसे विभिन्न साहसिक फैसले, आपदाग्रस्त नेपाल की मदद को स्वयं आगे आने के साथ-साथ 'साफ्ट डिप्लोमेसी' के सारे आयाम शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र में भारत द्वारा प्रस्तावित 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' (21 जून) के प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिलना भारत के बढ़ते कद का एक उदाहरण है, पिछले कई वर्षों से संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा अभियानों में भारत ने दुनिया में सबसे अधिक योगदान किया है।[6]

दुनिया में दूसरे सबसे बड़े समुदाय के रूप में भारतीयों की उपस्थिति ने अन्य देशों के साथ

भारत के संबंधों को वांछित रूप से प्रोत्साहन दिया है। हाल के रूझान बताते हैं कि अब तक भारत के प्रति निष्क्रिय रहे देशों ने भी भारत के साथ संबंध मजबूत करने में अपनी रूचि प्रदर्शित की है। दुनिया में भारतीयों का सबसे बड़ा उच्च-कौशलयुक्त समूह होने के कारण कोई भी देश भारत को नजर-अंदाज नहीं कर सकता, जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चीन को भी पछाड़ते हुए सबसे तेज विकास करने वाली अर्थव्यवस्था है। विश्व को मंदी के दौर से बाहर निकालने में सक्षम एक विशाल मध्यमवर्गीय बाजार भी भारत के पास है।[7]

बहुस्तरीय, क्षेत्रीय एवं द्विपक्षीय स्तरों पर संस्थागत घटनाक्रमों से भी आर्थिक कूटनीति को अधिक महत्ता मिल गई है। भारत की आर्थिक वैश्विक गतिविधियां नए रास्ते पर पहुंच गई हैं और भविष्य में इनमें प्रगति होने की संभावना है। देशों के बीच संपर्क की जो प्राथमिक संभावना राजनीतिक, सैन्य एवं रणनीतिक सहयोग के क्षेत्र में होती थी, आर्थिक वैश्वीकरण और उदारीकरण के दौर में आर्थिक संपर्क उनकी जगह लेता जा रहा है। तीव्र गति से विकास करती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के कारण प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से प्राप्त धन का इस्तेमाल भारत अपनी परंपरागत सैन्य क्षमताओं के साथ-साथ परमाणु एवं मिसाइल प्रौद्योगिकी के आधुनिकीकरण में कर रहा है, जिससे भारत की सैन्य क्षमता को मजबूती हासिल हुई है और वह दुनिया की एक प्रमुख सैन्य शक्ति के रूप में उभरा है। विभिन्न प्रकार के आग्नेयास्त्रों यथा-पृथ्वी, आकाश, अग्नि आदि का विकास, परमाणु पनडुब्बियों का विकास, हल्के विमानों का निर्माण (तेजस) आदि ने भारतीय सैन्य शक्ति को मजबूती प्रदान की है। अग्नि-5 के विकास ने भारत को विश्व के चुनिंदा देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है।[8]

यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि एक महान शक्ति अपरिहार्य रूप से एक समुद्रीय शक्ति भी रही है। भारतीय नौसेना एशियाई समुद्री क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरी है, जिसमें अपनी सीमाओं के अंदर के जल क्षेत्र के बाहर भी अभियान संचालन की संभावना है। हाल ही में यमन संकट के दौरान भारतीय सेना के पोतों ने न केवल भारतीय नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला बल्कि अन्य देशों के लोगों ने भी भारतीय सेना की मदद ली।

हाल के वर्षों में विज्ञान-प्रौद्योगिकी एवं अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई है, जिसे देखकर दुनिया के विकसित देश भी हतप्रभ हैं। भारत द्वारा लाल ग्रह की कक्षा में मंगलयान की स्थापना का पल अनमोल है। इस एक क्षण ने विश्व फलक पर भारतीय कौशल, समर्पण और समयबद्धता का सिक्का जमा दिया। 5 नवंबर, 2013 को PSLV-25 से प्रक्षेपित मंगलयान 24 सितंबर 2014 को मंगल की कक्षा में प्रवेश कर गया। इसके साथ ही भारत ने प्रथम प्रयास में ही सफलता अर्जित की, जो कि अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।[9]

अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भी भारत की शानदार उपलब्धि रहीं है। वर्तमान में भारत न केवल

अपने उपग्रहों को प्रक्षेपित कर रहा है, वरन् इसने प्रक्षेपण कार्य व्यावसायिक स्तर पर भी शुरू कर दिया है। इसरो द्वारा उपग्रहों के प्रक्षेपण में लगा खर्च विश्व के अन्य देशों की तुलना में काफी सस्ता है। इसके अलावा चन्द्रयान की सफलता ने भी अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत की धाक जमाई है। अब चंद्रयान-2 को प्रक्षेपित करने की तैयारी है।

आर्थिक क्षेत्र, मानव संसाधन विकास, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों, विज्ञान-प्रौद्योगिकी आदि में भारत की प्रगति ने दुनिया को भारत की ओर ध्यान देने के लिए विवश कर दिया है। वर्ष 1947 से वर्ष 2015 तक लगातार सशक्त होते हुए भारत ने अपना भाग्य रचा है और वैश्विक व्यवस्था में न्यायोचित स्थान प्राप्त किया है। वह दिन दूर नहीं जब भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बन जाएगा, जो कि उसे बहुत पहले बन जाना चाहिए था।[10]

भूमंडलीकरण के बाद की दुनिया एक छोटी-सी जगह प्रतीत होती है, जहां कोई एक-दूसरे के विकास के लिए मना नहीं कर सकता। इस वक्त कई देश मिलकर संयुक्त राष्ट्र संघ, जी-20, जी-7, ब्रिक्स और जलवायु परिवर्तन पर अंतर्सरकारी पैनल जैसे मंचों पर साथ बैठकर चर्चा करते है। भारत भी ऐसे कई संगठनों का सदस्य है। जलवायु परिवर्तन एवं दोहा दौर की वार्ताओं में भारत ने बखूबी विकासशील देशों का नेतृत्व किया है। विकासशील देश विशेषकर छोटे-छोटे द्वीपीय देश आज उम्मीदों के साथ भारत की ओर देख रहे है। इसके अतिरिक्त ब्रिक्स द्वारा स्थापित बैंक का प्रथम अध्यक्ष भारत के के.वी. कामथ को बनाया गया, जो गौरव की बात है।[11]

वर्तमान में वैश्विक मंदी आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत स्वयं आतंकवाद से अत्यधिक प्रभावित रहा है, परन्तु हाल ही में म्यांमार की सीमा में घुसकर भारतीय सेना द्वारा उग्रवादियों के खिलाफ कार्यवाही से आतंकियों एवं उग्रवादियों के खिलाफ भारत की एक मजबूत छवि उभरी है। वहीं अफगानिस्तान में भारत से एक प्रमुख भूमिका निभाने की अपेक्षा की जा रही है।

कहा जा सकता है कि वैश्विक स्तर पर भारत की छवि में अत्यधिक सुधार हुआ है तथा इसे भविष्य की महाशक्ति के रूप में देखा जाने लगा है। भारत भी निरंतर उसी दिशा में अग्रसर है, परंतु अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देश में विद्यमान अनेक समस्याओं जैसे-गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, जातिवाद, संप्रदायवाद, नक्सलवाद, क्षेत्रवाद, महिलाओं की सुरक्षा आदि का समाधान जब तक नहीं किया जाता तब तक भारत का महाशक्ति बनने का सपना अधूरा ही रहेगा। हालांकि इन समम्याओं के समाधान हेतु सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के कल्याणकारी, रोजगार परक-कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, परंतु भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं के कारण उनका क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। फिर भी उम्मीद यही है कि देश को इन समस्याओं से शीघ्र ही निजात मिलेगी और वह एक महाशक्ति बनेगा।[12]

इक्कीसवीं सदी की दुनिया ने भारत की परिस्थितियों को भी काफी हद तक बदल दिया है। अभी भी क्षमता-निर्माण के लिए एक आश्चर्यजनक एजेंडे के साथ एक विकासशील देश भारत आने वाले वर्षों में सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश का ही स्थान नहीं प्राप्त करेगा, बल्कि यह दुनिया की चार सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक और पर्याप्त अंतरिक्ष क्षमताओं के साथ एक परमाणु शक्ति संपन्न देश होगा और दक्षिण-एशिया में, जो वैश्विक आबादी के एक-चौथाई से अधिक के लिए उत्तरदायी है, भारत क्षेत्रीय क्रम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर निर्विवाद अग्रणी राष्ट्र हो जाएगा।

'सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास' एक आकर्षक विचार है। सतत् विकास के लिए यह राजनीतिक और आर्थिक रूप से एक व्यावहारिक मॉडल है। सतत् व समावेशी विकास के मॉडल को अपनाकर भारत जहां एक तरफ विकास दर में तीव्र वृद्धि कर रहा है, तो वही दूसरी ओर गरीबी, शिक्षा का स्तर, आय की असमानता को कम करने व रोजगार को बढ़ाने में लगा है। आज भारत के पास विश्व का सबसे बड़ा बाजार व विश्व की सबसे बड़ी युवा शक्ति है। कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षित होकर ये युवा शक्ति विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने को तैयार है। देश के अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम मनुष्य के जीवन की स्थिति ही इस देश के विकास की निर्णायक कसौटी होगी। जीवन का भिन्न दृष्टि से विचार करने वाला तथा उस विचार के आधार पर विश्व का सिरमौर देश बनकर सदियों तक जगत का नेतृत्व करने वाला अपना देश रहा है। आज एक बार फिर से विश्व की निगाहें भारत की ओर देख रही हैं।

संदर्भ

1. इण्डिया 2017, ए रिफरेन्स मैनुअल, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. सईद, एस.एम., 'भारतीय राजनीतिक व्यवस्था', भारत बुक सेन्टर, लखनऊ, 2015, पृष्ठ-198।
3. वही, पृष्ठ 297।
4. इण्डिया, मिनिस्ट्री आफ सोशल जस्टिस एण्ड एम्पावरमेन्ट, नई दिल्ली, 2018।
5. भारत सरकार, ग्रामीण क्षेत्र व रोजगार मंत्रालय, वार्षिक रिपोर्ट 2015-16।
6. सेन, अमर्त्य, "भारत : विकास की दिशायें, राजपाल प्रकाशन, दिल्ली, 2000 पृष्ठ 198।
7. सेन अमर्त्य, "भारतीय अर्थतंत्र, इतिहास और संस्कृति", राजपाल प्रकाशन, दिल्ली, 2005।
8. वही, पृष्ठ-279।
9. इण्डिया विजन 2020 समिति रिपोर्ट नीति आयोग, 2016।
10. वरमानी आर.सी., समकालीन राजनीतिक सिद्धान्तों का परिचय, गीतांजली पब्लिसिंग, दिल्ली, 2015।
11. कोठारी, रजनी, 'भारतीय राजनीति : कल और आज', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2005 पृष्ठ-125।
12. वही, पृष्ठ-215।

Stress in Students: Major causes and effective hacks to overcome

Nisha Dubey*

It was a day before when I heard a sad news that a student lost his life due to cardiac arrest. I was really shocked to hear that he was only 10 years old. I mean is this the right age for sudden death due to stress. Next question, which came in my mind was "what is causing stress in these sparkling eyes of kids and youngsters".

After analyzing and comparing lifestyle of different students with different schedule, I come to know various major stress boosters among students.

1. Competition

In this competitive world, everyone is chasing someone else to win the race. The day we start our schooling this chase gets started. Getting first rank in every test and exam is the main target for every student and parents. It is not possible for every kid to win the race there will be a single winner for each competition.

2. Too much workload

Many kids are blessed that they can handle more than one activity at the same time time easily. Every parent wants their kid to perform best in every activity which is not possible. We all have different qualities and interests that encourage us to do things in life.

3. Lack of sleep

Due to different activities and academics, many students find themselves unable to sleep properly. A sound sleep is very essential for our brain to function properly and it helps us to deal with stress effectively.

4. Multitasking

Either its studies or extra curricular activities we all have to give some time for

*Software Engineer & Social Blogger

that. If we will continue to do multiple tasks at the same time it will always hamper our body mentally and physically both.

5. Pressure

I have realized that most of the tasks we do just because of peer pressure of society and family. Like "What people will say" force us to do different tasks which we don't want to do ever.

6. Sudden changes in lifestyle

Two days extra class, then seminars, after that different function to be held in school. All these make us tired Physically sometimes which is never beneficial for our body and brain.

7. Poor time management

We all have equal hours, but some people manage this time very effectively and utilize every seconds of life. If we fail to manage our working hours efficiently then we can't get our work done on time.

8. Academics

Nowadays kids have a lot of books to read in less time. I have seen many students reading topics from their books, then they study same topic online. Yes! This way is very effective in getting deep knowledge about any topic, but causes more stress if we start same process with every topic.

9. Non interesting syllabus

At a certain age, we all have to study same syllabus. Most of us don't love every subject equally.

These were a few common causes, which we all must read and think about all.

Now I would like to share something which should not be neglected while talking about students and studies.

Earlier extracurricular activities were very limited in schools. So most of the talented kids were forced to do studies only up to class 10th and 12th. If I compare my school time with today's schooling if a kid is very good in singing or dancing there were very less opportunity for their talent. In fact parents used to ask them to complete their basic education first, then think about their hobbies. Nowadays every student is getting a chance to enhance their talent and choosing their hobbies as a career.

A few things which guardians/parents can do for reducing stress among their

kids-

1. Talk to them, it is very essential. Nourish your relationship in such a way that your kid never hide anything from you. We all posses different likes and dislikes at different stages. So, never react too harshly to something, as it could make you an enemy of your kid. For example, at some age, we like long hairs and at some point of time we love to cut them short. In such situations I have seen some parent behaving too rude to their kids. Which is not needed I think, for such things we should let them choose until unless it is not related to their health.
2. Make them free for selection of their extra curricular activities. Maybe dancing could be a good career nowadays, but my kid loves painting. So just because I want her to be a good dancer and she loves painting, she is doing both the classes. Which is not good for her in any way. She is dealing with the extra pressure. Not only this she is not leaving the painting because she loves to do that, so she is okay with both.
3. Money is not everything in this world. Teaching your kids is very essential so that they can gain knowledge and turn this knowledge into wisdom. Money can be earned in multiple ways, but earning moral values are far more important.
4. Enhance peace and love in your home. Positive vibes in your house encourage your kids to do studies and learn new things quickly. Asking kids to behave in a certain ways never works if you don't show the same in your behavior.

A few things which teachers can do for reducing stress among their students-

1. Do not compare students in your class. It is good that you give an example of bright students in your class, which could motivate many students, but it could demotivate most of them at the same time.
2. Organized syllabus is a very important factor for on time completion of lectures and assessments. Teachers make sure that they divide their complete syllabus in such a way that students don't feel burdened in a last few days of exams. Teachers can motivate and help students who find themselves slow in learning and understanding concepts.
3. Reduce extracurricular activities and projects. It is best that students learn easily by doing projects and doing practical implementations. But teachers must make sure that it should be done if it is really time and cost effective for students. If you can teach that simple concept in a 30 minute lecture, then don't ask students to make huge chart papers for that spending several hours of their studies.

Awesome stress management techniques for students, which really works-

1. **Relax**

   Whatever is the situation in your life, just RELAX. Try to stay calm when nothing is going very well. Get some time everyday for yourself, either meditate or do some exercise or yoga, but do something for your brain and body.

2. **Time management**

   Make a time table which suits you well. Same timetable can't work well with every student. So differentiate your study and activity time and work according to that.

3. **Do what you love**

   Sometimes we find ourselves failing to recognize what we love to do. Most of the time we get attracted towards what others do, but we don't love doing that really. So before starting any activity think about your interest and then enroll yourself in different activities.

4. **Don't follow others blindly for the sake of money**

   People are earning well with online marketing, but it is not necessary that it will work well with you. Continue with a career which is your interest and you know it well. I believe if you are good at something you can earn enough money in that job.

5. **Think positive**

   There is always something good in everything that happens. So think positive in every situation. If you fail you get some experience about what not to do and if you get success you become an example.

6. **Manage your tasks and schedule it**

   Anyone can achieve anything in life only hard work is required. Prioritize your work and perform your tasks accordingly.

7. **Stop multitasking**

   The quality of the task is always noticed more over quantity of task. If you want to be stress free in life, then do single work at a time. Always remember doing a single task at a time will increase your performance.

8. **Stop procrastinating**

   A good timetable works as a catalyst in your success, if and only if you always stick to it. Being a student it is very necessary to stop delaying your tasks. Delay in your homework will cause a heap of pending work for the coming days and all this extra work will cause stress in your peaceful life. Try to complete your assignments on the same day.

9. Health First

A healthy body is very essential for a healthy brain. So always manage your lifestyle in such a way that it does not harm your health at all. Most important eat healthy food and avoid eating junk here and there. If you find any difficulty with your health tell the same to your parents and teachers. Manage to visit your doctor time to time for a proper health checkup. Stay healthy and win the world.

10. Take help from elders

Our elders always feel happy to help us. So it's better to seek someone to help rather than getting stressed alone. I always seek my teachers first if they were not available then I ask the same topic to my elder siblings or seniors. So always find a few people who are always willing to help students in studies.

11. Proper Sleep is necessary

Whatever activity or exams you are dealing with, take a proper rest. Try to sleep at least 7 to 8 hours within 24 hours in your daily activities. Lack of sleep reduces your performance in studies. So manage your time in such a way that you get time to take a sound sleep.

12. Give some time for your hobby

Its my personal experience, that whenever we do our favorite activity we get less tired. It also boosts our mood, so try to spend some time in your hobby. Listen to music or dance do whatever you want to do in your free time except sleeping. Sleeping every now and then makes you lazy.

13. Say NO to distractions

Avoid social media while studies. Don't respond to every notification on your phone. Set a no phone time zone in your house and do your studies there.

If you still find yourself stressed then try some breathing exercises, yoga and meditation.

Don't think about things you can't control. Believe in yourself and move ahead in your life. Hard work is the only key for success, so never escape from doing hard work.

Discover a positive vision in life.

Visit http://www.widevisions.in for more such articles and blogs.

Role of Chemical in Water Purification

Gaurav Tiwari*

Introduction:

The first experiment on the water filtration was done by Sir Francis Bacon in the 17th century. He used a sand filter model for water purification i. e. to desalinate the sea water by making its flow through it. He failed the first time in his experiment, but his idea, efforts; got a new interest for various scientists. It was marked as the beginning of research in this field.AntonieVanleewvenhoek and Robert Hook, known as the fathers of microscopy, they have observed the small material particles (tiny particles) for the first time, which were suspended in the water, by using the heavy invented microscope. This gave the basic information required for the study of water pathogens in the future. In olden days the presence of minute particles in the water sample were not considered and people were drinking the same water, as they were not aware of the dangerous effects of these minute particles. The high concentration of these particles in the human body may cause health diseases, after realization of these affects people then started some basic treatment methods of water purification.

Basic water purification techniques:

- **Boiling:**

This is the oldest and effective way of purifying water as it eliminates most microbes causing intestinal related diseases. The water is boiled up to its boiling point to 100 Ocat normal pressure, but this process cannot remove chemical toxins or impurities. Since the heat resistant microbes are not intestine affecting, therefore, complete sterilization of water is not required for human health. The microbes start getting eliminated at temperatures greater than 60°c, hence, it is advisable to boil water for a minimum ten minutes, for additional safety.

The boiling point does not affect the disinfecting process though it decreases with increasing altitudes. The bicarbonate ions are decomposed due to boiling resulting in partial precipitation of calcium carbonate, in areas where the water is very hard.

*Assistant Professor, Department of Chemistry, Maharana Pratap P.G. College Jungle Dhusan, Gorakhpur

Other solutes except calcium of higher boiling points than water are not removed by boiling, their concentration increases in the stored water, hence new pathogens may be found in water, if it has been stored for longer time.



Basic method of boiling water sample to kill bacteria.

Many toxic compounds undergo adsorption by activated carbon having a high surface area. The water, which is passed through activated carbon is used in municipal region, which is also free from organic contamination, taste and odors. Activated carbon is in used in many household filters and fish tanks too. Household filters used for drinking water contain silver as metallic silver nano particles. When this water is kept incarbon block for a longer period, it starts feeding and contaminated due to the growth of micro-organisms. Silver nano particles are acting as a good antibacterial medium, it decomposes toxic halo organic compounds such as pesticides to non- toxic organic compounds.

Boiling:

1. Over fuel is used in the boiling process, hence it costly process and laborious also, as it is a batch process, at home we cannot boil a huge quantity of water.
2. Firewood, kerosene and gas are wasted for boiling purpose which ultimately cutsthe forest trees so there is problem of indoor air pollution and deforestation.
3. There is an objection of taste when water after boiling is applied for drinking purposes.
4. As the method is not safety, as it is an open process and there is a possibility of injury to labours
5. It is very difficult to remove turbidity, chemicals from the water and problem

taste, smell, colour etc.

6. The boiling process is time consuming as it requires a lot of time to boil water andthere no guaranty, only temporary hardness creating salts are removed.
7. Water should be cooled properly before its applications for various purposes, except for hot area applications.

Reverse osmosis:

16. I feel it necessary to draw attention to another matter of importance and that is in regard to the education of girls in India. All over Europe today, there is a general tendency to reduce co-education in the higher classes, as it demoralizes the students. As against this, in India, efforts are going on in the reverse direction. It is really ludicrous that while we find primary schools separate for boys and girls, more and more secondary and higher secondary educational institutions are being converted into co-educations, while in the universities co-education is being made universal, at an age which is most dangerous in one's life. The position should be that while co-education should be confined to children up to the age of 10 or so, all education above this age must be kept separate for boys and girls. I am really very sorry that the Education Commission has not paid proper attention to this aspect of education, and I want this to be incorporated in any Statement on National Policy on Education that might be prepared for the country. We must not forget that the very basis of our society in India is *Brahmacharya,* and it is on this account that our country has so far maintained its high position in the world of knowledge and social behaviour. Co-education is destroying the very foundation of our society, and I consider it our duty to restore our social behaviour to the greatness that has sustained us all through the ages. In this connection it is also very necessary that the aim of education in India should be to train our people for the future lives they have to live. As such, the courses of secondary, higher secondary and university studies for women should be confined to subjects they have to deal with all through their lives, like doctors, teachers, fine arts and household work of various kinds only. At the same time, boys should be discouraged from taking up fine arts as their subjects of study. They should confine themselves mostly to many pursuits.

17. I regret that the Education Commission has not touched on the cinema and television is the most suitable media for education. In almost all countries of the world, these media are fully utilized for this purpose. Instead of these, our young men and women are being corrupted through most demoralizing films. I demand that a total ban be imposed on "For Adults Only" films, and also to see that much of sex is not allowed to be included in the Indian films, with most obnoxious songs, as is happening today.

18. I also take strong exception to wrong name of culture being given to the lowest arts, like dancing and singing, in the Education Commission's Report. These might be part of culture for the people of the West, who have not as yet reached the higher conception of philosophical living, but for the people of India, only the highest forms of philosophical discourses, etc. have been recognized as culture. By encouraging these so called arts, a concerted effort is being made to degenerate the people as a whole. I would like to see *Yoga* and *Asanas* being encouraged on a mass scale, so that the people of the country might become healthy and strong, as a healthy body is necessary for healthy mind. I am really very sorry that the education commission has not seen fit to go into this question at all, except what concerns drill and the N.C.C. In this connection also, I cannot appreciate our girls being given any training in N.C.C. or the like. There is no shortage of man-power in India, like most countries of Europe. As such, it is not only wrong but definitely harmful to cry to prepare our girls in form of military training, except nursing, first-aid and tending the sick and wounded. I hope the day will never come in India when our women would have to go to fight in the battlefield, due to lack of men to defend the country's honour. As such, all this training in N.C.C. imparted to girls is a complete national waste. This money can very well be utilized in training all our youngmen militarily.

19. In some places in the Statement on National Policy in Education, there is a reference to the teaching of History of Freedom Movement in India. This history should cover the entire period of the last 1000 years of our struggle for freedom and not only the last 200 years.

20. I have every hope that while considering the Report of the Education Commission, the above comments of mine will also be taken into consideration, and proper decisions taken thereon.

महायोगी गोरखनाथ के संस्कृत ग्रन्थ

महन्त अवेद्यनाथ

महायोगी गोरखनाथ साक्षात् योगेश्वर भगवान् शिव के स्वरुप शिवगोरक्ष हैं। वे अमरकाय स्वसंवेद्य अलख निरञ्जन द्वैताद्वैतविवर्जित परमात्म तत्त्व में प्रतिष्ठित चारों युगों में विद्यमानता की उपाधि से समलंकृत हैं, उनका शिवोपदिष्ट नाथयोगज्ञानामृत त्रिकालोपयोगी होते हुए भी त्रिकालातीत, समय की सीमा में आबद्ध नहीं हैं। यद्यपि भारत की विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में उनके उपदेश प्रमुखता से 'गोरखबानी' के रुप में संकलित हैं तथापि संस्कृत भाषा में उनके द्वारा रचित ग्रन्थ उनके चिरकालिक योगोपदेशामृत के युगों-युगों से सुरक्षित वाङ्मय हैं- क्योंकि संस्कृत अमरवाणी है- देववाणी है, किंवा भागवतवाणी है। इस दृष्टि से उनके यथोपलब्ध अद्यतन सुरक्षित ग्रन्थों के परिप्रेक्ष्य में 'योगवाणी' के विशेषांक के रूप में 'गोरक्षग्रन्थावली' का प्रकाशन अपने आप में एक महान् यज्ञ है, जिसकी संकल्पपूर्ति में नाथयोगदर्शन सर्वथा सुरक्षित रूप में व्यावहारिक है, जनजीवन के उत्तरोत्तर दिव्यीकरण का सशक्त माध्यम है।

योगबीज-यथोपलब्ध संस्कृत ग्रन्थों के क्रम में यद्यपि 'गोरखनाथ एण्ड दि कनफटा योगीज' के लेखक ब्रिग्स महोदय ने उनकी रचना 'गोरक्षशतक' को विशेष महत्त्व दिया है, तथापित नाथयोग की साधना की दृष्टि से महायोगी गोरखनाथ द्वारा करुणापूर्वक रचित 'योगबीज' की उपयोगिता विचारणीय है। यह शिव-पार्वती के संवाद रूप में योगज्ञानसागर के मन्थन का उपदेशामृतबीज है, उद्गम का सम्भवत: आदि स्रोत है। 'योगबीज' भगवान् गोरक्षनाथ की अनुभूति का योगवाङ्मय है जिसमें भगवती पार्वती को महाज्ञान से सन्तृप्त करने का भगवान् शिव ने पुण्यव्रत निबाहा है। गोरखनाथजी ने अपनी नाथयोगानुभूति का 190 श्लोकों में वर्णन किया है। इसमें नाथसिद्धमत की योगसाधना, हठयोगाभ्यास (योगाग्नि द्वारा पक्व देह-प्राप्ति, पवन-विजय और कुण्डलिनीयोग आदि) का विवेचन किया गया है। इसमें जीवन्मुक्ति, अमरकायत्व तथा कैवल्यपद में प्रतिष्ठित होने का वर्णन किया गया है। 'योगबीज' का स्पष्ट अभिमत है कि न तो योग से श्रेष्ठ कोई पुण्य है, न कोई सुख है, न कोई सूक्ष्म ज्ञान है, न साधना का कोई श्रेष्ठ मार्ग है-

योगात्परतरं पुण्यं योगात्परतरं सुखम्।
योगात्परतरं सूक्ष्मं योगामार्गात्परं न हि।। (योगबीज-87)

सिद्धमत प्रतिपादित योगमार्ग सर्वसिद्धिकर और माया जाल का निकृन्तन करने वाला है। बद्ध

जीवात्मा इस योगज्ञान से कैवल्य में प्रतिष्ठित होते हैं। अनिर्वाच्य स्वसंवेद्य परमपद-स्वात्मप्रकाशरूप है, यह निश्छल, निर्मल, निरामय, सर्वव्यापक, सर्वातीत है। ज्ञानस्वरूप, सर्वभावपदातीत निरञ्जन ही परमात्मा है-

'सर्वभावपदातीतं ज्ञानरूपं निरञ्जनम्।' (योगबीज-13)

'योगबीज' में गोरखनाथजी का कथन है कि योगाग्नि में पका कर योगी अपने शरीर को मृत्यु का ग्रास बनने से बचा लेता है, योग से रहित शरीरधारी का शरीर मृत्यु के वश में हो जाता है। वह सिद्ध देह प्राप्त कर जीते जी मुक्त हो जाता है। योग से श्रेष्ठ मोक्ष प्रदान करने वाला दूसरा मार्ग नहीं है-

'तस्माद् योगात् परतरो नास्ति मार्गस्तु मोक्षदः' (योगबीज-72)

इस ग्रन्थ में कुण्डलिनीसाधना, त्रयबन्ध, जालन्धार, उड्डियान और मूल के अभ्यास का विशद महत्त्वांकन उपलब्ध होता है। प्राणायाम से चित्त के पवन में लीन हो जाने पर बिन्दु (वीर्य) पतित नहीं होता। नाद-श्रवण होता है, सहस्रार से चन्द्रामृत प्रवाहित होता है और योगी इस तरह सच्चिदानन्द स्वरूप में स्थित हो जाता है-

स्वरूपे सच्चिदानन्दे स्थितिमाप्नोति केवलाम्। (योगबीज-142)

वास्तव में योगसिद्ध का आशय यही है कि योगी जीते जी इसी शरीर के दिव्यीकरण से अमरकायत्व द्वारा जीवन्मुक्त होकर सच्चिदानन्दपद में स्थित हो जाता है। जीवात्मा का परमात्मा में यही साक्षात्कार अथवा कैवल्यप्राप्ति है। योग मोक्ष का शास्त्र है, योग सार्वभौम और सर्वमान्य है, सर्वग्राह्य जीवन विज्ञान है, यही 'योगबीज' रचना का प्रतिपाद्य है हमारी यह सुनिश्चित धारणा है कि 'योगबीज' के अध्ययन और उसमें निर्दिष्ट योगाभ्यास के द्वारा शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वरूप सन्तुलन प्राप्त हो सकता है। योगसिद्धि का सहज उपाय-अभ्यास ही 'योगबीज' का फल है।

गोरक्षशतक- मानवजीन में योग साधना की परमोपयोगिता सहज सिद्ध है। योग ही एक ऐसा निरपेक्ष साधन-मार्ग है, जिसके आश्रय में सर्व सामान्य को जीवन की व्यावहारिकता और अपने सच्चिदानन्दस्वरूप का ज्ञान सुलभ होता है। महायोगी गोरखनाथ ने कैवल्यपद-निरञ्जन के स्वरूप की प्राप्ति अथवा अनुभूति पर विशेष बल दिया तथा पतञ्जलि-प्रवर्तित अथवा अनुशासित अष्टांगयोग में सैद्धान्तिक प्रकाश में की गयी साधना को अपने षडंगयोग के महाज्ञानामृत से सिंचित कर उसे प्रक्रियात्मक रूप प्रदान कर आत्मसाक्षात्कार अथवा स्वरूपसिद्धि की ओर मोड़ दिया। यही शिवगोरक्ष गोरक्षनाथजी के द्वारा प्रतिपादित महायोगज्ञान उनके 'गोरक्षशतक' ग्रन्थ में उपलब्ध होता है। 'गोरखनाथ एण्ड दि कनफटा योगीज' के लेखक ब्रिग्स ने 'गोरक्षशतक' को महायोगी गोरखनाथ की मौलिक कृति कही है और उसकी प्रामाणिकता असन्दिग्ध और निरापद बतायी है। अपनी उपर्युक्त

पुस्तक के एक अध्याय में उन्होंने रोमन लिपि में सम्पूर्ण 'गोरक्षशतक' टिप्पणी और अंग्रेजी रूपान्तरण सहित प्रकाशित कर उसकी महनीयता अभिव्यक्त की है। इतना ही नहीं, ब्रिग्स ने 'गोरक्षशतक' की रचना के तात्पर्य पर यथाशक्ति विचार किया है। 'गोरक्षशतक' के ही नामान्तर 'ज्ञानशक' और 'ज्ञानप्रकशशतक' है। ऐसा उल्लेख उपर्युक्त सन्दर्भग्रन्थ में उपलब्ध होता है। 'गोरक्षशतक' पर दो टीकाएँ उपलब्ध हैं; एक टीका शंकर की है तो दूसरी मथुरानाथ शुक्ल की है। इस दूसरी टीका का नाम टिप्पण भी है। इसे गोरक्षशास्त्र भी गया गया है। 'गोरक्षशतक' की लक्ष्मीनारायणकृत टीका 'बालप्रबोधिनी' के नाम से प्रसिद्ध है। यह निर्विवाद-सा है कि 'गोरक्षशतक' योगसाधना की दृष्टि से नाथसम्प्रदाय का मौलिक प्रमाण ग्रन्थ है।

गोरखनाथ जी ने 'गोरक्षशतक' के दो श्लोकों में मंगलाचरण में अपने गुरु स्वानन्दविग्रह (मत्स्येन्द्रनाथ) मीननाथ की वन्दना की है। उन्होंने 'गोरक्षशतक' का प्रवचन योगियों के हित को ध्यान में रखकर किया है। 'गोरक्षशतक' के अध्ययन और तात्त्विक चिन्तन से साधक का मन विषय-भोगों के रसास्वाद से निवृत्त होकर परमात्मा के स्मरण, ध्यान और चिन्तन में तदाकार हो जाता है। इस ग्रन्थ में अजपागायत्री, प्राणायाम, कुण्डलिनीजागरणपूर्वक सहस्रार से द्रवित चन्द्रामृत पान, महामुद्रा, खेचरी मुद्रा, बन्धत्रय-जालन्धर आदि पर प्रकाश डाला गया है। गोरक्षशतक हमारे नाथसम्प्रदाय-सिद्धामृत मार्ग का अत्यन्त प्रामाणिक योगशास्त्र है। यह श्रुति प्रतिपादित है। गोरक्षनाथजी ने इसमें श्रुति कल्पतरुफल के रूप में योग के अभ्यास का उपदेश दिया है। उनका वचन है-

'शमनं भवतापस्य योगं भजत सत्तमाः।' (गोरक्षशतक-6)

गोरक्षशतक में गोरखनाथजी ने आन्तरिक शरी-विज्ञान को जानने पर विशेष बल दिया है। उनका कहना है कि यदि साधक में स्थित त्रयलक्ष्य, पंच आकाश, षोडशाधार, मन और दसों इन्द्रियों का सम्यक् ज्ञान नहीं प्राप्त करता है तो उसके लिए प्राणायाम, मुद्राबन्ध, कुण्डलिनीजागरण, नादोपासना और मन के उन्मनीकरण में सफलता प्राप्त करना स्वप्नमात्र है। 'गोरक्षशतक' में कहा गया है कि चाहे साधक वाह्य शौच आदि की निर्मलता से युक्त हो या न युक्त हो, उसे प्रणव का सदा जप करते रहना चाहिए। इससे वह पाप कर्म से उसी तरह लिप्त नहीं होता, जिस तरह कमलपत्र पानी में रहकर भी जल से लिप्त नहीं होता। ॐकार के विधिपूर्वक जप से मन, चित्त की वृत्तियों का निरोध होता है और चित्त तदाकार होने पर साधक स्वरूप में स्थित हो जाता है।

'सिद्धसिद्धान्तपद्धति'- परम करुणामय शिवगोरक्ष महायोगी गोरखनाथ ने देववाणी संस्कृत में 'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' की रचनाकार अलख निरञ्जन के साक्षात्कार का राजपथ प्रस्तुत किया है। इस मौलिक योगवाङ्मय में नाथयोग-शैवयोग के प्रतिपादन के साथ-ही-साथ निगमागमपुराणस्मृतिसम्मत योगाचार, वैराग्य और मोक्ष के सैद्धान्तिक और साधनात्मक पक्षों का समीचीन समन्वय भी बोधगम्य शैली में निरुपित है, जिसका रसास्वादन वे ही कर सकते हैं जो योगविज्ञान-हठयोग विद्या

के द्वारा परामात्म साक्षात्कार की सिद्धि में अनुभवी और निष्णात हैं। 'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' को हमारे नाथसम्प्रदाय-सिद्धामृत मार्ग में अपूर्व मान्यता प्राप्त है। योगी सम्प्रदाय में ही नहीं, दार्शनिक विद्वानों में भी इस योगग्रन्थ के प्रति यथेष्ट आदर-भाव और श्रद्धा का दर्शन होता है। लगभग दो सौ साल पहले काशी के महान् योगदार्शनिक महामति बलभद्र ने 'सिद्धसिद्धान्तसंग्रह' के रुप में 'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' के सारांश का स्वरचित संस्कृत श्लोकों में संग्रह किया था। उनका कथन है-

यत्कारुण्यविलोकनादपि भवेच्चित्तविश्रमः पारदः।
तस्मिन् श्रीकरुणासुधारसनिधौ चेतोऽस्तु मग्नं गुरौ।। (सिद्धसिद्धान्तसंग्रह 5/36)

जिनके कृपामय दृष्टिपात से चित्त शान्त और विषयों में अनासक्त हो जाता है, उन करुणासुधार सनिधि गुरु (गोरखनाथ) में मेरा मन निमग्न हो जाय। गोरखनाथजी महान् योगाचार्य थे। 'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' में उनके वचन उपदेश के रूप में उपलब्ध होते हैं, उन्होंने इस योगग्रन्थ के छः उपदेशों में महायोगाज्ञानामृत का वर्णन किया है। इसमें कहा गया है कि अण्डपिण्ड के रूप का ज्ञान हो जाने पर उसकी आधारशिला पारमार्थिक सत्ता का जीवात्मा साधक को बोध हो जाना सरल होता है। यह निर्विवाद है कि इस विश्व-प्रपञ्च की गत्यात्मकता के मूल कारण के रूप में कोई स्वयंसत्य, स्वयंप्रकाशित सत्ता है, जो हमारी इन्द्रिय, मन, बुद्धि से परे अतीन्द्रिय, अतिमानसिक और अतिबौद्धिक स्तर पर अभिव्यक्त है। गोरखनाथजी ने इस शाश्वत चेतना को परासंवित् कहा है, यही परम सत्ता है, उन्होंने 'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' के छः उपदेशों में यथाक्रम पिण्डोत्पत्ति, पिण्डविचार, पिण्ड संवित्ति, पिण्डाधार, पिण्डपदसमरसभाव और नित्यावधूतलक्षण आदि का निरूपण कर नित्यनिर्विकार परम सत्ता को ही जीवात्मा-योगसाधक के लिए प्रतिपाद्य स्वीकार कर उसके स्वरुप बोध अथवा अन्तर्गय की पद्धति सुनिश्चित की है। गोरखनाथजी की दृष्टि में परब्रह्म शिव (अलख निरञ्जन, पमात्म तत्त्व) अपरम्पर, परम पद, शून्य, निरञ्जन है। यही परमात्मा है-

'अपरम्परं परमपदं शून्यं निरञ्जनं परमात्मेति'। (सिद्धसिद्धान्तपद्धति 1/17)

गोरखनाथ जी ने 'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' में हठयोग की साधन-प्रक्रिया का मर्म स्पष्ट किया है। हठयोग की साधना वास्तव में प्राणसाधना है। प्राणायाम की सिद्धि से ही यह फलवती होती है। सूर्य-चन्द्र, प्राण-अपान का योग ही हठयोग है।

हकारः कीर्तितः सूर्यष्ठकारश्चन्द्र उच्यते।
सूर्याचन्द्रमसोयोगाद् हठयोगो निगद्यते।। (सिद्धसिद्धान्तपद्धति। 1 । 69)

'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' में हठयोगतत्त्व का अक्षय भण्डार है। इस ग्रन्थ में यौगिक दृष्टि से पिण्डविचार अन्तर्दर्शन और ध्यान पर आधारित है। हमारा शरीर शिवशक्ति की अभिव्यक्ति का पवित्र माध्यम है। 'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' में गोरखनाथ जी ने सूक्ष्मातिसूक्ष्म तथा अति मार्मिक रूप से अष्टांगयोग का भी वर्णन किया है। योगसिद्ध का स्वरूप अष्टांगयोग की साधना के स्तर पर परमात्म

साक्षात्कार बताया गया है। गोरखनाथजी ने कहा है कि हमारा शरीर भौतिक शरीर मात्र नहीं है, हमारा व्यष्टि शरीर एक आध्यात्मिक तत्त्व में अभिव्यक्त है। इस व्यष्टि शरीर में योगी सकल चराचर जगत् को व्याप्त जान कर पिण्डसंविति होता है। पाँच भौतिक व्यष्टि शरीर में ही व्यावहारिक रूप से अनन्त शाश्वत ब्रह्माण्ड-व्यवस्था के दर्शन किये जा सकते हैं। गोरखनाथजी ने कहा है कुण्डलिनी जागरण के फलस्वरूप योगी आत्मदर्शन करता है, कुण्डलिनी समस्त कार्यों के ऊपर विद्यमान विमर्शरूप विद्या है-

'सा विमर्शरूपिणी योगिनः स्वस्वरूपभवगच्छन्तीति सुप्रसिद्धाः।' (सिद्धसिद्धान्तपद्धति 4115)

यह कुण्डलिनी अधः, मध्य और ऊर्ध्व कही गयी है। इसके यथाक्रम निकुञ्जन, प्रबोध और निपात के परम पद प्राप्त होता है।

गोरखनाथजी ने 'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' में कहा है कि स्वसंवेद्य परमपद की प्राप्ति गुरु की कृपा से होती है-

कथनाच्छक्तिपाताद्वा यद्वा पादावलोकनात्।
प्रसादात्स्वगुरोः सम्यक् प्राप्यते परमं पदम्॥ (सिद्धसिद्धान्तपद्धति 5/65)

गोरखनाथजी ने अन्तिम छठें उपदेश में अवधूत योगी के लक्षण का विशद निरूपण कर सन्यास की वास्तविक गरिमा प्रकाशित की है। 'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' में इसी उपदेश में 'आदेश' शब्द की व्यावहारिकता के परिप्रेक्ष्य में कहा गया है कि आत्मा, परमात्मा और जीवात्मा की अभेदता ही सत्य है, इस सत्य का अनुभव या दर्शन सिद्धामृतमार्ग में 'आदेश' कहलाता है। इसके उच्चारण मात्र से ही त्रयताप-समस्त दुःखों का नाश हो जाता है। शिवगोरक्ष गोरखनाथजी ने 'सिद्धसिद्धान्तपद्धति' के रूप में अद्भुत नाथयोगशास्त्र प्रकाशित किया है। इसका रहस्य उनके चरणाश्रय से ही समझ में आ सकता है।

विवेकमार्तण्ड- 'विवेकमार्तण्ड' की रचना कर महायोगी गोरखनाथ ने षडंगयोग अथवा हठयोग की साधन-प्रक्रिया प्रस्तुत कर परब्रह्म अलख निरञ्जन के साक्षात्कार को सहज सुलभ कर दिया। 'गोरक्षशतक' के विषय-प्रतिपादन में जो कमी रह गयी, उसकी पूर्ति 'विवेकमार्तण्ड' में परिलक्षित है। 'विवेकमार्तण्ड' के अनेक अप्रकाशित-प्रकाशित संस्करण उपलब्ध हैं, पर जोधापुराधीश महाराज मानसिंह ने इस रचना की सुरक्षा और उसकी 'योगतोषिणी' टीका की प्रस्तुति में जो अभिरुचि प्रकट की, वह ग्रन्थ की उपादेयता प्रकट करती है। 'योगतोषिणी' टीका भीष्मभट्ट की महान् देन है।

'विवेकमार्तण्ड' की टीका का समापन करते हुए भीष्मभट्ट ने महाराज मानसिंह की सिद्धसिद्धान्त तत्त्वज्ञ और श्रीनाथपदाम्भोजमधुप कहा है और उद्गार प्रकट किया है कि उन्होंने उनकी

अनुज्ञा और कृपा से 'योगतोषिणी' टीका लिखी है। योगतत्त्वज्ञों को इसका संशोधन कर लेना चाहिए। भीष्मभट्ट ने 1876 वि. में इस टीका का समापन किया था। इस टीका के प्रकाश में 'विवेकमार्तण्ड' में महायोगी गोरखनाथ द्वारा वर्णित (नाथ) योगसिद्धान्त और तद्‌गत साधन प्रक्रिया के समझने में बड़ी सुगमता होत है। ग्रन्थ के आरम्भ में महायोगी ने गुरु की कृपामयी शक्ति से जीवात्मा के सच्चिदानन्दायित होने का वर्णन किया है। इसमें षडंगयोग के अभ्यासपूर्वक हठयोगसाधना को प्रधानता दी गयी है। 'विवेकमार्तण्ड' में सात चक्रों का निरूपण किया गया है। पहला आधार चक्र, दूसरा स्वाधिष्ठान, तीसरा मणिपुर, चौथा अनाहत, पाँचवाँ विशुद्ध, छठाँ आज्ञाचक्र और सातवाँ महाचक्र है। वह ब्रह्मरन्ध्ररूप महापथ में स्थित है। शरी में स्थित चक्रों का भेदन बिना गुरु के मार्गदर्शन के नहीं करना चाहिए। जिसकी दृष्टि बिना रूप विषय में स्थित हो जाती है, जिसका प्राण सहज स्थित हो जाता है, बिना किसी आलम्बन के जिसका मन स्थिर होता है, वही योगी है, गुरु है-

'स एच योगी स गुरु स सेव्यः। (विवेकमार्तण्ड-24)

जीवात्मा तक तक संसार-बन्धन में रहता है जब तक वह अनाहत चक्र में ध्यानस्थ होकर परमात्म साक्षात्कार नहीं कर लेता है। गोखनाथजी ने विवेकमार्तण्ड में कहा है कि अजपा गायत्री मोक्ष देती है, इसके संकल्प मात्र से प्राणी पाप से मुक्त हो जाता है-

अजपा नाम गायत्री योगिनां मोक्षदायिनी।
अस्याः संकल्पमात्रेण नरः पापैर्विमुच्यते॥ (विवेकमार्तण्ड-47)

इसी तरह जालन्धर आदि बन्धों और खेचरी आदि मुद्रा के अभ्यास पर भी युक्तियुक्त प्रकाश डाला गया है। प्रणवजप को भी यथेष्ट महत्त्व दिया गया है। समस्त षडंगयोग की गोरखनाथजी ने संक्षेप में वर्णन कर कहा है कि आसन से रोग, प्राणायाम से पातक, प्रत्याहार से मानसिक विकार का नाश होता है। धारणा से मनोधैर्य, ध्यान से चैतन्य, और समाधि से मोक्ष मिलता है। परब्रह्म शिव-ब्रह्मात्मक तेज का ध्यान कर तत्त्वबोध प्राप्त कर योगी परमकैवल्य में स्थित हो जाता है।-

एतद् ब्रह्मात्मकं तेजः शिवं ज्योतिरनुत्तमम्।
धयात्वा ज्ञात्वा विमुक्तः स्यादिति गोरक्षभाषितम्॥ (विवेकमार्तण्ड-183)

समाधि में लीन योगी आदि-अन्त से रहित, आलम्बनशून्य, प्रपञ्चातीत, परमात्मस्वरूप, निर्विकार, निराकार, अचल, मन-बुद्धि मे अगोचर हो जाता है-

तन्मयत्वं ब्रजेन्नित्यं योगी लीनः परेपदे। (विवेकमार्तण्ड-183)

महायोगी गोरखनाथ ने अपना प्रकाण्ड योगानुभव व्यक्त करते हुए कहा है कि यह विवेकमार्तण्ड ग्रन्थ परमार्थस्वरूप है, इसके अध्ययन से योगी को भवभयरूपी दावाग्नि से छुटकारा मिलता है। यह ग्रन्थ स्वर्ग का सोपान है। इस ग्रन्थ का अध्ययन करने वाला इस संसार में मोक्षलक्ष्मी,

मुक्तिसिद्धि की प्राप्ति करता है।

अमारौघप्रबोध- शिव गोरक्ष महायोगी गोरखनाथकृत संस्कृत योग-ग्रन्थों में 'अमारौघप्रबोध' नाथयोगसाधना की सिद्धि की तात्त्विक और प्रक्रियात्मक पृष्ठभूमि पर नाथयोगदर्शन के परिप्रेक्ष्य में एक असामान्य कृति है जिसमें अलख निरञ्जन स्वसंवेद्य परमात्मा के साक्षात्कार का युक्तियुक्त विवेचन प्रतिपादित है। यद्यपि गोरखनाथजी ने अपने योगमहाज्ञानामृत की पृष्ठभूमि पर इसे 'राजयोग अभिधानक' कह कर लय, मन्त्र, हठ, राजयोग को औपनिषद चतुर्विध यौगिक परम्परा का संकेत किया है तथापित सामान्य रीति से प्रचलित पातञ्जल आदि योगदर्शन में प्रतिपादित कैवल्यप्रधान राजयोग से यह अमारौघप्रबोधपरक राजयोग कहीं विलक्षण और रहस्यात्मक है, क्योंकि यह शिवशक्ति के सामरस्य के अमृतत्व में योगसाधक, नाथयोगसाधना में सम्पूर्ण निष्णात सिद्धपुरुष की स्वरूपावस्थिति-स्वरूपात्मक सम्प्रतिष्ठा का अक्षर-अमृत योगवाङ्मय है। गोरक्षनाथजी का 'अमारौघप्रबोध' में योगशासन-उपदेशामृत है-

एक एवामरौधो हि राजयोगोऽभिधानकः।
लयादिधिः समायुक्तश्चतुर्थो दीयते कथम्॥ (अमारौघप्रबोध-17)

'अमारौघप्रबोध' 74 श्लोकों का योगग्रन्थ है। इसका संग्रह और सम्पादन कर डॉ. कल्याणी मलिक ने नाथयोगसम्प्रदाय की ज्ञानवृद्धि में महत्वपूर्ण योग दिया है। यह पूना ओरियण्टल बुक हाउस, पूना से प्रकाशित उनकी महनीयकृति सिद्धसिद्धान्तपद्धति (सिद्धसिद्धान्तपद्धति एण्ड अदर वर्क्स दि नाथयोगीज) में संगृहीत है।

इस प्रस्तुति में वर्णित लय, मन्त्र, हठयोगादिपरक राजयोग की सिद्धि में इन तीनों योगपद्धतियों का विवेचन करते हुए हठयोग की साधनापूर्वक राजयोग की महनीयता पर यद्यपि यथेष्ट प्रकाश डाला गया है तथापि यह कहना सर्वथा उचित है कि हठयोग बाह्य और अन्तर साधना की दृष्टि से दो रूपों में हमारे नाथ सम्प्रदाय में गृहीत है। बाह्य साधना प्राण अपाल के ऐक्यपूर्वक योगोग्नि प्रज्वलित कर मूलाधार में प्राप्त कुण्डलिनी को समग्ररूप से षटचक्रादि भेदन द्वारा सहस्रार में शिव से समरसित करना है और दूसरा रूप एकमात्र स्वसंवेद्य अलख निरञ्जन परमात्मा में निरुत्थान-सहज स्वरूपावस्थितिपूर्वक तल्लीनता-स्वात्मप्रतिष्ठा ही हठयोग की महत्तम सिद्धि के रूप में नाथयोगप्रतिपादित राजयोगपरक सहज स्वरूपबोध में पर्यवसित है। यद्यपि अमृतपान, नादसन्धान शिवशक्ति सामरस्य आदि हठयोग के व्यवहृत प्रक्रियात्मक रूप हैं तथापि स्वसंवेद्य अलख निरञ्जन परमेश्वर में सम्पूर्ण आत्मलय ही हठयोग की परम-चरम सिद्धि है जो पार्वती के प्रति क्षीरसागर-परिसर में शिव द्वारा सम्बोधित महायोगज्ञानामृत की सहज योगसिद्धि के रूप में चरम परिणति है। वास्तव में प्राण अपान के ऐक्य द्वारा हठयोग की साधना में कुण्डलिनीजागरण आदि की सिद्धि तथा तद्गत शिव से सामरस्य भी हठयोग की सिद्धि नहीं है, यह तो बिन्दुरूप शिव, रजरूप शक्ति, योगभाषा में चन्द्ररूप बिन्दु और

सूर्यरूप रज का सामरस्य ही नाथयोगप्रतिपादित राजयोग में हठयोग की भूमिका है जिसमें विहार कर आत्मयोगी परमात्मयोगी, अलख निरञ्जन हो जाता है। यही अमरौघप्रबोध का प्रतिपाद्य विषय है। महायोगी शिवगोरक्ष गोरखनाथ ने स्पष्ट किया है-

बिन्दुः शिवो रजः शक्तिश्चन्द्रो बिन्दु रजो रविः।
अनयोः संगमादेव प्राप्यते परमं पदम्।। (गोरक्षपद्धति 1/72)

हमारे नाथयोग में परमपद की प्राप्ति-गुरुकृपैकसाध्य अलख निरञ्जन तत्त्वसाक्षात्कार ही योगसाम्राज्य की सम्पूर्ण समृद्धि है, अप्रतिमसिद्धि है, जिसका शास्त्रीय और व्यावहारिक, सैद्धान्तिक और सहज सवाधनाथमक योगानुशासन अमरौघप्रबोध की रचना का परम लक्ष्य है।

अमनस्कयोग- शिवगोरक्ष महायोगी गोरखनाथजी ने अपने सिद्धमत में साधना की सिद्धि की पृष्ठभूमि में मन की अमनस्कता-उन्मनीकरण पर अत्यधिक बल दिया है। इस उन्मनी अवस्था की कैवल्यस्वरुपिणी ज्योति अथवा अलख निरञ्जन के साक्षात्कार के रहस्य की अनुभूति पिण्ड में सामरस्य सिद्धान्त के स्तर पर की है। उनकी विज्ञप्ति है कि शून्य, निरञ्जन, परमपद ही परम शिव-अलख निरञ्जन परमात्मा है। इस परमपद की प्रतिष्ठा मन की उन्मनी स्थिति में ही है। यही अमनस्क योगसाधना का परम निगूढ़ रहस्य है। प्राणिमात्र पर अहैतुकी कृपा करने के लिए उन्हें कायिक, वाचिक और मानसिक अन्धकार से बाहर निकालने, परमात्मस्वरूप में प्रतिष्ठित कर भवसागर से पार उतारने के लिए गुरु गोरखनाथजी ने शाश्वत सनातन, प्राणसंजीवनी के रूप में महाज्ञान स्वरूप योगामृत का प्रकाशन किया। इस परमात्म ज्ञान में मन की विलीनता ही अमनस्क योग की सिद्धि का स्तर है। उन्होंने इस अमनस्क योगविद्या को ही अमृतत्व की प्रतिपादिका, सनातन अक्षय और मायातीत कहा है। उनकी विज्ञप्ति है-

अमृतोद्दीपनी विद्या निरपाया निरञ्जना।
अमनस्का कलाकापि जयत्यानन्ददायिनी।। (अमनस्कयोग 2 । 29)

अपनी 'अमनस्कयोग' रचना में गोरखनाथजी ने वामदेव और शिव के योगपरक संवाद के रूप में अमनस्कतत्त्व पर प्रकाश डाला है। शिव ने वामदेव की जिज्ञासा के समाधान रूप में तारकयोग के रहस्य, योगी गुरु के लक्षण और महत्त्व अथवा गुरुत्व, योगसाधन के स्थान, योगासन, क्रियायोग आदि का प्रतिपादन करते हुए मन के निरञ्जन परमात्म तत्त्व में विलीनीकरण अथवा लयसाधन का मर्म अत्यन्त सरल, सुबोध भाषा में समझाया है। 'अमनस्कयोग' के दो खण्ड हैं। पहले खण्ड में साधना के स्तर पर बाह्याडम्बर और व्यर्थ की बाह्य साधना के प्रति उपेक्षात्मक दृष्टि को अपनाया गया है। आसन, बन्ध, मुद्रा आदि में श्रम को समय का अपव्यय कहा गया है, अज्ञान कहा गया है। षट्चक्रों के वेधनस्वरूप उनमें ध्यान-क्रिया को चित्त का विभ्रमभाव कहा गया है। योगसाधना से प्राप्त अष्टसिद्धियों को परमात्मतत्त्व के साक्षात्कार के मार्ग में श्रेयस्कर बताया गया है। प्राण में मन के और

मन में प्राण के लय के द्वारा अजरत्व और अमरत्व को योगाभ्यास का श्रेय कहा गया है। दूसरे खण्ड में तारकयोग और अमनस्कयोग में भेद का निरूपण उपलब्ध होता है। इस अमनस्क खण्ड में शाम्भवी मुद्रा के रहस्य और शम्भवयोग तथा मन के सम्पूर्ण भय अथवा अमनस्क विद्या के स्वरूप का विवेचन किया गया है। अमनस्कविद्या वास्तव में योग की महाविद्या है।

यह अच्छी तरह समझ लेने की बात है कि हठयोग में प्राण-अपान के संगम पर मनोबल विहित कहा गया है पर 'अमनस्कयोग' के धरातल पर मन का सम्पूर्ण सहज उन्मनीकरण ही राजयोगसिद्धि की परम अथवा अन्तिम अवस्था है। यह अमनस्क सिद्धान्त ही द्वैताद्वैतविलक्षण योगदर्शन का, निरुपाधि ब्रह्म साधन का अथवा अवाच्य निरञ्जन परमात्मा के साक्षात्कार का प्रकाशस्तम्भ है। इस अमनस्कविज्ञान से परमतत्त्व का निर्वचन सम्भव है।

महायोगी गोरखनाथ ने 'अमनस्कयोग' के अमनस्क खण्ड में इस बात की पुष्टि की है कि योगी को किसी भी विषयवस्तु का चिन्तन न करते हुए सहज स्वरूप में, निरञ्जन परम शून्य तत्त्व में समाहित रहना चाहिए। उसे वाणी, मन और शरीर में लेशमात्र भी संक्षोभ का अनुभव नहीं करना चाहिए। जब तक संक्षोभ है, चिन्तन और संकल्प की कल्पना है, तब तक अमनस्क स्थिति की प्राप्ति नहीं हो सकती और न ही तत्त्वसाक्षात्कार, स्वरूपावस्थान ही सम्भव है-

वाङमन् कार्यसंक्षोभं प्रयत्नेन विवर्जयेत्।
शिलाचिमिवात्मानं सुस्थिरं धारयेत् तदा।
यावत्प्रयत्नलेशोऽस्ति यावत् संकल्पकामना।
अहं त्वमिति सम्प्राप्तिस्तावत्तत्त्वस्य का कथा।। (अमनस्कयोग 2 । 57-58)

तारकयोग में तो मन साधना में सहायक है पर उत्तरयोग अथवा अमनस्क साधन में मन की स्थिति उन्मनी हो जाती है। मन तत्त्वाकार होकर सदा के लिए महालयस्थ हो जाता है।

महायोगी गोरखनाथ ने अमनस्कयोग की सिद्धि के स्वरूप का प्रकाशन किया है कि जिस तरह नमक पानी में घुल-मिल कर जल हो जाता है, उसी तरह मन ब्रह्म के सम्पर्क से ब्रह्ममय हो जाता है, ब्रह्माकार हो जाता है। ब्रह्ममय होकर निर्वाणपद में प्रतिष्ठित हो जाता है-

लवणं तोयसंस्पर्शाद् यथा तोयसमं भवेत्।
मनोऽपि ब्रह्मसंस्पर्शात्तथा ब्रह्ममयं भवेत।। (अमनस्कयोग 1/43)

तारकयोग और अमनस्कयोग, दोनों की ही सिद्धि में गुरुकृपा की सापेक्षता अनिवार्य है। क्यों तारकयोग के उपरान्त सम्पूर्ण उन्मनीकरण में साधक पर गुरु की करुणादृष्टि का पात जो जाए तो वह साधक परमपद में निःसंशय प्रतिष्ठित हो जाता है। ब्रह्म में मन का उन्मनीकरण अथवा महालय ही योग की यथार्थ सिद्धि है। परमात्मपद में मन की तल्लीनता गुरु के सदुपदेश तथा कृपामय

दृष्टिपात से ही सम्भव होती है।

तारकयोग की विशद और अनुभूतिपूर्ण व्याख्या गोरखनाथजी ने अमनस्कयोग की रचना में आरम्भ के ही श्लोकों में कर दी है। मत व्यक्त किया है कि साधक मन्त्रयोग की साधना में लगे रहते हैं, कई ध्यानसिद्धि के मोह में पड़े रहते हैं, कई जाप करते हैं, तो आगम-निगम में कई उलझे रहते हैं, तारकयोग जानते ही नहीं है, यह तारकयोग सर्वमंगलकारी है, जब तक सुयोग्य शिष्य न प्राप्त हो जाए तक तक गुरु इस योग का उपदेश दें ही नहीं। यह तारकोग सब योगों में परमोत्तम है, इसका पूर्व भाग तारकयोग कहा जाता है और अपर भाग अमनस्कयोग कहा जाता है। मन से युक्त योगस्वरूप तो तारक है और मन से अतीत जो योगस्वरूप है वह अमनस्क है। तारों (आँख की पुतलियाँ) की ज्योति में लगार कर भौंहों को कुछ ऊँची करें, बढ़ा लें। यह पूर्ण (तारक) योग का मार्ग क्षण भर में उन्मनी भाव पैदा कर देता है-

पूर्वयोगस्य मार्गोऽयमुन्मनीकारकः क्षणात्। (अमनस्कयोग 1। 8)

अमनस्कयोग की साधना के लिए योगसाधक को सभी तरह की चिन्ताओं से रहित होकर एकान्त स्थान में सम आसन पर कुछ पीछे की ओर झुक कर स्थिर दृष्टिपूर्वक बैठना चाहिए। इससे मन स्थिर होता है, वायु, वाणी, देह और दृष्टि में स्थितरता आती है। शरीर में कोमलता आती है। साधक का मन परम तत्व का चिन्तन करते-करते तत्त्वाकार हो जाता है। अमनस्कयोग गुरुकृपैकसाध्य है। गोरखनाथ जी का कथन है कि 'अमनस्कयोग' रचना में जो योगी समस्त चिन्ताओं को विवर्जित कर देता है और मन से कुछ नहीं सोचता है, उसे तत्त्व का साक्षात्कार होता है, तत्त्व के सम्मुख होने पर अमनस्कता का उदय होता है। इसमें चित्तदि का विलय हो जाता है, चित्त के विलय से पवन का लय स्थापित होता है, मन-पवन के लय से इन्द्रियार्थ का त्याग हो जाता है। सर्व सम की अवस्था आती है। सर्वसमत्व का उदय होने पर योग का कार्य व्यापार समाप्त हो जाता है। इसके बाद परब्रह्म में स्वरूपभूतयोगी लय को प्राप्त होता है, ऐसे होने पर सुख-दुःख, शीत-ऊष्ण आदि द्वन्द्व समाप्त हो जाते हैं। जिस तरह वायु शून्य में दीप निश्छल हो जाता है, उसी प्रकार जगत् व्यापार से मुक्त योगी लय को प्राप्त होता है-

निर्वातस्थापितो दीपो भासते निश्छलो यथा।
जगद् व्यापारनिर्मुक्तस्तथा योगी लयं गतः॥ (अमनस्कयोग 1/40)

इस लयावस्था में योगी मन से अतीत हो जाता है। यह परम शून्यावस्था है, इसमें तत्व स्वतः प्रकाशित हो उठता है-

न किञ्चिच्चिन्तनादेव स्वं तत्वं प्रकाशते। (अमनस्कयोग 2 । 55)

यह चराचर जगत् मन का दृश्य है, मन का उन्मनी भाव होने पर अद्वैत अभिव्यक्त हो जाता

है। चित्त के अचल होने पर ही मोक्ष प्राप्त होता है।

चित्ते चलति संसारोऽचले मोक्षः प्रजायते। (अमनस्कयोग 2 । 93)

अमनस्कयोग की साधना के लिए योगी को मन पर स्वामित्व स्थापित करना बड़ा ही आवश्यक है। इसका अभाव होने पर मन बहुत विघ्नकारी सिद्ध हो सकता है। 'अमनस्कयोग' के रचयिता महायोगी गोरखनाथजी ने एक बड़े महत्त्व की बात कही है कि जिस तर फूल से फल होने पर फूल का स्वतः लोप हो जाता है, उसी तरह देह में जब तत्त्व प्रकाशित होता है, ब्रह्मस्वरूप की सम्पूर्ण प्रतिष्ठा हो उठती है, तब देहातीतता की स्थिति प्रगट होती है-

पुष्पात् प्रकाशते यद्वत् फलं पुष्पविघातकम।
देहात्प्रकाशते तत्त्वं तत्त्वं देहविनाशकम्॥
फलं प्रकाशकं पुष्पं फलं पुष्पादिघातकम्॥
देहात्प्रकाशते तत्त्वं तत्त्वं देहविनाशकम्॥ (अमनस्कयोग 2 । 17-18)

अमनस्क साधना की यह सिद्धि है कि एकमात्र तत्त्व-परम तत्त्व ही शेष रह जाय। यह 'अमनस्कयोग' सद्यः प्रत्ययकारक-तत्त्वज्ञान प्रदान करने वाला है।

गोरक्षपद्धति- 'गोरक्षपद्धति' भगवान् शिवगोरक्ष महायोगी गोरखनाथ के योगमहाज्ञानरूप उपदेशामृत का पर्याय है। 'गोरक्षपद्धति' की रचना गोरखनाथजी ने योगसाधकों के हित को ध्यान में रखकर की थी। इसमें वर्णितयोग ज्ञान के बोधमात्र से जीवनयुक्ति अथवा कैवल्य की प्राप्ति होती है। यह सहज सिद्ध है कि 'गोरक्षपद्धति' में कैवल्यप्राप्ति अथवा नाथयोग की भाषा में स्वसंवेद्य परमतत्व के साक्षात्कार का उपाय वर्णित है। 'गोरक्षपद्धति' के अध्ययन और योगाभ्यास से साधक का मन परम तत्त्व में तन्मय हो जाता है। यही नाथयोग साधना का महत्तम फल स्वरूपावस्थान है।

एतद् विमुक्तिसोपानमेतत्कालस्य वञ्चनम्।
यद् व्यावृत्तमनो भोगादासक्तं परमात्मनि॥ (गोरक्षपद्धति 1 । 5)

उन्होंने कहा आधिदैविक, आधिभौतिक, आदिदैहिक त्रयताप का शासन चित्तविश्रान्ति से होता है। चित्तविश्रान्ति ही निरुत्थानदशा की प्राप्तिपूर्वक योग की महती सिद्धि है।

'गोरक्षपद्धति' में यम-नियम-व्यतिरिक्त आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि-षडंगयोग का प्रतिपादन किया गया है। हठयोग साधना की पूर्णता में षडंगयोगाभ्यास एक महत्तम विशिष्ट क्रम है। इन अंगों पर 'गोरक्षपद्धति' में विशद विचार किया गया है। उसके बाद षट्चक्रनिरुपण, षोडशाधार, अन्तर्बाह्य द्विलक्ष्य, पंच व्योम, मन तथा शरीर के नवद्वारों के सम्बन्ध में सांगोपांग वर्णन मिलता है। वे योगी योगसाधना में सिद्धि नहीं प्राप्त कर सकते हैं जो अपने देह में

स्थित इन अंगों से परिचित नहीं हैं, इनकी जानकारी के अभाव में मुद्रा, बन्ध, अमृतपान, कुण्डलिनीजागरण, तात्त्विक शिवसामरस्य आदि की चेष्टा तथा साधना अनुपयोगी कही जाएगी।

गोरखनाथजी ने 'गोरक्षपद्धति' में चक्रभेदन का निरूपण करते हुए कहा है कि मूलाधार चक्र की कर्णिका में तप्त स्वर्णवर्ण और विद्युल्लेखा के समान अग्निमय त्रिकोणाकार योनिस्थान में इस अनन्त विश्वतोमुख परम ज्योति का दर्शन कर योगी समाधि में स्थित रहकर आवागमन के बन्धन से मुक्त हो जाता है।

यत्समाधौ परं ज्योतिरनन्तं विश्तोमुखम्।
तस्मिन् दृष्टे महायोगे यातायातन्नविद्यते।। (गोरक्षपद्धति 1 । 21)

इसी प्रकार स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्ध तथा आज्ञा चक्रों की भेदनपद्धति पर यथेष्ट प्रकाश डालते हुए कुण्डलिनी के सहस्रार में प्रवेश कर शिव में समर होने का वर्णन उपलब्ध होता है। गोरक्षपद्धति में यह कुण्डलिनी ज्ञानियों के लिए (योगियों के लिए) मोक्षदायिनी और अज्ञानियों के लिए बन्धनकारिणी कही गयी है-

कन्दोर्ध्वकुण्डलीशक्ति शुभमोक्षप्रदायिनी।
बन्धानाय च मूढ़ानां यस्तां वेद स वेदवित्।। (गोरक्षपद्धति 1 । 56)

'गोरक्षपद्धति' में प्राणायाम-प्राणनिरोध पर विशेष बल दिया गया है। प्राण के संयमित होने से ही योगी की साधना में सिद्धि मिलती है। प्राणसंयम ही अमृतपान, कुण्डलिनी जागरण तथा जीवन्मुक्तिप्राप्ति का अत्यन्त वरद अमोघ उपाय है-

चलेवाते चलो विग्दुर्निश्चले निश्चलो भवेत्।
योगी स्थाणुत्वमाप्नोति ततोवायुं निरोधयेत्।। (गोरक्षपद्धति 1 । 90)

प्राण और बिन्दु के निश्छल होने पर योगी योगसाधन में स्थिरता प्राप्त करता है, इसलिए प्राणायाम का अभ्यास अवश्य करना चाहिए।

'गोरक्षपद्धति' दो सौ श्लोकों में प्रथम शतक और द्वितीय शतक के रूप में पूर्ण है। दूसरे शतक में प्राणायामादि यौगिक क्रियाओं की अभ्यासविधि और सार्थकता का निरूपण किया गया है। इसमें षट्कर्म की उपादेयता पर भी बल दिया गया है। धौति, नेति, वस्ति, कपालभाति, शंखप्रक्षालन आदि के द्वारा शुद्धि और प्राणवाहिनी नाड़ियों की निर्मलता-निर्दोषिता प्रतिपादित है। गोरक्षपद्धति में महायोगी गोरखनाथजी ने दूसरे शतक के दो श्लोकों में षडंगयोग की साधना का सिंहावलोकन किया है कि आसनों के अभ्यास से रोग, प्राणायाम से पातक, प्रत्याहार से मानसिक विकार नष्ट होते हैं। धारणा के अभ्यास से प्रति धैर्य-सुदृढ़ता और विश्वास तथा ध्यान से चैतन्यस्वरूप और समाधि से मोक्ष की प्राप्ति सहज-सुलभ हो जाती है-

आसनेनरुजोहन्ति प्राणायामेन पातकम्।
विकारं मानसं योगी प्रत्याहारेण मुंचति।।
धारणाभिमतं धैर्यंध्यानाच्चैतन्यमद्भुतम्।
समाधौ मोक्षमाप्नोति त्यक्त्वा कर्म शुभाशुभम्।। (गोरक्षपद्धति 2 । 11-12)

'गोरक्षपद्धति' में ध्यान के अभ्यास को योगसिद्धि में बड़ा सहायक माना गया है। कहा गया है कि एकान्त स्थान में बैठ कर सुखपूर्वक पद्मासन या स्वस्तिकासन लगाकर शरीर को एक सीध में स्थित कर कुण्डलिनी सहित ध्येय के स्मरण और चिन्तन में लगकर ध्यान करने से योगसाधक समस्त पापों के फल से छुटकारा पाकर परमानन्दस्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है। हृदयकमल में परमात्मज्योति का ध्यान कर योगी ब्रह्ममय हो जाता है।

नासाग्रदृष्टिसत्मानं ध्यात्वा ब्रह्ममयो भवेत्।। (गोरक्षपद्धति ।।2।। 68)

महायोगी गोरखनाथजी का कथन है कि आज्ञा चक्र और सहस्रार में परम शिव ज्योति का ध्यान करने पर योगसाधक परमपद प्राप्त कर संसार के बन्धन से छुटकारा पा जाता है-

एषु ब्रह्मात्मकं तेजः शिवज्योतिरनुत्तमम्।
ध्यात्वा ज्ञात्वाविमुक्तः स्वादिति गोरक्षमाषितम्।। (गोरक्षपद्धति 2 । 77)

'गोरक्षपद्धति' में गोरखनाथजी का निर्देश है कि योगशास्त्र का नित्य अध्ययन कर योगसाधना में निष्णात होकर योगी परब्रह्मस्वरूप प्राप्त कर लेता है। अतः ब्रह्मस्वरूप की प्राप्ति के लिए साधन तत्पर होना चाहिए।

अमरौधशासन- 'अमरौधशासन' नाथसिद्धशिरोमणि शिवगोरक्ष महायोगी गोरखनाथ की संस्कृत रचनाओं में नाथयोग-प्रतिपादित स्वसंवेद्य द्वैताद्वैत विलक्षण तत्त्व-साक्षात्कार के धरातल पर एक दुर्लभ कृति है, जिसमें कण्ठ चक्र तथा उससे ऊर्ध्वस्थ अनेक तालु चक्र, आज्ञा चक्र तथा सहस्रार चक्र और आकाश चक्र में कुण्डलिनीजागृतिपूर्वक अमृतपान के द्वारा राजयोग की सिद्धि का मार्ग शासित अथवा निर्दिष्ट किया गया है। 'अमरौधशासन' में प्रारम्भ में वर्णित इस प्रक्रिया को सारणा, कर्मान्तर सारणा, शंखिनी सारणा, प्रतिसारणा और महासारणा आदि मुद्राओं के षड्ध्वगा-छः प्रकार की प्रक्रियाओं अथवा साधनविधियों में निरूपित किया गया है और विस्तारपूर्वक हठयोग और राजयोग के समन्वय के माध्यम से गोरखनाथजी ने निरुत्थानपूर्वक स्वरूपावस्थान-परम पद में सुप्रतिष्ठित होने का राजपथ प्रशस्त किया है। अमरौधशासन अमृतपानपूर्वक कुण्डलिनी की जागृति के फलस्वरूप जीवात्म साधक के परमात्मा शिव में सहज सामरस्य का प्रतिपादक है।

जब अनेकविध प्राणसंयम से योगी चन्द्रनाड़ी (इड़ा) और सूर्यनाड़ी (पिंगला) के मार्ग से प्रवाहित प्राणापान को एक कर उसे एक प्राण के रूप में सुषुम्ना में प्रविष्ट करता है तो प्राण के

ऊर्ध्वमुख होने पर कुण्डलिनी शक्ति जाग जाती है और सहस्रार के चन्द्रमण्डल से द्रवित अमृत तालुचक्र में प्रवाहित होने पर उस (अमृत) का पान कर योगी शिवस्वरूप में प्रतिष्ठित होकर अलख निरञ्जन का साक्षात्कार करता है, स्वारूपावस्थान में परम विश्रान्ति का अनुभव करता है। यही विषय अथवा योगसाधन-क्रम ही 'अमरौघशासन' का प्रमुख अथवा अन्यतम प्रतिपाद्य है। 'अमरौघशासन' दो भाग में विवेचित है। पहले अनुक्रम में अमृतपान के द्वारा मुख के अन्तर्गत स्थित कण्ठचक्र, तालुचक्र को सशक्त कर कुण्डलिनी को ऊर्ध्वमुख करने का वर्णन है और दूसरे भाग में सिद्धसिद्धान्त स्वसंवेद्य तत्त्व-साक्षात्कार, स्वरूपावस्थान और नाथयोगप्रतिपादित कैवल्यरूप मोक्ष के स्वरूप का प्रकाशन किया गया है।

प्रारम्भ में ही गोरखनाथजी ने कहा है कि ऊर्ध्वशक्ति के निपात से और अध:शक्ति के संकीर्णन तथा मध्यशक्ति के प्रबोधा से योगसाधक परम सुख के उदय से सफलकाम हो जाता है।

ऊर्ध्वशक्तिनिपाताच्च तथाधः शक्तिकुञ्चनात्।
मध्यशक्तिप्रबोधेन जायते परमं सुखम्॥ (अमरौघशासन)

इसके द्वारा कुण्डलिनीजागृति और अमृतपान के फल के वर्णन में 'अमरौधशासन' में कहा गया है कि यदि मनुष्य (साधक) दीर्घीकृत जिह्वा मन्थन करते हुए अमृत का पान करता है तो दिव्य स्वादयुक्त शीतल, भूख-प्यास को हरने वाले, पापभय का नाश करने वाले, शरीर को स्थिरता प्रदान करने वाले, महामृत्यु रोग का नाश करने वाले अमृतपान से उसका जरामरणचक्र समाप्त हो जाता है, वह जीवन्मुक्ति प्राप्त कर स्वरूप में अवस्थित हो जाता है।

'अमरौधशासन' के दूसरे भाग में नाथयोग-प्रतिपादित मोक्ष के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए गोरखनाथजी ने कहा कि-

'अथ मोक्षपदं कथ्यते-यत्र सहजसमाधिःक्रमेण मनसा मनः समालोक्यते स एव मोक्षः।' 'अमरौधशासन'

अर्थात् 'मोक्षपद का वर्णन किया जाता है- जब सहज समाधि के द्वारा मन-से-मन को ही (प्रज्ञात्मा रूप में) देखा जाता है, उसका साक्षात्कार किया जाता है, तब जो अवस्था होती है, वही मोक्ष है।'

मोक्ष की दशा में जीव (साधक) विषयप्रपंच से पूर्णतया अतीत होकर जीवन्मुक्तिपद की प्राप्ति से योगसिद्ध हो जाता है। इस तरह की सिद्धि ही मोक्ष पद में प्रतिष्ठा का रसास्वादन है, यही स्वसंवेद्य तन्त्र-साक्षात्कार है, जो नाथयोग सम्मत राजयोग के धरातल पर राजयोग की सिद्धि का परम-चरम फल है।

इस अमरौधशासन का प्रकाशन संस्कृत पुस्तक माला रिसर्च डिपार्टमेंट, श्रीनगर, कश्मीर द्वारा हुआ है, यह मुकुन्दरामशास्त्री द्वारा सम्पादित है तथा निर्णयसागर प्रेस मुम्बई से मुद्रित है। इसका एक

संस्करण शैवागम संग्रह खण्ड 3 के अन्तर्गत श्रीकृष्णानन्दसागर के सम्पादन में डी-28/135, वाराणसी तथा माधवानन्द आश्रम, धर्मज (खेड़), गुजरात से प्रकाशित है। यद्यपि इसे शैवागम के अन्तर्गत एक महनीय कृति कहा गया है तथापि यह नाथयोग की गोरखनाथजी द्वारा अप्रतिम देन है, जिसमें नाथयोग-दर्शन प्रतिपादित है।

महार्थमञ्जरी- महार्थतत्त्व महायोगामृत का परम्परा-प्राप्त सनातन सिद्धान्तोपदेश है, जिसके साधन और चिन्तन से स्वसंवेद्य अलख निरञ्जन का साक्षात्काररर अथवा सहज बोध प्राप्त होता है। इस तत्व का उपदेश महाभारत के विशाल युद्ध प्रांगण में पाण्डव सेनानायक अर्जुन के शोकसंविग्न और आत्मा-अनात्मा के स्वरूप-निश्चय में व्यामोहित होने पर योगेश्वर भगवान कृष्ण ने सद्विवेकप्राप्ति और आत्मस्वरूप के लिए प्रदान कर उसे स्वकर्म के प्रति प्रबुद्ध किया था और उस योगपात्र अर्जुन ने भगवान के प्रति वचनवद्धता का ज्ञापन किया था-

नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा त्वत्प्रसादान्मयाच्युत।
स्थितोऽस्मि गतसन्देहः करिष्ये वचनं तव॥ (गीता 18 । 73)

'महार्थमञ्जरी' के अनेक प्रकाशित संस्करण मिलते हैं। उनमें त्रिवेन्द्रम संस्कृत ग्रन्थमाला, त्रिवेन्द्रम और कश्मीर संस्कृत ग्रन्थावली श्रीनगर कश्मीर तथा वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित तथा व्रजवल्लभ द्विवेदी द्वारा सम्पादित संस्करण बड़े महत्वपूर्ण हैं।

परम श्रद्धेय महायोगी गोरखनाथजी ने इस महार्थतत्व का स्वात्मबोध और लोकव्यवहार के संयमन के लिए अपने महिमामयी (योगशास्त्र) 'महार्थमञ्जरी' रचना में निरूपण कर स्वविश्रान्ति अथवा सहज स्वरूपावस्थान परम पद का राजपथ प्रशस्त किया। महार्थमञ्जरी में कृष्ण गुरुपद और अर्जुन शिष्यभाव अथवा प्रपत्ति का ही प्रकाशन किया गया है। इसमें स्पष्ट रूप से यह परिलक्षित है कि गुरु के अनुग्रह अथवा कृपा से ही शिष्य का समुद्धार होता है और उसे दुख की आत्यन्ति निवृत्ति होकर स्वसंवेद्य पद की प्राप्ति होती है। यही नाथयोग का सिद्धान्त है, जिसके द्वारा सनातन काल से ही महायोग ज्ञान सुरक्षित और प्रतिष्ठित है।

'महार्थमञ्जरी' में गोरखनाथजी ने गुह्य से गुह्य योगशास्त्र का प्रतिपादन किया है, जो मुक्ति का सोपान है। यह योग भगवतत्व है, क्योंकि साक्षात् कृष्ण के मुख से उनके अमोघ वचनामृत के रूप में निर्गत है। गोरखनाथजी ने कहा है कि 'मैं अत्यन्त गूढ़ रहस्य का प्रकाशन करता हूँ। लोकमाया-अन्धकार गूढ़ रहस्य का प्रकाश करता हूँ। लोकमाया-अन्धकारस्वरूप विश्वप्रपंच में ग्रसित लोगों! बार-बार जन्म-मरण के चक्ररूप गर्भवास में भ्रमित न हो अन्तर्वर्ती हृदय के उद्योगरूप मोक्ष का चिन्तन करो। स्वसंवेद्य परम तत्व का साक्षात्कार ही साध्य है।'

हन्त रहस्यं भणामो मूढ़ा! माभ्रमत गर्भगोलेषु।
अत्यासन्नं हृदयं पर्यालोचयत तस्योद्योगम्॥ (महार्थमञ्जरी गाथा 69)

'महार्थमञ्जरी' में गोरक्षनाथजी ने स्पष्ट कहा है कि परमात्म-स्वसंवेद्य अलख निरञ्जन का ही चिन्तन श्रेयस्कर है, इसके अतिरिक्त फल की कामना से अनात्मवस्तु का अनुष्ठान उचित नहीं है। आत्मतत्त्व-परमात्म तत्त्व के चिन्तन में ही रुचिविधि है, जहाँ इसका अभाव है, वहीं निषेध है। परमात्मचिन्तन हमारे हृदय में स्थित स्पन्दित पारमेश्वर विमर्श स्वरूप-भाव का विवेक है, परमज्ञान है, जिस परमतत्त्व में मन पूर्ण विश्रान्ति का अनुभव करता है, वही हमारे कल्याण का श्रेयस्कर साधन है, जो सर्वथा आचरणीय है यही योगज्ञानामृत के रसास्वादन की सम्पूर्ण वैधता है-

यत्र रुचिस्तत्र विधिर्यत्रेयं नास्ति तत्र च निषेधः।
इत्यस्माकं विवेको हृदयपरिस्पन्दमात्रशास्त्राणाम्॥ (महार्थमञ्जरी गाथा-7)

लोकव्यवहार में जिस वस्तु में रूचि होती है, उसका निषेध किया जाता है और जिसमें निषेध का भाव होता है, उसमें रुचि रखने का पक्ष किया जाता है। 'महार्थमञ्जरी' की उपर्युक्त गाथा के अनुसार योग के धरातल पर आत्मचिन्तन में रुचि और अनात्मचिन्तन में निषेध प्रतिपादित है।

'महार्थमञ्जरी' की रचना का आधार शिवोपदिष्ट (नाथ) योगामृत महाज्ञान है, जो परम्परागत योग का सारातत्व है और जिसका महार्थतत्व के रूप में महाभारत के युद्धक्षेत्र में श्रीकृष्ण ने निर्वचन किया था। यह कश्मीर शैवयोग प्रतिपादित क्रमदर्शन का प्रतिपादन नहीं है। गोरखनाथजी ने कहा है कि विश्वात्मक परमेश्वर देवता अनादि, अनन्त, नित्य और निरावरण अलख निरञ्जन है। वह सनातन सार्वकालिक, सर्वव्यापक है। उसे कालकलंक का स्पर्श कभी क्रमशः नहीं होता, जीते जी जीवन्मुक्तिस्वरूप में उसके लिए मोक्षरूप विघ्न का प्रश्न ही नहीं है। वह विश्ववैचित्र्य विकल्प से परे है, कालकल्मषस्पर्श से परे है।

'महार्थमञ्जरी' के उपक्र में मूल रूप से नाथयोगतत्त्व के विस्तारपूर्वक अभिव्यञ्जन का ही वास्तव में बीजारोपण उपलब्ध होता है, यह परमयोग रहस्य है, जिसका उन्मीलन मांगलिक और अन्तर्ज्योति के प्रकाशन का माध्यम है। गोरखनाथजी का कथन है-

इतिमहतिरहस्योन्मीलने मंगलाय।
प्रभवति मम संविद् योगिनीनां प्रसादः॥

स्वप्न में प्रकट होकर योगिनी ने उन्हें महार्थमञ्जरी के शब्दांकन की प्रेरणा प्रदान की। यह उसका अनुग्रह अथवा प्रसाद है। 'महार्थमञ्जरी' के रचिता महेश्वरानन्द ही गोरखनाथ हैं। गोरखनाथजी शिवगोरक्ष हैं, उनकी महेश्वरानन्द कहने में आपत्ति नहीं है। 'महार्थमञ्जरी' की परिमल टीका उन्हीं की स्वोपज्ञटीका है। महायोगी गोरखनाथजी ने सत्तर गाथाओं में स्वप्न में प्रकट योगिनी की कृपा से 'महार्थमञ्जरी' की रचना की। अपनी स्वोपज्ञ परिमल व्याख्या के मंगलाचरण के बारहवें श्लोक में उनकी उक्ति है-

स्वप्नसमयोपलब्धा सा सुमुक्षी सिद्धयोगिनी देवी।
गाथाभिः सप्तत्या स्वापितभाषाभिरस्तु सम्प्रीता॥

गोरखनाथजी ने जाग्रत अवस्था-निर्विशेष स्वप्न में अभिव्यक्त अथवा प्रकट होने वाली, स्वहस्त मुद्रा से अपने हृदय की करुणा का प्रकाशन करने वाली, अलौकिक योगैश्वर्य अथवा योगसिद्ध से सम्पन्न, कन्या, शूल, कपाल मात्र धारण करने वाली योगिनी से 'महार्थमञ्जरी' की सत्तर गाथाओं की रचना का उल्लास प्राप्त किया था। उन्होंने उसकी वन्दना की है-

कन्थाशूलकपालमात्र विभवांवन्दे तां योगिनीम्। (महार्थमञ्जरी गाथा-71)

गोरखनाथ ने अपनी रचना 'महार्थमञ्जरी' तथा 'स्वोपज्ञ परिमल टीका' को भगवान् शम्भु (शिव) के लिए पुष्पाञ्जली कहा है-

पुष्पाञ्जलिर्भवतु वाङ्मय एष शम्भोः। (महार्थमञ्जरी मंगलाचरण-9)

गोरखनाथजी ने 'महार्थमञ्जरी' के उपसंहारात्मक अन्तिम श्लोक में कहा है-

अधिवासयतु सदा मुखमन्यकथालेपलब्धदौर्गन्ध्यम्।
कर्पूरशकलइव में शिव शिव इति शीतलः शब्दः॥

'शिव-शिव शब्द मेरे मुख को सुरक्षित करे।'

शिवयोगसार- शिवगोरक्ष महायोगी गोरक्षनाथ द्वारा रचित 'शिवयोगसार' योगशास्त्र की महाराष्ट्रीय नाथयोगपरम्परा में गणना की जाती है। प्रायः सौ श्लोकों की आकृति में रचित यह ग्रन्थ नाथयोग साधना-पद्धति पर यथेष्ट प्रकाश डालता है। इसमें नाथज्योति के ध्यान का महत्त्व प्रकाशित करते हुए गोरखनाथजी ने 'शिवयोगसार' के प्रारम्भ मे ही अत्यन्त मांगलिक वाणी में कहा है-

ज्योतिर्ध्यानात् सदा योगी योगसिद्धिमवाप्नुयात्।
सर्वभूतहृदिस्थोऽसौ ज्वलत्पावकसन्निभः॥
अन्तरात्मकसंज्ञोऽयं जगच्चक्षुर्न संशयः॥ (शिवयोगसार 1-2)

ज्योति का ध्यान कर योगी को सिद्धि प्राप्त कर लेनी चाहिए। यह समस्त प्राणियों के हृदय में प्रदीप्त अग्नि के समान प्रकाशित है। यह ज्योति अन्तगत्मा के नाम से प्रसिद्ध है और निस्सन्देह यह जगत् का नेत्र है। यह अन्तरात्मक ज्योति ही अपरम्पर सदाशिव है, परमपद है। परमेश्वर शिव, पराशक्ति का अधिष्ठाता रुद्र है। और निरञ्जन-ज्ञानशक्ति विशिष्ट सूक्ष्माशक्ति का अधिष्ठाता परमात्मा है-

अपरम्परं पदं शून्यं निरञ्जनं परमात्मेति। (सिद्धसिद्धान्तपद्धति 1 । 17)

Vimarsh

An Interdisciplinary Journal

Subscription Form

Editor,
Vimarsh
Maharana Pratap P.G. College
Jungle Dhusar, Gorakhpur-273014

Dear Editor,

I/we would like to subscribe to the ***Vimarsh***, an interdisplinary journal, published by you. Subscription amount Rs./US$..................is being enclosed herewith by cheque*/demand draft no. .... drawn on .... Kindly enrol my/our - Annual/ Five Year/Life subscription** and arrange to send the issues of the journal on the following address :

Name of Individual/Institution : ....

Address : ....

....

City : .... Pin/Zip ....

State : .... Country :...

Subscription Rates

	Individual		Institutional	
Annual	Rs. 100	US $ 5	Rs. 200	US $ 10
Five Years	Rs. 400	US $ 20	Rs. 800	US $ 40
Life (15 Years)	Rs 1300	US $ 60	Rs. 2500	US $ 100

* All cheques/demand drafts should be drawn in favour of ***Pracharya, Maharana Pratap Snatkottar Mahavidyalaya, Jungle Dhusan*** payable at Gorakhpur. In case of outstation cheques please add Rs. 30/US$ 2 for clearing expenses.

** Please tick the desired subscription period.

Maharana Pratap P.G. College
Jungle Dhusan, Gorakhpur-273014
Mob. : 9794299451, 9452971570 • E-mail : vimarshmppg@gmail.com

GUIDELINES FOR CONTRIBUTORS

1. Contribution should be submitted in duplicate, the first two impressions of the typescript. It should be typed in font Walkman-Chanakya (Hindi) and in Times New Roman (English) on a quarter or foolscap sized paper, in double-space and with at least one and a half inch margin on the right. Two copies of a computer printout along with a CD are preferred. They should subscribe strictly to the Journal format and style requirements.
2. The cover page of the typescript should contain: (i) title of the article, (ii) name (s) of author(s), (iii) professional affiliation, (iv) an abstract of the paper in less than 150 words, and (v) acknowledgements, if any. The first page of the article must also provide the title, but not the rest of the item of cover page.
3. Though there is no standard length for articles, a limit of 5000 words including tables, appendices, graphs, etc., would be appreciated.
4. Tables should preferably be of such size that they can be composed within one page area of the Journal containing about 45 lines, each of about 85 characters (letter/digits). The source(s) should be given below each table containing data from secondary source(s) or results from previous studies.
5. Figures and charts, if any, should be professionally drawn using such materials (like black ink on transparent papers) which allow reproduction by photographic process. Considering the prohibitive costs of such process, figures and charts should be used only when they are most essential.
6. Indication of notes should be serially numbered in the text of the articles with a raised numeral and the corresponding notes should be given at the end of the paper.
7. A reference list should appear after the list of notes. It should contain all the articles, books, reports, etc., referred in the text and they should be arranged alphabetically by the names of authors or institutions associated with those works.

   (a) Reference to books should present the following details in the same order: author's surname and name (or initials), year of publication (within brackets), title of the book (underlined/italic), place of publication. For example:

   Chakrabarti, D.K. (1997), *Colonial Indology: Socio-politics of the Ancient Indian Past,* pp. 224-25, New Delhi

   (b) Reference to institutional publications where no specific author(s) is (are) mentioned should present the following details in the same order. institution's name, year of publication (within brackets), title of the publication (underlined/italic), place of publication. For example:

   Ministry of Human Affairs (2001), *Primary Census Abstract,* New Delhi, pp. xxxviii.

   (c) Reference to articles in periodicals should present the following details in the same on: the author's surname and name (or initials), year of publication (in brackets), title of the article (in double quotation marks), title of periodical (underlined/italic), number of the volume and issue (both using Arabic numerals); and page numbers. For example:

   Siddiqui, F.A. and Naseer, Y. (2004), "Educational Development and Structure of Works participation in western Uttar Pradesh", *Population Geography,* Vol. 26, Nos. 1 & 2, pp. 25-26.

   (d) Reference in the text or in the notes should simply give the name of the author or institution and the year of publication, the latter within brackets; e.g. Roy (1982). Page numbers too may be given wherever necessary, e.g. (Roy 1982: pp. 8-15).

विमर्श

अन्तः अनुशासनात्मक शोध पत्रिका

महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ शिक्षा जगत् में निरन्तर चलने वाले शोध की प्रक्रिया का एक प्रयास है। विगत 14-15 वर्षों से इस परम्परा को इस संस्था ने कुशलता से निभाया है। भविष्य के लिए मेरी मंगलमय शुभकामनाएं !

आदित्यनाथ

10/02/2019

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।

ISSN 0976-0849

9 770976 084007

Published by Maharana Pratap Post Graduate College, Jungle Dhusan, Gorakhpur (U.P.)
E-mail : vimarshmppg@gmail.com
Printed at Moti Paper Convertors, Betia Raj House, Betiahata, Gorakhpur